पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –16 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा
■ केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका
पृष्ठ 6
■ भारत पश्चिम एशिया में शांति व स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध : पी हरीश
■ भारतीय राजदूत ने हज तैयारियों का लिया जायजा
पृष्ठ 7
श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना
पृष्ठ 8

# आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह



## गृहमंत्री ने दी चेतावनी, किसी को नहीं छोड़ेंगे, चुन-चुन कर मारेंगे

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की संभावित कार्रवाई से पाकिस्तान डरा हुआ है। इस बीच दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद और आतंकियों के आका को चेतावनी दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई कायराना हमला करके सोचता है कि ये उनकी जीत है तो वो समझ लें कि चुन-चुन कर बदला लेंगे। किसी को बखशा नहीं जाएगा।

कार्यक्रम के शुरुआत में गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

■ आतंकवाद के खात्मे तक लड़ाई जारी रहेगी
■ हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया

और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा। केंदीय गृहमंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उनको सजा दी जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे उत्तर पूर्व हो, चाहे वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या चाहे कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया हो हर चीज का हमने मजबूती के साथ जवाब दिया है। इस देश की इंच-इंच जमीन से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा।

**आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति**–केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, मैं आज जनता को बताना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में जो आतंकवाद चला रहे हैं उनके खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती के साथ अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। आज वे यह न समझे कि हमारे नागरिकों की जान लेकर वो ये लड़ाई जीते हैं। मैं सभी आतंक फैलाने वालों को कहना चाहता हूं कि यह लड़ाई अंत नहीं है, एक मकाम है, एक-एक व्यक्ति को चुन-चुन कर इसका जवाब दिया जाएगा।

**आईएनएस-सूरत हजीरा पोर्ट पर तैनात**–इस बीच नेवी का जंगी जहाज आईएनएस-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया। इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

**पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी**–उधर, पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियों पर अपने झंडे फिर लगा दिए हैं। एक दिन पहले पाक ने चौकियों से झंडे हटा दिए थे। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी है।

### पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएंगे : जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों, षड्यंत्रकारियों और उन्हें सहयोग देने वालों को न्याय के कठघरे में हर हाल में लाया जाएगा। इस पर श्री रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डॉ. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात करने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उधर वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि श्री रुबियो ने भारत को तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए

# आंधी-तूफान से प्रदेश के कई हिस्सों में दिखा कुदरती कहर, 3 की मौत





**रायपुर**, 1 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में आज अचानक मौसम का मिजाज बदलने से कई जगहों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। वहीं कई जगह कुदरती कहर देखने को मिला। राजधानी रायपुर में तेज धूल भरी आंधी चली। करीब 50-60 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने से कई जगह पेड़ और होर्डिंग्स गिर गए। जिससे कई इलाकों में कई घंटे बिजली गुल रही। हालांकि इन हादसों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

■ भिलाई में बिजली कबाड़ में लगी आग

**सिमगा में गिरा टोल गेट का शेड**

तेज आंधी-तूफान की वजह से राजधानी रायपुर के करीब सिमगा टोल गेट का शेड भी गिर गया। लेकिन यातायात बाधित हुआ। राजधानी और आसपास शाम साढ़े 4 बजे से करीब एक घंटे चली काली आंधी के कारण चारों तरफ तबाही जैसा मंजर है। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### तेज आंधी-तूफान में गिरी राईस मिल की छत नीचे काम कर रहे दो मजदूरों की दबने से मौत

**बेमेतरा।** बेमेतरा के ग्राम राखी में संचालित सूरज राईस मिल की छत तूफ़ान की वजह से अचानक भरभराकर गिर गई। इस दौरान वहां काम कर रहे दो मजदूरों की छत के नीचे दबने से मौत हो गई। घटना की सूचना बाद साजा थाना और देवकर चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, घटना ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨



### आंधी-तूफान से ट्रैक्टर से गिरकर किसान की हुई मौत



**सिमगा।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में ढेकुना के पास ट्रैक्टर ट्रॉली से धान लेकर, अपने घर की ओर जा रहे एक किसान आंधी तूफान के झोंके से ट्रैक्टर की ट्राली से गिर गए। ट्रैक्टर से गिरने की वजह से किसान की मौके पर मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि, किसान ग्राम ढेकुना का रहने वाला है। यह घटना गुरुवार शाम 6.30 बजे की है। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सार संक्षेप

### सात्विक-चिराग को खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्टार भारतीय बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया। इस जोड़ी को पिछले साल प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की गयी थी, लेकिन मलेशिया ओपन सुपर 1000 के कारण वे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके।

### गुना में कार डिवाइडर से टकराई, 4 युवकों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के म्याना थाना क्षेत्र के भदौरा इलाके में एक कार राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे चार युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और तीन युवक घायल हो गए हैं। शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के रिजौदा गांव के निवासी 7 युवक गुना जिले के मावन गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। ये सभी युवक कार से कल रात 2 बजकर 30 मिनट पर वापस लौट रहे थे। तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे डिवाइडर से टकरा गई।

### अमृतसर सीमा पर हथियारों की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सीमा पार के आतंकवादी गिरोह के खिलाफ एक बड़ी सफलता में अमृतसर जिले के भरोपाल गांव के पास हथियारों, गोला-बारूद और ग्रेनेड का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। तलाशी अभियान में दो हैंड ग्रेनेड, तीन पिस्तौल और छह मैगजीन तथा 50 जिंदा कारतूस बरामद हुए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में हथियारों की यह खेप बरामद की गई।

### आईएसआई महानिदेशक मलिक बने पाक के एनएसए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी एक अधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है।

# बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## नक्सल पीड़ितों ने नक्सल उन्मूलन अभियान को आगे बढ़ाने किया आग्रह



**रायपुर**, 1 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में सुकमा, बीजापुर, कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वे नक्सल हिंसा पीड़ित शामिल थे, जिन्होंने विगत वर्षों में नक्सली हिंसा के कारण अपनों को खोया है, शारीरिक यातनाएँ झेली हैं अथवा विस्थापन का दंश सहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को ज्ञापन सौंपते हुए कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हजारों परिवार चार दशकों से माओवादी आतंक की विभीषिका का सामना कर रहे हैं, जिसने क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बुनियाद को गहरा नुकसान पहुँचाया है। हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास की नीति से बस्तर में शांति और विकास की आशा फिर से जगी है। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है। सरकार किसी भी कीमत पर नक्सल उन्मूलन अभियान को पूर्ण करेगी ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं, बल्कि हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हर नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार खड़ी है और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है, और यह तभी संभव है जब क्षेत्र को हिंसा और भय के साये से पूरी तरह मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने आशा व्यक्त की कि नक्सल विरोधी संघर्ष में जन-भागीदारी और विश्वास की शक्ति से हम निस्संदेह सफलता प्राप्त करेंगे और बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे।

### मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन का उदघाटन किया

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में पहली बार वेव्स शिखर सम्मेलन (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) का उद्घाटन किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के सभी लोग एक साथ आएंगे। इसका आयोजन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में किया जा रहा है।

# तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल व लिखावट के नमूने लेगी एनआईए

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की मंजूरी दे दी है। एनआईए ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत मांगी थी, जिसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें मंजूरी दी। तहव्वुर राणा एनआईए की हिरासत में हैं। बीते महीने पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत को 12 दिन के लिए और बढ़ाया था। एनआईए ने अदालत से राणा की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए यह आदेश सुनाया। इससे पहले राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा गया था, जिसके खत्म होने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान एजेंसी ने दलील दी कि 17 साल पुराने आतंकी हमलों की साजिश के जाल को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए राणा की हिरासत आवश्यक है। उसने यह भी कहा कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तहव्वुर राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने खुद को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपील की थी। 4 अप्रैल 2025 को पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद राणा को भारत लाया गया था।

## जम्मू कश्मीर में पहले भी आतंकियों के निशाने पर रहे पर्यटक

**जम्मू**, 1 मई (देशबन्धु)। पहलगाम के बैसरन वैली में 22 अप्रैल को हुई 26 प्रवासियों (टूरिस्टों) की हत्याएं कश्मीर में पहली बार नहीं हुई हैं। कश्मीर में जबसे आतंकवाद फैला है प्रवासी नागरिक या पर्यटक हमेशा ही आतंकियों के निशाने पर इसलिए रहे हैं क्योंकि आतंकियों की नजर में ये प्रवासी और पर्यटक कश्मीर की डेमोग्राफी को बदलने की कथित साजिश के तहत कश्मीर में आ रहे हैं।

ऐसा भी नहीं है कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को हटा कर जम्मू कश्मीर के दो टुकड़े कर उसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिए जाने की कवायद के बाद ऐसे हमलों और हत्याओं में कोई कमी आई हो बल्कि यह अनवरत रूप से जारी हैं।

आतंकियों ने पिछले साल भी 16 अक्तून को एक गैर-स्थानीय युवक की हत्या की थी इससे पहले पिछले साल ही 16 अक्तूबर को शोपियां में आतंकियों ने गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान अशोक चौहान के रूप में की गई थी। अशोक चौहान बिहार से जम्मू कश्मीर मजदूरी करने गए थे। उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पिछले साल बहुत से प्रवासी नागरिक आतंकियों के निशाने पर रहे हैं। यह इसी से स्पष्ट है कि पिछले साल 8 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पदपावन में आतंकियों ने गैर कश्मीरी स्थानीय ड्राइवर परमजीत सिंह को गोली मारी थी। वह दिल्ली का रहने वाला था। आतंकियों ने परमजीत पर उस वक्त हमला किया था, जब वह अपनी ड्यूटी पर था। घटना को अंजाम देने के बाद आतंकी मौके से भाग निकले थे। जबकि 17 अप्रैल 2024 को आतंकियों ने बिहार के एक प्रवासी शंकर शाह की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने रामदेव को लगाई फटकार

**नई दिल्ली**, 1 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार फिर बाबा रामदेव को 'रूह अफजा' पर सांप्रदायिक टिप्पणी के लिए फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं।

3 अप्रैल को रामदेव ने पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए हमदर्द पर विवादित टिप्पणी की थी। एक वायरल वीडियो में उन्होंने दावा किया था कि हमदर्द अपनी कमाई से मस्जिद और मदरसे बनवाता है। रामदेव ने 'शरबत जिहाद' शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि हमदर्द का शरबत पीने से मस्जिद और मदरसे बनेंगे, जबकि पतंजलि का शरबत गुरुकुल, आचार्यकुलम और भारतीय शिक्षा बोर्ड को बढ़ावा देगा। इस मामले से संबंधित याचिका को लेकर हाई कोर्ट को यह जानकारी दी गई कि अदालत के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बाबा रामदेव को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। हमदर्द के वकील ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद बाबा रामदेव ने नया वीडियो जारी किया, जबकि हाईकोर्ट ने उन्हें वीडियो हटाने का आदेश दिया था।

# प्राचार्य पदोन्नति पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर**, 1 मई (देशबन्धु)। व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। राज्य शासन ने बुधवार को प्राचार्य प्रमोशन की सूची जारी की थी। स्कूल शिक्षा विभाग के फैसले पर हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताते हुए अवमानना का नोटिस भी जारी कर दिया है। इस मामले में अब 7 मई को अगली सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच में हुई।

प्राचार्य पदोन्नति को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में शिक्षकों व शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने अलग-अलग याचिका लगाई है। सभी याचिकाओं की कोर्ट में अलग-अलग सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के बाद चीफ जस्टिस ने इस तरह की सभी याचिकाओं को एक साथ क्लब कर सुनवाई करने का निर्देश दिया। मामले में गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि बीते सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अंडरटेकिंग दिया गया था। राज्य शासन ने अपने ही अंडरटेकिंग का उल्लंघन कर दिया है। बुधवार को ही राज्य शासन ने प्राचार्यों की पदोन्नति सूची जारी की थी, जिसमें ई संवर्ग के 1524 एवं टी संवर्ग के 1401 शिक्षकों कुल 2925 शिक्षकों की सूची जारी की गई थी।



■ स्कूल शिक्षा विभाग के फैसले पर जताई नाराजगी,
■ जारी किया अवमानना का नोटिस

प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर अखिलेश त्रिपाठी की याचिका में डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस याचिका में प्राचार्य पदोन्नति फोरम द्वारा हस्तक्षेप याचिका लगाई गई है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाअधिवक्ता ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी कि भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के विरुद्ध हाईकोर्ट के अन्य बेंच में भी याचिका लंबित है। अतिरिक्त ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

राजनीति

## सरकार सिर्फ 575 करोड़ रुपए में कौन सी जनगणना कराएगी

# जाति जनगणना की डेडलाइन बतानी होगी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 1 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाति जनगणना कराने के ऐलान पर कांग्रेस ने कहा है कि अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे प्रधानमंत्री ने अचानक यह घोषणा कर सबको चौंका दिया है, लेकिन हेडलाइन में माहिर श्री मोदी को इसकी डेडलाइन भी बतानी होगी।**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने कल सभी को कांग्रेस के सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तीकरण के एजेंडा से अवगत कराया है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का समर्थन किया, लेकिन यह भी कहा कि जाति जनगणना से श्री मोदी ने हेडलाइन तो दी है लेकिन इसमें डेडलाइन नहीं दी है। श्री मोदी की हेडलाइन पाने की इसी महारत को देखते हुए श्री गांधी ने मांग की है कि सरकार जातिगत जनगणना को लेकर पूरा रोडमैप सामने रखे।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार से तीन मांगे रही हैं। जातिगत जनगणना कराना, आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा ख़त्म करना और अनुच्छेद 15(5) को लागू करना शामिल है। हम छह साल से जनगणना का इंतज़ार कर रहे हैं और इससे पहले तो जाति शब्द का कोई जिक्र नहीं था, लेकिन कल अचानक जातिगत जनगणना की बात कह दी गई। जबकि 2025-26 के बजट में सेन्सस कमिश्नर के ऑफिस-जिसपर जनगणना करने की जिम्मेदारी होती है-उसे सिर्फ 575 करोड़ का बजट दिया गया है। इससे पहले खुद दिसंबर 2019 में श्री मोदी देश को बता चुके हैं कि जनगणना कराने में 8,254 करोड़ का खर्च आएगा। ऐसे में सवाल है कि सरकार सिर्फ 575 करोड़ रुपए में कौन सी जनगणना कराएगी।

**आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो**

उन्होंने कहा, साल 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना का बहाना बनाकर यह काम नहीं किया गया। जबकि उस समय भी दुनिया के 50 से अधिक देशों ने जनगणना कराई थी। आज से एक साल पहले श्री मोदी टीवी इंटरव्यू पर कहा करते थे कि जो भी जातिगत जनगणना की बात करता है, वो 'अर्बन नक्सल' है। अगर ऐसे देखा जाए तो नरेंद्र मोदी और अमित शाह अचानक से 'अर्बन नक्सल' बन गए लेकिन कल अचानक जातिगत जनगणना का धूमधाम से जश्न मनाने लग गए।

# देश

उवाच

कांग्रेस के डीएनए में पिछड़ों का विरोध करना ही रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी को पहले इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो जाति-जनगणना क्यों नहीं कराई गई। पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह तक इनकी सरकार रही। लेकिन, जाति-जनगणना क्यों नहीं कराई गई: **शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.6 | 26.8 |
| मुंबई | 33.9 | 26.0 |
| कोलकाता | 34.4 | 23.4 |
| चेन्नई | 33.4 | 28.2 |

## हमारे दबाव की वजह से केंद्र सरकार जाति-जनगणना कराने के लिए राजी हुई : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ,** 1 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस के दबाव की वजह से केंद्र सरकार देश में जाति-जनगणना कराने के लिए मजबूर हो गई। बुधवार को केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि देश में जाति-जनगणना कराई जाएगी। इस फैसले के बाद से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित अन्य क्षेत्रीय दलों में श्रेय लेने की होड़ मच गई है।

जाति जनगणना के श्रेय लेने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी केवल निर्णय की घोषणा की है। राहुल गांधी ने तो बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में एक पूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसकी समयसीमा पर सवाल उठाया, और हम उनके और कांग्रेस पार्टी के निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैं। यह हमारी निरंतर मांग थी जिसने सरकार को इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। भले ही उन्होंने आधे-अधूरे मन से इसे स्वीकार किया, लेकिन आखिरकार करना ही पड़ा।



यह हमारी निरंतर मांग थी जिसने सरकार को इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। भले ही उन्होंने आधे-अधूरे मन से इसे स्वीकार किया, लेकिन आखिरकार करना ही पड़ाः **प्रमोद तिवारी , कांग्रेस सांसद**

## जातिगत आंकड़े न्याय की कुंजी हैं: शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने गुरुवार को जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए जाति-आधारित आंकड़ों तक पहुंच आवश्यक है। श्री शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जाति या समुदाय से परे समाज के हर वर्ग को अपने अधिकारों के बारे में डेटा तक पहुंच होनी चाहिए। यह आवश्यक है कि इस डेटा को सार्वजनिक किया जाए और व्यवस्थित रूप से उनके उचित अधिकारों को स्थापित करने और सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लंबे समय से जाति जनगणना की वकालत करती रही है और इसके कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट समय सीमा की मांग करती रही है।

## जाति जनगणना के फैसले से पहलगाम के मुद्दे को दबाना चाहती है सरकार : राशिद अल्वी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को देश में जातीय जनगणना को मंजूरी दे दी। इस पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा कि सरकार ने जातीय जनगणना के लिए यही वक्त क्यों चुना। क्या सरकार पहलगाम के मुद्दे को भटकाना तो नहीं चाहती है। राशिद अल्वी ने कहा, 'देश में जातीय जनगणना निश्चित तौर पर होनी चाहिए। विपक्ष, खासकर राहुल गांधी, लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसके लिए अनिच्छुक थी। लेकिन सवाल यह है कि क्या सरकार इस घोषणा के जरिए पहलगाम जैसे गंभीर मुद्दे को कमजोर करने की कोशिश कर रही है? उन्होंने आगे कहा, 'जब पूरा देश पहलगाम हमले के बाद सरकार के ठोस कदमों का इंतजार कर रहा है, ऐसे में जाति जनगणना की घोषणा से ध्यान भटकता नजर आता है। क्या सरकार आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय इस मुद्दे को दबाना चाहती है? क्या पहलगाम के शहीदों का बदला लेना प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए थी? प्रधानमंत्री सऊदी अरब से लौटने के बाद पहलगाम पर कड़ा संदेश देने के बजाय पटना में भाषण दे रहे थे। इससे लगता है कि सरकार का फोकस बिहार की राजनीति पर ज्यादा है। बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं का जाति जनगणना की घोषणा पर जश्न मनाना और मिठाइयां बांटना शर्मनाक है।

## आतंकवादियों पर कार्रवाई करे केंद्र, 'इंडिया' ब्लॉक सरकार के साथ: सुप्रिया सुले



**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकवादी घटना पर कहा कि हम चाहते हैं कि भारत सरकार आतंकवादियों पर सख्त फैसले लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करे। 'इंडिया' ब्लॉक आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार के साथ है। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं साफ तौर पर कह दूं कि हमने केंद्र सरकार से वादा किया है और यह सच है कि इस मामले में 'इंडिया' ब्लॉक भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है और रहेगा। मेरा मानना है कि चाहे हम कैमरे पर बोलें, टीवी पर हों या सोशल मीडिया पर, हमें सोच-समझकर बोलना चाहिए। एक जिम्मेदार सांसद होने के नाते और एक पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और भी ज्यादा है। इस मामले में भारत सरकार जो भी फैसला लेगी, हम पूरी ताकत से उसका समर्थन करेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जाति जनगणना को मंजूरी दिए जाने पर एनसीपी (सपा) नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि यह तो इंडिया ब्लॉक की मांग थी। चाहे वह राहुल गांधी हों, अखिलेश यादव हों, हमारे सहयोगी और भाई अमोल कोल्हे हों, या फिर मैं खुद- हम सभी ने संसद में और सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से कई बार इस मांग को उठाया। हमारी मांग अब पूरी हो गई है। इसमें समय लग सकता है, लेकिन देर आए दुरुस्त आए।

बता दें कि बुधवार को केंद्र सरकार ने जाति-जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया। इस फैसले के बाद से विपक्षी दलों की ओर से क्रेडिट लेने की होड़ मच गई। कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी और बिहार में आरजेडी ने इसे अपनी जीत बताई है। हालांकि भाजपा ने भी इसका जवाब दिया है।

## यूपी की चुनौतियों को सीएम योगी ने किया स्वीकार, नतीजा सबके सामने : धनखड़



**योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना की**

**लखनऊ,** 1 मई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना करते हुए उन्हें 'युवा मुख्यमंत्री' करार दिया। उन्होंने कहा कि जब आपसे उम्र में बड़े लोग खुद को युवा कहते हैं, तो आप निःसंदेह युवा मुख्यमंत्री हैं। आप आठ साल बेमिसाल, यूपी के नायक हैं। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को विश्व में अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोगों का आना सदियों तक याद रखा जाएगा। यह कार्य पूरे विश्व में कभी संपन्न नहीं हुआ। आप उस आयोजन के सारथी हैं। बीते आठ साल में हुआ यूपी का विकास शोध का विषय है। उपराष्ट्रपति गुरुवार को राजधानी स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करने पहुंचे थे।

जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए कहा कि साढ़े आठ साल में बिना कोई टैक्स लगाए 12.5 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था को करीब 30 लाख करोड़ तक पहुंचाना, अपने आप में एक शोध का विषय है। प्रति व्यक्ति आय में यूपी ने जबरदस्त छलांग लगाई है। उन्होंने प्रदेश में हुए बुनियादी ढांचे के विकास की तारीफ करते हुए कहा कि भारत गणतंत्र के 55 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे यूपी के पास हैं। दुनिया के कुछ ही देशों में मेट्रो है, लेकिन यूपी के छह शहरों में मेट्रो रेल सेवा है और यह देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा 16 एयरपोर्ट, 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यूपी में हैं। जेवर एयरपोर्ट का दुनिया इंतजार कर रही है, क्योंकि जेवर तो जेवर ही होता है।

उपराष्ट्रपति ने योगी आदित्यनाथ के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि चुनौती से पलायन करना या उदासीन रवैया रखना कायरता की निशानी है और कायरता का कोई अंश यूपी के मुख्यमंत्री में नहीं है, इसमें कोई मेडिकल जांच की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि आठ साल पहले यूपी की परिभाषा अलग थी। आज कानून-व्यवस्था उच्चतम स्तर पर है। इसे स्थापित करने में कितनी चुनौतियां आई होंगी, ये मुख्यमंत्री जानते होंगे, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार किया और नतीजा आज सबके सामने है।

**सार संक्षेप**

### मोतिहारी में पलटा टैंकर, तेल लूट ले गए ग्रामीण

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी जिले में तेल से भरे टैंकर को लूटने का मामला सामने आया है। यहां एक सड़क पर पलटे तेल से भरे टैंकर को ग्रामीण बाल्टी भरकर लूट ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मोतिहारी के सुगौली में छपवा-रक्सौल मुख्य मार्ग का है। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह एक सोयाबीन तेल से भरा टैंकर बंगरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया था। इस दौरान टैंकर से तेल का रिसाव होने लगा। तेल से भरे टैंकर के पलटने की सूचना पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी और वे अपने-अपने घरों से बाल्टी, डिब्बा और बोतल लेकर पहुंचने लगे। ग्रामीणों ने मौके का फायदा उठाते हुए टैंकर से तेल भरना शुरू कर दिया।

### प्रयागराज हत्याकांड पर अजय राय बोले, हम शोक संतप्त परिवार के साथ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नैनी क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के रिटायर्ड अधिकारी अरुण श्रीवास्तव और उनकी पत्नी मीना श्रीवास्तव की हत्या मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को दुख जाहिर किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह दुखद घटना है। उनके बच्चों से मेरी मुलाकात हुई। बच्चों ने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। रिटायरमेंट के बाद दोनों अच्छे से रह रहे थे। इस परिवार से जुड़ा हर शख्स घटना पर दुख जाहिर कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दंपत्ति की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। दुख की इस घड़ी में कांग्रेस इस परिवार के साथ है। पार्टी की तरफ से इस परिवार को हर संभव सहायता मुहैया कराई जाएगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवार को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि मैंने शोकाकुल परिजनों से बात की। उन्होंने कहा कि वे पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट हैं।

### गुजरात के खेड़ा में करंट से तीन की मौत, परिवार में पसरा मातम

**खेड़ा (गुजरात)।** गुजरात के खेड़ा जिले के ठासरा में गुरुवार को एक हंसता-खेलता परिवार शोक में डूब गया। परिवार के तीन सदस्यों को एक साथ करंट लगा, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य महिला झुलस गई है, जिसका इलाज चल रहा है। यह घटना ठासरा तालुका के अगरवा गांव की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह हादसा खेत में स्थित रूम में पानी की मोटर से करंट फैलने के कारण हुआ। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसर गया और गांव में सन्नाटा छा गया है। घटना के वक्त दो वर्षीय मीरा पानी से खेल रही थी, तभी उसे करंट लगा।

## अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: ममता

**कोलकाता,** 1 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों की मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति - चाहे वह स्थानीय प्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी - के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोलकाता के केंद्रीय व्यापारिक जिले बुर्राबाजार के होटल का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैंने पुलिस, कोलकाता नगर निगम और फायर ब्रिगेड को सभी जिम्मेदार लोगों से कहा है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह स्थानीय प्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' इस होटल में मंगलवार को आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल इस होटल के लिए ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों के लिए लागू होगा।



किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह स्थानीय प्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारीः **ममता बनर्जी**

मुख्यमंत्री का यह दौरा मंगलवार रात मध्य कोलकाता के बुर्राबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास एक होटल में लगी भीषण आग में 14 लोगों की जान जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं नहीं आ सकी क्योंकि मैं दीघा में थी, लेकिन मैं पूरी रात जागती रही। मैंने अग्निशमन मंत्री और महापौर को निर्देश दिए ताकि बचाव अभियान ठीक से चलाया जा सके। फायर ब्रिगेड ने 90 से अधिक लोगों की जान बचाई, अन्यथा यह और भी विनाशकारी हो सकता था।' होटल मालिक की लापरवाही की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह होटल 1989 से इस क्षेत्र में चल रहा था, लेकिन अग्निशमन प्रणाली काम नहीं कर रही थी। मैंने पाइप देखा लेकिन पानी का कनेक्शन नहीं है। क्या मेहमानों का ख्याल रखना होटल मालिक की जिम्मेदारी नहीं है? वे आपके मेहमान हैं और आप उन्हें इस तरह मौत के मुंह में नहीं धकेल सकते।'

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह से की बात

- आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का किया समर्थन
- दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की
- अमेरिका ने पहलगाम हमले पर गहरी संवेदना व्यक्त की

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। अमेरिका ने पहलगाम हमले पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। राजनाथ सिंह ने पीट हेगसेथ को बताया कि पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन, प्रशिक्षण और फंडिंग देता रहा है। पाकिस्तान का इतिहास आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और फंडिंग देने का रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'पाकिस्तान एक धूर्त राष्ट्र के रूप में बेनकाब हो चुका है, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। दुनिया अब आतंकवाद पर आंखें मूंदे नहीं रह सकती।' रक्षामंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय को ऐसे जघन्य आतंकी कृत्यों की स्पष्ट और दृढ़ निंदा करनी चाहिए।



'पाकिस्तान एक धूर्त राष्ट्र के रूप में बेनकाब हो चुका है, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। दुनिया अब आतंकवाद पर आंखें मूंदे नहीं रह सकती': **राजनाथ सिंह**

पीट हेगसेथ ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के पूर्ण समर्थन की पुनः पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है' गौरतलब है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निहत्थे लोगों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। इसके बाद से पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। गुरुवार को लगातार सातवें दिन पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा पर फायरिंग की है। भारतीय सेना ने बिना किसी देरी के इस फायरिंग का जवाब दिया है।

पाकिस्तानी सेना बीते शुक्रवार से हर रोज नियंत्रण रेखा पर फायरिंग कर रही है। भारतीय सेना के मुताबिक, 30 अप्रैल और 1 मई की बीच की रात पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की। हर दिन की ही तरह यह फायरिंग बिना किसी उकसावे के की गई। पाकिस्तानी सेना ने छोटे हथियारों से यह गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने भी इसका उचित जवाब दिया।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले की जड़ में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा दिया गया भड़काऊ और भारत विरोधी बयान है। मुनीर ने इस्लामाबाद में 16 अप्रैल को प्रवासी पाकिस्तानियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ भड़काऊ बातें कही थीं।

## 'हम तैयार हैं', दुश्मन को आईएनएस के सीओ का संदेश

**सूरत,** 1 मई (एजेंसियां)। पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच नौसेना के स्वदेशी डिस्ट्रॉयर जहाज आईएनएस सूरत के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) ने दुश्मन को साफ संदेश दिया है कि 'हम तैयार हैं'। 'आईएनएस सूर' गुरुवार को गुजरात के सूरत में था, जिस शहर के नाम पर इसका नामकरण हुआ है। यह इस साल जनवरी में कमीशन हुआ था और इसे सूरत के लोग देख सकें, इसके लिए एक दिन के लिए इसे आम लोगों के लिए खोला गया था। इस आधुनिक जंगी जहाज की पाकिस्तान की नाक के नीचे अरब में मौजूदगी ही अपने-आप में मायने रखती है। इस मौके पर आईएनएस के सीओ कैप्टन संदीप शोरेय ने कहा, 'दुश्मन के लिए, और बाकी सबके लिए भी, एक ही संदेश है कि हम तैयार हैं। हमें जिस चीज के लिए तैयार किया गया है, उसके लिए हम तैयार हैं।' सूरत के अदाणी हजीरा पोर्ट पर बड़ी संख्या में लोग जहाज को देखने के लिए पहुंचे। गुजरात से भाजपा के राज्यसभा सांसद गोविंदभाई ढोलकिया ने शहर में आईएनएस सूरत का स्वागत करते हुए कहा कि यह देश की आन-बान-शान है। यह नौसेना के अपनी तरह के चार-पांच जहाजों में से एक है। उन्होंने कहा कि आईएनएस सूरत संदेश देता है कि हम कहीं भी हैं, सक्षम हैं। हम चीन-पाकिस्तान किसी से नहीं डरते। हम यहां से अपने जलक्षेत्र से दुश्मन पर मिसाइल दागने में सक्षम हैं।



'दुश्मन के लिए, और बाकी सबके लिए भी, एक ही संदेश है कि हम तैयार हैं:सीओ

## सिर्फ किताब खरीद लेने से आप विद्वान नहीं बन जाएंगे : प्रशांत किशोर

**भागलपुर,** 1 मई (एजेंसियां)। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को केंद्र सरकार के जनगणना के साथ जातीय गणना कराने का समर्थन करते हुए बिहार में कराई गई जातीय गणना पर सवाल उठाए। बिहार में हुई जातीय गणना को उन्होंने अधूरा और अपारदर्शी बताया।



उन्होंने जनगणना में जातीय जनगणना को शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जन सुराज लंबे समय से कहता आ रहा है कि समाज के बारे में बेहतर जानकारी देने वाले किसी भी सर्वेक्षण, जनगणना में कोई समस्या नहीं है। लेकिन, जन सुराज का साफ कहना है कि सिर्फ जनगणना करने से समाज की स्थिति में सुधार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना जरूरी है। इससे समाज को नुकसान नहीं बल्कि फायदा होगा। लेकिन, जिस तरीके से बिहार सरकार ने यह जनगणना कराई है, वह सही नहीं है। उन्होंने बिहार में हुई जातीय जनगणना का उदाहरण देते हुए कहा कि रिपोर्ट से पता चला है कि बिहार में दलित समुदाय के मात्र तीन प्रतिशत बच्चे ही 12वीं पास कर पाए हैं।

## सभी सरकारें श्रमिक वर्गों के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व जरूर निभाएं : मायावती

**लखनऊ,** 1 मई (एजेंसियां)। 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि सभी सरकारें भी मजदूरों और श्रमिक वर्गों के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व जरूर निभाएं। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज के आधुनिक युग में जब सरकारी स्तर पर भी व्यवसायीकरण अपने चरम पर है और श्रम, श्रमिकों व मजदूरों के महत्व को अत्यंत कम करके आंके जाने की परंपरा है, किंतु उस वर्ग का हर स्तर पर शोषण जारी रहने के कारण 'मजदूर दिवस' का उद्देश्य व भूमिका हमेशा की तरह आज भी प्रासंगिक व आवश्यक।'

उन्होंने आगे लिखा, 'अतः देश के करोड़ों मजदूरों व श्रमिक वर्ग में भी खासकर महिला समाज को, 'अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिव' की बधाई एवं उन्हें अपने मानवीय हक के लिए लगातार संघर्ष करते रहने में सफलता की शुभकामनाएं। सभी सरकारें भी मजदूरों व श्रमिक वर्गों के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व जरूर निभाएं।' इससे पहले मायावती ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र सरकार के जाति जनगणना कराने का फैसले का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा था, 'देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केंद्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बीएसपी इसकी मांग काफी लंबे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार 'जनगणना से जनकल्याण' के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।'



'आज के आधुनिक युग में जब सरकारी स्तर पर भी व्यवसायीकरण अपने चरम पर है और श्रम, श्रमिकों व मजदूरों के महत्व को अत्यंत कम करके आंके जाने की परंपरा है,: **मायावती**

बता दें कि 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत करना है। इसके साथ उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना है।

संकट | *पहलगाम हमले ने गुलमर्ग की वाट लगाई*

## गुलमर्ग में कुल 1150 होटल कमरों में से सिर्फ 50 ही बुक

**जम्मू, 1 मई (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि पहलगाम में टूरिस्टों पर हुए अपने किस्म के पहले मिले ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग की वाट लगा दी है। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन उद्योग को भारी झटका दिया है, जिसके चलते प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है।**

कश्मीर में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले रिसॉर्ट्स में से एक गुलमर्ग में स्थिति सबसे गंभीर है जहां लगभग 1150 होटल कमरों में से, वर्तमान में केवल 50 ही भरे हुए हैं।

बुकिंग में यह भारी गिरावट होटल व्यवसायियों और टूर आपरेटरों के लिए एक झटका है, जो इस साल की शुरुआत में बढ़ी दिलचस्पी के बाद एक अच्छे सीजन की उम्मीद कर रहे थे। होटल हिलटाप के महाप्रबंधक अल्ताफ अहमद राथर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि यह हाल के वर्षों में हमने देखा सबसे बुरा समय है। होटल के कर्मचारियों के अनुसार, मंदी के कारण अब लगभग 115 कर्मचारियों को कम कार्यभार का सामना करना पड़ रहा है। होटल के एक कर्मचारी के बकौल, काम की कमी के कारण प्रत्येक कर्मचारी को महीने में 15 दिन आनलाइन ड्यूटी पर आने के लिए कहा गया है। इससे हमारी कमाई पर सीधा असर पड़ेगा।

**आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन उद्योग को भारी झटका दिया**



अचानक आई गिरावट को पहलगाम हमले के बाद बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं से सीधे तौर पर जोड़ा जा रहा है, जिसमें दुखद रूप से पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया गया था और कई लोग हताहत हुए थे। इस घटना ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है, जिससे बड़े पैमाने पर बुकिंग रद्द हो रही है और नई बुकिंग में बड़ी गिरावट आई है।

इस झटके के बावजूद, जम्मू और कश्मीर पर्यटन विभाग ने पर्यटकों से घबराने की अपील नहीं की है। एक सार्वजनिक अपील में, विभाग ने आश्वासन दिया कि टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है। पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए एक जीवन रेखा है, और मौजूदा स्थिति ने दीर्घकालिक प्रभावों की आशंकाओं को जन्म दिया है यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है। स्थानीय हितधारक अब पर्यटन क्षेत्र को वापस पटरी पर लाने के लिए तेजी से सुधार उपायों और बेहतर सुरक्षा विश्वास की उम्मीद कर रहे हैं।

## भारतीय संगीत का सुनहरा दौर चल रहा : अखिल सचदेवा

**मुंबई।** संगीतकार और गायक अखिल सचदेवा ने बताया कि कोविड के बाद संगीत की दुनिया में बदलाव आया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने संगीत के विकास में अहम योगदान दिया है। उनका मानना है कि पिछले एक दशक में बॉलीवुड और संगीत के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है और यह भारतीय संगीत का सुनहरा दौर है। अखिल ने बताया कि अब जिस तरह की फिल्में आ रही हैं, उससे फिल्म और संगीत के विकास को एक नया पंख मिला है। पिछले 10 सालों में काफी बदलाव आए हैं। कोविड महामारी हो या ओटीटी प्लेटफॉर्म, इनकी वजह से लोगों की पसंद बदल चुकी है। अब पूरा बॉलीवुड ही बदल चुका है। भारत में संगीत के बारे में उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत अपने संगीत के शिखर पर है।

# सेहत का खजाना है सुपरफूड लौकी

## रोजाना खाने के ये हैं फायदे

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। लौकी को सुपरफूड कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि यह एक ऐसी सब्जी है, जो इंसान को कई बीमारियों से बचाने में मदद कर सकती है। इसे पूरे साल खाया जा सकता है और इसका सेवन स्किन से लेकर दिल तक की सेहत सुधारने में कारगर होता है। आयुर्वेद में भी लौकी को एक औषधीय सब्जी माना गया है, जिसका जूस और सब्जी, दोनों रूपों में सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

लौकी को घीया के नाम से भी जाना जाता है और इससे कई तरह की मीठी और नमकीन रेसिपी बनाई जा सकती हैं। कई बार बच्चों को इसका स्वाद बहुत पसंद नहीं आता, लेकिन इसे सही तरीके से पकाया जाए, तो यह स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर भोजन का काम करती है। लौकी खासकर डायबिटीज, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल और पाचन समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सुपरफूड है। अगर सही तरीके से इसका सेवन किया जाए, तो लौकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लौकी में भरपूर मात्रा में पाया जाने वाला फाइबर शरीर के लिए विभिन्न तरह से लाभदायक होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करके कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है तो वहीं मोटापे, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित रखता है। रोजाना इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है और दिल की सेहत दुरुस्त बनी रहती है। इसके अलावा, लौकी शरीर में होने वाले इंफ्लेमेशन को कम करने में भी सहायक है।

फाइबर के अलावा लौकी में ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इसलिए विशेषकर डायबिटीज के मरीजों के लिए लौकी की सब्जी या जूस बेहद फायदेमंद माना जाता है।

**मधुमेह मरीजों के लिए लौकी की सब्जी या जूस बेहद फायदेमंद**

लौकी की तासीर ठंडी होती है, इसलिए ज्यादा कफ और वात वाले लोगों को इसका सेवन सूप या सब्जी के रूप में करना चाहिए। जिन लोगों को कोल्ड, कफ या अर्थराइटिस की समस्या है, उन्हें इसका जूस पीने से परहेज करना चाहिए और सिर्फ पकाकर खाना चाहिए। लौकी में विटामिन बी, विटामिन सी, आयरन और सोडियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। इसमें मौजूद आयरन हीमोग्लोबिन की कमी को पूरा करने में मदद करता है।



आप वजन को नियंत्रित करने के लिए इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। अगर आप बाल झड़ने या गंजेपन से परेशान हैं, तो लौकी के पत्तों का रस सिर पर लगाने से काफी फायदा मिल सकता है। इसी तरह, लौकी के फल के भस्म में शहद मिलाकर लगाने से आंखों की रोशनी बढ़ सकती है और रतौंधी की समस्या से राहत मिल सकती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द की समस्या रहती है, तो कड़वी लौकी के बीजों के तेल को माथे पर लगाने से आराम मिल सकता है। इसके अलावा, लौकी के सेवन से शरीर में ताजगी बनी रहती है और एनर्जी लेवल बढ़ता है।

विराट ने 'लाइफ पार्टनर' अनुष्का को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई, बोले-

# 'तुम मेरी सब कुछ'

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को जन्मदिन के अवसर पर फैंस के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों ने खास अंदाज में बधाई दी। उनके पति, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने उन्हें बधाई देते हुए अपना सब कुछ बताया। अनुष्का शर्मा के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी लाइफ पार्टनर, सेफ प्लेस तुम मेरी सब कुछ हो। तुम हम सबको गाइड करती हो। हम सब तुमसे बहुत प्यार करते हैं। जन्मदिन मुबारक हो माई लव।



विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में इटली में शादी की थी। शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अनुष्का शर्मा ने साल 2021 में बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने वामिका रखा है। इसके तीन साल बाद उन्होंने बेटे को जन्म दिया, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दी थी। विराट-अनुष्का ने बेटे का नाम अकाय रखा है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के बेटे का जन्म लंदन में हुआ था, जिसके बाद से खबरें आ रही थी कि दोनों इंडिया छोड़कर विदेश में शिफ्ट हो सकते हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अनुष्का शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। 'जीरो' में अनुष्का शर्मा के साथ अभय देओल, आर. माधवन और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी अहम रोल में थे। फिल्म में शर्मा सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित एक वैज्ञानिक की भूमिका में नजर आई थीं।

अनुष्का की झोली में बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' है। बायोपिक में अभिनेत्री भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की भूमिका निभा रही हैं। प्रोसित रॉय के निर्देशन में तैयार स्पोर्ट्स ड्रामा का टीजर जनवरी 2022 में सामने आया था। अनुष्का ने अपने आधिकारिक एक्स पर टीजर शेयर कर लिखा कि यह वास्तव में एक खास फिल्म है क्योंकि यह एक जबरदस्त कहानी है।

# इलेक्ट्रोलिसिस फुट बाथ करती नजर आईं शिल्पा शेट्टी



**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी न केवल अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहती हैं, बल्कि प्रशंसकों की भी फिक्र करती हैं। स्वास्थ्य टिप्स हो या कोई नई जानकारी देने में वह देर नहीं करती हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह इलेक्ट्रोलिसिस फुट बाथ करती नजर आईं। फुट बाथ न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि कई समस्याओं से छुटकारा भी दिलाता है।

इंस्टाग्राम पर तस्वीर को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि इलेक्ट्रोलिसिस फुट बाथ, डिटॉक्स। वहीं, शेयर की गई तस्वीर में शिल्पा इलेक्ट्रोलिसिस फुट बाथ के दौरान हाथ में किताब लेकर पढ़ती नजर आईं। डिटॉक्सिफिकेशन फुट बाथ, जिसे फुट डिटॉक्स या आयनिक क्लींजिंग के नाम से भी जाना जाता है, यह प्रक्रिया मानव शरीर के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। यह शरीर को डिटॉक्स करती है।

फुट बाथ इलेक्ट्रोलिसिस के जरिए पानी में पॉजिटिव और नेगेटिव आयन बनाती है। टब में आयन चार्ज होते हैं, जो शरीर में जमी गंदगी को बेअसर कर शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं, इसलिए पानी का रंग बदल जाता है। नमक के पानी के घोल से भरे इलेक्ट्रिकल बाथ में पैर रखकर कुछ निश्चित समय तक बैठा जाता है। इस प्रक्रिया में 30 से 40 मिनट तक का समय लगता है। हालांकि, जिनके पैर में किसी तरह की एलर्जी या घाव हैं, विशेषज्ञ उन्हें फुट बाथ की सलाह नहीं देते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, भागमभाग वाली दुनिया में थकान और दर्द आम सी बात बन चुकी है, ऐसे में शरीर के तनाव को दूर करने और दर्द में राहत पाने के लिए यह सुरक्षित और प्रभावी तरीका है।

अब आइए, डालते हैं आयोनिक फुट बाथ के फायदों पर नजर। इससे कई लाभ मिलते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि फुट बाथ से माइग्रेन और सिरदर्द, तनाव से राहत मिलती है। स्किन में ग्लो आता है। शरीर की एनर्जी बढ़ती है। यदि आपको अनिद्रा की शिकायत है, तो यह आपके लिए और भी फायदेमंद है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, जिससे संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है। यही नहीं, इससे मांसपेशियों या जोड़ों के दर्द और सूजन में भी राहत मिलती है। अब बताते हैं कि आयोनिक फुट बाथ काम कैसे करता है? बाथ टब में पानी, नमक और इलेक्ट्रिक करंट छोड़कर एनर्जी उत्पन्न की जाती है, जो डिटॉक्स में मदद करती है। 30 से 40 मिनट में टब के पानी का रंग बदल जाता है। रंग में यह परिवर्तन उसमें स्थित मेटल की प्लेट्स के ऑक्सीकरण के कारण होता है, जो पानी में मौजूद तत्वों के साथ प्रतिक्रिया करते हैं और शरीर से गंदगी को निकालते हैं।

# पहलगाम हमले के बाद सुनील शेट्टी ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश, बोले- देश सबसे ऊपर

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। शेट्टी ने कहा कि सबसे ऊपर देश है। अपकमिंग फिल्म 'केसरी वीर' की रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेता ने देशवासियों से मतभेदों को दूर कर एकजुट रहने का संदेश दिया।

उन्होंने फिल्म के संदेश को देश के नागरिकों की मौजूदा जरूरत बताया, क्योंकि फिल्म तुगलक साम्राज्य के हमलों से भी संबंधित है, जिसमें स्थानीय लोगों ने सोमनाथ मंदिर और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए हमलावर ताकतों से लड़ाई लड़ी थी।

सुनील ने कहा कि मेरा देशवासियों को संदेश स्पष्ट है कि देश सबसे ऊपर है। लोग अलग-अलग क्षेत्रों से एक साथ सामने आते हैं। हमें नफरत और डर को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। लेकिन अपनी ताकत और हमारे मूल्यों को हावी होने दें और दुनिया को दिखाएं कि हम एक हैं और ऐसी चीजों से मिलकर लड़ेंगे, कभी हार नहीं मानेंगे।

उन्होंने 26/11 के हमलों का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे देश पर हमले पहले भी हो चुके हैं। 26/11 हुआ था, लेकिन मुंबई अगले ही दिन फिर से उठ खड़ी हुई थी, उन सभी वीरों को सलाम, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। हम अब और अधिक सतर्क हैं, हम अब और अधिक जागरूक हैं। मुझे लगता है कि यही संदेश हमारी फिल्म केसरी वीर भी देती है। हमारे मूल्य, रिश्ते, संस्कृति, हमारे भगवान, देवी-देवता जिनका हम गहराई से सम्मान करते हैं, ये हमें आगे बढ़ने और ऐसी परिस्थिति में खड़े होने की ताकत देते हैं।

इससे पहले, कश्मीर से अभिनेता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह भारत के लोगों से कश्मीर से मुंह न मोड़ने और पर्यटन के माध्यम से अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए वहां बड़ी संख्या में आने का आग्रह करते हुए दिखाई दिए थे।

# फिल्म उद्योग की पांच महान हस्तियों के नाम पर डाक टिकट लॉन्च

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन किया। इसी के साथ भारतीय सिनेमा की पांच महान हस्तियों गुरुदत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट जारी किया।



**गुरु दत्त** - गुरु दत्त का असली नाम वसन्त कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनका निधन 10 अक्टूबर, 1964 को हुआ। वह हिन्दी फिल्मों के मशहूर अभिनेता, निर्देशक और फिल्म निर्माता थे। उन्होंने 1950 और 1960 के दशक में कई शानदार फिल्में बनाईं, जिनमें 'प्यासा', 'कागज के फूल', 'साहिब बीबी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' जैसी फिल्में शामिल हैं। उन्हें 'भारत का ऑर्सन वेल्स' भी कहा जाता है। दरअसल, ऑर्सन वेल्स एक प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म डायरेक्टर, एक्टर, राइटर और प्रोड्यूसर थे। उन्हें 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली और क्रांतिकारी फिल्मकारों में गिना जाता है।

**पी. भानुमति** - पी. भानुमति एक भारतीय अभिनेत्री, फिल्म निर्माता, निर्देशक, गायिका और संगीतकार थीं। 24 दिसंबर 2005 को उनका निधन हुआ था। 80 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। उन्हें तेलुगू सिनेमा की पहली महिला सुपरस्टार माना जाता है। वह तेलुगू सिनेमा की पहली महिला निर्देशक भी रहीं। उन्होंने 1953 में 'चंदीरानी' बनाई। उन्होंने अपने करियर में तेलुगू और तमिल भाषाओं में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

**राज खोसला** - राज खोसला ने भारतीय सिनेमा को अलग दिशा दी। उनके आने से हिंदी सिनेमा में कई बड़े बदलाव आए। वह अपनी फिल्मों में अभिनेत्रियों को दमदार भूमिका देते थे। उन्होंने 'सीआईडी', 'एक मुसाफिर', 'एक हसीना', 'वो कौन थी ?', 'मेरा साया', 'दो रास्ते', 'मेरा गांव मेरा देश', 'मैं तुलसी तेरे आंगन की', 'दोस्ताना' जैसी सुपरहिट फिल्में दीं। उन्होंने 9 जून 1991 को दुनिया को अलविदा कह दिया था।

**ऋत्विक घटक** - ऋत्विक घटक जितने बेहतरीन निर्माताऔर मंझे हुए कलाकार थे, उतने ही पटकथा लेखन में भी माहिर थे। उन्होंने शेक्सपियर के 'मैकबेथ' का अनुवाद किया और उसे प्रस्तुत भी किया। उन्होंने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन फिल्में दी थीं, जिनमें 'मेघे ढाका तारा', 'कोमल गंधार ई फ्लैट', 'अजांत्रिक', 'सुवर्णरिखा' समेत कई फिल्में शामिल हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर भी एक शॉर्ट फिल्म बनानी शुरू की थी, लेकिन वित्तीय परेशानियों के कारण यह अधूरी रह गई। उन्होंने 6 फरवरी 1976 को दुनिया को अलविदा कह दिया।

**सलिल चौधरी** - सलिल चौधरी भारतीय संगीत निर्देशक, गीतकार, लेखक और कवि थे। उन्होंने बंगाली, गुजराती, हिंदी, मलयालम समेत 13 भाषाओं की फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया। वह बांसुरी, पियानो और इसराज बेहद उम्दा बजाते थे। उन्हें 'दो बीघा जमीन' के लिए पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार मिला। इसके अलावा, वह सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, सातवें कान फिल्म समारोह में प्रिक्स इंटरनेशनल पुरस्कार और कार्लोवी वैरी अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सामाजिक प्रगति के पुरस्कार से सम्मानित किए गए। साल 1958 में आई फिल्म 'मधुमती' के लिए उन्हें फिल्मफेयर के सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक पुरस्कार के साथ-साथ आठ अन्य फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिले। साल 1988 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 1990 में महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार मिला। वह 5 सितम्बर 1995 को दुनिया को अलविदा कह गए।

# अमेरिका में 'खसरे' ने बढ़ाई चिंता, टेक्सास में 700 से अधिक बीमार

**न्यूयॉर्क,** 1 मई (एजेंसियां)। अमेरिका ने 25 साल पहले खसरे को खत्म करने की घोषणा की थी, लेकिन पश्चिमी टेक्सास में इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप ने एक बार फिर से चिंताएं बढ़ा दी हैं। मीडिया ने बताया कि पश्चिमी टेक्सास में खसरे के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के अंत में शुरू हुए खसरे से टेक्सास में 700 से अधिक लोग बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना ही नहीं, यह अन्य राज्यों में भी फैल गया है। खसरे ने अमेरिका में एक दशक से अधिक समय में पहली बार जान ली है। कुछ सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और महामारी वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रकोप एक साल से अधिक समय तक चल सकता है, जिससे अमेरिका का खसरा-मुक्त दर्जा खतरे में पड़ सकता है।



समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने साल 2000 में व्यापक टीकाकरण अभियानों के बाद यह उपलब्धि हासिल की थी, जिसमें अधिकांश बच्चों को खसरा, कण्ठमाला और रूबेला या एमएमआर वैक्सीन दी गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा तब खत्म माना जाता है जब किसी देश में कम से कम 12 महीने तक मजबूत निगरानी प्रणाली के तहत स्थानीय स्तर पर इसका प्रसार न हो। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, कोई बीमारी तब स्थानिक होती है, जब वह किसी आबादी में नियमित रूप से मौजूद रहती है।

राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टेक्सास में खसरे के मामले मंगलवार को बढ़कर 663 हो गए, जो 25 अप्रैल के बाद 17 मामलों की वृद्धि है। अमेरिका पहले से खत्म हो चुकी बचपन की बीमारी के सबसे खराब प्रकोपों में से एक से जूझ रहा है।

टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट हेल्थ सर्विसेज ने कहा कि प्रकोप के केंद्र गेन्स काउंटी में मामले 396 हो गए, जो शुक्रवार के पिछले अपडेट से तीन अधिक हैं।

इसके अलावा, अन्य राज्यों में भी इजाफा देखा गया था, जहां तीन या अधिक मामले सामने हैं।

# समय के साथ भारतीय सिनेमा में बढ़ेगा टेक्नोलॉजी का समावेश : अकी अवनी



**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में गुरुवार को शुरू हुए 'वेव्स' सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश से आए कलाकारों और अन्य मेहमानों ने आयोजन की तारीफ की। उन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग की सराहना की। साथ ही इजरायली एक्टर अकी अवनी ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय सिनेमा में भी टेक्नोलॉजी का समावेश बढ़ेगा। अकी अवनी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन का भारत में आयोजन सरकार की अच्छी पहल है। समय के साथ भारतीय सिनेमा का अपना गौरव होगा। यह अद्भुत उद्योग है और हमें किसी और उद्योग से इसकी तुलना नहीं करनी चाहिए। समय के साथ पारंपरिक सिनेमा और टेक्नोलॉजी का मेल बढ़ेगा, यह शुरू हो चुका है।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी आजकल सभी क्षेत्रों में छा चुकी है, यह फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी अनिवार्य होती जा रही है। इसका कोई विकल्प नहीं है। जो इसे नहीं समझेगा, वह पीछे रह जाएगा।

भारतीय एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में वेव्स सम्मेलन का हिस्सा बनकर उन्हें अच्छा लग रहा है। यह सम्मान की बात है।

इजरायल के मध्य पूर्व के वाणिज्य महादूत कोबी शोशानी ने कहा कि यह भारत की शक्ति है, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की शक्ति है। उन्होंने कहा कि मैं इस इंडस्ट्री का बहुत बड़ा फैन हूं। मैं अक्सर भारतीय फिल्में देखता हूं। वे महान कलाकार, महान एक्टर-एक्ट्रेस, महान प्रोड्यूसर हैं।

वेव्स 2025 का आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से देश की रचनात्मक और मीडिया अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। वेव्स मीडिया और मनोरंजन जगत में चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख मंच है, जिसमें ग्लोबल लीडर्स, तकनीकी दिग्गज, निर्माता और निवेशक, एक्टर्स, मीडिया के भविष्य को आकार देने वाली हस्तियां मंच पर नजर आईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इसका उद्घाटन किया।

# श्रीनगर में लगेगा 'दरबार' 5 मई को, पर नाम दिया जाएगा प्रशासनिक मूव

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 1 मई (देशबन्धु)। जिस डेढ़ सौ साल पुरानी 'दरबार मूव' की व्यवस्था को धारा 370 हटा दिए जाने के बाद बंद कर दिया गया था उसके तहत पांच मई को ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में यह लगभग 500 कर्मचारियों व अफसरों के साथ फिर से लगेगा। धारा 370 हटाए जाने के बाद बस इसे 'प्रशासनिक मूव' का नाम दिया जा रहा है। इतना जरूर था कि पहले इसी 'मूव' के तहत 10 हजार के लगभग सरकारी अमला 6-6 माह दोनों राजधानियों में रहता था। जानकारी के लिए जम्मू कश्मीर में अभी भी दो राजधानियां कायम हैं चाहे दो संविधान और दो निशान समाप्त हो चुके हों।

**जम्मू कश्मीर में अभी भी सबसे बड़ा सवाल, 'दरबार मूव' क्या सच में खत्म हो चुका है**



दरअसल इस प्रक्रिया को सरकारी तौर पर दरबार मूव का नाम नहीं दिया जा रहा है बल्कि कहा जा रहा है कि कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार जम्मू व श्रीनगर के नागरिक सचिवालयों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भिजवाने की परंपरा है क्योंकि प्रदेश में अभी भी दो राजधानियां हैं। और इस मूव के तहत आने वाले कर्मियों की संख्या भी निर्धारित नहीं है जो जरूरत के मुताबिक कम या ज्यादा हो सकती है।

दरबार मूव की नई व्यवस्था के तहत प्रदेश की शीतकालीन राजधानी जम्मू में उप राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री का दरबार पिछले महीने जम्मू में बंद हो चुका हे। हालांकि दरबार मूव के साथ जरूरत के आधार पर कर्मचारियों के अलावा मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मंत्रियों व उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव व प्रशासनिक सचिव के कार्यालयों के कर्मी 5 मई से कामकाज संभाल लेंगे।

जम्मू कश्मीर में लंबे समय से चली आ रही वार्षिक स्थानांतरण परंपरा को 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान रोक दिया गया था। कश्मीर में कड़ाके की ठंड की स्थिति के कारण अक्टूबर से मई तक सरकार को श्रीनगर से जम्मू स्थानांतरित करने की प्रथा थी। केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठन के बाद अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री हैं।

इस 'दरबार मूव' की परंपरा को आधिकरिक तौर पर वर्ष 2021 से 'बंद' किया जा चुका है, उसके प्रति सच्चाई यह है कि यह गैर सरकारी तौर पर लगभग 500 कर्मियों के साथ फिलहाल जारी है। ये कर्मी पिछले 4 सालों से उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के वित्त आयुक्त, सामान्य प्रशासनिक विभाग के आयुक्त सचिव तथा पुलिस महानिदेशक के कार्यालयों में लिप्त कर्मी हैं जो दोनों राजधानियों में आ-जा रहे थे।

जम्मू में मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के साथ ही उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का दरबार सजाने के लिए नागरिक सचिवालय से लेकर राजभवन में साज सज्जा व मरम्मत कार्य मार्च से ही शुरू हो चुका था। इतना जरूर था कि 'दरबार मूव' की परंपरा को बंद करने का समर्थन मात्र मुट्ठीभर उन लोगों द्वारा ही किया गया था जो एक राजनीतिक दल विशेष से जुड़े हुए हैं जबकि जम्मू का व्यापारी वर्ग इससे दुखी इसलिए है क्योंकि इतने सालों से कश्मीर से दरबार के साथ सर्दियों में जम्मू आने वाले लाखों लोगों पर उनका व्यापार निर्भर रहता था। जो अब उनसे छिन चुका है।

रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जातिगत जनगणना: आगे की राह?

केन्द्र सरकार ने आखिरकार जातिगत जनगणना कराना स्वीकार कर लिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐलान किया कि जनगणना के जरिये सरकार लोगों की जातिवार संख्या भी जुटायेगी। हालांकि इसकी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने यह नहीं बताया कि यह काम कब शुरू होगा। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग पिछले लगभग दो वर्षों से जोर-शोर से उठाई हुई थी जिसमें उसके नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन ने भी अपना स्वर मिलाया है। इस मांग के कारण लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस को भारतीय राजनीति में बड़े पैमाने पर लौटने का मौका मिला था। संविधान की रक्षा का जो नारा कांग्रेस समेत उसके सहयोगी प्रतिपक्षी दलों ने दिया था, उसने 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के संख्या बल को 2019 के मुकाबले काफी घटाया था। 2024 के प्रारम्भ में हुई राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की थीम भी जातिगत जनगणना की मांग को तर्कसंगत व ज़रूरी बताती थी।

इस मांग को राहुल ने सड़कों पर बड़े पैमाने पर उठाया था। उन्होंने बार-बार यह बात कही थी कि देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, आदिवासियों आदि की संख्या सर्वाधिक है परन्तु संसाधनों एवं अवसरों में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह एक तरह से कांशीराम की उठाई वह मांग है जिसमें वे कहते थे कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी।' कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते राहुल को इस मांग को उठाते हुए कोई उज्र नहीं था कि यह बहुजन नेता की बात की ही प्रतिध्वनि है जिसकी वारिस मायावती इस मामले पर चुप्पी साधे हुई हैं। वे लोगों को अपने भाषणों में बतलाते रहे हैं कि केन्द्रीय सचिवालय में केवल 5 ही सचिव स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जो ओबीसी हैं। राहुल यह भी बतलाते रहे कि बजट के पांच प्रतिशत पर ही इनका नियंत्रण है। इसलिये ओबीसी, दलितों आदि के साथ न्याय नहीं होता।

उनके द्वारा संसद में भी यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया गया जिसे इंडिया के सहयोगियों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का जबर्दस्त साथ मिला। राहुल ने वर्तमान लोकसभा के प्रारम्भिक सत्रों में चेताया था कि विपक्ष सरकार से जाति आधारित जनगणना करा कर रहेगा। राहुल का कहना था कि 'भाजपा सरकार इस मांग को पूरा नहीं करेगी तो इंडिया सरकार करेगी।' भाजपा की पूरी राजनीति ही इसके विपरीत है- सवर्णों को बल देने वाली। इसे लेकर राहुल का न केवल मज़ाक उड़ाया गया वरन उन्हें अपमानित भी किया गया था। पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन पर तंज कसा था कि, 'जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।' भाजपा तथा उसके सहयोगी एनडीए के सांसदों ने इसका भरपूर लुत्फ़ उठाया था; परन्तु अब सरकार के इस एकतरफ़ा निर्णय से वे हैरान हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि जनता को इस बात का क्या जवाब दें कि आखिर उनकी पार्टी की सरकार ने यह फैसला क्योंकर लिया जो अब तक इसकी विरोधी थी। फैसले की हां में हां मिलाने के अलावा जिन पार्टी सदस्यों, समर्थकों, नेताओं, विधायकों व सांसदों के पास और कोई चारा नहीं है वे यह कहकर इसे 'मोदी का मास्टरस्ट्रोक' साबित करने पर तुले हैं कि 'इस फैसले ने राहुल, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के हाथ से बड़ा मुद्दा छीन लिया है।'

इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कुछ सवाल सामने आ रहे हैं। पहला यह कि नीतिगत विरोध के बावजूद भाजपा की क्या मजबूरी रही कि उसे यह फैसला लेना पड़ा? कुछ का कहना है कि पहलगाम के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिये भाजपा ने यह कदम उठाया है ताकि कश्मीर के मुद्दे पर उसकी विफलता ढंक जाये। यह भी कहा जाता है कि सरकार दुनिया को संदेश देना चाहती है कि आतंकी हमले के बावजूद सरकार देश के अंदरूनी मसलों पर ध्यान बनाये हुए है। यानी देश का एक निर्भीक व अविचलित चेहरा वह दुनिया को दिखाना चाहती है। इस बड़े फैसले से दुनिया महसूस करे कि पहलगाम की घटना के बावजूद न घबराहट है, न बदहवासी- चाहे युद्ध की आशंका बन चुकी हो। यह भी माना जाता है कि बिहार में भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ायेगी। वह केवल कांग्रेस तथा उसके साथी राजद व सीपीएम (माले) से ही नहीं, अपने सहयोगी नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) से भी यह मुद्दा छीनना चाहती है। उस राज्य में खुद के बूते सरकार बनाने पर भाजपा आमादा है जहां इसी साल सितम्बर के बाद चुनाव होंगे।

दूसरा सवाल यह है कि इस मुद्दे को लेकर विपक्ष, विशेषत: कांग्रेस की आगे की राह क्या हो? कांग्रेस को इस बात से खुश होकर नहीं रह जाना चाहिये कि सरकार को यह निर्णय लेने हेतु मजबूर करने से उसकी नैतिक जीत हुई है। उससे बात नहीं बनेगी। इसके बल पर उसे चुनाव भी जीतने होंगे। बिहार का चुनाव उसकी पहली परीक्षा होगी जहां से इस मांग की शुरुआत हुई थी। इस मुद्दे पर यहां कांग्रेस-राजद की जीत देश के लिये परिवर्तनकारी होगी। राहुल ने आरक्षण की 50 फीसदी की दीवार को तोड़ने का भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पास इसका मॉडल पहले से है क्योंकि तेलंगाना व कर्नाटक में उसकी सरकारों ने जनगणना कराई है तथा बिहार में जेडीयू व कांग्रेस सरकार के समय यह काम हुआ था। राहुल को देश भर में यह संदेश देना होगा कि जातिगत जनगणना के फैसले पर कांग्रेस-इंडिया का पहला हक बनता है।

# इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा

अब तक कमंडल से अपनी राजनीति को चमकाने वालों को अचानक मंडल की याद आ गई है, वह भी तब जब देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार से बड़े एक्शन की उम्मीद कर रहा था। मुख्य धारा की मीडिया ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऐसा माहौल तैयार कर दिया था कि लगने लगा था कि सरकार घर में घुसकर मारने की नीति टाइप किसी कदम का खुलासा करने जा रही है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना के साथ जाति की गिनती कराने का फ़ैसला कर लिया। आज़ादी के बाद पहली बार देश के नागरिकों से उनकी जाति पूछी जाएगी। अब तक अनुसूचित जाति और जनजाति को अवश्य गिना जाता था लेकिन अब शायद अन्य पिछड़ा वर्ग का बढ़ता संख्या बल सरकार को इस निर्णय के लिए मजबूर कर रहा है। विपक्ष 'जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी भागीदारी' का नारा पहले ही बुलंद किये हुए था। ऐसे ही मकसद में सरकार की दिलचस्पी भी होगी तो फिर इस मासूमियत पर कौन न फ़िदा हो जाए। इसमें कोई शक नहीं कि इस मसले पर देश जिस नेता को लगातार बोलते हुए देख-सुन रहा था वे तो राहुल गांधी थे। इस हद तक कि लगभग ऊब होने लगी थी लेकिन राहुल गांधी थकते नहीं थे। वे जनसभाओं से लेकर संसद तक बस इसी जातीय जनगणना की बात करते थे। एक बार तो उन्हें अपमानित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कह दिया था कि 'जिसकी जात का पता नहीं वो गणना की बात करता है।' आम भारतीय बोल-चाल में यह किसी गाली से कम नहीं था लेकिन राहुल गांधी ने इस गाली का जवाब भी संसद में यह कहकर दिया था कि 'जो भी दलितों की, पिछड़ों की बात करता है उसे गालियां खानी ही पड़ती हैं। अर्जुन को मच्छी की आंख दिख रही थी, ठीक वैसे ही मुझे भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना हम करा के रहेंगे।'

ज़ाहिर है कि लगातार बोलते रहना ही सियासत में फलदायी ज़मीन तैयार करता है। अब घोषणा के तुरंत बाद भी राहुल गांधी रुके नहीं हैं। उन्होंने कह दिया है कि हम तय करेंगे कि सरकार 50 फ़ीसदी की सीलिंग भी बदले और आगे की नीतियां हम डिज़ाइन करेंगे क्योंकि हमारे पास तेलंगाना और कर्नाटक का डाटा है। वह निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मुद्रा में दिखाई दिए। फिलहाल ऐसा लगता है जैसे पहलगाम के बाद विपक्ष जिस तरह सरकार के साथ खड़ा था, जाति जनगणना के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के साथ आकर खड़ी हो गई है। अब गणना इस बात की होनी चाहिए कि किसके 'मास्टर स्ट्रोक' में ज़्यादा दम है। खैर मज़ाक से अलग जब पहलगाम हमले के जवाब के इंतज़ार में बैठे मीडिया से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बात साझा की तो वाकई यह सबके लिए चौंकने का समय था। शुरुआत में अश्विनी वैष्णव ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के शिलांग से सिलचर तक हाई-स्पीड कॉरिडोर हाईवे परियोजना तथा किसानों के लिए गन्ने के उचित मूल्य की जानकारी दी और आखिर में जब प्रेस ब्रीफिंग खत्म होने वाली थी तभी उन्होंने चुपचाप पॉकेट से एक पर्चा निकालकर जाति जनगणना वाली बात पढ़ दी और आदतन जनगणना न हो पाने की वजह भी कांग्रेस के माथे मढ़ दी। यह सच है कि अंग्रेज जातियों की जनगणना कराता था लेकिन आज़ाद भारत के नेताओं ने इसे नहीं करवाना चाहा था ताकि देश मोटे तौर पर उपजातियों में न बंटे।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?

इस सरकार ने कोविड महामारी के दौरान टाली गई सामान्य जनगणना को भी अब तक नहीं किया है। अंतिम बार यह 2011 में हुई थी और 2021 में होनी थी। 2025 के बजट में भी जनगणना का धन शामिल नहीं है इसलिए इसमें और देरी हो सकती है। शायद अगले आम चुनाव से पहले देश को ये आंकड़े मिलें। फिलहाल तो देश की सारी नीतियां और योजनाएं पुराने आंकड़ों पर चल रही हैं या यूं कहें कि इस सियासत को इन आंकड़ों की ज़रूरत ही नहीं है। धर्म की राजनीति बराबर प्रभावी और नतीजे देने वाली रही है। दो साल पहले सरकार की दिलचस्पी नवजात बच्चे और उसके माता-पिता का धर्म जानने में हो गई थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने जन्म-पत्र के फॉर्म नंबर एक में धर्म के सवाल को जोड़ दिया गया था। अब शायद जातियों में भी रूचि हो गई है।

अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' ज़ाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए?

देश ने बीते कुछ सालों में देखा है कि वह पूरे समय बस चुनाव की नाव में तैरता रहता है। इस नाव में बैठकर ही सबको वैतरणी पार करनी है। हर फैसला सिर्फ चुनाव है। हर घटना, हर उत्सव बस एक चुनाव है। चुनाव के बाद सरकारें भी चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का 240 सीटों पर सिमटना और उत्तरप्रदेश में उसके गणित का बिगड़ना भी एक वजह है। ऐसे में जातियों को गिनकर सही उम्मीदवार उतारकर? दृश्य को बदला जा सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की राजनीति को हिंदुत्व के साथ सामाजिक न्याय के पहलू को जोड़ने की ज़रूरत नहीं है। आक्रामक हिंदुत्व से केवल 18 से 20 फीसदी मतदाताओं का समर्थन मिलता है। दलित जातियां इससे छिटक जाती हैं। भगवा और नीले झंडों में प्रतिस्पर्धा का नज़ारा दिखाई दे रहा है। समाजवादी पृष्ठभूमि का ओबीसी समाज भी इससे चौंक जाता है। ज़ाहिर है कि पार्टी इस संतुलन को साधने की कोशिश में है। बिहार में पिछली सरकार जो यूपीए की रही वह जाति जनगणना करा चुकी थी। तेलंगाना में भी यह गणना हो चुकी है और कर्नाटक में भी। राहुल गांधी भी संसद में ख़म ठोक चुके हैं कि अर्जुन के जैसे ही उन्हें भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना करा के रहेंगे। वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरुदक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर भी कह चुके हैं कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे। अब इस महत्वपूर्ण घोषणा के बाद भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं की बड़ी दुविधा हो गई है कि आखिर जातीय जनगणना के ख़िलाफ़ दिए गए बयानों से किस तरह मुंह फेरें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था- 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात', महाराष्ट्र चुनाव से पहले 'एक हैं तो सेफ हैं'- का नारा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुलंद किया था। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इस गणना के बाद योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' में क्या संशोधन करते हैं।

बिहार में इस साल नवंबर में चुनाव होने हैं। पहलगाम हमले के बाद मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर देश लौटे और फिर बिहार गए थे। इससे पहले एक बड़ी बैठक में उन्होंने दुश्मन देश पाकिस्तान को कड़ी चुनौती दी। फैसला सेना के हाथ छोड़ा और खुली छूट की बात भी कही। साल 2019 में आतंकवादियों ने पुलवामा की घटना को अंजाम दिया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हो गए थे। अभी तक जवाब नहीं मिला कि विस्फोटक किसकी चूक से भीतर आया था। चूक पहलगाम में भी हुई है कि जहां इतने सैलानी थे वहां सुरक्षा बल क्यों नहीं था? तब भी बिहार की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा था- 'इस देश में जितना आक्रोश है, लोगों का खून खौल रहा है। इस समय जो देश की अपेक्षाएं हैं, कुछ कर गुजरने की भावना है। वो भी स्वाभाविक है। हमारे सुरक्षा बलों को पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई है। मैं आतंकी संगठनों और उनके सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि वे बहुत बड़ी ग़लती कर चुके हैं। बहुत बड़ी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी।' एक बार फिर बड़ी कीमत देश के नागरिकों ने ही चुकाई है। सवाल उठता है कि सेना को दी गई छूट की अवधि क्या थी? छूट थी तो फिर यह चूक किसकी है? बहरहाल जाति जनगणना के फैसले के बीच ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'ठाकुर का कुआं' याद आती है कि अब सब अपना होगा-

चूल्हा मिट्टी का
मिट्टी तालाब की
तालाब ठाकुर का।

भूख रोटी की
रोटी बाजरे की
बाजरा खेत का
खेत ठाकुर का।
बैल ठाकुर का
हल ठाकुर का
हल की मूठ पर हथेली अपनी।

फ़सल ठाकुर की।
कुआं ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के
फिर अपना क्या?

गांव?
शहर?
देश?

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका

■ पी. श्रीकुमारन

केरल में भाजपा के बहुचर्चित ईसाई-पहुंच कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा किये गये आत्मघाती गोल के कारण गहरा झटका लगा है, यद्यपि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किये जाने के बाद, भाजपा को केरल में ईसाई समुदाय में सेंध लगाने में थोड़ी सफलता मिली थी।

वास्तव में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में ईसाई समुदाय के एक वर्ग द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा और केंद्रीय मंत्री किरेनरिजिजू ने मुनंबम में 600 से अधिक ईसाई परिवारों के बीच उम्मीद जगायी थी, जो केरल वक्फ बोर्ड (केडब्ल्यूबी) के साथ कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। बोर्ड ने इस आधार पर उनकी संपत्ति पर दावा किया है कि यह संपत्ति उसकी है। केंद्रीय मंत्री ने ईसाई परिवारों का पक्ष लेने के लिए मुनंबम का दौरा भी किया।

भाजपा ने शुरू में यह दावा करके उनकी उम्मीदें जगायी थीं कि विधेयक के कानून बन जाने पर इसका पूर्वव्यापी प्रभाव पड़ेगा और इससे उन्हें लाभ होगा। वास्तव में, भाजपा केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) को इसी आधार पर वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल रही थी। लेकिन मुनंबम के ईसाइयों को, हालांकि थोड़ी देर से ही सही, यह एहसास हो गया है कि कानून से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। रिजिजू ने खुद स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि कानून से मुनंबम के निवासियों को केडब्ल्यूबी के साथ उनकी कानूनी लड़ाई में मदद मिलेगी।

> ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।

ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया।

संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के तुरंत बाद, लेखों के प्रकाशन का समय महत्वपूर्ण है, जिसे उनके द्वारा किये गये हंगामे के बाद वापस ले लिया गया है। लेकिन नुकसान हो चुका है। केसीबीसी के आधिकारिक प्रवक्ता फादर थॉमस थारायिल ने स्वीकार किया कि लेख के प्रकाशन का समय निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

लेख में दावा किया गया था कि भारत में कैथोलिक चर्च के स्वामित्व वाली भूमि देश में वक्फ संपत्तियों से कहीं अधिक है। लेख में यह भी कहा गया था कि ब्रिटिश शासकों ने चर्च को लगभग सात करोड़ हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दी थी, और बताया कि 1965 का एक नियम अभी तक लागू नहीं हुआ है, जो औपनिवेशिक युग के चार्टर, वसीयत, पट्टे और किराये के समझौतों को निरर्थक बनाता है।

संसद द्वारा पारित विधेयक केंद्र सरकार को शैक्षणिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्त को विनियमित करने का अधिकार देता है। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने सरकार को कानून के तत्काल कार्यान्वयन के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट 5 मई को इस मुद्दे पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा।

विपक्षी दलों ने चर्च की संपत्तियों पर नियंत्रण करने के केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि मुसलमानों के बाद, मोदी सरकार अब अपने अल्पसंख्यक विरोधी एजंडे के तहत ईसाइयों को निशाना बना रही है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराईविजयन, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केरल में विपक्ष के नेता वीडीसतीशन और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने कहा कि लेख भाजपा-आरएसएस के असली इरादों को उजागर करते हैं, और वह है अल्पसंख्यकों को परेशान करना। विजयन ने अल्पसंख्यक समूहों को एक-एक करके निशाना बनाने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से नष्ट करने की एक बड़ी योजना देखी। भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों को संविधान द्वारा दी गयी गारंटी और सुरक्षा को कमजोर कर रही है।

चर्च द्वारा संचालित दीपिका ने संपादकीय में कहा कि हालांकि आरएसएस ने लेख वापस ले लिए हैं, लेकिन ऑर्गनाइजर ने अभी तक यह स्वीकार नहीं किया है कि उसके द्वारा प्रकाशित जानकारी गलत है। यह केवल उन लेखों के बारे में नहीं है जिन्हें आरएसएस ने वापस ले लिया है या अस्वीकार कर दिया है। यह जिन विचारों को आगे बढ़ाता है और जो कार्य करता रहता है, वे देश में अल्पसंख्यकों, जिनमें ईसाई भी शामिल हैं, की समान नागरिकता की भावना के लिए हानिकारक हैं। लेख में उत्तरी भारत में ईसाइयों पर चल रहे हमलों को भी उजागर किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार की चुप्पी की भी आलोचना की गयी है, जो ईसाई समुदाय के खिलाफ हिंसा करने वालों को बढ़ावा दे रही है।

इसके अलावा, इंडिया करंट्स, जोउत्तरी भारत के क्रिस्ट ज्योति प्रांत के कैपुचिन्स के संरक्षण में प्रकाशित एक प्रकाशन है, और जो एक धार्मिक मण्डली तथा चर्च के बढ़ते डर को प्रतिध्वनित करती है, के संपादकीय में कहा गया कि कई समूह, यहां तक कि कुछ जिन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, इसे जीत के रूप में मना रहे हैं। लेकिन क्या यह वास्तव में जीत है, या केवल एक दुःस्वप्न की प्रयोगात्मक शुरुआत है।

इस सबका एक संचयी प्रभाव यह हुआ है कि राज्य में ईसाई वोट बैंक में अधिक से अधिक पैठ बनाने के भाजपा के श्रमसाध्य प्रयासों को बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिर इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) इस मुद्दे पर भाजपा की तीव्र बेचैनी से खुश हैं। दोनों को यकीन है कि ईसाइयों का वह वर्ग जो भाजपा के जाल में फंस गया था, अब अपने कदम पीछे खींच लेगा, क्योंकि भगवा पार्टी की धोखाधड़ी उजागर हो गयी है।

## आपके पत्र

### जाति आधारित जनगणना में किसको होगा फायदा, सत्तारुढ़ सरकार या विपक्षी दल को?

जाति आधारित जनगणना कराने के लिए भाजपा ने स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी के निवास पर हाईलेवल मीटिंग के करने के बाद यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस की पिछले 11 सालों की मांग को पूर्णविराम लग जायेगा। इसके तहत विपक्ष के मुद्दे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। बिहार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व बड़ा मुद्दा हाथ से सरकता जा रहा है। राहुल गांधी ने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा तोड़ने की बात कही थी। नई गणना के साथ ही अब जातियों की गणना की जाएगी। भारत में अब तक न तो जाति गणना हुई है और ना ही कोई सर्वे हुआ है इसलिए कौन कहां और कितनी जातियां हैं कुछ कह नही सकते है। बिहार में जातिगत सर्वे हुआ है जोकि बिहार में पिछड़ा वर्ग और ओबीसी की संख्या अधिक बताई जा रही है। जाति आधारित गणना से सही आंकड़ो का पता लग जाएगा। बिहार में जो अभी मोदीजी की इच्छा के विरुद्ध जाति गणना की गई थी। पिछड़ा वर्ग 27.12 फीसद, जबकि अति पिछड़ा वर्ग 36.01 फीसदी है। बिहार में ओबीसी को 12 प्रतिशत और अतिपिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है। जितनी भागीदारी उतनी हिस्सेदारी का फार्मूला लागू किया जाए तो 63 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। अभी हाल बिहार में एसटी और एससी को 20 प्रतिशतआरक्षण मिला हुआ है। आरक्षण कहां से दिया जाएगा। कहां से मिलेगा। आरक्षण सामान्य वर्ग से काटकर इनको दिया जाएगा। सामान्य वर्ग को नाखुश कर एसटी एससी को खुश करने के लिए सामान्य वर्ग को नाराज किया जाएगा। जाति की गिनती जनगणना के साथ की जाएगी। कांग्रेस जनता दल समाजवादी पार्टी यानी विपक्षी दल हमेशा जाति गणना की बात करते आ रहे हैं। जाति गणना के खिलाफ रही है भाजपा, जनता दल यूनाइटेड और जनता कल बीजेपी की सहयोगी पार्टी है। ये चाहते हैं कि जाति गणना होनी चाहिए। बीजेपी ने हाल के वर्षो में दलितों और पिछड़ो का बड़ा हिस्सा इनके साथ है। भाजपा ने जाति गणना का फैसला लेकर बिहार में कांग्रेस और आरजेडी को बड़ा झटका दिया ही है इससे भाजपा को बड़ा फायदा होगा।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### पंचायती राज में बाधक अभिजात सोच

*'पंचायती राज के प्रति हमारी सरकारें गंभीर नहीं हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए राज्य सरकारों को पंचायतों के कामकाज में हस्तक्षेप करने की बड़ी छूट दे दी गई है। इसके चलते पंचायती राज व्यवस्था राज्य सरकारों की दया पर निर्भर हो गई है। इसलिए कभी मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार दो बच्चों से ज्यादा होने पर चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा देती है तो कभी राजस्थान की भाजपा सरकार ऐसा निर्णय ले लेती है। सांसद और विधायक भी पंचों-सरपंचों को किसी गिनती में नहीं रखते। यह एक बड़ी विसंगति है। हम मानते हैं कि अगर पंचगण शिक्षित हों तो वह बेहतर है, लेकिन जब हम देखते हैं कि हमारे द्वारा चुनकर भेजे गए लोग शिक्षित होने के बावजूद किस तरह का आचरण कर रहे हैं तब यह एकमात्र शर्त संदिग्ध हो जाती है।'*

**(देशबन्धु सम्पादकीय 29 दिसंबर 2014)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/12/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### महान योद्धा और समाज सुधारक परशुराम

भगवान विष्णु के अवतारों में से एक माने जाने वाले भगवान परशुराम के साथ भी कुछ अद्भुत हुआ माना जाता है। उनके आक्रोश और पृथ्वी को इक्कीस बार क्षत्रियविहीन करने की घटना को तो खूब प्रचारित कर वैमनस्य फैलाने का उपक्रम किया जाता है पर उनके व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को भुला दिया जाता है। पिता की आज्ञा पर मां रेणुका का सिर धड़ से अलग करने की घटना को भी एक आज्ञाकारी पुत्र के रूप में प्रेरक अ ख्यान बनाकर सुनाया जाता है किंतु सवाल खड़ा होता है कि क्या व्यक्ति केवल चरम हिंसा के बूते जननायक के रूप में स्थापित होकर लोकप्रिय हो सकता है? क्या हैहयवंश के नरेश कार्तवीर्य अर्जुन के वंश का समूल नाश करने के बावजूद पृथ्वी क्षत्रियों से विहीन हो पाई? रामायण और महाभारत काल में तो पृथ्वी पर क्षत्रिय राजाओं के ही राज्य रहे। वे ही उनके अधिपति हुए। इक्ष्वाकु वंश के मर्यादा पुरुषोत्तम राम को आशीर्वाद देने वाले, कौरव नरेश धृतराष्ट्र को पांडवों से संधि करने की सलाह देने वाले और सूत पुत्र कर्ण को ब्रह्मशास्त्र की दीक्षा देने वाले परशुराम ही थे।

ये सब क्षत्रिय थे। इस रूप में विवेचन किया जाए तो भगवान परशुराम क्षत्रियों के शत्रु नहीं, बल्कि शुभचिंतक ही थे। वास्तविकता में भगवान परशुराम आततायी शासकों के प्रबल विरोधी थे। पौराणिक आख्यानों का विवेचन विश्लेषण किया जाए तो समाज सुधारक और जनता को स्वावलंबन से जोड़ने में भगवान परशुराम की अहम भूमिका अंतर्निहित है। केरल, कच्छ और कोंकण क्षेत्रों में जहां परशुराम ने समुद्र में डूबी खेती योग्य भूमि निकालने की तकनीक सुझाई तो वहीं अपने परशु का उपयोग कर जंगलों को साफ कर भूमि को कृषियोग्य बनाने का दायित्व भी निभाया। इन्हीं परशुराम ने हेय माने जाने वाले दरिद्रनारायणों को शिक्षित व दीक्षित कर विप्र बनाया। उन्हें यज्ञोपवीत संस्कार से जोड़ा और उस समय जो दुराचारी व आचरणहीन थे, उनका सामाजिक बहिष्कार किया।

इसी समय क्षत्रियों की शाखाएं दो कुलों में विभाजित हुईं। एक सूर्यवंश और दूसरा चंद्रवंश। चंद्रवंशी पूरे भारतवर्ष में छाए हुए थे और उनका प्रताप चरमोत्कर्ष पर था। हैहयवंशीय अर्जुन वंश चंद्रवंशी था। माहिस्मती नरेश कार्तवीर्य अर्जुन इसी कुल के वंशज थे। भृगु ऋषि इस वंश के राजगुरु थे। जमदग्नि राजगुरु परंपरा का निर्वाह कार्तवीर्य अर्जुन के दरबार में कर रहे थे, किंतु अनीतियों का विरोध करने के कारण कार्तवीर्य अर्जुन और जमदग्नि में मतभेद हो गए। परिणामस्वरूप जमदग्नि महिष्मति राज्य छोड़ कर चले गए। इस गतिविधियों से रुष्ट होकर सहस्त्रबाहू कार्तवीर्य अर्जुन आखेट का बहाना करके अनायास जमदग्नि के आश्रम में सेना सहित पहुंच गए। ऋषि जमदग्नि ने अतिथि सत्कार किया, लेकिन स्वेच्छाचारी और युद्धोन्मादी अर्जुन ने प्रतिहिंसास्वरूप जमदग्नि की हत्या कर दी। उसने पूरे आश्रम को उजाड़ दिया और ऋषि की प्रिय कामधेनु गाय को छीन कर ले गए। आश्रम के अनेक ब्राम्हण ने कान्यकुब्ज के राजा गाधि के राज्य में शरण ली। परशुराम जब यात्रा से लौटे तो इस घटना से क्रोधित होकर उन्होंने हैहयवंश के विनाश का संकल्प लिया और इस हेतु पूरी सामरिक राजनीति को अंजाम दिया।

क्षत्रियों के साथ युद्ध करने के बाद परशुराम ने समाज सुधार व कृषि के प्रकल्प अपने हाथ में लिए। उन्होंने केरल, कोंकण, मालाबार और कच्छ क्षेत्र में समुद्र में डूबी कषियोग्य भूमि को बाहर निकाला था। इस समय कश्यप ऋषि और इंद्र समुद्री पानी को बाहर निकालने की तकनीक में निपुण थे। अगस्त्य को समुद्र का पानी पी जाने वाले ऋषि और इंद्र को जल का देवता इसीलिए माना जाता है। परशुराम ने इस क्षेत्र में अपने परशु का उपयोग रचनात्मक कार्य के लिए किया। उपजाऊ कृषि भूमि तैयार की।

**अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## रूस-यूक्रेन वार्ता बहुत जल्द होने की उम्मीद : पोलांस्की

**संयुक्त राष्ट्र,** 1 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में रूसी उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की ने कहा है कि अगर यूक्रेन संघर्ष के मूल कारणों को हल करने का प्रयास करता है तो मॉस्को और कीव के बीच युद्ध विराम वार्ता काफी जल्द हो सकती है। श्री पोलांस्की ने आरआईए नोवोस्ती से कहा कि श्री पोलांस्की ने एक सवाल के जवाब में कहा कि गेंद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के पाले में है, इसे स्वीकार करें या नहीं, और क्या वह इस संकट को जन्म देने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कोई गंभीर, सार्थक प्रयास करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यह काफी जल्द हो सकता है। उन्होंने कहा कि मॉस्को लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित कूटनीतिक समाधान की मांग कर रहा है।

# भारत पश्चिम एशिया में शांति व स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध : पी हरीश

**संयुक्त राष्ट्र,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत गाजा संघर्ष में पक्षों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। उसने युद्ध विराम तथा बंधकों की रिहाई की अपनी मांग दोहराई है। स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।

भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसके इजरायल और फिलिस्तीन दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। पी. हरीश ने इजरायल या हमास का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उन्होंने हमास द्वारा इजरायल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और इजरायल द्वारा आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में शुरू किए गए अभियान को पुनः शुरू करने के बाद से हुई पीड़ा के बारे में बात की। इससे यह पता चलता है कि भारत स्वयं भी आतंकवाद का शिकार है, जो फिलिस्तीन और अरब जगत के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को संतुलित करते हुए इजरायल के साथ घनिष्ठ रक्षा संबंध विकसित कर रहा है।



**भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसके इजरायल और फिलिस्तीन दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं : पी हरीश, संयुक्त राष्ट्र**

हरीश ने कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत 7 अक्टूबर, 2023 को हुए आतंकवादी हमलों की निंदा करने वाले देशों की लिस्ट में भारत शामिल था। अस्थायी युद्ध विराम के समाप्त होने के बाद, दुर्भाग्यवश, ऑपरेशन पुनः शुरू हो गए हैं और महिलाओं और बच्चों सहित नागरिक, किसी भी संघर्ष में सबसे ज्यादा हताहत होते हैं। जनवरी में लागू हुआ युद्ध विराम मार्च में तब टूट गया जब इजरायल ने हमास के खिलाफ हवाई हमले और जमीनी अभियान फिर से शुरू कर दिए।

### पोप फ्रांसिस की विरासत सभी धर्मों को शांति व सद्भाव के लिए करेगी प्रेरित : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा है कि पोप फ्रांसिस की विरासत सभी धर्मों के लोगों को शांति और सद्भाव के साथ जीने के लिए प्रेरित करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक विशेष सत्र में पोप फ्रांसिस की स्मृति को सम्मानित करते हुए हरीश ने कहा कि उनका जीवन शांति, न्याय और मानवीय गरिमा के लिए समर्पित था। उन्होंने विशेष रूप से गरीबों और हाशिए पर रहने वालों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को याद किया, जो मानवता की सेवा में उनके अटूट विश्वास का प्रतीक है। एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समूह की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए हरीश ने कहा कि पोप फ्रांसिस का निधन न केवल वैश्विक कैथोलिक समुदाय के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए गहरे दुख का क्षण है, जो उनके असाधारण जीवन से प्रेरित था।

## अंगोला के राष्ट्रपति की चार दिवसीय भारत यात्रा, कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर की उम्मीद

### 38 वर्षों में अंगोला के राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 4 मई तक भारत की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह 38 वर्षों में किसी अंगोला के राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है। यह ऐसे समय हो रही है जब भारत और अंगोला इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों के 40 वर्ष पूरे कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति लौरेंको के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अलग-अलग मुलाकात करने की उम्मीद है। दोनों पक्षों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। अंगोला के नेता एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा करेंगे जिसमें मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापारिक नेता शामिल होंगे।

3 मई को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। बाद में वह द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने



एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति लौरेंको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इसके बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोजन भी आयोजित किया जाएगा।

बयान में कहा गया कि यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों और समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। भारत और अंगोला के बीच मैत्रीपूर्ण और विस्तारित संबंध हैं, जो मजबूत ऊर्जा सहयोग पर आधारित हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 4.192 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी निकटता से सहयोग करते हैं तथा संयुक्त राष्ट्र में भी अक्सर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। राष्ट्रपति लौरेंको की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

## सुडोकू 6900

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 2 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

वृषभ - आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा। आज संभव हो, तो प्रवास को टालें।

मिथुन - आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों- स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा।

कर्क - शरीर और मन में बेचैनी तथा अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा के कारण आपकी निर्णय शक्ति प्रभावित होगी। विशेष रूप से परिजनों के साथ मनमुटाव का प्रसंग बनने से मन में उदासी बढ़ेगी।

सिंह - आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी।

कन्या - नए काम की शुरुआत करने के लिए बनाई योजनाएं साकार होंगी। पिता से आत्मीयता बढ़ेगी। उनसे लाभ भी होगा। व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का योग है। धन, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला - किसी लंबी दूरी या धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। विदेश यात्रा भी हो सकती है। संतान और स्वास्थ्य को लेकर आपको चिंता रहेगी। नौकरी पेशावालों को आज अधिकारियों तथा सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा।

वृश्चिक - वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। अचानक धन लाभ होगा।

धनु - बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। मनोरंजन, प्रवास, मित्रों के साथ मुलाकात, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान के साथ की निकटता आज के दिन को आनंदित और रोमांचित बनाएगा।

मकर - आज आपके व्यापार- धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ - आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

मीन - शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# भारतीय राजदूत ने हज तैयारियों का लिया जायजा

**रियाद,** 1 मई (एजेंसियां)। सऊदी अरब में भारत के राजदूत सुहेल खान ने हज की तैयारियों का जायजा लेने और मशाएर क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए मीना और अराफात कैंपों का दौरा किया। उनके साथ भारतीय कॉन्सल जनरल फहद सूरी, हज कॉन्सल, हज कोऑर्डिनेटर, सेवा प्रदाता कंपनी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले भारतीय राजदूत ने मदीना में भारतीय हज मिशन कार्यालय का दौरा किया और हज की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने हज यात्रियों की सेवा के लिए स्थापित चिकित्सा सुविधाओं का भी दौरा किया और डॉक्टरों तथा अन्य प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत से आए जायरीनों के पहले समूह का मदीना के प्रिंस मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

भारतीय और सऊदी अधिकारियों ने देश में पहुंचने पर भारतीय हज यात्रियों के पहले समूह का गर्मजोशी से स्वागत किया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हज 2025 के दौरान भारत से 1,22,518 जायरीन पवित्र यात्रा पर जाएंगे, जिनमें से पहली दो



**सऊदी अरब में जायरीनों का किया स्वागत**

उड़ानें लखनऊ से 288 जायरीनों और हैदराबाद से 262 जायरीनों को लेकर मदीना उतरी हैं।

हाजियों के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनकी प्रवेश प्रक्रिया को त्वरित तथा कुशल तरीके से पूरा किया गया। इसके बाद उन्हें मदीना में उनके ठहरने के स्थान पर स्थानांतरित किया गया। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार सभी के लिए सुचारू और निर्बाध हज यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय मुसलमानों को वार्षिक हज यात्रा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप भारत का हज कोटा 2014 में 1,36,020 से बढ़कर 2025 में 1,75,025 हो गया है।

## उत्तर कोरिया व रूस ने तुमेन नदी पर सड़क पुल का निर्माण किया शुरू : सोल

**सोल,** 1 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया और रूस ने बुधवार को तुमेन नदी पर सड़क पुल का निर्माण कार्य शुरू किया। एक रूसी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ रहा है।

रूस की समाचार एजेंसी तास ने बताया कि यह समारोह वर्चुअली आयोजित किया गया था। इसमें रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने वीडियो लिंक के जरिए भाग लिया, उन्होंने कहा कि यह निर्माण रूसी-कोरियाई संबंधों के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। उत्तर कोरिया की ओर से प्रधानमंत्री पाक था-सोंग ने समारोह में भाग लिया।

पिछले साल जून में, उत्तर कोरिया और रूस सीमा नदी पर मोटरवे पुल बनाने पर सहमत हुए थे, जिसका निर्माण 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। दोनों देशों के नेताओं ने सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि पर हस्ताक्षर किए थे। तास ने मिशुस्टिन के हवाले से यह भी कहा कि यह मैत्रीपूर्ण पड़ोसी संबंधों को मजबूत करने, अंतरक्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के हमारे साझा इरादे का प्रतीक है।

## वर्ग पहेली 6900



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, अलग तरह का
६. किसी वस्तु के मिलने पर फिर से खाने, करने, भोगने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी वस्तु-व्यक्ति, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना १६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह(उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6899



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## इजरायल ने सीरिया के अशरफियत सहनाया पर किया हमला

**दमिश्क,** 1 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिण-पश्चिम में अशरफियत सहनाया शहर पर हमला किया। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया तथा एक निगरानी समूह ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई बलों ने कई दिनों के तीव्र सांप्रदायिक संघर्षों के बाद क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल कर लिया है, जिसके बाद इजरायल ने हमला किया।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली हवाई बमबारी के बीच शहर में जोरदार विस्फोटों की आवाजें गूंज सुनायी दे रही थीं, जो इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोन की मौजूदगी को दर्शाता है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब इजरायल ने चेतावनी दी थी कि वह सीरिया में ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए कार्रवाई करेगा। व्यापक हिंसा में कई लोग मारे गए हैं। सहयोगी अर्धसैनिक इकाइयों द्वारा समर्थित सीरियाई बलों ने अशरफियत सहनाया को सुरक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया, वांछित व्यक्तियों की घर-घर जाकर पकड़ा और हथियार जब्त किए। रिपोर्ट के अनुसार शहर के प्रवेश और निकास मार्गों को सील कर दिया गया है। अल-मामेल क्षेत्र से लेकर दारा राजमार्ग और तायारा चेकपॉइंट तक बद है, जिससे यह आस-पास के इलाकों से अलग -थलग हो गया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**आंधी-तूफान से ,,,**

इसमें कई कार भी नीचे दब गई हैं। रेस्क्यू काम किया जा रहा है। जेसीबी की मदद से टीन शेड हटाने का काम किया गया।

भिलाई में बिजली कबाड़ में लगी आग-भिलाई तीन स्थित एरिया स्टोर के बाहर पुराने मीटर और ट्रांसफार्मर के कबाड़ में गुरुवार की शाम आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन तेज आंधी के दौरान ही यह आग लगी है। घटना की जानकारी लगते ही बिजली कंपनी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया, क्योंकि आग के पास ही 132 केवी क्षमता का सब स्टेशन है। आग पर काबू पाने के लिए जिला अग्निशमन सेवा के वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत शुरू की।

तेज आंधी-तूफान में गिरी राईस मिल की ...

के बाद मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूर मृतकों के परिजनों के साथ मौके पर मुआवजे की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं, पुलिस उन्हें शांत कराने और पुलिस की कार्रवाई में सहयोग करने का प्रयास कर रही है।

**आंधी-तूफान से ट्रैक्टर से गिरकर ...**

पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है । तो वहीं नारायणी रेस्टोरेंट में लगे होडिंग बोर्ड गिरनें से वंहा खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई हैं । बताते चलें कि तेज आधीं तूफान के कारण कई पेड़ एवं विघुत खंभे भी गिर गई है । कई टीन शेड भी हवा में उड़ गए । समाचार लिखे जाने तक विघुत सेवा बाधित रही ।

**प्राचार्य पदोन्नति पर ...**

महाधिवक्ता ने अलग-अलग बेंच में सुनवाई हो रही सभी याचिका को क्लब कर एक साथ सुनवाई करने का अनुरोध किया, जिस पर चीफ जस्टिस ने सभी याचिकाओं को एक साथ क्लब करने का निर्देश दिया।

आज ही चीफ जस्टिस की बेंच में 24 वे नंबर पर फ्रेश मैटर भर्ती पदोन्नति नियम 2019 को लेकर पुरुषोत्तम सिंह यदु की याचिका लगी हुई थी। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि डीबी में आपके द्वारा प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई का आदेश जारी किया गया है, जिसके बाद चीफ जस्टिस ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करने की व्यवस्था दी है। इसी के तहत आज मामले की सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट की नाराजगी कुछ इस तरह सामने आई है।

## आज का इतिहास

1519- महान चित्रकार लिओनार्दो दा विंची का निधन।
1921- पद्म भूषण, पद्म विभूषण, भारत रत्न, और ऑस्कर अवॉर्ड से अलंकृत फ़िल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक सत्यजीत रे का जन्म।
1922- भारत के पेशेवर बिलियर्ड्स खिलाड़ी विल्सन जोन्स का जन्म।
1924- नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से इनकार कर दिया।
1929- भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार विष्णु कांत शास्त्री का जन्म।
1933- जर्मनी में हिटलर ने मजदूर संघों पर प्रतिबंध लगा दिया।
1945- इटली में मौजूद जर्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया।
1949- महात्मा गांधी की हत्या के मामले की सुनवाई शुरू।
1950- फ्रांस ने कोलकाता के पास स्थित अपने उपनिवेश चंद्रनगर को भारत सरकार को सौंपा।
1952- दुनिया के पहले जेट विमान डी हैविलैंड ने लंदन से जोहानिसबर्ग के बीच पहली उड़ान भरी।
1985- बनारसीदास चतुर्वेदी का निधन। वह प्रसिद्ध पत्रकार और साहित्यकार थे।
1986- अमेरिका की 30 वर्षीया एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाली प्रथम महिला बनीं।
1997- ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर ने प्रधानमंत्री का पद संभाला। 1812 के बाद वह देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने।
1999- मिरया मोस्कोसो पनामा की प्रथम महिला राष्ट्रपति नियुक्त।
2003- भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को फिर जोड़ने का ऐलान किया। यह रिश्ते दिसंबर 2001 में संसद पर आतंकी हमले के बाद तोड़ दिए गए थे।
2008- बर्मा में चक्रवात नरगिस की वजह से 1 लाख 38 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुए।
2011- पाकिस्तान के एबटाबाद में अमेरिकी सेना ने आतंकवादी एवं अल कायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन को मार गिराया।

**खुलासा** *कश्मीर ही नहीं यूरोप व इस्लामिक देश भी झेल रहे पाकिस्तान में निर्मित आतंकवाद की मार*

# पाक का आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने का रहा है इतिहास

**नई दिल्ली, 1 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में यह स्वीकार किया कि आतंकवादियों को पनाह देने और अपनी धरती पर आतंकी कारखानों को प्रायोजित करने में इस्लामाबाद की भूमिका है। यह कबूलनामा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि इससे पाकिस्तान की बेशर्म आतंकी साजिशों और आतंकी गतिविधियों का भी खुलासा हुआ, जो सिर्फ कश्मीर तक ही सीमित नहीं है, इस्लामिक देशों, मध्य-पूर्व और यूरोप तक भी पहुंच गई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुले तौर पर कबूल किया कि देश का आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने का इतिहास रहा है।**

उन्होंने कहा कि हम पिछले तीन दशकों से पश्चिम और ब्रिटेन सहित अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुए खूनखराबे का एक महत्वपूर्ण संबंध पाकिस्तान से जुड़ता दिख रहा है। हाशिम मूसा, जो पहले पाकिस्तानी सेना में सेवा दे चुका है, बैसरन घाटी के मुख्य हमलावरों में से एक पाया गया।

मूसा को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वह पाकिस्तान के विशेष सेवा समूह में पैरा कमांडो रह चुका है और बाद में भारत में आतंकी हमले करने के लिए लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था।

कई सालों से पाकिस्तान अपनी धरती का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद, उग्रवाद और



**आतंकवाद को प्रायोजित करने, उसे पनाह देने व निर्यात करने में पाक का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे खराब**

चरमपंथी विचारधारा के लिए लॉन्चपैड के रूप में करता रहा है। आतंकवाद को प्रायोजित करने, उसे पनाह देने और निर्यात करने में इसका ट्रैक रिकॉर्ड दुनिया में सबसे खराब हैं । 2018 में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए 2008 के मुंबई हमलों में पाकिस्तानी सरकार की भूमिका को स्वीकार किया था। पूर्व पाकिस्तानी सेना जनरल परवेज मुशर्रफ ने भी माना था कि उनकी सेना ने कश्मीर में भारत से लड़ने के लिए आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षित किया। अफगान नागरिकों, सरकारी ठिकानों और अंतरराष्ट्रीय बलों पर कई घातक हमलों के पीछे पाक-आधारित आतंकवादी समूहों को मुख्य साजिशकर्ता पाया गया। इनमें 2008 में काबुल में भारतीय दूतावास पर बम विस्फोट और 2011 में काबुल में अमेरिकी दूतावास पर हमला शामिल है।

पाकिस्तान की आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) को अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क का समर्थन करने, उन्हें धन, प्रशिक्षण और सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने के रूप में व्यापक रूप से दर्ज किया गया।

## दुनिया को जानें

### शनचो-19 के अंतरिक्ष यात्री सफलतापूर्वक वापसी कैप्सूल से बाहर आए

**बीजिंग,** 1 मई (एजेंसियां)। चीन के शनचो-19 अंतरिक्ष यात्री त्साई शुच्ये, सुंग लिंगतुंग और वांग हाओच्ये सभी सुचारू रूप से वापसी कैप्सूल से निकले। उनकी स्वास्थ्य स्थिति अच्छी है। इसके साथ शनचो-19 के क्रू दल के सदस्यों ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है।



त्साई शुच्ये अब स्पेस स्टेशन के बाहर सर्वाधिक बार कार्य करने वाले चीनी अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। पिछली सदी के नब्बे वाले दशक में जन्मे सुंग लिंगतुंग और वांग हाओच्ये ने अपनी-अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की। ध्यान रहे 12 बजकर 17 मिनट पर पेइचिंग एरोस्पेस कंट्रोल सेंटर ने भूमि स्टेशन से वापसी का आदेश दिया। इसके बाद शनचो-19 अंतरिक्ष यान का कक्षा कैप्सूल वापसी कैप्सूल से अलग हो गया। वापसी कैप्सूल दोपहर 13 बजकर 8 मिनट पर उत्तरी चीन के भीतरी मंगोलिया स्वायत्त प्रदेश में स्थित तुंगफंग लैंडिंग स्थल पर उतरा। शनचो-19 के तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने कक्षा में कुल 183 दिन बिताए।

# खेल जगत

## इगा स्वियाटेक मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** पोलैंड की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने पहले सेट में हारने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका मैडिसन कीज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। स्वियाटेक ने बुधवार को खेले गये मुकाबले के पहले गेम 0-6 से हराने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 और 6-2 से जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद पोलैंड की स्वियाटेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे द्वारा खेले गए अब तक के सबसे अजीब मैचों में से एक था। स्विएटेक का अंतिम चार में मुकाबला अमेरिका की दिग्गज कोको गॉफ से होगा। गॉफ ने हमवतन मीरा एंड्रीवा को 7-5, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।



# गुजरात टाइटंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद को हराने उतरेगी

- गुजरात को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए पांच में तीन मैच जीतने की जरूरत
- हैदराबाद को प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए बाकी पांचों मैच जीतना जरूरी



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 मई (देशबन्धु)। शुभमन गिल की अगुआई में उनकी पिछले मैच में 84 रन की बेहतरीन पारी के बावजूद 200 के पार पहुंचने के बाद भारत की बल्लेबाजी की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी के मात्र 35 गेंदों पर 11 छक्कों और सात चौकों की बदौलत 101 रन की तूफानी पारी के चलते 9 मैचों में आठ विकेट से तीसरी हार के बावजूद कुल छह जीत की बदौलत गुजरात टाइटंस मौजूदा 2025 आईपीएल में 12 अंकों और अपनी 0.748 रन की मुंबई इंडियंस (0.889) के बाद दूसरी सबसे बढ़िया नेट रन रेट के चलते अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को अब शुक्रवार को अपने घर अहमदाबाद में भी हराने के इरादे से उतरेगी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के गेंद से चौके और कप्तान शुभमन गिल के अर्द्धशतक से गुजरात टाइटंस ने मौजूदा सीजन के पहले मैच में एसआरएच को सात विकेट से हराया था।

गुजरात टाइटंस यदि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद को हरा देती है तो उसे प्ले ऑफ में स्थान बनाने के लिए बस लखनऊ सुपर जायंटस और सीएसके के खिलाफ इसी मैदान अपने मैच जीतने होंगे। गुजरात टाइटंस ने अपने घर अहमदाबाद में मौजूदा सीजन में चार में से तीन मैच जीते हैं और मात्र एक मैच हारा है। गुजरात टाइटंस को अपने दो मैच अंक तालिका में फिलहाल अंतिम पूर्व यानी नौवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद और प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी पांच बार चैंपियन रह चुकी दसवें और अंतिम स्थान पर चल रही सीएसके खिलाफ खेलने हैं। गुजरात टाइटंस को अपने बाकी पांच में से घर से बाहर दो मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने हैं। फिसड्डी 9 मैचों के बाद मात्र तीन जीत और छह हार के साथ कुल छह अंक हासिल कर नौवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद को प्ले ऑफ में स्थान बनाना है तो उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार के मैच सहित अपने बाकी पांचों मैच जीतने होंगे जो कि किसी चमत्कार से कम नहीं होगा । 14 अंकों के साथ हैदराबाद चौथे स्थान पर रह चौथी और अंतिम टीम के रूप में प्ले ऑफ स्थान पाने की उम्मीद कर सकती है जो कि उनके चेन्नई सुपर किंग्स से अपना पिछला मैच ईशान किशन की 44 रन की पारी से पांच विकेट से जीतने के बावजूद ढीली फॉर्म के चलते टेढ़ी खीर लगता है। गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में चार मैच जीते हैं और एक बारिश के चलते धुलने के कारण अपना दबदबा कायम रखा है।

## हम कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे : शुभमन



राजस्थान रॉयल्स ने हमसे पावरप्ले में मैच छीन लिया। इसका श्रेय राजस्थान को दिया जाना चाहिए। हम कुछ चीजें बेहतर कर सकते थे लेकिन बाहर बैठ कर यह कहना आसान है। हमें कुछ मौके मिले लेकिन हम उन्हें भुना नहीं पाए। मैं बल्लेबाजी करने के बाद पीठ में जकड़न के चलते बाहर बैठा। अब हमारा अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहमदाबाद में है जहां हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है। हमारे खिलाफ मैच में दिन राजस्थान रॉयल्स के नौजवान बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का था और उनकी हिटिंग गजब की रही और इसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया।

## सीएसके खिलाफ हमारे लड़के बढ़िया खेले : पैट



सीएसके खिलाफ हमारे लड़के बढ़िया खेले। हमारी गेंदबाजी भी एकदम दुरुस्त रही। हमारे लड़कों ने रक्षात्मक रुख अपना कर वाकई बढ़िया किया। हम बल्लेबाजी में हेनरिक क्लासेन को ऊपर भेजना चाहते थे और नीतिश को फिनिशर की भूमिका देना चाहते थे। लेकिन सीएसके के खिलाफ द रिकॉर्ड बहुत बढ़िया नहीं था और हमने उनके खिलाफ यह मैच जीत कर अच्छा किया। हम चाहते थे कि हम और आसानी से जीतते लेकिन कुछ मिलाकर जीत से खुश हूं।

# हमें बल्लेबाजों से थोड़ी और उम्मीद थी : महेन्द्र सिंह धोनी




■ 10 में से आठवां मैच हारने के बाद सीएसके आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

**चेन्नई,** 1 मई (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से पांच विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम का 190 का स्कोर 'औसत से थोड़ा कम' था। इसके अलावा उनकी टीम को कुछ कैच भी लेने चाहिए थे।

10 में से आठवां मैच हारने के बाद सीएसके आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। धोनी ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में पहली बार हमने बोर्ड पर इतने रन लगाए, लेकिन क्या यह औसत स्कोर था? मुझे लगता है कि यह थोड़ा कम था। हमें बल्लेबाजों से थोड़ी ज्यादा उम्मीद थी और हम थोड़ा और रन बना सकते थे। डेवाल्ड ब्रेविस और सैम करन की साझेदारी शानदार थी। मुझे लगता है हमें कुछ कैच लेने चाहिए थे क्योंकि इससे विकेट लेने में मदद मिलती है और आप विपक्षी टीम के मोमेंटम को धीमा कर सकते हैं। सीएसके एक समय 200 से अधिक का स्कोर बनाने की दिशा में बढ़ रही थी, जब करन और ब्रेविस के बीच हुई 50 गेंदों पर 78 रनों की साझेदारी ने मध्य ओवरों में रन रेट को 10 से ऊपर पहुंचा दिया। उस समय टीम का स्कोर 14 ओवर के बाद 126 रन पर 3 विकेट था। हालांकि अगले ही ओवर की शुरुआत में ब्रेविस आउट हो गए और जब करन (88 रन, 47 गेंद) 18वें ओवर में आउट हुए, तो सीएसके शेष 14 गेंदों में केवल 18 रन ही बना सकी। सीएसके पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर में पूरी टीम 190 रन पर ऑल आउट हो गई, जब युजवेंद्र चहल ने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित कुल चार विकेट लिए। टीम 172/4 से 190 रन पर ही सिमट गई, और अंतिम 18 रन में छह विकेट गंवा दिए। धोनी ने कहा कि चहल को तीन विकेट देना और पूरी पारी न खेल पाना भी बड़ा फर्क डाल गया। उन्होंने कहा कि मत भूलिए कि यह हाई-स्कोरिंग गेम था लेकिन हम आखिरी चार गेंद नहीं खेल पाए और उसके पहले ओवरों में हमने चार बल्लेबाज खो दिए। ऐसे करीबी मैचों में सात-आठ गेंदें भी बहुत मायने रखती हैं। इस सीजन में सीएसके की कमजोर बल्लेबाजी एक पैटर्न जैसा रहा है। उनका रन रेट (8.23) टूर्नामेंट में सबसे खराब है। उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुए वरिष्ठ खिलाड़ियों की जगह शेख रशीद (20) और आयुष म्हात्रे (17) जैसे युवाओं को मौका दिया और सीजन के बीच में उनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ कंधे की चोट के कारण बाहर हो गए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हारी

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी संघर्ष दिखाया, लेकिन 0-2 से हार गई। कर्टनी शोनेल (9%) ने पहले क्वार्टर में मेजबान टीम के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की, जबकि ग्रेस स्टीवर्ट (52%) ने अंतिम चरण में दूसरा गोल करके परिणाम को सुनिश्चित किया। ऑस्ट्रेलिया ए के साथ दो मुकाबलों के बाद, यह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भारत की पहली भिड़ंत थी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की रक्षापंक्ति पर सवाल उठाए, शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन स्कोरलाइन अपरिवर्तित रही। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरकार नौवें मिनट में गतिरोध को तोड़ा, जब कर्टनी शोनेल ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। मेजबान टीम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर के साथ अपनी बढ़त को दोगुना करने का प्रयास किया, लेकिन क्वार्टर का अपना दूसरा गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपना इरादा दिखाने के लिए उत्सुकता दिखाई। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वे बराबरी का गोल नहीं कर पाए। हालांकि, खेल पर उनके बढ़ते प्रभाव के बावजूद, भारत हाफ-टाइम ब्रेक में एक गोल से पीछे था।



# आक्रामक बल्लेबाजी मानसिकता और हेजलवुड आरसीबी की सफलता के पीछे : इयोन मॉर्गन



■ आरसीबी 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शीर्ष से लेकर मध्य क्रम तक अपनी आक्रामक बल्लेबाजी मानसिकता और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करके आईपीएल 2025 में सफलता के मापदंड छुए हैं। आरसीबी 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बहुत आगे है। यह भी मदद करता है कि एक अच्छी फॉर्म में चल रही आरसीबी शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो अंक हासिल करने की कोशिश कर सकती है, जो पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत सी चीजें सही की हैं। इस साल उन्हें खेलते हुए देखना मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा, वह है फिल साल्ट (239 रन) का शीर्ष क्रम में खेलना और विराट कोहली (433 रन), जिस तरह से उन्होंने अपना काम किया है। मुझे पता है कि फिल चूक गए हैं और जैकब (बेथेल) पिछले कुछ मैचों (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ) में आए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में उन्होंने जो शुद्ध आक्रामकता दिखाई है, मुझे लगता है कि उसने उन्हें बल्ले से मध्य क्रम में उसी मानसिकता को जारी रखने की अनुमति दी है। जियोस्टार विशेषज्ञ मॉर्गन ने गुरुवार को एक वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस से कहा कि इसके अलावा, यह हमेशा रन बनाने की मात्रा पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है। मुझे लगा कि यहीं से उन्होंने घर से बाहर अच्छी गति बनाई और फिर चिन्नास्वामी में वापस जाकर अपनी पहली जीत हासिल की।

एशियाई अंडर-15, अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## भारत 15 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा

■ 15 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष तीन देशों में शामिल होना हम सभी के लिए एक पुरस्कृत क्षण

**अम्मान,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत ने नवगठित एशियाई मुक्केबाजी निकाय के तहत एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान कुल 15 स्वर्ण, 6 रजत और 22 कांस्य पदकों के साथ समाप्त किया, और समग्र पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने उज्बेकिस्तान के स्वर्ण पदकों की बराबरी की लेकिन कजाकिस्तान से सिर्फ एक पदक पीछे रहा, जो तालिका में शीर्ष पर था। अंतिम दिन अंडर-17 दल ने चार और स्वर्ण पदक जीते, जो सभी लड़कियों के वर्ग से थे, जिसने अम्मान में भारतीय टीम के लिए एक मजबूत अंत का समापन किया। खुशी चंद (46 किग्रा) ने मंगोलिया की अल्तानजुल अल्तांगदास को कड़ी टक्कर देते हुए 3:2 से हराया, जबकि अहाना शर्मा (50 किग्रा) और जन्नत (54 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की प्रतिद्वंद्वियों पर 5:0 से जीत दर्ज की। अंतिम स्वर्ण पदक अंशिका (80+ किग्रा) ने जीता, जिन्होंने जॉर्डन की जना अलालावनेह के खिलाफ पहले दौर में आरएससी के साथ अपना मुकाबला समाप्त किया और चैंपियनशिप में भारत का 15वां खिताब पक्का किया। अम्मान से बोलते हुए, बीएफआई की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने युवा मुक्केबाजों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि महाद्वीपीय मंच पर हमारे युवा मुक्केबाजों द्वारा किया गया एक गौरवपूर्ण और संतोषजनक प्रदर्शन! 15 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष तीन देशों में शामिल होना हम सभी के लिए एक पुरस्कृत क्षण है।

## सार संक्षेप

### बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम' का आयोजन

**मोतिहारी।** बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में पांच जगहों पर इसका आयोजन होगा। कार्यक्रम में 27 तरह के खेलों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए। 'खेलो इंडिया यूथ गेम कार्यक्रम' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे। मोतिहारी के खेल भवन में तलवारबाजी का प्रैक्टिस कर रहे सभी खिलाड़ी इस कार्यक्रम में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। लड़कियां भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी कर रही हैं। पूरे बिहार से करीब 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें पटना से 2, बेतिया से 1, नालंदा से 7 और मोतिहारी से सर्वाधिक 14 खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया कार्यक्रम में तलवारबाजी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महिला खिलाड़ी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम की मेजबानी कर रहा है। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खुद इसका उद्घाटन करेंगे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

### किशोर जेना ने नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना, जो किसी भारतीय द्वारा दूसरा सबसे लंबा थ्रो करने वाले खिलाड़ी हैं, 24 मई को बेंगलुरु में आयोजित होने वाली उद्घाटन नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी क्लासिक) 2025 भाला फेंक चैंपियनशिप के लिए भारतीय प्रतिभागियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

## प्राइम वॉलीबॉल लीग ने सीजन 4 से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की



■ नए सीजन से पहले टीमों ने अपनी टीम तैयार करना शुरू कर दिया है

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन 4 की उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है, सीजन 3 के एमवीपी जेरोम विनीथ और कई स्टार खिलाड़ियों की नीलामी 8 जून को होने वाली है। नए सीजन से पहले टीमों ने अपनी टीम तैयार करना शुरू कर दिया है और कुल 20 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है। नीलामी से पहले प्रत्येक टीम को अधिकतम तीन खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी, जिससे फ्रेंचाइजी को मजबूत कोर बनाने का मौका मिला। अहमदाबाद डिफेंडर्स सेटर मुथुसामी अप्पावु और गतिशील हमलावर नंदगोपाल एस के अनुभव पर भरोसा कर रहे हैं, जबकि बेंगलुरु टॉरपीडो ने हमलावर सेथु टीआर, मिडल ब्लॉकर मुजीब एमसी और लिबरो मिधुनकुमार बी की अपनी परखी हुई तिकड़ी को शामिल कर लिया है। चेन्नई ब्लिट्ज को युवा यूनिवर्सल दिलीप कुमार से लाभ मिलना जारी रहेगा। गत विजेता कालीकट हीरोज ने मिडल ब्लॉकर विकास मान और यूनिवर्सल (विपरीत हमलावर) अशोक बिश्नोई की सेवाएं हासिल की हैं। दिल्ली तूफान ने सेटर सकलैन तारिक, लिबरो आनंद के और हमलावर अनु जेम्स के साथ अपने कोर को बनाए रखा है।

## लॉर्ड्स आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी करेगा

**दुबई,** 1 मई (एजेंसियां)। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में आयोजित किया जाएगा, इसकी घोषणा गुरुवार को प्रतिष्ठित लंदन स्थल पर एक लॉन्च कार्यक्रम से पहले की गई, जिसमें ब्रिटिश महिला खेल के कुछ शीर्ष नाम शामिल होंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि लॉर्ड्स, जो 2017 में इंग्लैंड और भारत के बीच आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के रोमांचक फाइनल का स्थल भी था, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए पुष्टि किए गए सात स्थलों में से एक है, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड, हेडिंग्ले, एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा और 33 मैच तथा 24 दिन बाद लॉर्ड्स में समाप्त होगा। इस टूर्नामेंट में वैश्विक महिला खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा तथा महिला क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा। विस्तारित प्रतियोगिता में 12 टीमें इंग्लैंड और वेल्स में प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो वर्तमान में न्यूजीलैंड के पास है। टूर्नामेंट का कार्यक्रम, जिसमें टीमें नॉकआउट चरण से पहले दो समूहों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।

# श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना



■ चहल ने सीएसके के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर 32 रन देकर 4 विकेट लिए

**चेन्नई,** 1 मई (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। पंजाब ने बुधवार को चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की थी। अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट की आचार संहिता के तहत आईपीएल 2025 में यह पीबीकेएस का पहला ओवर-रेट अपराध था। पीबीकेएस को 19वें ओवर की शुरुआत से पहले सर्कल के अंदर एक अतिरिक्त खिलाड़ी लाने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बुधवार को चेपॉक में सीजन का 49वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया था। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) को इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।

युजवेंद्र चहल ने सीएसके के सामने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 32 रन देकर 4 विकेट लिए। चहल ने आईपीएल 2025 की पहली हैट्रिक भी ली। बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही सीएसके को पंजाब ने चहल की शानदार गेंदबाजी के दम पर 190 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ, पीबीकेएस ने 10 मैचों में छठी जीत हासिल की और 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अंक तालिका में पंजाब ने 12 अंकों पर तीन टीमों को पीछे छोड़ दिया है। इस बीच, सीएसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई, क्योंकि वे 10 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

### सुडोकू 6900 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.177 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.889 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |

# महिला त्रिकोणीय सीरीज में द. अफ्रीका का मुकाबला श्रीलंका से



■ दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ 23 वनडे मैचों में से 15 जीते हैं

**कोलंबो,** 1 मई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एनेरी डेरक्सन ने कहा कि उनकी टीम शुक्रवार को यहां आर. प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मैच में कई छोटे-छोटे मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। भारत के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के अपने पहले मैच में, दक्षिण अफ्रीका को सलामी बल्लेबाज तजमिन ब्रिट्स के शानदार तीसरे वनडे शतक के बावजूद 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा। उस मैच में, एनेरी ने भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को आउट किया था और फिर 20 गेंदों में 30 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया था। मुझे लगा कि हम उस मैच के अधिकांश समय नियंत्रण में थे, और हम शायद छोटे-छोटे क्षणों में हार गए, जिससे मैच हमसे दूर चला गया। एकमात्र ऐसी चीज जिसे आप हमेशा नियंत्रित कर सकते हैं, वह है आपका रवैया और आपकी ऊर्जा। हमारे फील्डिंग कोच (बोंगानी नडाबा) ने इसे बहुत अच्छे से बताया, संभवत: 320 गेंदें फेंकी गईं, जिसमें सभी वाइड और अन्य चीजें शामिल थीं। हमने संभवत: 10 गलतियां कीं, और हमें उन 10 के आधार पर आंका जाएगा, न कि उन 310 अन्य चीजों के आधार पर जिन्हें हमने अच्छा किया। गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनेरी ने कहा कि हमारे लिए (लक्ष्य) 100 प्रतिशत प्रदर्शन करना और उन 10 अन्य छोटे-छोटे पलों में भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करना और फिर यह सुनिश्चित करना कि बल्ले से यह थोड़ा और बेहतर प्रदर्शन हो, इसे अंत तक ले जाना और टीम को जीत दिलाना। दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ 23 वनडे मैचों में से 15 जीते हैं। हालांकि, पिछले 50 ओवरों के मुकाबले में मेजबान टीम की कप्तान चामरी अथापथु की नाबाद 195 रन की पारी ने उनकी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई और लॉरा वोल्वार्ट की करियर की सर्वश्रेष्ठ 184 रन की पारी को पीछे छोड़ दिया।

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 3.04 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.18 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.12 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.81 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 5.45 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.99 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.22 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.87 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,730 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,561 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# पूर्वोत्तर को भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करना सरकार का उद्देश्य : सिंधिया



■ सरकार का सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका पर जोर

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य सभी आठ राज्यों को एक साथ शामिल करके पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत के ग्रोथ रीजन के रूप में विकसित करना है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा कि इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के लीडर्स के साथ आयोजित बैठक में मंत्री ने पूर्वोत्तर को देश के नए विकास इंजन के रूप में स्थापित करने के सरकार के दृष्टिकोण के बारे में बताया। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र में विकास को गति देने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका पर जोर दिया।

'राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टमेंट समिट 2025' को 23-24 मई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने मुंबई में मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज), कुमार मंगलम बिड़ला (आदित्य बिड़ला समूह) और एन. चंद्रशेखरन (टाटा संस) सहित प्रमुख उद्योगपतियों के साथ कई बैठकें कीं। ये बैठकें निवेश शिखर सम्मेलन से पहले चल रही गतिविधियों का हिस्सा थीं।

मंत्री ने उद्योगपतियों के साथ मंत्रालय द्वारा की गई कुछ प्रमुख पहलों को भी साझा किया, जिसमें सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन, प्रत्येक राज्य में इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसियों (आईपीए) की स्थापना आदि शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 'राइजिंग नॉर्थईस्ट समिट 2025' क्षेत्र की आर्थिक क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रमुख पक्षकारों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को मेघालय में मावलिंगखुंग (शिलांग के निकट) से असम में पंचग्राम (सिलचर के निकट) तक 166.80 किलोमीटर लंबे 4-लेन ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे के विकास, रखरखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। बयान में कहा गया कि यह गलियारा मेघालय के सीमेंट और कोयला उत्पादन क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इससे असम और मेघालय के बीच संपर्क बेहतर होगा।

## भारत-नॉर्वे के संबंध नए चरण में प्रवेश को तैयार : गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नॉर्वे की अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, यह यात्रा 25 वर्षों में भारत के किसी वाणिज्य और उद्योग मंत्री की पहली नॉर्वे यात्रा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास और विकास के नए चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईड और नॉर्वे के व्यापार एवं उद्योग मंत्री सेसिली मायर्सेथ के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इन बैठकों का उद्देश्य भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते को लागू करना और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना था। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नॉर्वे की यात्रा सफल रही, जो 25 वर्षों में भारत के किसी वाणिज्य और उद्योग मंत्री की पहली नॉर्वे यात्रा है। उन्होंने कहा कि नॉर्वे के राजनीतिक और व्यावसायिक लीडर्स के साथ मेरी बातचीत मुझे यह विश्वास दिलाती है कि हमारे संबंध विश्वास और विकास के नए चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री ने पैनल चर्चा के दौरान नॉर्वे के प्रमुख निवेशकों के साथ भी बातचीत की। भारत के पूंजी बाजारों में निवेश के अवसरों और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच निवेशकों के लिए एक नए प्रवेश द्वार के रूप में जीआईएफटी सिटी के उभरने की संभावना पर चर्चा की गई।

## अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा




**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 प्रतिशत अधिक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जीएसटी संग्रह में वृद्धि आर्थिक गतिविधि के उच्च स्तर और बेहतर अनुपालन के कारण हुई है।

गुरुवार को आए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 में जीएसटी राजस्व 2.10 लाख करोड़ रुपए था, जो 1 जुलाई, 2017 को नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। इस साल अप्रैल में घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 10.7 प्रतिशत बढ़कर 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपए हो गया। अप्रैल के दौरान रिफंड जारी करने की राशि 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपए हो गई।

इस साल मार्च के दौरान जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो आर्थिक गतिविधि के उच्च स्तर और बेहतर अनुपालन को दर्शाता है।

क्रमिक रूप से, जीएसटी संग्रह इस साल फरवरी में दर्ज 1.84 लाख करोड़ रुपए के राजस्व से 6.8 प्रतिशत अधिक था। मार्च में सकल जीएसटी राजस्व में केंद्रीय जीएसटी से 38,100 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी से 49,900 करोड़ रुपए, इंटीग्रेटेड जीएसटी से 95,900 करोड़ रुपए और कंपनसेशन सेस से 12,300 करोड़ रुपए शामिल थे।

## अप्रैल में शेयर बाजार ने दिया 3 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

■ निफ्टी बैंक 6.83 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय शेयर बाजार का अप्रैल में प्रदर्शन शानदार रहा। इस दौरान सेंसेक्स ने 3.65 प्रतिशत और निफ्टी ने 3.46 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

बीते महीने बैंकिंग इंडेक्स ने शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व किया और निफ्टी बैंक ने 6.83 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसके साथ ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स ने 4 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है।

अप्रैल में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप का प्रदर्शन अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 4.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 2.19 प्रतिशत का रिटर्न दिया। बीते महीने निफ्टी में इंडसइंड बैंक (29 प्रतिशत), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (16.4 प्रतिशत), इटरनल (जोमैटो) (15.3 प्रतिशत), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस (14.1 प्रतिशत) और टाइटन (10.3 प्रतिशत) की तेजी के साथ सबसे ज्यादा बढ़ाने वाले शेयर थे।

## भारत में व्हाइट-कॉलर हायरिंग में इस वर्ष अप्रैल में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज




■ ऑयल एंड गैस सेक्टर की वृद्धि ने मार्च की गिरावट को उलट दिया

**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। भारत में व्हाइट-कॉलर हायरिंग ने वित्त वर्ष 2025-26 में अच्छी शुरुआत दर्ज की है, जिसमें शुरुआती महीने अप्रैल में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

जॉब पोर्टल नौकरी की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह वृद्धि कई सेक्टर में हायरिंग को लेकर तेजी की वजह से देखी गई। हायरिंग एक्टिविटी में फार्मा 14 प्रतिशत, रियल एस्टेट 11 प्रतिशत, जीसीसी 10 प्रतिशत और ऑयल एंड गैस 9 प्रतिशत की तेजी के साथ प्राथमिक योगदानकर्ता के रूप में उभरे।

आईटी/सॉफ्टवेयर सर्विस सेक्टर में अप्रैल में 3 प्रतिशत की भर्ती वृद्धि दर्ज की गई। कुछ विशेष भूमिकाओं के लिए मांग में मजबूती रही, जिसमें फुल स्टैक डेटा साइंटिस्ट में 30 प्रतिशत, बिग डेटा टेस्टिंग इंजीनियर 26 प्रतिशत और डेटा प्लेटफॉर्म स्पेशलिस्ट में 28 प्रतिशत तेजी रही। हायरिंग एक्टिविटी में यूनिकॉर्न 15 प्रतिशत तेजी के साथ विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से आगे निकल गए, जो उभरते, डिजिटल-फर्स्ट एंटरप्राइज में निरंतर बढ़ती मांग को दिखाती है। फार्मा और बायोटेक में वृद्धि का नेतृत्व लाइफ साइंसेज और अनुसंधान तथा विकास ने पेशेवरों की मजबूत मांग के साथ किया, जिसमें पेशेवरों की मांग क्रमशः 20 प्रतिशत और 16 प्रतिशत रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे प्रमुख प्रतिभा केंद्र बनकर उभरे हैं। ऑयल एंड गैस सेक्टर की वृद्धि ने मार्च में देखी गई गिरावट को उलट दिया। सेक्टर की प्रोक्योरमेंट और सप्लाई चेन में 25 प्रतिशत और सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट में 12 प्रतिशत भर्ती वृद्धि ने वृद्धि को समर्थन दिया।

**सार संक्षेप**

### महाराष्ट्र दिवस पर शेयर बाजार में रहा अवकाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार में अवकाश रहा जिसके कारण कारोबार नहीं हुआ। बीएसई के अनुसार महाराष्ट्र दिवस पर अवकाश के कारण कारोबार नहीं हुआ है। कल से सामान्य कारोबार होगा। इस दौरान बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) दोनों में कारोबार नहीं हुआ। इसके साथ ही मुद्रा विनिमय बाजार में भी कारोबार नहीं हुआ।

### अरविंद श्रीवास्तव ने राजस्व सचिव का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** कर्नाटक कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव ने आज वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव का कार्यभार संभाल लिया। मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि 18 अप्रैल 2025 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने श्री श्रीवास्तव को राजस्व विभाग का सचिव नियुक्त किया था। इससे पहले श्री श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव और फिर अतिरिक्त सचिव के पद पर रह चुके हैं। श्री श्रीवास्तव वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के बजट प्रभाग में संयुक्त सचिव, एशियाई विकास बैंक में विकास अधिकारी, कर्नाटक में वित्त विभाग के सचिव, कर्नाटक में शहरी विकास विभाग के सचिव, शहरी अवसंरचना विकास एवं वित्त निगम, कर्नाटक में प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं।

### अप्रैल में यूपीआई लेनदेन सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। हालांकि, मार्च के मुकाबले इसमें मामूली कमी देखने को मिली है। बीते महीने यह आंकड़ा 18.30 अरब था। अप्रैल में लेनदेन की संख्या के साथ यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की राशि में भी बढ़त देखी गई है और यह सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मार्च में हुए कुल यूपीआई लेनदेन की वैल्यू 24.77 लाख करोड़ रुपए थी। मार्च की तुलना में अप्रैल में यूपीआई लेनदेन की संख्या और वैल्यू में कमी की वजह महीने के दौरान दिन की संख्या में अंतर होना है। मार्च में 31 दिन थे, जबकि अप्रैल महीना 30 दिन का था। अप्रैल में औसत 59.6 करोड़ यूपीआई लेनदेन प्रतिदिन हुए हैं और इनकी औसत वैल्यू 79,831 करोड़ रुपए थी। वहीं, मार्च में औसत 59 करोड़ यूपीआई लेनदेन प्रतिदिन हुए थे और इनकी औसत वैल्यू 79,910 करोड़ रुपए थी। बीते महीने इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) के लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 18 प्रतिशत कम होकर 44.9 करोड़ रह गई है। हालांकि, लेनदेन की राशि सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 6.22 लाख करोड़ रुपए हो गई है। वहीं, अप्रैल में आईएमपीएस से औसत प्रतिदिन 20,722 करोड़ रुपए के लेनदेन हुए हैं।

## केंद्र ने चालू सीजन में एमएसपी पर 256 एलएमटी गेहूं खरीदा

■ 62 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का किया भुगतान



**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने चालू सीजन में अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 256.3 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं की खरीद की है और इसके लिए 21.03 लाख किसानों को 62,155.96 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। गुरुवार को जारी किए गए आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

सरकारी बयान के मुताबिक, इस साल 30 अप्रैल तक खरीदे गए गेहूं की मात्रा पिछले साल की इसी तारीख तक की कुल खरीद 205.41 एलएमटी से 24.78 प्रतिशत अधिक है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे सभी 5 प्रमुख गेहूं खरीद राज्यों ने पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीदा है।

आकड़ों के मुताबिक, गेहूं खरीद में 103.89 एलएमटी के साथ पंजाब सबसे ऊपर था, उसके बाद 67.57 एलएमटी के साथ मध्य प्रदेश और 65.67 एलएमटी के साथ हरियाणा तीसरे स्थान पर था। राजस्थान और उत्तर प्रदेश क्रमश: 11.44 एलएमटी और 7.55 एलएमटी के साथ चौथे एवं पांचवे स्थान पर थे। इस वर्ष की खरीद का कुल लक्ष्य 312 एलएमटी तय किया गया है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि चालू रबी मार्केटिंग सीजन में खरीद के लिए अभी भी पर्याप्त समय बचा हुआ है और देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले वर्ष के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की राह पर है। इस वर्ष गेहूं खरीद की मात्रा में बढ़त खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा पिछले वर्षों से सीखों के आधार पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजना तैयार करने से शुरू हुए ठोस प्रयासों का परिणाम है। बयान में कहा गया है कि ज्यादातर मामलों में किसानों को 24 से 48 घंटों के भीतर एमएसपी का भुगतान कर दिया गया।

### खाद्य भंडारण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकार लांच करेगी डिपो दर्पण पोर्टल



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह 20 मई को डिपो दर्पण पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च करेगी, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खाद्य भंडारण डिपो उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को पूरा करें। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने कहा कि इस कदम से डिपो प्रबंधकों को लगभग रियल टाइम में इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑपरेशन और वित्तीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। एफसीआई और सीडब्ल्यूसी के स्वामित्व वाले गोदामों के अलावा राज्य एजेंसियों/निजी से किराए पर लिए गए गोदामों सहित कुल मिलाकर लगभग 2,278 गोदाम इस डिजिटल पहल में शामिल किए जाएंगे। डिपो दर्पण पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी 20 मई को करेंगे। सरकार के अनुसार, इस इनिशिएटिव में डिपो प्रबंधक अपने डिपो में उपलब्ध इन्फ्रास्ट्रक्चर के जियो-टैग किए गए इनपुट अपलोड कर पाएंगे, जिससे समय पर सुधार के लिए ऑटोमेटेड रेटिंग और एक्शन पॉइंट तैयार होंगी।

## अगले दशक में 100 अरब डॉलर का होगा मीडिया व मनोरंजन उद्योग : अंबानी




■ वर्तमान में करीब 28 अरब डॉलर का है बाजार

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरूवार को कहा कि अगले दशक तक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग चार गुना की वृद्धि दर्ज करके 100 अरब डॉलर से अधिक का हो जाएगा। अभी यह बाजार करीब 28 अरब डॉलर का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में श्री अंबानी यहां आयोजित वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा श्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है।

कहानी कहने की कला और डिजिटल तकनीकों के मिश्रण ने भारत के मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रभाव और पहुंच को बढ़ा दिया है। एआई और इमर्सिव तकनीकों के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों और संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि भारत के सुपर-टैलेंटेड युवा वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर श्री अंबानी ने कहा कि हम सभी पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री जी का कठिन परिस्थितियों में भी यहां आना एक मजबूत संदेश देता है। मोदी जी, शांति, न्याय और मानवता के दुश्मनों के खिलाफ इस लड़ाई में आपको 145 करोड़ भारतीयों का पूरा समर्थन है। भारत की जीत भी निश्चित है।

उन्होंने कहा कि वेव्स इनोवेशन, संस्कृति और सहयोग का ग्लोबल हब बनने को तैयार है। 5,000 से अधिक वर्षों की हमारी सभ्यतागत विरासत में, हमारे पास कालातीत कहानियों का विशाल खजाना मौजूद है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 1 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड 219 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया जबकि पॉम आयल 366 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## जनवरी-अप्रैल में मुंबई में 52,896 नए प्रॉपर्टी का हुआ रजिस्ट्रेशन : रिपोर्ट



■ 1.57 करोड़ रुपए था बेचे गए घरों का एवरेज टिकट प्राइस

**मुंबई,** 1 मई (एजेंसियां)। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी गति के बावजूद, मुंबई ने इस साल जनवरी-अप्रैल में 52,896 नए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के साथ अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया है। यह 2024 में इन्हीं चार महीनों के दौरान रजिस्टर्ड 48,819 प्रॉपर्टी की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी एनारॉक द्वारा गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (आईजीआर) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2025 के पहले चार महीनों में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से एकत्रित कुल राजस्व लगभग 4,633 करोड़ रुपए है। यह पिछले साल की इसी अवधि (जनवरी-अप्रैल 2024) की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है, जब एकत्रित राजस्व 3,836 करोड़ रुपए था।

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि जनवरी से अप्रैल तक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डेटा और डिमांड के रुझान के आगे के विश्लेषण से पता चलता है कि बेचे गए घरों का एवरेज टिकट प्राइस 1.57 करोड़ रुपए था, जो 2023 और 2024 की याद दिलाती है, जब यह 1.56 करोड़ रुपए था।

उन्होंने आगे कहा कि 2021 में इसी अवधि में, औसत टिकट की कीमत काफी कम 1.02 करोड़ रुपए थी। इस प्रकार, जनवरी-अप्रैल 2021 और जनवरी-अप्रैल 2025 के बीच इसमें 54 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। संक्षेप में, 2025 में अधिक किफायती कैटेगरी की तुलना में महंगे घरों की अधिक बिक्री दर्ज की गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र राज्य राजस्व विभाग के अनुसार, प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से अधिकारियों द्वारा एकत्र किया गया कुल राजस्व और जनवरी से अप्रैल 2025 में मुंबई में कुल रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं।

गहन विश्लेषण से पता चलता है कि अप्रैल 2025 में पिछले सात वर्षों (2019 से) में इस महीने में सबसे अधिक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए, जिसमें 13,080 से अधिक प्रॉपर्टी रजिस्टर हुईं। अप्रैल 2025 में एकत्रित राजस्व लगभग 1,115 करोड़ रुपए था।

# जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने मजदूर दिवस पर फल व जूस वितरण किया



**रायपुर, 1 मई (देशबन्धु)।।** जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूर एवं उनके बच्चों को फल एवं जूस वितरण किया ऐसोसिएशन के अध्यक्ष शिवनारायण ताम्रकार ने बताया कि समय-समय पर मजदूरों और उनके परिवार के लिए हमारा संगठन इस तरह के आयोजन करते रहता है उसी कड़ी में आज चांगोरभाटा में सामुदायिक भवन में फल एवं जूस वितरण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर मंगलदास चंदेल, जोगी साहू, कमलेश जैसवाल, प्रकाश सोनवानी, दर्शन मिरी, अभिनव गायकवाड़ , नेमीचंद, गुलाब सूर्यवंशी, संजू पिलवार, जीतू साहू, बंशीलाल ढोंडेकर, बलराम मिश्रा, एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे ।

# सालेम स्कूल के विद्यार्थियों का 10 वीं ,12 वीं के परिक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। घोषित हुए आई.सी.एस.ई. बोर्ड, दिल्ली के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सालेम इंग्लिश स्कूल, रायपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय)प्रथम स्थान- पल्लव तिवारी 91.5 प्रतिशत,द्वितीय स्थान-भूमिका जैन (बायोलॉजी) 88.5 प्रतिशत

तृतीय स्थान (साझा)सेक्रेड मैथ्यू गुप्ता , 84.5 प्रतिशत, जैनी पांडे 84.5 प्रतिशत, अमृता साहू 82.5 प्रतिशत कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय),प्रथम स्थान- फैजानुद्दीन 91.5 प्रतिशत,द्वितीय स्थान सय्यदा आयशा जरीन 89.8 प्रतिशत,तृतीय स्थान मनन परपानी 87.5 प्रतिशत,कक्षा 10वीं,प्रथम स्थान सेम मसीह 88.4 प्रतिशत,

द्वितीय स्थान काव्या सिंह ठाकुर 88.2 प्रतिशत,तृतीय स्थान अनुशका पाठक 85.6 प्रतिशत,कॉमर्स संकाय (10वीं),प्रथम स्थान- नैनेक गुप्ता 85.4 प्रतिशत,द्वितीय स्थान- शककत बानो 83.6 प्रतिशत,तृतीय स्थान पलक शर्मा 80.0 प्रतिशत वद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपिका लॉरेंस ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 81 वर्षीय हृदय रोगी की प्रोस्टेट सर्जरी HoLEP तकनीक से सफल एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर ने रचा नया कीर्तिमान

**रायपुर, 1 मई (देशबन्धु)।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटलरायपुर ने एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में 81 वर्षीय हृदय रोगी की सफलतापूर्वक प्रोस्टेट सर्जरी की गई, जो हाल ही में ओपन हार्ट सर्जरी से गुज़रे थे और खून पतला करने वाली दवाओं पर थे।

मरीज को लंबे समय से पेशाब में कठिनाई हो रही थी। जांच में पता चला कि उनका प्रोस्टेट लगभग250 ग्रामतक बढ़ चुका था — सामान्य से कई गुना अधिक। प्रारंभिक इलाज के रूप में एक महीने तक कैथेटर के माध्यम से स्थिति को स्थिर किया गया, इसके बाद प्रक्रिया की गई। यह एकन्यूनतम इनवेसिव लेज़र तकनीकहै, जिसमें रक्तस्राव बहुत कम होता है और मरीज जल्दी स्वस्थ होता है।

सर्जरी के बाद मरीज को मात्र 48 घंटों में अस्पताल से छुट्टी मिल गई और वे एक सप्ताह के भीतर सामान्य दिनचर्या में लौट आए।

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्वडॉ. वरुण शर्मा ने किया। उन्होंने बताया, बड़ी प्रोस्टेट ग्रंथि वाले और ब्लड थिनर पर चल रहे मरीजों के लिए सबसे सुरक्षित और कारगर तकनीक है। यह तकनीक हमें अत्यधिक सटीकता से सर्जरी करने की सुविधा देती है और मरीज की तेज़ रिकवरी सुनिश्चित करती है।

अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टरश्री अजीत कुमार बेल्लोंकोंडाने कहा, यह सफलता हमारे हॉस्पिटल की उस विशेषज्ञता को दर्शाती है, जिसके माध्यम से हम उच्च जोखिम वाले मरीजों का सफल इलाज करते हैं। हमारा उद्देश्य है कि हम नवीनतम तकनीकों के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें।

एक अत्याधुनिक लेज़र तकनीक है जो प्रोस्टेट वृद्धि के इलाज में प्रयुक्त होती है। यह खासतौर पर उन मरीजों के लिए उपयोगी है जो ब्लड थिनर ले रहे हों। इस प्रक्रिया में अधिकांश मरीजों को 24 से 48 घंटों में छुट्टी मिल जाती है और वे शीघ्र सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। यह तकनीक 200 ग्राम से अधिक वज़न वाले प्रोस्टेट में भी कारगर है और लंबे समय तक राहत प्रदान करती है।

---

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ग्राम मटिया प.ह.नं. 10
रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयप्रकाश पाण्डेय पिता शंभू पाण्डेय निवासी ग्राम मटिया तहसील धरसींवा जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में अपने पुत्री लवी पाण्डेय पिता जयप्रकाश पाण्डेय का शैक्षणिक कार्य हेतु ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु इस न्यायालय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शपथ पत्र, किराया नामा की प्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 02.05.2025 को उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-रायपुरखास
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक गंगाधर सोना पिता स्व. श्री उईल सोना द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता स्व. श्री उईल सोना पिता स्व. श्री कमलो सोना की मृत्यु दिनांक 15.04.2021 को घर हॉस्पिटल घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 13.05.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैतुराम साहू पिता श्रीराम साहू निवासी ग्राम रानीसागर तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम चपरीद प.ह.नं. 18, रा.जि.मं. समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 731/2, 731/4 रकबा 0.41, 0.20 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक के पिता का नाम बैहा दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसके कारण आवेदक को भूमि संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदक के पिता का वास्तविक एवं सही नाम आवेदक के आधार कार्ड नंबर 7318 1114 1101 के अनुसार श्रीराम साहू दर्ज है। अतः आवेदक अपने पिता का नाम राजस्व अभिलेखों में त्रुटिपूर्ण नाम को विलोपित कर सही नाम श्रीराम साहू दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.05.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 01.05.2025
पेशी दिनांक 14.05.2025

मुहर — नायब तहसीलदार समोदा

---

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ती श्रीमती संध्या गोकलानी उम्र 33 वर्ष पति श्री धीरज गोकलानी पता सेक्टर 03 देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन पेश करती हूं कि:-

1. यह कि पुत्री दित्या गोकलानी जन्म तिथि 08.06.2018 जन्म स्थान मिश्रा स्पेशिलिस्ट हॉस्पिटल रायपुर छ.ग. में हुआ है। जिसमें जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री के माता का नाम आस्था गोकलानी उर्फ संध्या गोकलानी लिखा व दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण गलत दर्ज है जिसे सही नाम श्रीमती संध्या गोकलानी लिखा व दर्ज किया जावें।
2. यह कि पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्रमांक 2019-01-004024 जारी दिनांक 20.01.2019 है।

अतः शपथ पत्र सही नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00045 मोवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724000083

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**जोन क्र. 01 सकरी**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

**निविदा क्र/03/जोन क्र. 01सकरी/जन.कार्य.वि./25 सकरी, दिनांक 01.05.2025**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 04 विजय श्रीवास के घर से मेन रोड तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.87 | 16.05.25 |
| 02 | वार्ड क्र. 04 महादेव नगर में वासु अय्यर के घर कश्यप किराना स्टोर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 3.57 | 16.05.25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई- www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जोन क्र.01**
**न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)**

Green City, Clean City, Dream City.

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00013 केसला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440212900002

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00013 के अंतर्गत ग्राम केसला के वर्तमान भूमिस्वामी बुधारू पिता/पति नंदलाल पता सा. देह भूमिस्वामी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 503 0.4000 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कैलाश पाल पिता/पति बुधारू पता नरसिंग पाल पिता/पति बुधारू पता लक्ष्मण पाल पिता/पति बुधारू पता संतोषी पिता/पति बुधारू पता मोंगरा पिता/पति बुधारू पता माला बाई बेवा बीरसिंग पिता/पति बीरसिंग पता नाबा. लकेश्वर पाल वली मां माला बाई पति बीरसिंग पिता/पति बीरसिंग पता बिसाहिन पिता/पति बुधारू पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**आरंग**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00013 धौराभांठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440212900003

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00013 के अंतर्गत ग्राम धौराभांठा के वर्तमान भूमिस्वामी भागीरथी पिता/पति साधू पता सा. धौराभाठा, गंगाबाई पिता/पति साधू पता सा. धौराभाठा, प्रेमबाई पिता/पति साधू पता सा. धौराभांठा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 10/2 0.4800, 14 0.3900 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता भागीरथी पिता/पति साधू पता सा. धौराभांठा, गंगाबाई पिता/पति साधू पता सा. धौराभांठा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**आरंग**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2025
सिमगा, दिनांक 21.04.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-दरचुरा प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक बुन्दूबाई पिता स्व. तुलसीराम जाति मेहर निवासी ग्राम दरचुरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता केजियाबाई पति तुलसीराम का मृत्यु दिनांक 30.03.2010 को ग्राम दरचुरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06.05.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर ( छ.ग. )**
**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री प्रद्युम बंजारे पिता श्री रामाधार बंजारे निवासी म.नं. 87 वार्ड क्रमांक 08 बोइरडीह तहसील व थाना पलारी जिला बलौदाबाजार एवं कु. नीलम जांगडे पिता श्री रामायण जांगडे निवासी ग्राम चोरहाडीह पो. फरफौद थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 21 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 21 अप्रैल, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**रायपुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KALESH KUMAR S/O RAM KUMAR AHIRWAR resident of H.NO.-65/K, RISALI BHATA, NEAR SHARADHA VIDHYALAYA, BAJRANGH CHOUCK, RISALI, BHILAI DISTT- DURG (C.G.) 49006 have changed my old name KALESH KUMAR S/O RAM KUMAR AHIRWAR so in future I should be recognized by my new name that is KALESH KUMAR AHIRWAR S/O RAM KUMAR AHIRWAR in all Government and other documents.

**KALESH KUMAR AHIRWAR**
H.NO.-65/K, RISALI BHATA, NEAR SHARADHA VIDHYALAYA, BAJRANGH CHOUCK, RISALI, BHILAI DISTT- DURG (C.G.) 49006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAM KUMAR S/O TIRLOKI AHIRWAR resident of H.NO.- 65/K, RISALI BHATA, NEAR SHARADHA VIDHYALAYA, BAJRANGH CHOUCK, RISALI, BHILAI DISTT- DURG (C.G.) 49006 have changed my old name RAM KUMAR S/O TIRLOKI AHIRWAR so in future I should be recognized by my new name that is RAM KUMAR AHIRWAR S/O TIRLOKI AHIRWAR in all Government and other documents.

**RAM KUMAR AHIRWAR**
H.NO.-65/K, RISALI BHATA, NEAR SHARADHA VIDHYALAYA, BAJRANGH CHOUCK, RISALI, BHILAI DISTT- DURG (C.G.) 49006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRATIKSHA RAJENDRA BHANSALI W/O VINIT CHOPDA resident of H.NO.-409 SADAR BAZAR, MAHAVEER WARD, WARD NO-31/36, RAJENANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name PRATIKSHA RAJENDRA BHANSALI W/O VINIT CHOPDA so in future I should be recognized by my new name that is PRATIKSHA CHOPDA W/O VINIT CHOPDA in all Government and other documents.

**PRATIKSHA CHOPDA**
H.NO. 409 SADAR BAZAR, MAHAVEER WARD, WARD NO-31/36, RAJENANDGAON (C.G.) 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Nikita Anandrao Khobragade/Khobragade Nikita Anand Rao, W/O Yankit Jain, House No.-16, Ward No.- 23 Kamal Kunj, Malviya Nagar, Durg, Durg, Chhattisgarh, have changed my old name Nikita Anandrao Khobragade / Khobragade Nikita Anand Rao W/O Yankit Jain, so in future I should be recognized by my new name that is Nikita Yankit Jain, in all Government and other documents.

**Nikita Yankit Jain**
House No.-16, Ward No.-23 Kamal Kunj, Malviya Nagar, Durg, Durg, Chhattisgarh

# शिक्षकों के चेहरे पर मुस्कान देख आत्मिक संतोष हुआ: साय

■ मुख्यमंत्री साय से बर्खास्त बीएड शिक्षकों ने मुलाकात कर आभार जताया



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ के 26 सौ से अधिक बीएड अर्हताधारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों के जीवन में खुशियां लौट आई है। प्रदेश सरकार ने बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य के 2600 से अधिक युवाओं का भविष्य एक बार फिर संवर गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास में बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ग़जमाला पहनाकर उनके प्रति कृतज्ञता जताई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों की चिंता पहले दिन से की थी। आप हमारे प्रदेश के बच्चें है और आपके भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प हमने पहले से ले लिया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कदम छत्तीसगढ़ के भविष्य निर्माताओं को नया संबल देगा और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा शिक्षक आने वाले वर्षों में प्रदेश की नई पीढ़ी को दिशा देंगे और छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर अग्रसर करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के साथ आपके नौकरी के संबंध में लगातार चर्चा होती थी। हमारे मुखिया इतने संवेदनशील है कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि जितना भी आर्थिक बोझ पड़े राज्य सरकार अपने युवाओं के भविष्य को खतरे में नहीं डालेगी। उन्होंने कहा कि आपके परिजन भी लगातार हमसे संपर्क कर अपनी चिंता व्यक्त करते थे और आज मुख्यमंत्री ने उन सभी की चिंता को दूर करते हुए अपना वादा निभाया। मुख्यमंत्री ने न केवल अपना वादा निभाया है बल्कि अपनी इच्छा शक्ति से सुशासन को स्थापित करने का कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के इस ऐतिहासिक निर्णय ने पूरे देश में मिसाल कायम की है।

इस अवसर पर युवाओं ने कहा कि नौकरी जाने के बाद वे अपने भविष्य को लेकर गहरी आशंका में थे और लगातार मानसिक पीड़ा झेल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता ने उन्हें संबल दिया। शिक्षकों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हर बार उनकी बात सुनी और भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने हमसे वादा किया था कि हमारे बेटे-बेटियों का भविष्य सुरक्षित किया जाएगा और आज उन्होंने अपना वादा निभाकर एक अभिभावक की जिम्मेदारी पूरी की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल युवा शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सरकार ने वास्तव में सुशासन और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। हमें गर्व है कि आज हमारे प्रदेश में ऐसी सरकार है जो हमारी पीड़ा को समझती है और संवेदनशीलता के साथ हमारी समस्याओं का समाधान करती है।

# कुछ घंटे में मिले दो शव

## दोनों की हत्या की आशंका

**तिल्दा नेवरा,** 01 मई (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेमता के गड़रिया नाला के पास युवक का शव होने की सूचना मिलते ही नेवरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची युवक सिर में पत्थर मार कर हत्या किया गया है। घटनास्थल पर खून से सना बड़ा पत्थर रखा हुआ है साथ ही पैकेट नमकीन भी रखा हुआ है। मृतक की पहचान लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट पिता स्व बलदाऊ भट्ट ग्राम सांकरा निवासी के रूप में की गई है। नेवरा पुलिस मर्ग कायम कर लिया है और जांच की जा रही है। पुलिस जानकारी के हिसाब से राजू भट पिता बलदाऊ भट ग्राम संकरा का रहने वाला है पता चला है। मंत्रालय में चपरासी का काम करता था।



पिछले पंद्रह दिन से काम पर नहीं जा रहा था सिंचाई विभाग में अपने पिता की जगह अनुकंपा में लगा था कल गांव में ही इसके चाचा बलराम राव के यहां शादी में गया था आपको बता दे की कल तुलसी के सिर्वे खार में भी एक लाश मिली थी शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवक को मार कर वहीं खेत में फेंक दिया गया है। उसके चेहरे को बुरी तरह से कुचल दिया गया है। आसपास खून के धब्बे भी दिखाई दे रहा है।वहीं लाश के बगल में दो आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, व जॉब कार्ड भी पड़ा हुआ है। मृतक युवक के एक हाथ में टैटू बना हुआ है जिसमें जीपी लिखा हुआ है। साथ ही एक आधार कार्ड में छोटू सरदार,एवं एक आधार कार्ड में गोविंदा पांडे लिखा हुआ है।नेवरा पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि यह दोनों घटना पिछले 24 घंटे में ही हुई है. इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं. जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में आए दिन हत्या, अनाचार, लूट और चोरी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है।

# युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर की मंगेतर की हत्या

**सरगुजा,** 1 मई(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां होने वाले मंगेतर को युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा. इसके बाद प्रेमी जोड़े ने शव को जंगल में दफना दिया था. यह मामला बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा का है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी प्रेमी जोड़े को हिरासत में लिया है.

जानकारी के मुताबिक, 6 मई को सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा के रहने वाले अमृत लकड़ा का विवाह पुष्पा केरकेट्टा पिता बसंतलाल घोघरा निवासी के साथ होने वाला था. विवाह से पहले 26 अप्रैल को होने वाले पति को बुलाकर युवती ने अपने प्रेमी गगन टोप्पो उर्फ बबलू, पिता मैनाराम ग्राम घोघरा निवासी के साथ मिलकर टंगिया से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद शव को जमीन में दफना दिया था.

इधर अमृत लकड़ा के परिजनों ने 28 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने संदेह के आधार पर अमृत की होने वाली पत्नी पुष्पा और उसके प्रेमी गगन को हिरासत में लिया. पूछताछ के बाद प्रेमी जोड़े की निशानदेही पर पुलिस ने बेन्दोकोना के जंगल से अमृत लकड़ा के शव को बरामद किया।

बताया जा रहा कि लकड़ी के यहां चाचा की शादी थी. एक महीना पहले प्रेमी जोड़े ने अमृत लकड़ा की हत्या की साजिश रची थी. वारदात के बाद पकड़े जाने के डर से कल प्रेमी जोड़े ने बतौली स्थित एक दुकान से रस्सी खरीदी थी और आत्महत्या करने की योजना बनाई थी. आत्महत्या करने जा रहे प्रेमी जोड़े को सचिव ने देखा, इसके बाद उन्होंने पुलिस को जानकारी दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रेमी जोड़े को हिरासत में लिया है।

# राष्ट्रीय टेनिस व्हालीबॉल चैंपियनशिप के लिये छत्तीसगढ़ की टीम हुई रवाना

**भाटापारा,** 1 मई (देशबन्धु)। 26 वीं मिनी एवं यूथ टेनिसव्हालीबॉल नेशनल चैपियनशिप का आयोजन दिनांक 2 मई 2025 से 4 मई 2025 तक गोपाबंधु स्टेडियम पारादीप (ओड़िसा) में आयोजित हो रही है जिसमें छत्तीसगढ़ की यूथ बालक बालिका की टीम भी भाग ले रही है।



टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव शरद पंसारी ने बताया की छत्तीसगढ़ टीम का चयन विगत दिनों किया गया था जिसमें खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया है साथ ही टीम रवाना होने के पहले सात दिवसीय फ्री नेशनल कोचिंग कैंप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा के खेल मैदान पर आयोजित किया गया था जिसमें खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां एवं तकनीकी रूप से तैयार किया गया। टीम रवाना होने के पूर्व बलौदाबाजार - भाटापारा जिला के कलेक्टर दीपक सोनी एवं अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजोरा ने अच्छे खेल के प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ की बालक टीम में अमन यादव, मनीष पाल, उज्जवल सिंह, खुशहाल देवांगन, सुजीत शर्मा एवं सुजल देवांगन है। बालिका टीम में राजकुमारी भारती, तनीषा साहू, गायत्री साहू, नीलम गजेंद्र एवं भूमिका देवांगन टीम में शामिल है टीम के मुख्य कोच सुमन शाहा है। खिलाड़ियों के चयन पर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य महेश शर्मा, राजकुमार मल, आलोक गुप्ता, उमेश सिंग ठाकुर, डॉ विकास आडिल, सुनील यदु, अविचल पाण्डेय, महेश्वरी पंसारी, निर्मल जांगढ़े, अनिष बघेल, सनप्रित सिंग, फिरोज टंडन, सोनचंद ध्रुव, चित्ररेखा, स्वाति, पंकज साहू प्रदीप कर्ष एवं पालक गण ने हर्ष व्यक्त किया।

# आत्मज्ञान भवन आमापारा में हुआ समर कैंप का उद्घाटन

**बालोद,** 1 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 1 मई को समर कैंप का उद्घाटन हुआ जहां पर कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप का समय 9:00 से 11:30 बजे तक है समर कैंप की शुरूआत ओम ध्वनि से की गई उसके बाद म्यूजिकल एक्सरसाइज के साथ-साथ बच्चों को प्राणायाम एवं ब्रेन जिम भी कराया गया। राजयोगिनी बी.के. सरिता दीदी ने जीवन जीने मूल्य आधारित कहानियों के द्वारा बच्चों को अपने जीवन में मूल्यों को धारण करने की विधि भी बताई तथा रेणु बहन ने बताया कि हमारे आसपास हम जितने महापुरूषों के नाम सुनते है उन्होंने अपने जीवन में मूल्यों को धारण करके ही आगे बढ़े है कहानियों के माध्यम से बताया गया तथा बच्चों को यह भी बताया गया कि पढ़ाई में इमेजिनेशन पॉवर तथा चित्रों द्वारा नवीनता लाकर हम उसे आसानी से याद रख सकते है अंत में मेडिटेशन कर बच्चों को भोग दिया गया।



गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में

# नवीन व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण

■ मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**बालोद,** 1 मई (देशबन्धु)। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश तथा बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर कार्यक्रम के साक्षी बने। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के सौगात को गुण्डरदेही विकासखण्ड एवं अंचलवासियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसके लिए उन्होंने अंचल वासियां को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वयं के भवन में नवीन व्यवहार न्यायालय का संचालन होने से न्यायालयीन कार्यों को सुगमता से संपादित करने में सहुलियत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारी.कर्मचारियों को इस नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री सिन्हा ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयासों से गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में उत्कृष्ट नवीन व्यवहार न्यायालय भवन तैयार होकर एक आदर्श न्यायालय परिसर के रूप में अपना पहचान स्थापित करे।

इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन की सौगात मिलने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं अन्य गणमान्य जनों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए उन सभी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकुशलता एवं कार्य के प्रति समर्पण हम सभी में नए ऊर्जा के संचार के साथ.साथ हमें कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरणा भी देती है। इस अवसर पर उन्होंने अपने व्यस्तम समय में से समय निकालकर इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा, पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के अलावा कार्यक्रम में उपस्थित सभी न्यायाधीशों और जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, अधिवक्ताओं, गणमान्य जनों, अधिकारी.कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के अनुमति से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन गुण्डरदेही के शिलालेख का अनावरण भी किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने सपत्नीक विधि.विधान के साथ इस नवीन भवन के भूमिपूजन के कार्य को संपन्न कराया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न एवं अन्य न्यायाधीशों के द्वारा निर्माणाधीन व्यवहार न्यायालय भवन गुण्डरदेही परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ;पाक्सोद्ध कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफ्टीण्सीण् ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी गुंडरदेही कुण् चेतना ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बालोद सागर चंद्राकर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बालोद, हीरा सिन्हा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर के अलावा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय कुमार साहू, तहसील अधिवक्ता संघ गुंडरदेही के अध्यक्ष विनय बंजारे के अलावा बड़ी संख्या में अधिकारी.कर्मचारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# डॉक्टर और एंबुलेंस की कमी से आदिवासी युवक की गई जान

**परपोड़ी,** 1 मई (देशबन्धु)। बीते बुधवार की रात क़रीब 8ः30 बजे दनिया राइस मिल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी और उसमें एक आदिवासी युवक की दर्दनाक दुर्घटना हो गई है जिसको पास के सरकारी अस्पताल परपोड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टर और एंबुलेंस की कमी से युवक की मौत हो गई।



मृतक तिरियाभट निवासी होने की पुष्टि हुई है, इस घटना ने एक बार फिर परपोड़ी स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलकर रख दी हैं।

एंबुलेंस की सुविधा न होना भी एक बड़ी वजह देखने को मिल रही हैं जिससे मरीज़ों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। लगातार पड़पोड़ी के क्षेत्रवासियो द्वारा अस्पताल के एम्बुलेंस की मांग की जा रही है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे मरीज समय पर बड़े अस्पतालों में पहुँच नहीं पाते और उनकी स्थिति ख़राब हो जाती है।

आदिवासी युवक की मृत्यु होने का कारण परिजनों और क्षेत्र वासियो ने डॉक्टर और एम्बुलेंस का न होना बताया है।

जिलाचिकित्सा अधिकारी ने दिया था आश्वासन- लगातार चर्चा में रहने वाला परपोड़ी स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को सही समय पर उपचार उपलब्ध नहीं होने की वजह एंबुलेंस और डॉक्टर की व्यवस्था न होना देखा गया है जिससे बड़ी घटनाओं में लोग जान गवा चुके है इस संबंध में जिलाचिकित्सा अधिकारी ने पिछले समय एम्बुलेंस और डॉक्टर की व्यवस्था कराने की बात कही थी लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई।

दुर्घटना से आदिवासी युवक की हूई मृत्यु से क्षेत्र वासीयों में काफ़ी आक्रोश देखने को मिल रही हैं और सूत्रो से पता चला है कि आदिवासी समाज द्वारा जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की घेराबंदी भी की जा सकती हैं।

# नक्सल प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जाएगी: डेका

■ राज्यपाल से मिले नक्सली हिंसा से प्रभावित बस्तर के ग्रामीण



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में बस्तर क्षेत्र के कांकेर, नारायणपुर और सुकमा जिले के नक्सल हिंसा से पीड़ित ग्रामीणों ने मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डेका ने नक्सल प्रभावितों को हर संभव मदद् देने की बात कही।

राज्यपाल डेका ने सभी पीड़ितों से बात चीत की। शासन की ओर से नक्सल हिंसा से प्रभावित ग्रामीणों को जो सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है उस राशि का सदुपयोग करने कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की विशेष पहल पर केंद्र शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सतत् कार्रवाई की जा रही है तथा वर्ष 2026 तक इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इन क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाये जा रहे हैं, जिससे इन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदा से भरपूर बस्तर क्षेत्र में विकास एवं पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

राज्यपाल डेका ने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित जो दिव्यांग हुए हैं उनको आत्म निर्भर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नक्सल हिंसा से दिव्यांग हुए सुकमा जिले के ग्राम चिंता गुफा निवासी राहुल सोढ़ी का इलाज एम्स रायपुर में कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, गृह मंत्री के ओएसडी अमर सिदार सहित पीड़ित ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# 700 करोड़ के स्टील प्लांट का विरोध तेज ग्रामीणों से लेकर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

■ भाजपा विधायक बोले प्रबंधन से होगी बात

**मुंगेली,** 1 मई(देशबन्धु)। मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र अंतर्गत बड़ियाडीह गांव में प्रस्तावित 700 करोड़ रुपये के स्टील प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है. बड़ियाडीह समेत 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने इस परियोजना के खिलाफ जनसुनवाई में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है. पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित इस जनसुनवाई में 88 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 85 लोगों ने प्लांट के विरोध में और केवल 3 ने पक्ष में मत दिए. लिखित में भी 27 विरोध और 1 समर्थन मिला.

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्लांट मदकूद्वीप क्षेत्र के निकट है, जो जिले का प्रमुख पर्यटन और जैवविविधता वाला क्षेत्र है. उनका दावा है कि स्टील प्लांट से उत्पन्न रासायनिक अपशिष्ट और धुआं न केवल वायु और जल को प्रदूषित करेगा बल्कि मदकूद्वीप की पारिस्थितिकी भी प्रभावित होगी. साथ ही, मनियारी और शिवनाथ नदियों के जल स्त्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है.

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने लिखित रूप में द्वारा प्रस्तावित प्लांट का विरोध किया है. उन्होंने 8 बिंदुओं में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, जिसमें पर्यावरणीय प्रदूषण, जल स्त्रोतों पर असर, स्वास्थ्य संबंधी खतरे, कृषि और पशुपालन पर प्रभाव, स्थानीय युवाओं को रोजगार में उपेक्षा, सामाजिक-सांस्कृतिक असंतुलन और कृषि भूमि के औद्योगिक उपयोग का मुद्दा शामिल है. कांग्रेस ने श्वद्ब रिपोर्ट सार्वजनिक करने और परियोजना को तत्काल रोकने की मांग की है.

मदकूद्वीप के संत रामरूपदास महात्यागी ने भी स्टील प्लांट को लेकर गहरी चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यह प्लांट मदकूद्वीप के निकट है और इससे क्षेत्र की जैवविविधता और धार्मिक आस्था पर बुरा असर पड़ेगा. वातावरण खराब होने की भी संभावना है।

देशबन्धु
पाठकों के लिए
माह अप्रैल 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 मई 2025 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 02.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 461 | 63 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 180 |

डिलीवरी 476 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## झाड़-फूंक से बचें

प्रदेश से झाड़-फूंक की आड़ में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है जो यह बतलाता है कि लोगों, खासकर अशिक्षित या कम पढ़े-लिखों में किसी भी बीमारी के उपचार के रूप में झाड़-फूंक पर भरोसा बना हुआ है। ऐसे लोगों को इससे बचाने तथा उन्हें इलाज के लिये आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित करने कि लिये जनजागरण अभियान चलाये जाने की ज़रूरत है। इलाज के लिये सभी को शासकीय हो या निजी चिकित्सालय जाना चाहिये, न कि इन बाबाओं, बैगाओं या किसी अन्य तरह की झाड़-फूंक करने वालों के पास जाकर पैसा और समय खर्च करना चाहिये।

रायगढ़ के तमनार के एक गांव में एक किशोरी के बीमार होने पर उसके मां-बाप उसे गोढ़ी गांव के एक त्रिभुवन अघरिया के पास ले गये। उसने पूजा-पाठ के नाम से कुछ प्रक्रिया की तथा किशोरी को लेकर जंगल के भीतर चला गया। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिवारजन उसे ढूंढ़ने गये। उन्हें देखकर बैगा भागने लगा। लड़की ने बताया कि त्रिभुवन ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट लिखाने पर उसे बलात्कार तथा पॉक्सो के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह की अनेक घटनाएं होती रहती हैं। लोग मानते हैं कि किसी के द्वारा टोना-टोटका करने पर कोई बीमार हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है। कुछ अरसा पहले कांकेर जिले के कोरर क्षेत्र में स्थित बांसकुंड गांव में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की ग्रामीणों ने इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक हो गया था कि बुजुर्ग ने जादू-टोना कर कुछ गांववासियों के प्राण लिये हैं। इस सम्बन्ध में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। लोगों को समझना चाहिये कि इस तरह कोई भी किसी को जादू-टोना कर नहीं मार सकता।

इस तरह का अंधविश्वास ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। गांव में किसी को कोई बीमारी होने पर घर के लोग उन्हें अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक करने वालों के पास ले जाते हैं। यहां तक कि किसी को डॉक्टरों के उपचार से लाभ नहीं होता तो वे बेहतर अस्पतालों में जाने की बजाय जादू-टोना करने वालों के पास जाते हैं। अक्सर उनके इलाज से स्थिति और गम्भीर हो जाती है। लोग जान भी गंवाते हैं। ज्यादातर मामलों में बैगा यह कहकर पीछा छुड़ा लेता है कि किसी व्यक्ति के कारण मरीज बीमार हुआ है या उस पर भूत आया है। फिर उन्हें कुछ पूजा-पाठ या उपाय बताये जाते हैं।

विज्ञान और तकनीकी विकास के इस युग में लोगों को किसी प्रकार की बीमारी हो या कोई परेशानी- तो हल करने का तर्कसंगत तरीके अपनाने चाहिये। इनके कारण या तो लोगों की जान जाती है या फिर बैगा कहलाने वाले उन्हें ठगते हैं। लोगों को चाहिये कि वे बीमार होने पर अस्पतालों में ही इलाज करायें।

उल्टा पुल्टा

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था- हा. हु. प्र...
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा- कौन सी पार्टी के हैं ये नेताजी?
ड्राइवर- हारे हुए प्रत्याशी।

# छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संघ ने मनाया मजदूर दिवस

## राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका होती है : किरण देव





**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)।? श्रमिक दिवस पर आज शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाऊन हॉल) में छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सभी का राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका होती है। आप सभी श्रमिक भाईयों ,माता, बहनों से निवेदन है केंद्र सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार के श्रमिकों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें, जिससे आप सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिले । हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कई कल्याणकारी योजनाओं को आप श्रमिकों के लिए बनाया है। शासन की योजनाओं का लाभ उठायें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि संजय बाजार में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत हमारे श्रमिकों के लिए 05 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था लागू किया है ।जिसे जल्द प्रांरभ किया जायेगा ।हमारी सरकार की मंशा है हमारे श्रमिक भूखा ना रहे ।केंद्र सरकार की योजना के अलावा छत्तीसगढ़ शासन ने योजनाओं में मुख्यमंत्री सियान जतन योजना, मुख्यमंत्री निमार्ण श्रमिक मृत्यु व दिव्याग सहायता योजना, मुख्यमंत्री महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा उपकरण योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन योजना व कई महत्वपूर्ण योजना आपके लिए बनाई गई है ।इसका आप सभी अवश्य लाभ लेकर अपने और श्रमिकजनों को बतायें और श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें । शासन ने आपके हितों के रक्षा के योजनाओं का क्रियान्वयन विभाग के माध्यम से करती है। आज श्रमिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 476 श्रमिकों को शासन के योजनाओं के तहत सिलाई मशीन,सहायता राशि, औजार कीट का वितरण किया गया।वहीं का श्रमिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संध के द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया।छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संध के द्वारा श्रमिकों के लिए शहर में सामुदायिक भवन व अन्य मांगों को रखा। जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जल्द भवन निर्माण की बात कही। इस दौरान छत्तीसगढ़ कर्मकार श्रमिक कल्याण संध के जिला अध्यक्ष रघुनाथ नागेश, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव, महासचिव शिव शंकर कुरानी, गुलाब चंद बैस,सुमनी ठाकुर,फागूराम कश्यप, श्रीमती बुदरी ,श्रम अधिकारी भूपेन्द्र नायक व काफी संख्या में श्रमिकजन उपस्थित थे।

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक का सहायक शिक्षक विज्ञान ( प्रयोगशाला ) के पद पर समायोजन



**प्रभावितों में हर्ष, विधायक समेत मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से गुरुवार को नयापारा विधायक कार्यालय में बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक को पुन: सेवा में लेने के निर्णय उपरांत शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने इस ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पूरे मंत्रिमंडल को सहृदय आभार व धन्यवाद प्रेषित किया है ।मुख्यमंत्री श्री साय के अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2621 बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुयें उनको अंतर विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन किया गया।

# सुशासन तिहार में 90 लोंगों का बनाकर दिया गया आयुष्मान कार्ड



**हितग्राहियों ने तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासन-प्रशासन का किया आभार**

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सुशासन तिहार में स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 119 आवेदन मिले थे जिसमें विभाग द्वारा 90 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया। जिससे हितग्राहियों ने शासन प्रशासन की त्वरित पहल के लिए आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए गए, वहीं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जगदलपुर शहर के महारानी वार्ड की निवासी अर्चना दत्ता ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया था। जिसका आवेदन पत्र प्राप्त होने के बाद विभाग के आयुष्मान कार्ड निर्माण करने वाले शाखा के द्वारा आवेदनकर्ता से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा किया गया मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन



**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम बस्तर जिला इकाई के द्वारा 30 अप्रैल को लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय के सभागार में मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर रचनाकार रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने अपनी कविता छत्तीसगढ़ी में पढ़ी-ज्ञ मोर भाषा छत्तीसगढ़ी जइसे महानदी के पानी है ।सुर सरिता सही निरमल धारा, जइसे राम कहानी हे। कवि कृष्ण शरण पटेल ने ग़ज़ल का पाठ किया-ज़िन्दगी में इस तरह जिया नहीं करते ।बुरा कभी किसी का किया नहीं करते ।विनय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी रचना का पाठ किया- चलती है दुनिया ये सारी ,रास्ता कोई पता ना होता । आंख पर चाहे पट्टी बांधो ,या फिर मंज़िल पता करो ,या चाहे तो डूब मरो ।शिरीष कुमार टिकरिया चविद्रोहीज्ने देश भक्ति रचना का पाठ किया- ध्वज फहराने से क्या होगा, जब तुम्हें स्वदेश से प्यार नहीं । चमेली नेताम च्सुवासिताज्ने सैनिक शीर्षक से अपनी रचना पढ़ी- सैनिक कहता दोस्त से, निकट बहन का ब्याह। घर पर मां और पिता सभी ,देखें मेरी राह ।गीतकार भरत गंगादित्य ने मंज़िल शीर्षक पर अपनी रचना पढ़ी- कष्ट सहना पड़ रहा है ,सफर का मुझको भले ही। लगन और विवेक मेरे ,साथ हैं प्रारंभ से ही। मैं पथिक हूं पंथ पर हूं, जोश में ही झूम लूं मैं,है मेरी बस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रतिभा को विकसित करता है समर कैंप : संजय पाण्डे



**नई उड़ान समर कैंप का हुआ उद्घाटन**

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। नई उड़ान संस्था द्वारा गुरुवार को समर कैंप का शुभारंभ शहर के जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे ने कहा प्रतिभा को निखारने का अवसर होता है समर कैंप। गर्मी की छुट्टियों में इस प्रकार के समर कैंप के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आती है।गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान व संस्कारों को विकसित करने का मंच है समर कैंप।पढ़ाई का मतलब किताबी ज्ञान ही नहीं होता।शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। पूर्व महापौर सफिरा साहू ने कहा कि बस्तर के बच्चों में भी प्रतिभा छिपी हुई है जरूरत है तो उसे निखारने की। इस समर कैंप के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाएगा, जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। वृद्धि पीले द्वारा सरस्वती वंदना गीत गया गया। संस्था के संचालक धीरज कश्यप ने बताया कि नई उड़ान संस्था द्वारा विगत चार वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के बच्चे बढ़ चढ़ कर का हिस्सा लेते हैं। शिविर का संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। नई उड़ान समर कैंप हर वर्ष बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है ।शिविर प्रभारी भूमिका निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चे इस शिविर में भाग ले सकते हैं। समर कैंप में प्रतिभागियों को विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें योगा की प्रशिक्षक गायत्री बड़कस, ड्रामा के प्रशिक्षक धीरज कुमार कश्यप एवं भूमिका निषाद, डांस की प्रशिक्षक वृद्धि पिल्ले, आर्ट एवं क्राफ्ट की प्रशिक्षक शिवानी राव, मेहंदी कला- गजाला कपूर, गीत-संगीत के प्रशिक्षक रतन व्यास एवं स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण गुंजन नथानी द्वारा दिया जाएगा ।इसके अतिरिक्त कई अन्य विधाओं में भी बच्चों को दक्ष बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफीरा साहू, श्वेता बघेल, राकेश तिवारी, रोशन झा, अखिलेश शुक्ला, राम कुमार, सुलता महाराणा, लता कपूर, सविता देवांगन, भावेश निषाद, पूर्णिमा सरोज, शिव शंकर पिल्ले सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता बिजोलिया ने किया।

# अक्षय तृतीया पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का गठन

- बस्तर संभाग अध्यक्ष बने सपन देवांगन और सचिव श्रीनिवास रथ
- अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष का दायित्व मिला अर्पित मिश्रा एवं सचिव शक्ति सिंह को



**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जगदलपुर की बैठक संघ कार्यालय जगदलपुर में बुधवार की शाम को हुई। सर्व प्रथम भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद परिषद के बस्तर जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति अधिवक्ता परिषद प्रदेश अध्यक्ष झंरना बांगर सिंह के द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक यज्ञ सिंह की उपस्थिति में की गई। इसमें जिला अध्यक्ष अर्पित मिश्रा, उपाध्यक्ष साक्षी रामटेके, उमेश सिंह ठाकुर, सचिव शक्ति सिंह व कोषाध्यक्ष कौस्तुभ ठाकुर, स्टडी सर्कल प्रमुख लोकेश पटेल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया। बैठक अधिवक्ता परिषद के प्रदेशाध्यक्ष झरना बांगर ने समस्त नव नियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी तथा अपने अधिवक्ता परिषद की कार्यो से समाज में लाभ पहुंचाने की बात की। वरिष्ठ अधिवक्ता और ईश्वर राव ने भी कानून के क्षेत्र में समाज को जागरूक करने और उनके आवश्यकताओं को पूर्ति करने में परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के संभाग अध्यक्ष सपन देवांगन ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भारतीय न्यायिक प्रणाली में सुधार की वकालत करता है, जो हिंदू परंपराओं के अनुरूप हो। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के आरती दुआ, श्रीनिवास रथ,प्रतिमा राय, सावित्री बघेल,राजेश्वरी वर्मा, सोनम राजपुत, इंद्रजीत सेठिया, चित्रा सिंह ,अदिति रावत,सुरेखा मरकाम,संजना पाणिग्राही, सौरभ चौरसिया,लोकेश पटेल,गेशु पाणीग्राही एवं अन्य उपस्थित थे।

# 24 वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप 2-3 मई को दल्लीराजहरा में



**बस्तर के 30 खिलाड़ी 5 अधिकारियों का दल रवाना**

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्युथाई एशोसिएशन आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में च्म्यू थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणाज्द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 9 से 14 जून 2025 तक एमडी यूनिवर्सिटी, रोहतक (हरियाणा) में किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छ ग म्यू थाई दल के चयन हेतू ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा जिला बालोद में 02 - 3 मई 2025 को 24 वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन छ ग एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला म्यू थाई संघ बालोद एवँ राजहरा मार्शल आर्ट्स क्लब के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 2 मई 2025 को खिलाड़ियों का वजन, मेडिकल एवँ निर्णायक गण हेतू म्यू थाई खेल नियमो का संक्षिप्त सेमिनार होगा। 3 मई 2025 शनिवार के शाम 06 बजे पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव है जो छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई संघ के संरक्षक भी है। पुरुस्कार वितरण समारोह के विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा के अलावा बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, केंद्रीय खेल मंत्री के निज सचिव सिद्धांत शर्मा, दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य प्रबंधक आर बी गहरवार, भाजपा युवा नेता अंजिनेश शुक्ला आदि उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता बालक, बालिकाओं के 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 × +23 वर्ष के अलग अलग वजन समूह में होगी। चयन प्रतियोगिता में अम्बिकापुर, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर चाम्पा, दंतेवाड़ा, कोरबा, मुंगेली एवँ रायपुर जिले के लगभग 175 खिलाड़ी, अधिकारी भाग ले रहे हैं जिसमे आयु × वजन वर्ग अनुसार लगभग 70 सदस्यीय दल चुना जाएगा जो आगामी 6 वीं राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप रोहतक में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। राज्य प्रतियोगिता में बस्तर के 30 खिलाड़ियों के दल की घोषणा जिला संघ के सचिव अब्दुल मोईम द्वारा महिला कोच सुमन राव, सोनाली कुशवाह कोच नवीन ठाकुर, मनोनीत के सहयोग से की गई जिसमे 17 बालिका कु,आरवी अवस्थी, कु, अन्वी जैन, कु, वन्दना गोयल, कु,शानिका मिश्रा, कु, तमन्ना कश्यप, कु, वेदानशी ठाकुर, कु, सुरभी यादव, कु, प्रतिमा बघेल, कु, गरिमा नाग, कु, भुनेश्वरी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगर निगम में उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति अवैधानिक : प्रकाश झा



**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु) ।नगर पालिक निगम जगदलपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्षद कोमल सेना को उप नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने को अवैधानिक पद पर नियुक्त करना और नगर निगम के नियमों का घोर उल्लंघन है। यह बात भारतीय जनता पार्टी पश्चिम नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान पिछले कार्यकाल में पार्षद रही कोमल सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि 100 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही महिलाओं के साथ ठगी की एवं रेवड़ियां वसूली की, जिसके प्रमाण उस दौरान सोशल मीडिया में वायरल वीडियो एवं ऑडियो बयान करते हैं। कांग्रेस के सरकार में जहां सांसद, विधायक एवं महापौर कांग्रेस के ही थे और सरकार भी कांग्रेस की ही थी और कांग्रेसी सरकार ने ही कांग्रेस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था।इस दौरान भाजपा के विरोध स्वरूप थाना घेराव एवं अन्य प्रदर्शन पर बलपूर्वक तानाशाही का परिचय देते हुए भाजपा के 700 से अधिक वरिष्ठ भाजपाई एवं कार्यकर्ताओं को तत्कालीन कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार ने जेल भेज दिया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा कि नगर निगम अधिनियम में च्उप नेता प्रतिपक्षज् नामक किसी भी पद का कोई उल्लेख नहीं है। यह कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी और सत्ता के लालच का प्रतीक है, जिसमें जनता को भ्रमित करने और दिखावे की राजनीति करने की कोशिश की जा रही है। प्रकाश झा ने कहा कि कांग्रेस आज भी अपना चाल चरित्र नहीं भूली एवं नगर निगम के तीसरे कार्यकाल में निगम की जांच समिति द्वारा सरकारी दस्तावेजों में फर्जी हस्ताक्षर मामले में दोषी ठहराने के बाद चार सौ बीसी के आरोप में सदन में माफी मांगने वाले च्राजेश चौधरीज् को अपना नेताप्रतिपक्ष बनाना कांग्रेस की भ्रष्ट मानसिकता का पर्याय है। भाजपा जनता को आश्वस्त करती है कि वह नगर निगम में पारदर्शिता, नियमबद्ध कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी।

# कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

**दंतेवाड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समस्त विभागों के समीक्षा बैठक लेने के क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर कुपोषण उन्मूलन एप्प पोषण ट्रैकर के माध्यम से लगातार पोषण सेवा वितरण की निगरानी और ट्रैकिंग करना सुनिश्चित करें। क्योंकि अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान मुझे पोषण ट्रैकर में दर्ज डेटा ही मान्य होगी। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक इस तथ्य के संबंध में विशेष ताकीद करें। गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पोषण आहार के अतिरिक्त क्षेत्र के अनुरूप पौष्टिक परंपरागत भोजन के लिए भी महिलाओं को जागरूक करें। उन्होंने ने यह भी कहा कि आगामी सुशासन शिविर के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिक से अधिक नवजात बच्चियों के बैंक खाते खोले जाने को प्राथमिकता देवें। छत्तीसगढ़ महिला ऋणकोष तथा सक्षम योजना के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा कहा गया कि प्रत्येक परियोजना में इसके लिए लक्ष्य निर्धारण कर महिला समूह को चिन्हांकित करके उन्हें आजीविका गतिविधि से जोड़कर जोड़े जाएं।

बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत हाट बाजारों, यूनिसेफ टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान किशोरी बालिकाओं की रैली, पोस्टर एवं दीवार राइटिंग, बालिकाओं की निबंध प्रतियोगिता, नियमित रूप से चलाएं जाएं। महतारी वंदन योजना अंतर्गत उन्होंने तकनीकी त्रुटियों के कारण लाभ से वंचित हितग्राहियों के लिए उनके प्रकरणों को तुरन्त हल करने के भी निर्देश बैठक में दिए। इसके अलावा उनके




**पोषण ट्रैकर में दर्ज डेटा के अद्यतन, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिक से अधिक नवजात बच्चियों के बैंक खाते खोले जाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, अभियान को प्रभावी बनाने के लिए दिए दिशा निर्देश**

द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की अवस्थिति, उनके पूर्ण व अपूर्ण भवनों, विद्युतीकरण, शौचालय और पेयजल व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। श्री दुदावत ने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, उनकी सूची बनाकर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, बच्चों के आधार कार्ड, इमेज कैपचरिंग, फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक, होम विजिट, ग्रोथ मॉनिटरिंग एवं मोबाइल वेरिफिकेशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए इन कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ महिला ऋणकोष तथा सक्षम योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु ऋण वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता बढ़ाई जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ योग्य हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के मद्देनजर में कहा कि इन 5 मई को प्रारंभ होने वाले निराकरण शिविर के पूर्व सभी आवेदनों एवं मांगों का निराकरण कर लेवें। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु हितग्राहियों का चयन परीक्षण समय पूर्व हो जाना चाहिए। विशेष तौर पर शिकायत संबंधी आवेदनों के निराकरण को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी कर्मचारी सजग रहें। इसके अलावा प्रत्येक शिविर में लाभान्वित हुए महिला हितग्राहियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो जो अपने विचार शिविरों में व्यक्त कर सकें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आगामी बैठकों में पुन: उनके द्वारा इस बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# सुशासन तिहार में नपा ने हितग्राहियों को घर पहुंचकर वितरित किए नए राशन कार्ड

**दंतेवाड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिका दंतेवाड़ा ने आम नागरिकों की सुविधा और कल्याण के लिए एक सराहनीय पहल की है। सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से, नगर पालिका ने नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर खाद्य विभाग के सहयोग से पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड जारी किये गए। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों के कई नागरिकों को लाभान्वित किया गया। इन हितग्राहियों में विशेष रूप से दीपक रवानी, माहेश्वरी नाग, सुलोचना पटेल, राजेंद्र कुमार, पुष्पलता पटेल, सीता, सुकन्ती, संदीप, पार्वती तथा भानमती को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्य की विशेष बात यह रही कि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री कैलाश मिश्रा स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचे और उन्हें राशन कार्ड सौंपा। इस आत्मीय व्यवहार न केवल हितग्राहियों को आश्चर्यचकित किया, बल्कि उनमें विशेष प्रसन्नता और विश्वास का संचार भी किया।



**हितग्राहियों आभार व्यक्त करते हुए दी प्रतिक्रियाएं**

राशन कार्ड मिलने से हितग्राही दीपक रवानी ने कहा, कि खुद नगर पालिका उपाध्यक्ष के हाथों मुझे घर आकर राशन कार्ड दिया जाना मेरे लिए सुखद अनुभव था। इससे हमें भरोसा हुआ है कि सरकार सच में हमारी चिंता कर रही है। एक अन्य हितग्राही महेश्वरी नाग ने भावुक होते हुए कहा, च्राशन कार्ड मिलने से अब बच्चों के लिए अनाज लेना आसान होगा। मैं नगर पालिका की आभारी हूँ। मुख्यालय की ही नागरिक सुलोचना पटेल ने राशन कार्ड मिलने से खुशी जाहिर करते हुए कहा, च्बुजुर्गों के लिए इस तरह की मदद बहुत बड़ी राहत है। अब राशन लेने में कोई दिक्कत नहीं होगी। च्वहीं राजेंद्र कुमार ने कहा, च्पहली बार लगा कि हमारी समस्याओं को बिना कहे समझ गया है। इसके लिए जिला प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद है।

नगरपालिका का यह प्रयास न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही का उदाहरण बना, बल्कि आमजन से सीधा जुड़ाव स्थापित कर सुशासन की भावना को मजबूत किया। हितग्राहियों ने नगर पालिका की इस पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार उनकी आवश्यकताओं का त्वरित समाधान होता रहेगा। नगर पालिका दंतेवाड़ा द्वारा उठाया गया यह कदम अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जिससे नागरिक सेवाओं को सुगम और सुलभ बनाने का मार्ग प्रशस्त होता है।

# सिंधु भवन में शनिवार को स्वास्थ्य परिचर्चा दी जाएगी घरेलू नुस्खे की जानकारी



**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। मानव जीवन में स्वस्थ्य रहना ही सबसे बड़ी जीत हैं और फिट रहने के लिए कुछ व्यायाम, योग की जरूरत होती हैं तो अब सब कुछ ठीक होगा नहीं, मोटापा, वजन, थायराइड, सर्वाईकल, वेरीकोस, शुगर, रक्तचाप, माइग्रेन, कब्ज, श्वास संबंधित रोग व अन्य बीमारियो से संबंधित खान - पान पर भी बदलाव करना होगा। इसमें घरेलू नुस्खे भी लाभप्रद होते हैं। इन सब की जानकारी भी इस दौरान दी जाएगी। सिन्धी समाज व पतंजलि योग समिति के तत्वधान में करें योग रहे निरोग एवं योगगुरु मनोज पानीग्रही द्वारा स्वास्थ्य संबंधित परिचर्चा एवं घरेलू उपचार की विधि बताई जाएगी।

## शहर में पेयजल समस्या का अंबार, जलभराव से निजात दिलाने अब तक नहीं हुआ कोई भी कार्य : राजेश चौधरी

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। शहर में बढ़ती पेयजल समस्या व जलभराव को लेकर महापौर संजय पांडे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष व पार्षद राजेश चौधरी ने कहा कि कुछ ही दिन पूर्व में शहर में हुई तेज बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया था जिसके कारण शहर के अधिकतर वार्डों व प्रतिष्ठानों में बारिश का पानी घुसने लगा था। शहर में जलमग्न की गंभीर समस्या से निजात दिलाने को लेकर भाजपा के महापौर संजय पांडे के पास कोई भी सकारात्मक कार्ययोजना आज तक नहीं बनाई गई है जो कि बेहद गंभीर विषय है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वहीं शहर में पेयजल की समस्या दिनों दिन बढ़ते जा रही है शहर के अधिकांश वार्ड में पेयजल की कमी बनी हुई है। इन समस्याओं के समाधान हेत महापौर व उनकी पूरी टीम के पास अभी तक कोई सार्थक योजना नहीं बनाई गई है। कुल मिलाकर महापौर ने शहर की जनता से सिर्फ झूठ बोलने का ही कार्य किया है। कल नगर निगम में होने वाली सामान्य सभा में शहर में पेयजल व जलभराव समस्या को लेकर समस्त कांग्रेस पार्षदों के द्वारा यह मुद्दा उठाया जाएगा।

# कटेकल्याण में निर्माणधीन पीएचसी भवन ही मरीज बना : तुलिका कर्मा

**दंतेवाड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कटेकल्याण से जिला पंचायत सदस्य एक बार फिर से अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के निर्माणधीन भवन के निरीक्षण पर पहुंची और वहां का नज़ारा काफी भयावह: निकला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जब तुलिका कर्मा ने निरीक्षण किया तो पाया कि यह भवन तो निर्माण होने से पहले ही जजर्र नज़र आ रहा है और अभी से इसमें जगह जगह टूट फुट दिखना चालू हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस मामले में साफ रोष नजर आ रहा है कि अगर निर्माण को पूरी गुणवत्ता के साथ नही किया गया तो इस टेंडर को निरस्त कर नए भवन के निर्माण की मांग रखी जायेगी। इस पूरे निरीक्षण के दौरान जब भवन को देखा गया तो एक ही बात समझ आया कि कैसे डीएमएफ फंड और जनता के पैसों का निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के द्वारा बन्दरबांट किया जा रहा है। पूर्व में भी जब कटेकल्याण में संचालित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था तब भी यही स्थिति देखने को मिला था और अब जब नए निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण किया तो बची हुई उम्मीदों पर भी भ्रष्टाचार का पानी फेर दिया। तुलिका ने कहा कि जब हमें साफ नजर आ रहा है कि इस भवन की हालत जर्जर है तो विभागीय अधिकारियों ने क्यों आंखे बंद कर रखी है। निर्माण एजेंसी जनपद के एसडीओ और अभियंता ने क्या बिना निरीक्षण के ही बिल राशि स्वीकृत कर दी होगी या किसी लालच में आकर इन त्रुटियों को अनदेखा किया जा रहा है। तुलिका ने दो टूक कहा कि निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदारो को अब समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करने के तरीकों को छोड़ कर जनता की सेवा करने के तरीके खोजे अन्यथा वो दिन दूर नही जब हम सड़को में उतर कर प्रदर्शन करेंगे और तब तक शांत नही बैठेंगे जब तक सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर निष्काशन की कार्यवाही न हो जाये। तुलिका ने सीधा कहा कि हम जनता के स्वास्थ के साथ ये खिलवाड़ को कतई बर्दास्त नही करेंगे। जनता को सही स्वास्थ सेवा मिलना उनका मूलभत अधिकार है और अगर प्रशासन इसमें भी ढिलाई बरतेगी तो यह कतई बर्दाश्त नही होगा। इस पूरे मामले में तुलिका ने चिंता जाहिर करते हुए कहा सवाल किया है कि भविष्य में जब यहां अस्पताल का संचालन होगा और अगर यह गुणवत्ताहीन भवन मरीज़ों पर ही गिर गयी तो इसका जिम्मेदार कौन होगा... ?



- **गुणवत्ताहीन है निर्माणाधीन स्वास्थ भवन, पूर्ण होने से पहले ही पड़ी दरारे**
- **शासकीय पैसों का सिर्फ बंदरबाट कर रहे है इंजीनियर-ठेकेदार, मरीजों की कोई परवाह नहीं**

## टेम्पल कमेटी द्वारा पूजा भोग सामग्री आपूर्ति हेतु 16 तक मूल्यकथन प्रस्ताव आमंत्रित

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। व्यवस्थापक टेम्पल कमेटी एवं तहसीलदार जगदलपुर द्वारा टेम्पल कमेटी के मंदिरों में पूजा भोग सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से 16 मई 2025 तक तहसील कार्यालय जगदलपुर में सीलबंद लिफाफे में मूल्यकथन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। टेम्पल कमेटी के अंतर्गत संचालित 21 मंदिरों में पूजा भोग-रूसुम 2025 के अंतर्गत किराना सामग्री, चावल मासूरी, राहल दाल, आटा, घी, चिराग तेल, अगरबती, मिर्च खड़ा, नमक आयोडिन युक्त, हल्दी पिसी, जीरा, मेथी इत्यादि सामग्रियों की आवश्यकता है। नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त मूल्यकथन प्रस्ताव 19 मई को दोपहर 3 बजे तहसील कार्यालय जगदलपुर में खोली जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों को मान्य नहीं किया जाएगा।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील जगदलपुर ग्राम विजय वार्ड डोकरीघाट पारा निवासी निर्मलेश पानीग्राही की मृत्यु पानी में डूबने से भाई योगेश पानीग्राही को और तहसील बास्तानार ग्राम बड़े किलेपाल (कोलुपारा) निवासी कुमारी कर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लच्छु को ग्राम पालानार निवासी हिड़में की मृत्यु सांप काटने से पुत्र सपे पोयाम को, तहसील तोकापाल ग्राम बड़े पाराकोट निवासी मानसाय बघेल की मृत्यु आग में जलने से भाई माहंगू को और ग्राम बड़ेमोरठपाल निवासी किरन की मृत्यु सांप काटने से पिता बोटी को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# सेवानिवृत्त हुए 20 शासकीय सेवकों को अपर कलेक्टर ने प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में गुरुवार को आयोजित समारोह में 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए 20 शासकीय सेवकों को अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने पुष्पगुच्छ भेंट करने सहित शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया और पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास लगातार किया जा रहा है। साथ ही अब सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को तत्काल जीपीएफ प्राधिकार पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। अपर कलेक्टर श्री बघेल ने इन सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को घर-परिवार और समाज के लिए ज्यादा समय देने की समझाइश देते हुए कहा कि इतनी लम्बी शासकीय सेवा के दीर्घानुभव को अब समाज के हित में लगाएं। समाज को जागरूक करने सहित भावी पीढ़ी को भी सरकारी सेवाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करें। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सयुंक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन कमलेश रायस्त ने भी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की स्वस्थ-सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि अप्रैल माह में सेवानिवृत्त 35 शासकीय सेवकों में से 20 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। वहीं 7 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को जीपीएफ प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। शेष शासकीय सेवकों का आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ एवं जीपीएफ प्राधिकार पत्र जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा कर शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए।



# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कारगर साबित हो रही दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना

**कोण्डागांव,** 1 मई (देस्बन्धु)। राज्य शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना एक कारगर पहल साबित हो रही है। श्रम विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत महिलाओं को ई रिक्शा के लिए एक लाख रूपए की अनुदान राशि दी जाती है।

श्रम अधिकारी ने बताया कि दीदी ई रिक्शा सहायता योजना के लिए 18 से 50 आयु समूह के पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक, जो भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में न्युनतम 03 वर्षों से पंजीकृत हो वे पात्र होंगे। इसके तहत राशि रू 01 लाख सहायता राशि मिलती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक से लोन प्राप्त करने सम्बन्धी दस्तावेज की ओरिजिनल स्कैन कॉपी, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस ओरिजिनल स्कैन कॉपी और नियोजक के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में स्वघोषणा प्रमाण पत्र आवश्यक है।इसी प्रकार ई-रिक्शा सहायता योजना (असंगठित कर्मकार मण्डल) के लिए 18 से 50 आयु समूह के पंजीकृत सायकल रिक्शा चालक, ऑटो चालक अथवा पंजीकृत श्रमिकों के पंजीकृत समूह पात्र होंगे। पंजीकृत सायकल रिक्शा, ऑटो चालकों को ई-रिक्शा हेतु मंडल द्वारा अनुदान राशि रूपए 50,000 स्वयं का अंशदान राशि रूपये 10,000 एवं बकाया राशि बैंक से ऋण के माध्यम से हितग्राही द्वारा देय होगा। योजनांतर्गत बैंक से ऋण प्राप्ति का अभिलेख प्रस्तुत करने पर ही मंडल द्वारा राशि रूपये 50,000 हितग्राही को प्रदान किया जाता है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों में बैंक से लोन प्राप्त करने सम्बन्धी दस्तावेज ओरिजिनल स्कैन कॉपी, हितग्राही पंजीयन कार्ड, बैंक पासबुक कापी, ड्राइविंग लाइसेंस ओरिजिनल स्कैन कॉपी, आय प्रमाण पत्र (पटवारी/सरपंच अथवा पार्षद द्वारा जारी) और आधार कार्ड ओरिजिनल स्कैन कॉपी आवश्यक है। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुशासन तिहार में 90...

के आधार पर आयुष्मान कार्ड (50 हज़ार का मुफ्त उपचार) का निर्माण किया गया। इसी प्रकार मदनमोहन मालवीय वार्ड निवासी विजय केवट ने आयुष्मान कार्ड (पाँच लाख तक का मुफ्त उपचार), तोकापाल विकासखण्ड के माटकोट निवासी कृष्णा, दरभा विकासखंड के करका निवासी राजूराम और बस्तर की निवासी हेमलता पोडियमी ने आवेदन दिया था, उन्होंने भी तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए प्रशासन का आभार जताया है।

### राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा...

एक इच्छा मेरी मंज़िल चूम लूं मैं। वरिष्ठ रचनाकार अवध किशोर शर्मा ने चपिताजीज शीर्षक पर अपनी रचना सुनाई-आन पिताजी बान पिताजी।

हम सब का सम्मान पिताजी। कथा कीर्तन आरती सब कुछ, पूजा घर का गान पिताजी। इस कार्यक्रम में नवोदित रचनाकार जैनेंद्र सिंह ने च्थपकीज और च्करतूतज शीर्षक पर अपनी रचना सुनाई। कार्यक्रम का संचालन भरत गंगादित्य ने किया।

### 24 वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई...

महवर, कु, वंशिका बंछोर, कु, गीताक्षी श्रीवास, कु, दीपिका कश्यप, कु, योगनशी नाग कु, खुशबू कश्यप कु, अन्वेशा मिश्रा एवँ 13 बालक खिलाड़ी वुककेम विक्टर, विवान बाजपाई, मनन झवर, कल्पेश सोरी, आदित्या युराज नाग, फलेंद्र मौर्या, एलेक्स कुमार, ओम कुमार नुप्पो, निर्मल मरकाम, दिवंश दिहरी, शुभम बिश्वास, युवराज सिंह, मनोज कुमार नरेटी हैं।

# कमिश्नर बस्तर ने कलेक्टर्स की ली वर्चुअल बैठक, कहा सुशासन तिहार के आवेदन पत्रों का करें निराकरण

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन तिहार में आम जनता से प्राप्त समस्या-शिकायत सम्बन्धी आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण करें। इस दिशा में आवेदन पत्रों का परीक्षण कर सम्बन्धित विभागों एवं कार्यालयों को भेजी जाए और मांगों के निराकरण को भी यथासंभव जरूरत के अनुरूप प्राथमिकता देवें। साथ ही निराकरण स्थिति के बारे में आवेदक को सूचना दी जाए। स्कूली बच्चों के रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 05 से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जाए, जिसमें शाला त्यागी बच्चों को अवश्य शामिल करें, ताकि उक्त ड्राप आउट बच्चे स्कूल से पुन: जुड़ने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संभाग के सभी कलेक्टर्स को चौपाल में आम जनता से भेंट एवं फीडबैक के आधार पर कार्यवाही सहित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों के आयोजन तैयारी की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। कमिश्नर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों को आम जनता की सुविधा के मद्देनजर कलस्टर में आयोजित करने सहित आश्रित ग्राम पंचायतों के अनुसार उपयुक्त शिविर स्थल, शिविर प्रभारी इत्यादि व्यवस्था को सुनिश्चित करने कहा। साथ ही समाधान शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर अवश्य आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराने कहा। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में भी नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित समस्या-शिकायतों के निवारण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने चौपाल के तहत एक दिन में एक ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की आवश्यकता का आंकलन करने सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए पहल किए जाने कहा। साथ ही सम्बन्धित ब्लॉक मुख्यालय में बैठक लेकर सभी चैपाल नोडल अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।



**शाला त्यागी बच्चों को समर कैंप में शामिल करने से मिलेगा प्रोत्साहन : डोमन सिंह**

**नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में ग्राम विकास योजना तैयार करने के निर्देश**

कमिश्नर ने कलेक्टर्स से नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में स्थापित नवीन कैम्पों के 10 किलोमीटर परिधि में अवस्थित सभी ग्रामों का सर्वेक्षण जल्द पूर्ण कर ग्राम विकास योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन ग्रामों के समग्र विकास के लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं सहित ग्रामीणों को पात्रता के आधार पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से सेचुरेशन करने पर ध्यान केंद्रीत किए जाने के निर्देश दिए।

**समर कैम्प में अधिकाधिक बच्चों की सहभागिता पर बल**

कमिश्नर ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों की सुविधा के अनुरूप समर कैंप आयोजन कर इन बच्चों को चित्रकला, शिल्पकलाओं, खेलकूद इत्यादि रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। समर कैंप में शाला त्यागी बच्चों को अनिवार्य रूप से शामिल कर उन्हें स्कूल से पुन: जोड़ने पर ज्यादा फोकस करें। उन्होंने समर कैंप के आयोजन में शिक्षा से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लेने भी कहा। साथ ही समर कैंप के लिए आवश्यक व्यवस्था समग्र शिक्षा तथा स्थानीय पंचायतों के द्वारा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। समर कैंप के सुचारू संचालन हेतु शिक्षा विभाग सहित समग्र शिक्षा के मैदानी अमले को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपने कहा। वहीं सम्बन्धित एसडीएम एवं तहसीलदारों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए, जिसके तहत जेल, अस्पताल सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी कलेक्टर्स ने अपने जिले में सुशासन तिहार के अन्तर्गत आवेदन पत्रों के निराकरण और सामाधान शिविर आयोजन तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हरिश एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक एवं गीता रायस्त और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर उनके अधिकारों के संबंध में दी गई जानकारी




**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 01 मई 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय एवं प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा मणिकंचन केन्द्र नगर पालिका परिषद् बंधापारा वार्ड कोण्डागांव में मजदूरों के हितों के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मजदूरों को संबोधित करते हुए बताया कि सभी को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हैं और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करने का अधिकार है। उन्होंने श्रमिकों को शोषण से बचने के लिए कानूनी उपायों की जानकारी दी।

इसी प्रकार सचिव ने मजदूरों के हितों के लिए बनाये गये प्रावधानों के बारे में बताया कि भारतीय संविधान को नजर रखते हुए मजदूरों के लिए भी कई निश्चित प्रावधान निहित हैं। मजदूरों के लिए काम करने के लिए निश्चित घंटे निर्धारित किये गये हैं। इन प्रावधानों के उल्लंघन पर सख्त सजा तय किया गया है। मजदूरों के हितों को देखते हुए उनकों न्याय मिलने हेतु श्रम न्यायालय का निर्माण किया गया है, ताकि मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचारों की रोकथाम की जाये और उन्हे सहीं न्याय मिल सके।

वहीं प्रतिधारक अधिवक्ता ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हर श्रमिकों को संविधान द्वारा समान अधिकार दिया है। यदि कोई 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी में लगाता है, तो वह गैर कानूनी है। ऐसा करने पर कठोर सजा का प्रावधान तय किया गया है। इसके साथ ही न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल, श्रमिक कल्याण योजना और सामाजिक सुरक्षा एवं नालसा द्वारा चलाये जा रहे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं तथा 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी गई और कई अधिकारों के बारे में भी श्रमिकों को अवगत कराया गया। यह शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया अंत में सभी श्रमिकों को उनके अधिकारों से संबंधित मजदूर दिवस की पुस्तक का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिक परिषद से श्रीमती गंगा सोनानी, श्रीमती रूहि दास, श्रीमती देवली पाण्डे एवं अधिकार मित्र लोकेश कुमार यादव, रंजन बैध सहित समस्त श्रमिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर व एसपी ने यातायात नियमों के कड़ाई से पालन कराने के दिए निर्देश

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**कोण्डागांव**, 1 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में बुधवार 30 अप्रैल को जिला कार्यालय के सक्षा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के कड़ाई से पालन कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही हेलमेट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती बरतने और चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम हेतु विभिन्न आवश्यक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के मुख्य मार्गों पर नये ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार कार्य, आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने, दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में घायलों की त्वरित सहायता के लिए सड़क सुरक्षा मित्र बनाने लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। नगर में अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने नेशनल हाइवे के अधिकारियों को चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में आवश्यक सुधार करने के साथ चेतावनी बोर्ड लगाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े हुए विभिन्न गांवों के सड़क मार्ग पर ब्रेकर बनाने को कहा गया। नशे में वाहन चलाने वालों की भी विभिन्न जगहों पर जांच अभियान चलाने और नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। साथ मुख्य मार्गों में खड़ी वाहनों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने एवं हेलमेट का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया एवं निर्देश का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही हेतु यातायात विभाग को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम कोण्डागांव अजय उरांव, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया सहित यातायात, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत किया गया जागरूक



**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत् ग्राम पंचायत अमरावती विकास खण्ड माकड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूक किया गया। उक्त अभियान के तहत किशोरी बालिका एवं महिलाओं को बालिका एवं बालक को विवाह योग्य उम्र होने के पश्चात् ही विवाह करने हेतु प्रेरित किया गया तथा आत्म-रक्षा, भ्रूणहत्या, शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक कराया गया, शिक्षा को बढ़ावा देना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुददों के प्रति जागरूक करने के लिए महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना तथा प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने हेतु शपथ दिलाया गया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग (मिशन सशक्तिकरण) से श्रीमती रीना सिंह ठाकुर (जिला मिशन समन्वयक), श्रीमत श्रीमती माधुरी उसेण्डी (जेण्डर विशेषज्ञ), श्रीमती अनुसूईया भिमर्ट (सुपरवाईजर), स्थानीय किशोरी बालिका तथा महिलाएं भी उपस्थित थे।

# खाद्य विभाग एवं भंडारण निगम की समीक्षा बैठक

## नियद नेल्लानार ग्रामों के अंतर्गत सभी परिवारों में राशन कार्ड प्रदाय और उज्वला योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**दंतेवाड़ा,** 1 मई (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में खाद्य विभाग एवं भण्डारण निगम की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के खाद्य आपूर्ति से जुड़े समस्त पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में संचालित समस्त उचित मूल्य की दुकानों, गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों की संख्या की जानकारी मांगी। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों की संख्या, अब तक की गई खरीदी एवं आगामी लक्ष्य की भी समीक्षा की। बैठक में उज्वला योजना के अंतर्गत जिलेवार अनुमोदित हितग्राहियों की संख्या, राशन कार्डधारियों की वर्तमान स्थिति, शेष बचे पात्र हितग्राही परिवारों की जानकारी भी तलब की गई। कलेक्टर ने पात्र परिवारों को जल्द से जल्द राशन कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के गोदामों की भंडारण क्षमता, जिले में खाद्यान्न भंडारण की वर्तमान स्थिति तथा आवश्यक सुधारों पर भी चर्चा की गई। श्री दुदावत ने 'नेल्लानार योजना' के तहत चयनित ग्रामों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों को राशन कार्ड एवं उज्वला योजना का लाभ शीघ्र दिलाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके अलावा उन्होंने सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए पेट्रोल पंप संचालन और पर्यटन से भी जोड़ने की बात कही। इस बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत मिल रहा तत्काल लर्निंग लायसेंस



**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्याओं और मांगों के लगातार निराकरण से आम नागरिकों को बहुत राहत मिल रही है। परिवहन विभाग द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त लायसेंस हेतु आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है एवं ऑनलाईन आवेदन कर आने वाले आवेदकों को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से तत्काल लर्निंग लायसेंस प्रदाय किया जा रहा है। विदित हो कि सुशासन तिहार के अंतर्गत लायसेंस हेतु परिवहन विभाग को 460 आवदेन प्राप्त हुए थे, जिसमें से लगभग 120 लोगों का लर्निंग लायसेंस जारी किया जा चुका है एवं शेष आवेदकों का भी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पत्र के माध्यम से सुचित किया जा रहा है, जिससे कि उन्हें लर्निंग लायसेंस तत्काल प्रदान किया जा सके।

# प्रेम नेताम बने कोंडागांव सरपंच संघ के अध्यक्ष




**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव फॉरेस्ट ऑक्शन हॉल में सोमवार 28 अप्रैल 2025 को आयोजित कार्यक्रम में दहिकोंगा के सरपंच प्रेम नेताम को सर्वसम्मति से सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। सरपंच संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रेम नेताम ने कहा कि वे सरपंचों के हितों के लिए काम करेंगे। वहीं शासन एवं सरपंचों के बीच बेहतर तालमेल व सामंजस्य रहे इस पर भी कार्य करेंगे ताकि ग्राम पंचायतो का समुचित विकास हो। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती जयंती कश्यप मर्दापाल को उपाध्यक्ष, हेमचंद कुम्हारपारा को सचिव, श्रीमती सुकली बाई मसोरा को कोषाध्यक्ष व पिलसाय पोयाम कचोरा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुश्री सूरजबती चिपावंड, प्रकाश चुरंगिया बड़ेकनेरा, कामदेव कमेला, सूरज पोयाम पुसावंड, सायमन कश्यप सुकूर पाल, संतोष बोटीकनेरा, दासराम बड़े बंजोडा, निराशा कोर्राम कुसमा, श्रीमती गीता नेताम मालाकोट, श्रीमती भुवनेश्वरी बघेल बाखरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचगण मौजूद रह।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव**, 1 मई (देशबन्धु)। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव द्वारा सेक्टर एवं ग्राम पंचायत बनियागांव के आंगनबाड़ी केन्द्र बनियागांव सरगीपारा के लिए आंगन बाड़ी कार्यकर्ता और बड़ेभिरावण्ड सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत भगदेवा के आंगन बाड़ी केन्द्र भगदेवा स्कूलपारा-02 के लिए आंगन बाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव में कार्यालयीन समय में 01 मई से 15 मई तक जमा किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित पर्यवेक्षक एवं परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# जिले के अधिकारियों के साथ बैठक

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी, नेशनल लोक अदालत, मॉनिटरिंग सेल व हिट एंड रन संबंधी



**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, नेशनल लोक अदालत, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन के संबंध में कोण्डागांव जिले के अधिकारियों के साथ 30 अप्रैल को बैठक संपन्न होने की प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के अध्यक्षता एवं उनकी उपस्थिति में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन, नेशनल लोक अदालत, की बैठक प्रधान न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर कोण्डागांव सुश्री नुपूर राशी पन्ना, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिरकण के सचिव सुश्री गायत्री साय, पी.डब्ल्यू.डी.विभाग के अधिकारी एवं जिला अभियोजन अधिकारी पदमा राव एवं डीएसपी कोण्डागांव के.पी.मरकाम सम्मिलित रहे। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी- बैठक में अनुशंसित बंदियों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से ऐसे मामलों पर विचार किया गया जिसमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं, जहां पर जमानत संभव है, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा के अलावा सजायाफ्ता बंदियों की स्थिति पर भी चर्चा किया गया।

नेशनल लोक अदालत- 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में रखकर मामलों को निपटारा करने हेतु न्यायाधीश द्वारा कलेक्टर कोण्डागांव को निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस विभाग को ट्रॉफिक चालान को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मॉनिटरिंग सेल- न्यायिक अधिकारियों के आवास गृह निर्माण के संबंध में तथा नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति के संबंध में चर्चा किया गया।

हिट एण्ड रन- हिट एण्ड रन के संबंध में बैठक ली गई, जिसमें अज्ञात वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से हुई मौतों और घायलों के ट्रेन कम्पनसेशन की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की चर्चा की गई। पीडित पक्षकारों के लिए क्षतिपूर्ति आवेदन प्रक्रिया एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु या गंभीर चोटों हेतु मुआवजा निर्धारित करने पुलिस व परिवहन विभाग से संबंधित दस्ताबेज तैयार कर एसडीएम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने व्यवहार न्यायालय नारायणपुर का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 1 मई (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी ने 29 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय नारायणपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय के प्रशासनिक कार्यों, लंबित मामलों की स्थिति, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, न्यायालय कक्षों कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान, जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर की साफ-सफाई रिकॉर्ड रखरखाव, स्टाफ की उपस्थिति तथा आम जनता की शिकायतों पर विशेष ध्यान देने कहा गया तत्पश्चात् नवीन न्यायालय भवन हेतु आंबटित भूमि के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, नारायणपुर एवं पटवारी को 05 मई के पूर्व चैहदी सहित सीमांकन रिपोर्ट दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नारायणपुर को बन रहे न्यायिक अधिकारी भवन का आधार, रोड से उपर निर्माण कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निरीक्षण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर सुश्री प्रतिभा मरकाम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय, राम नारायण नाग प्रशासनिक अधिकारी, अभिषेक तिवारी वरिष्ठ निज सहायक एवं जिला प्रशासन से अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एस.डी.एम. गौतम चंद्र पाटिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर सुशील कुमार नायक, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नारायणपुर टी.चैरसिया उपस्थित थे।

# कांग्रेस के इंद्रावती बचाओ रैली में उमड़ा जन सैलाब

- कांग्रेसी काफी संख्या में पहुंचे कलेक्ट्रेट घेराव करने
- बैरिकेड लगाकर पुलिस ने कलेक्टर पहुंचने से उन्हें रोका
- कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**जगदलपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। इन्द्रावती नदी जलसंकट के स्थायी समाधान, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार व किसानों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी हिंदी तीन दिवसीय पदयात्रा निकालकर बुधवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे। किंतु पुलिस द्वारा बेरिकेट लगाकर प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को रोका गया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बच के साथ पदाधिकारी ओम कार्यकर्ता गण काफी जोश में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

**प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया**

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बॉयस ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान है और धान का कटोर कहा जाता है। यहां की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। बस्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सम्भाग (भौगोलिक दृष्टि से) है, जो केरल सहित कई राज्यों से बड़ा है। इन्द्रावती नदी बस्तर की प्राणदायिनी है, यह नदी उड़िसा राज्य के कालाहाण्डी क्षेत्र से निकल कर बस्तर में प्रवेश करने के बाद संभाग में 233 कि.मी. बहती है, पिछले कुछ दशकों से नदी में गैर मानसून काल में जल संकट की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। सिंचाई के लिए किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है, इससे किसान परेशान है, जिसे देखते हुए निम्नलिखित मांगों एंव समस्याओं के निराकरण हेतु शासन से समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध है। कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों की मांगों एवं समस्याओं पर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करने दिनांक 28 से 30 अप्रैल तक लोहंडीगुड़ा ब्लाक के चित्रकूट जलप्रपात से जगदलपुर तक पदयात्रा की गई है। विश्वास है कि शासन द्वारा मांगों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर तत्परता से कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने मांगों के संबंध में बताया कि इन्द्रावती नदी जल संकट का स्थायी समाधान -इन्द्रावती नदी में बस्तर सीमा से पांच किलोमीटर दूर ओडिसा के ग्राम सूतपदर में कभी जोरा नाला मिलता था, जो इन्द्रावती नदी का सहायक था, पर कालांतर में प्राकृतिक घटना व अन्य कारणा से इन्द्रावती नदी जोरा नाला की सहायक बन गईहै। नदी के जल का बड़ा हिस्सा गैर मानसून काल में (माह अक्टूबर से जून तक) जोरा नाला में प्रवाहित होता, इसके कारण यहां बस्तर की नदी में जलसंकट की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जलसंकट के स्थायी समाधान हेतु छत्तीसगढ़ एवं उड़िसा राज्य के बीच 24 दिसम्बर 2003 को प्रमुख अभियंता स्तर पर हुए समझौते के तहत जल बहाव का 50-50 प्रतिशत गैर मानसून सीजन में बंटवारा किया जाना है। इन्द्रावती जोरा नाला संगम में रेत क जमाव व अन्य कारणों से छत्तीसगढ़ को आधा पानी मिल पाता है। हमारी मांग है कि रेत की सफाई, कन्ट्रोल स्ट्रक्चर के रख रखाव हेतु दोनों राज्यों की संयुक्त निगरानी टीम गठित की जाए, गैर मानसून सीजन में पूर्व की मांग के अनुरूप 8.115 टीएमसी पानी छ.ग. को देने, ओड़िसा के साथ रत्न स्तर पर चर्चा की जाए। केन्द्रीय जल आयोग के मध्यस्था में छ. ग.शासन को उड़िसा के साथ शासन स्तर की वार्ता की पहल इन्द्रावती नदी जलसंकट के स्थायी समाधान के लिए करना चाहिए। अभी से आवश्यक कदम शासन द्वारा यदि नहीं उठाये जातें तो इन्द्रावती नदी और गंभीर संकट से घिरने की आशंका बनी रहेगी। इन्द्रावती नदी कछार विकास प्राधिकारण जिसका गठन इन्द्रावती 30142 नदी के संरक्षण हेतु पूर्ववर्ति कांग्रस सरकार द्वारा किया गया था, जिसे वर्तमान सरकार ने भंग कर दिया है। प्राधिकरण का तत्काल पुनर्गठन कर नियुक्तियां करते हुए कियाशील किया जाए। इन्द्रावती नदी में मटनार, देउरगांव, बैराज सहित बस्तर संभाग में उन सभी सिंचाई योजनाओं के निर्माण में तेजी से कार्य प्रारंभकिया जाए, जिससे निजी भूमि को डूबान शून्य अथवा न्यूनतम से न्यूनतम हो। इस वर्ष रबी सीजन में इन्द्रावती नदी जलसंकट के कारण किसानों को विशेषकर बस्तर, तोकापाल एवं लोहडीगुड़ा विकासखंड में सिंचाई के लिए समय पर पानी नहीं मिलने से फसल बर्बाद हो गई है, फसल पर ओला वृष्टि की मार पड़ी है। फसल नुकसान का सर्वेक्षण करा कर प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रभावित सिानों को कृषि ऋण माफ किया जाए तथा भविष्य में किसानों को फसल सिंचाई के लिए समय पर पानी मिल सके इसके लिए जल संसाधन कृषि विभाग, किसानों के साथ बैठकर कार्ययोजना तैयार की जाए।. कोसारटेडा क्षेत्र में उपजाउ कृषि भूमि पर चिड़ियाघर का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे वहां की किसान अपनी जमीन से वंचित हो जाएंगे, यह निर्णय जन विरोधी है और बस्तर जैसे कृषि प्रधान आदिवासी बाहुल्य और प्राकृतिक क्षेत्र में पूरी तरह अव्यवहारिक है। हम मांग करतें है कि इस परियोजना पूर्ण समीक्षा की जाए और किसानों की जमीनों को बचाया जाए।

# सेवानिवृत्त अधीक्षक केएल नेताम को दी गई भावभीनी विदाई



**कोण्डागांव**, 1 मई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय कोण्डागांव में पदस्थ अधीक्षक के.एल.नेताम को 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्ति एक भावुक क्षण होता है। उन्होंने बताया कि श्री नेताम 42 वर्षों की शासकीय सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन सहित अन्य विभिन्न दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया है। कलेक्टर ने श्री नेताम के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि अब वे अपने पारिवारिक दायित्वों को और बेहतर ढंग से निभा सकेंगे। इस अवसर पर श्री नेताम एवं उनके परिवार को जिला कार्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

लड़का- जान, तुम्हारा नाम हाथ पर लिखूं या दिल पर?

लड़की- इधर-उधर कहां लिखते हो सच्चा प्यार है तो प्रॉपर्टी के पेपर्स पर लिखो सीधी बात।

संपादकीय

## झाड़-फूंक से बचें

*प्रदेश से झाड़-फूंक की आड़ में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है जो यह बतलाता है कि लोगों, खासकर अशिक्षित या कम पढ़े-लिखों में किसी भी बीमारी के उपचार के रूप में झाड़-फूंक पर भरोसा बना हुआ है। ऐसे लोगों को इससे बचाने तथा उन्हें इलाज के लिये आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित करने कि लिये जनजागरण अभियान चलाये जाने की ज़रूरत है। इलाज के लिये सभी को शासकीय हो या निजी चिकित्सालय जाना चाहिये, न कि इन बाबाओं, बैगाओं या किसी अन्य तरह की झाड़-फूंक करने वालों के पास जाकर पैसा और समय खर्च करना चाहिये।*

*रायगढ़ के तमनार के एक गांव में एक किशोरी के बीमार होने पर उसके मां-बाप उसे गोढ़ी गांव के एक त्रिभुवन अघरिया के पास ले गये। उसने पूजा-पाठ के नाम से कुछ प्रक्रिया की तथा किशोरी को लेकर जंगल के भीतर चला गया। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिवारजन उसे ढूंढ़ने गये। उन्हें देखकर बैगा भागने लगा। लड़की ने बताया कि त्रिभुवन ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट लिखाने पर उसे बलात्कार तथा पॉक्सो के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह की अनेक घटनाएं होती रहती हैं। लोग मानते हैं कि किसी के द्वारा टोना-टोटका करने पर कोई बीमार हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है। कुछ अरसा पहले कांकेर जिले के कोरर क्षेत्र में स्थित बांसकुंड गांव में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की ग्रामीणों ने इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक हो गया था कि बुजुर्ग ने जादू-टोना कर कुछ गांववासियों के प्राण लिये हैं। इस सम्बन्ध में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। लोगों को समझना चाहिये कि इस तरह कोई भी किसी को जादू-टोना कर नहीं मार सकता।*

*इस तरह का अंधविश्वास ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। गांव में किसी को कोई बीमारी होने पर घर के लोग उन्हें अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक करने वालों के पास ले जाते हैं। यहां तक कि किसी को डॉक्टरों के उपचार से लाभ नहीं होता तो वे बेहतर अस्पतालों में जाने की बजाय जादू-टोना करने वालों के पास जाते हैं। अक्सर उनके इलाज से स्थिति और गम्भीर हो जाती है। लोग जान भी गंवाते हैं। ज्यादातर मामलों में बैगा यह कहकर पीछा छुड़ा लेता है कि किसी व्यक्ति के कारण मरीज बीमार हुआ है या उस पर भूत आया है। फिर उन्हें कुछ पूजा-पाठ या उपाय बताये जाते हैं।*

*विज्ञान और तकनीकी विकास के इस युग में लोगों को किसी प्रकार की बीमारी हो या कोई परेशानी- तो हल करने का तर्कसंगत तरीके अपनाने चाहिये। इनके कारण या तो लोगों की जान जाती है या फिर बैगा कहलाने वाले उन्हें ठगते हैं। लोगों को चाहिये कि वे बीमार होने पर अस्पतालों में ही इलाज करायें।*

# राजधानी में मौसम ने दिखाया विकराल रूप

## आंधी-तूफान से छाया अंधेरा, हुई तेज बारिश



**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी तूफान के चलते साढे चार बजे घनघोर अंधेरा छा गया इसके बाद बारिश भी हुई। मौसम विभाग की माने तो करीब 60 से 70 किमी की गति से आई तेज हवाओं के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की खबर है। वहीं मौसम का ऐसा विकाराल रूप देख लोग दंग रह गए। ऐसी हालत में जो जहां था वह वहीं ठहर गया।

**मौसम विभाग ने जारी की है चेतावनी**

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश में अगले चार दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने और रायपुर समेत कई इलाकों में 40 से 50 किमी की गति से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। आज इसका असर रायपुर में दिखा। सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक तेज धूप थी। इसके चलते तापमान में बढ़ोतरी हुई। 4 बजते ही अचानक मौसम ने करवट बदली और आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई।

**बारिश के साथ गिरे ओले**

प्रदेश में रायपुर के अलावा दुर्ग संभाग के जिलों में भी बारिश हुई। कहीं.कहीं ओले भी गिरे हैं। बेमेतरा जिले में आंधी तूफान के साथ बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शहर में दो बड़े.बड़े होल्डिंग्स गिर गए। वहीं कई बिजली खंभे भी तूफान में प्रभावित हुए है। जिसके चलते करीब 1 घंटे से बिजली सेवा बंद है।

मौसम वैज्ञानिक सुनील गुप्ता के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आने और वेस्टर्न डिस्टरबेंसए ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। कई जिलों में दिन का तापमान 35 से 39 डिग्री के बीच बना हुआ है। बुधवार को 36.5 डिग्री के साथ रायपुर सबसे गर्म रहा। लेकिन यह पारा सामान्य से 4.6 डिग्री कम था। दिन में धूप रही लेकिन शाम को ठंडी हवाएं से गर्मी और उमस से राहत रही। रायपुर में रात का तापमान 22.4 डिग्री रिकार्ड किया गया यह भी सामान्य से करीब 3.7 डिग्री कम था।

**नया रायपुर स्थित मंत्रालय में लगे कांच हुए चकनाचूर**

वहीं दूसरी ओर नया रायपुर में भी बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि मौसम का मिजाज ऐसा बदला कि नया रायपुर स्थित मंत्रालय भवन भी इसकी चपेट में आ गया। गुरुवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और तूफान ने राजधानी के कई इलाकों में तबाही मचाईए और इसका सबसे बड़ा असर मंत्रालय भवन पर देखने को मिलाए जहां पूरी बिल्डिंग के कांच चकनाचूर हो गए।

## हाईटेंशन तार पर गिरा पेड़, ट्रेनों की रफ्तार रूकी, यात्री हुए परेशान



भीषण गर्मी के बाद राजधानी में आज शाम मौसम ने अचानक अपना रुख बदला। अचानक आंधी तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं इस तेज आंधी और तूफान ने रेलवे सेवाओं को बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। विशेष रूप से रायपुर रेल मंडल के कई हिस्सों में इसका असर देखा गया। तो वहीं कुम्हारी क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते रेलवे के हाईटेंशन तारों पर पेड़ गिर गया। जिससे



बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से रुक गया। बिलासपुर.अमृतसर एक्सप्रेस कुम्हारी के पास अचानक रोक दी गई। रायपुर रेलवे स्टेशन पर भी कई ट्रेनें खड़ी हैं। रायपुर.सिकंदराबाद एक्सप्रेस अब तक स्टेशन से रवाना नहीं हो पाई है। वहीं रायपुर.केवटी पैसेंजर और झारसुगुड़ा.गोंदिया पैसेंजर भी प्लेटफॉर्म पर ही खड़ी हैंए जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ घंटों में ही स्थिति सामान्य हो गई और सभी ट्रेनों को रवाना किया गया। बिलासपुर अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को रवाना किया गया तो वहीं रायपुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस अभी रायपुर स्टेशन से रवाना हुईएलेकिन रायपुर केवटी पैसेंजर और झारसुगुड़ा गोंदिया पैसेंजर अब तक स्टेशन पर ही खड़ी है।

## सुपरस्पेशलिटी चिकित्सकों के संविदा वेतन में वृद्धि, आज से लागू हुई नई दरें

**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय रायपुर ने सुपरस्पेशलिटी चिकित्सकों के संविदा वेतनमान में व्यापक संशोधन संबंधी आदेश जारी किया है। यह संशोधित वेतनमान आज यानी 1 मई से लागू होगा।

जारी आदेशानुसार, प्राध्यापक (सुपरस्पेशलिटी) के संविदा वेतन को 3 लाख प्रति माह तक बढ़ाया गया है, जबकि सहायक प्राध्यापक (सुपरस्पेशलिटी) को अब ढाई लाख प्रति माह, तथा एक अन्य श्रेणी के सहायक प्राध्यापक को डेढ़ लाख प्रति माह वेतन प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त सीनियर रेसीडेंट (सुपरस्पेशलिटी) को 1 लाख प्रति माह का संशोधित वेतन प्रदान किया जाएगा। विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्रों में कार्यरत इन सभी श्रेणी के चिकित्सकों को निर्धारित वेतन के अतिरिक्त 30 हजार प्रति माह की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी।



## दिनेश मिरानिया के परिवार को राज्य सरकार देगी 20 लाख

**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की कि राज्य सरकार दिवंगत दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री साय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति कहा। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस दुःखद घड़ी में मिरानिया परिवार के साथ है। यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है।

# बारिश में ही निकली मई दिवस रैली




- 20 मई को राष्ट्व्यापी आम हड़ताल का ऐलान
- मजदूर विरोधी एवं निजीकरण की नीति को वापस लेने की मांग

**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर राजधानी में संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के आव्हान पर श्रमिकों व कर्मचारियों ने मोतीबाग से भारी बारिश के बीच ही जंगी रैली निकालकर राजधानी की सड़कों पर मार्च किया। मोदी सरकार की मजदूर विरोधी श्रम संहिता एवं निजीकरण की नीति को वापस लेने की मांग पर 20 मई को राष्ट्व्यापी हड़ताल को छत्तीसगढ़ में भी सफल बनाने का ऐलान किया। मोतीबाग से निकली यह रैली छोटापारा, कोतवाली, निगम मुख्यालय होते हुए राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा में तब्दील हो गई द्य इस दौरान देश की प्रमुख ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल को छत्तीसगढ़ में जबरदस्त रूप से सफल बनाए जाने का संकल्प लिया गया द्य सैकड़ों की संख्या में शामिल लोगों ने बैनर, झंडो व पोस्टरों से सुसज्जित रैली में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की श्रमिक व किसान विरोधी नीतियों का कड़ा विरोध करते हुए इसके खिलाफ एकजुट संघर्षों को आगे बढ़ाने का उद्घोष किया द्य इस अवसर पर हुई सभा को सी जेड आई ई ए के महासचिव धर्मराज महापात्र, तृतीय वर्ग शास कर्म संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, डाक कर्मचारी नेता दिनेश पटेल, आशुतोष सिंह, बी एस एन एल के हरिराम पाल, जे एस नशकर आर डी आई ई यू के महासचिव सुरेंद्र शर्मा, राजेश पराते ने संबोधित किया। नेताओं ने मजदूर विरोधी चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने, सरकारी क्षेत्र में शीघ्र नई भर्ती आरम्भ करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने, 26000 रुपए न्यूनतम वेतन प्रदान करने, समान काम का समान वेतन प्रदान करने, ठेका प्रथा व आउट सोर्सिंग पर रोक लगाने, किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम प्रदान करने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लेने, मनरेगा में 200 दिनों तक रोजगार प्रदान करने, सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण पर रोक लगाने, बीमा क्षेत्र सहित आधारभूत क्षेत्रों में एफ डी आई वापस लेने मांग की द्य वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 44 श्रम कानूनों को निरस्त कर 4 श्रम संहिताओं को लागू करने की ओर केंद्र सरकार के बढ़ते कदमों से श्रमिकों को गुलामी के जीवन में धकेलने की तैयारियां हो रही है द्य केंद्र सरकार संविधान, जनवाद व धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों को समाप्त कर तानाशाही थोपने के प्रयास कर रही है।

एक राष्ट्र एक चुनाव व समान नागरिक संहिता जैसे कदमों से लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा पैदा हो गया है द्य चुनाव आयोग, ई डी, सी बी आई जैसी समस्त संस्थाओं की स्वायत्तता पर हमले कर विपक्ष के खिलाफ उनका दुरूपयोग किया जा रहा है द्य इन स्थितियों के खिलाफ देश के मजदूरों किसानों ने अपने संघर्षों को एकजुटता के साथ तेज करने का ऐलान किया है द्य 20 मई को आजाद भारत की सबसे बड़ी हड़ताली कार्यवाही के साथ 20 करोड़ से अधिक मेहनतकश संघर्षों की नई श्रृंखला का आगाज करेंगे। संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के नेतृत्व में आज की कार्यवाही में उसके घटक संगठनों सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, बी एस एन एल एम्पलाइज यूनियन, दवा विक्रेता संघ, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन, छ ग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, डाक कर्मचारी संघ, एम्स यूनियन से जुड़े श्रमिकों व कर्मचारियों ने भारी संख्या में शिरकत की द्य सभा की अध्यक्षता और संचालन संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के अध्यक्ष वी एस बघेल ने किया।

# मुस्लिम समाज के हित में है वक्फ संशोधन अधिनियम : विष्णुदेव साय




**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुराने वक्फ बिल की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास नए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से किए जा रहे है, ताकि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और गरीब तबके के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सकें और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वक्फ सुधार जनजागरण अभियान समिति रायपुर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 विषय पर मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित व्याख्यान माला में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 मुसलमानों के हित में है और इसका लाभ सभी मुसलमानों को होगा। यह बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं है। विषय-विशेषज्ञों एवं समाज के सभी तबके से सलाह मशवरा कर यह कानून लाया गया है।

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से हो रहे सुधार : केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह

व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से रिफार्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो या ट्रिपल तलाक जैसे कानूनों को समाप्त कर मुस्लिम ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

## आंधी-बारिश में एनएचएम कर्मचारियों का प्रदर्शन, स्वास्थ्य भवन का किया घेराव



**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने, संविलियन, ग्रेड पेय स्केल निर्धारण, मेडिकल अवकाश समेत अन्य मांगों को लेकर आज तुता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। आंधी-तूफान और बरसते बारिश के बीच 6000 से ज्यादा एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन का घेराव किया।

स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मिशन संचालक सह आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. इस दौरान अधिकारियों ने एक माह में समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया, स्वास्थ्य सचिव से विभिन्न मांगों के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने महीनेभर के भीतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया. मिशन संचालक आयुक्त ने भी एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को अतिशीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया है। चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

- महीनेभर में मांगों को पूरा करने का मिला आश्वासन

एनएमएच कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी, कौशलेश तिवारी ने कहा, संघ 20 वर्षों से मांग करता आ रहा है, लेकिन आज पर्यंत तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जबकि मणिपुर, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु में नियमितीकरण एवं मेडिकल अवकाश जैसे कई महत्वपूर्ण सुविधा दी जा रही है।

## कांग्रेसियों ने बोरे-बासी दिवस मनाया, अधिकांश बड़े लोगों ने बनाई दूरी

**रायपुर**, 1 मई(देशबन्धु)। मजदूर दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेसियों ने बोरे-बासी दिवस मनाया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने बोरे बासी खाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पूर्व सीएम बघेल ने लगातार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक त्यौहारों को धूम धाम से मनाया। अब राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद भी उन्होंने आज 1 मई को भी तमाम क्रांगेस नेताओं के साथ उन्होंने खैरागढ़ के अवेली में बोरे-बासी खाकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया। हालांकि आजअधिकांश कांग्रेसी इससे दूर रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला सहित कुछ ही नेताओं की फोटो आई है।



प्रदेश के गांवों में बोरे-बासी भोजन ही नहीं बल्कि परंपरा का हिस्सा है। पिछली कांग्रेस सरकार ने बोरे-बासी का जमकर प्रचार किया था। 1 मई को मजदूर दिवस के साथ-साथ बोरे-बासी दिवस मनाना शुरू कर दिया। जैसे ही पिछली सरकार ने बोरे-बासी में रुचि दिखाई, छत्तीसगढ़ के तकरीबन हर बड़े लोगों को बोरे-बासी अचानक बेहद पौष्टिक लगने लगा। एक मई को मजदूरों के सम्मान के जितने वीडियो नहीं आते थे, बड़े लोगों और टाप ब्यूरोक्रेट्स के सपरिवार चम्मच से बोरे-बासी खाते हुए वीडियो का सोशल मीडिया और रेगुलर मीडिया में ढेर लग जाता था। इनमें से 20-30 बेहद प्रभावशाली लोगों की बोरे-बासी खाती हुई तस्वीरें अखबारो में छपी थी। बोरे-बासी की निकल पड़ी थी। फिर, डेढ़ साल पहले कांग्रेस सरकार चली गई। इसके बाद पिछले साल पहला बोरे-बासी दिवस आया। उस दिन भी बोरे-बासी खाते हुए कुछ वीडियो-फोटो इंस्टा और एफबी में शेयर किए गए। लेकिन इस बार तो जैसे बोरे-बासी की महत्ता ही खत्म हो गई। कुछ कांग्रेसियों ने जरूर बोरे-बासी के साथ फोटो शेयर किए। ऐसी उम्मीद भी थी कि आज वे जरूर इसे खाएंगे। लेकिन अधिकांश कांग्रेसियों ने भी बोरे-बासी से किनारा कर लिया। छत्तीसगढ़ में परंपरा है, इसलिए बोरे-बासी हर दूसरे घर में अक्सर खाया जाता है, गर्मी की वजह से आज भी खाया गया होगा, लेकिन किसी ने फोटो-वीडियो शेयर नहीं किया।

**कांग्रेस ने बोरे-बासी के नाम पर किया भ्रष्टाचार, भाजपा ने पोस्टर किया वायरल**

वहीं दूसरी ओर भाजपा ने भी एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए लिखा- कांग्रेस ने बोरे बासी के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार किया है. और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के नाम पर ठगने का भी।

भाजपा ने बकायदा एक कार्टून जारी किया है, जिसमें भूपेश बघेल और मजदूरों को हाईलाइट किया गया है। इस कार्टून के साथ भाजपा ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के नाम पर ठगेश ने किया था करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार।

**आज सुशासन तिहार, सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर**

**बिलाईगढ़,** 1 मई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा लोक जनकल्याणकारी शिविर, अभियान आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार में प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आवेदनों के निराकरण करने हेतु सारंगढ़ में 2 मई को कल्याणी परिवहन सुविधा केन्द्र बनियापारा सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है।



# जनजातीय संग्रहालय नवा रायपुर में बन कर तैयार





■ जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधारित है संग्रहालय

■ एक छत के नीचे दिखेगी पूरे छग की आदिवासी संस्कृति

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक नवा रायपुर में देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो चुका है। आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम आज इस संग्रहालय का निरीक्षण किया। यह ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधरित है। एक ही छत के नीचे तैयार हो रहे म्यूजियम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा से पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान कहा कि संग्रहालय के मूर्त रूप में आ जाने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। जल्द ही आदिवासियों की जीवन शैलियों पर आधारित म्यूजियम पर्यटकों के लिए समर्पित होगा। इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक एवं एआई की मदद ली जा रही है। सभी पारंपरिक सामग्रियों का क्यूआर कोड तैयार कराया जा रहा है। इससे क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उस विधा-सामग्री की पूरी जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी। अर्थात् यह ट्रायबल म्यूजियम आधुनिकता के सभी पहलुओं से सुसज्जित होगा।

यह ट्रायबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जनजातियों के लिए वन दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला और सबसे महत्वपूर्ण जीविकोपार्जन का साधन है। छत्तीसगढ़ में 42 प्रकार की जनजातियां मुख्यत: निवास करती है। यहां 44 प्रतिशत से अधिक वन हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 72 लाख की जनजाति जनसंख्या निवासरत है जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 लाख जनजाति जनसंख्या निवास करती है। आदिवासियों की आजीविका मुख्यत: वनोपज पर निर्भर है। जनजातीय समुदाय का, वनों के संरक्षण और संवर्धन में महती भूमिका है। वे वनोपज और जड़ी बूटियों का उपयोग इस प्रकार करते हैं कि उसके अस्तित्व पर संकट न आये। बैगा आदिवासी कभी साजा का पेड़ नहीं काटते, इसमें वह बूढ़ा देव का वास मानते है प्रकृति और जीवन के बीच आपसी समन्वय जनजाति समाज में गहरी जड़ों तक समाया हुआ है। इस संग्रहालय में आदिवासी समुदाय के इतिहास, परंपराओं, और रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी दी गई है। वहीं जनजातीय कलाकृतियाँ, वस्त्र, आभूषण, उपकरण, और अन्य वस्तुएं भी प्रदर्शित कर आदिवासी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया हैं। इस मौके पर विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बी.एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती सहित विभागीय इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश की केयरएज रैंकिंग में बड़ी छलांग

**शासन, सामाजिक विकास और अर्थव्यवस्था में जबरदस्त सुधार**

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों की सूची में अपनी रैंकिंग को तीन स्थान तक बेहतर किया है। वर्ष 2023 की तुलना में राज्य का समग्र स्कोर 6.1 अंकों की वृद्धि के साथ 34.8 से बढ़कर 40.9 हो गया है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ देश के 17 बड़े राज्यों के ग्रुप में 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गया है। यह प्रदर्शन शासन, सामाजिक संकेतकों और आर्थिक मजबूती में व्यापक सुधार का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह 'टीम छत्तीसगढ़' की एकजुट मेहनत और जन-सेवा की भावना का परिणाम है। हमने शासन में पारदर्शिता, सेवा की गति, और नागरिकों की भागीदारी को प्राथमिकता दी है। सामाजिक क्षेत्र में हमारा जोर शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण पर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में निवेश और रोजगार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि केयरएज की यह रिपोर्ट हमारे कार्यों का आंकड़ों के रूप में मान्यता है। हमने हर क्षेत्र में सुधार की नीति अपनाई है, चाहे वह आर्थिक सशक्तिकरण हो, शिक्षा हो या स्वास्थ्य सेवाएं। यह उपलब्धि सभी के प्रयास और जनता के सहयोग का परिणाम है। छत्तीसगढ़ राज्य अब राष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निकट भविष्य में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

केयरएज की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में आर्थिक प्रदर्शन के मापदण्ड पर उल्लेखनीय 9.9 अंकों की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2023 में जहां राज्य 12वें स्थान पर था, वहीं 2025 में यह 7वें स्थान पर आ गया है। यह राज्य की आकर्षक औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। छत्तीसगढ़ ने वित्तीय प्रबंधन को बेहतर करते हुए राजस्व संग्रहण की दक्षता बढ़ाई है। जीएसटी संग्रहण में वृद्धि और बजट प्रबंधन में पारदर्शिता के कारण राज्य की राजकोषीय स्थिति अधिक मजबूत हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने शासन-प्रशासन के क्षेत्र में 14.2 अंकों की छलांग लगाई है, सार्वजनिक सेवा, कानून व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस में किए गए सुधार इसके मुख्य कारण रहे। वहीं सामाजिक क्षेत्र में 17.8 अंकों की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि राज्य ने साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आय-समानता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छत्तीसगढ़ राज्य ने आर्थिक क्षेत्र में भी लगभग 10 अंकों की बढ़त दर्ज की है, जो राज्य की स्थिर विकास दर में वृद्धि और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का शुभ संकेत है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि 2025 की कार्यप्रणाली में 50 संकेतकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया, जबकि 2023 में यह संख्या 46 थी। 2023 और 2025 के बीच छत्तीसगढ़ ने शासन, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किया है।

# बरसते पानी में बिना लाइट माईक के मई दिवस संपन्न हुआ




**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। रायपुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वाधान में प्रति वर्षानुसार आज संध्या 6 बजे फाफाडीह स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में मई दिवस का आयोजन किया गया। पहली बार बरसते पानी, बिना माइक, बिना लाइट शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रायपुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के संयोजक एचपी साहू सह संयोजक विजय कुमार झा ने बताया है कि आज की सभा में पहलगाम बैसरन धाटी में शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके लिए न्याय की कामना की गई। इस अवसर पर ट्रेड यूनियन के सहसंयोजक सुधाकर चिलमवार, सुख दास बंजारे, रामचंद्र टांडी, उमेश मुदलियार, संजय शर्मा, विजय कुमार झा, शेख जुम्मन, सीएल दुबे, विजय डागा, सतीश शर्मा, पिताम्बर पटेल आदि अनेक कर्मचारी नेता उपस्थित थे। कर्मचारी नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए मजदूरों का शोषण तत्काल बंद हो तथा उनके साथ न्याय हो यही अपने संबोधन में उद्धत किया। अंत में 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# पहलगाम आतंकी हमले में मोदी फैसले से देश में एकता एकजुटता का जबरदस्त माहौल



**आतंकी मामले में सेना को खुली छुट देना प्रधानमंत्री मोदी का अहम फैसला : चेमन देशमुख**

**दल्लीराजहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने देशबन्धु से पहलगाम आतंकी मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार के फैसले से देश में एकता और एक जुटता का जबरदस्त माहौल है ताकि पहलगाम जैसे अपराध करने की पाकिस्तान कभी सोच भी न सके। चेमन देशमुख ने आगे कहा की ऐसी हरकत पाकिस्तान भारत की धरती पर बार बार किया है और भारत 26/11 पुलगागाम आंतकी घटना की जांच में पाकिस्तान को जांच कमेटी में शामिल करती थी इस बार मोदी सरकार ने पहलगांव आतंकी घटना के जांच में पाकिस्तान की अपील को ठुकरा कर व भारतीय सेना को पहलगांव की आतंकी घटना में खुली छुट दे कर अहम फैसला लिए है। उन्होंने आगे कहा की पाकिस्तान भारत में आतंक घटना को अंजाम देकर साफ मुकर जाता है। अब भारत की मोदी सरकार यह ठान लिए है पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करके ही मानेंगे जो कार्य 70 सालों में कांग्रेस की सरकार पाकिस्तान सरकार के विरूद्ध नहीं किया वह कार्य केन्द्र की मोदी मंत्री मंडल ने सिंधु नदी समझौता को तोड़ कर खुले जंग की चेतावनी पाकिस्तान को दे दी है। भारत से पाकिस्तान में निर्यात होने वाले सभी दवाइंयों में रोक लगाकर भारत ने पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर किया है। अध्यक्ष चेमन देशमुख ने यह भी कहा की अब भारत पाकिस्तान को ललकार कर कहा है की खुले रूप में आओ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या पाकिस्तान की अमानवीय सोच का नतीजा है,भारत के मोदी सरकार में वह ताकत है कि वह ऐसे हर अमानवीय कृत्य का जवाब खुले रूप से दे सकती है।

# हमारे जवान मारे जाते थे तो शांतिवार्ता के लिए बीआरएस नहीं करती थी बात : चौधरी



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एंटी नक्सल आपरेशन पर तेलंगाना सीएम के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में माओवाद से निपटने के लिए शांतिवार्ता की पहल की जा रही है।हम उन भूले-भटके लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए तैयार हैं और शांतिवार्ता के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तक का प्रस्ताव रखा है। श्री चौधरी ने कहा, बस्तर जैसे क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही है। हमारा उद्देश्य न केवल शांति लाना है, बल्कि इन क्षेत्रों के विकास को भी सुनिश्चित करना है. जो नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं, उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जा रहा है।नियद नेल्लानार योजनाएं चलाकर नक्सल पीड़ित गांवों में विशेष सुविधाएं भी दी जा रही है, लेकिन बी आर एस का मंतव्य जो सामने आया है वह निंदनीय है। नक्सली एनकाउंटर में हमारे जवान मारे जाते थे उस समय शांतिवार्ता के लिएबी आर एस कोई बात नहीं करती थी। आज जब सैकड़ों नक्सलियों को हमारे जवानों ने घेर रखा है तब शांतिवार्ता की बात कर रही।इस तरह उनका माओवाद प्रेम साफ दिखाई दे रहा। ओपी चौधरी ने कहा, हमारी सरकार तो नक्सलियों से वीडियो कांफ्रेंस से बात करने तैयार है।माओवादियों को मुख्यधारा पर लाने हमारी सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। बस्तर में बस्तर पोंडुम, बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन कर रही है।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नवदंपति को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**राजनांदगांव,** 1 मई (देशबन्धु)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलेसर पहुंचकर क्षेत्र वासियों का हाल चाल जाना ग्राम जंगलेसर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें सुखमय जीवन की उज्जवल कामना की।इस दौरान साथ में जिला पंचायत सभापति देव कुमारी साहू,राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर,ग्राम पंचायत जंगलेशर सरपंच श्रीमती लता देवल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित है।

# प्रदेश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क नवा रायपुर में

**13 एकड़ में सौ करोड़ की लागत से बनेगा, साय कल करेंगे भूमिपूजन**

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को सवेरे 11.30 बजे अटल नगर नवा रायपुर स्थित सेक्टर-22 (सीबीडी रेलवे स्टेशन के निकट) ए आई डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श ओ.पी. चौधरी मौजूद रहेंगे।

इस एआई एक्सक्लूजिव डाटासेंटर पार्क की लागत 1000 करोड़ रुपए होगी, यह 13.5 एकड़ मेंहोगा। इसमें 2.7 हेक्टेयर एरिया स्पेशल इकानामिक जोन के विकास के लिए होगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में डाटा सेंटर की मांग तेजी से बढ़ रही है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की बुनियाद डाटा सेंटर पर होती है। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली स्टेट है इस वजह से यहां पर डाटा सेंटर के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। रैस बैंक डाटा सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका भूमिपूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लगातार कोर सेक्टर के साथ ही आधुनिक जमाने के अनुरूप नये उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संकल्पित रूप से काम किया जा रहा है। बीते दिनों प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए भी भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 1163 करोड़ की है। डाटा सेंटर एआई को संचालित करने के लिए सबसे उपयोगी टूल होते हैं। एआई लार्ज लैंग्वेज माडल पर काम करते हैं और डाटा माइनिंग का काम करते हैं। जब भी डाटा माइनिंग होती है बड़े पैमाने पर ऊर्जा लगती है और इसके लिए डाटा सेंटर उपयोगी होते हैं। भविष्य की प्रगति इस बात पर निर्भर है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर किस तरह से आगे बढ़ेंगे। भारत अपना स्वयं का एआई माडल तैयार कर रहा है। स्वाभाविक रूप से देश की प्रगति के साथ छत्तीसगढ़ भी तेजी से कदमताल करेगा। अटल नगर में डाटा सेंटर के आने से रोजगार की बड़ी संभावनाएं भी पैदा होंगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनर्जी समिट किये गये हैं जिससे छत्तीसगढ़ देश के पावर हब बनने की दिशा में बढ़ेगा। ऐसे में डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से इस संभावना का भरपूर उपयोग हो सकेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने नई औद्योगिक नीति में आधुनिक तकनीक से संबंधित उद्योगों पर विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसका लाभ इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आने वाले उद्यमियों को होगा। इस तरह से अटल नगर में एआई एक्सक्लूजिव डाटासेंटर पार्क बनना बहुत शुभ संकेत है। विभाग ने सिंगल विंडो सिस्टम और ईज आफ डूइंग बिजनेस तथा स्पीड आफ बिजनेस को अपनाया है। इससे डाटा सेंटर के लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया बहुत जल्द की गई और अब इसका शुभारंभ किया जा रहा है।

# अंतराष्ट्रीय लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता ऑक्सफोर्ड में जज बनी छत्तीसगढ़ की सुगंधा जैन

**मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं सांसद ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। बोनवेरो इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की ओर से 21 अप्रैल से शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 के बीच ऑक्सफोर्ड में आयोजित हुए 18वें वार्षिक मोनरो ई. प्राइस मीडिया लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतर्राष्ट्रीय राउंड में छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की वकील सुगंधा जैन संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले शामिल हुई। यह पहला अवसर था जब विधि से जुड़ा छत्तीसगढ़ का कोई व्यक्ति अंतराष्ट्रीय लॉ से संबद्ध आयोजन में जज बनी है।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के लगभग 150 देशों के लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लॉ से संबंधित बारीकियों विशेष तौर पर मानवाधिकार पर भी जज के रूप में सुगंधा ने दुनियाभर के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 वर्षीय सुगंधा जैन पिछले 8 सालों से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के शासकीय संस्थानों से संबद्ध है। वह महिला उत्थान एवं कानूनी जागरूकता को लेकर जन जागरण अभियान में भी अपना योगदान देती रही है। आज लॉ जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय मंच में पहुंचकर भारत का मान बढ़ाने वाली सुगंधा की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव बताते हुए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। और उन्हें नौजवान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया है।

## निधन

### श्रीमती भागाबाई



**रायपुर,** 1 मई। पुरानी बस्ती बंधवा पारा सतबहिनिया माता मंदिर के बाजू निवासी श्रीमती भागाबाई धर्मपत्नी स्व. नत्थू लाल यादव का दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में दोपहर संपन्न हुआ। वे विद्युत मंडल से सेवानिवृत मन्नू लाल यादव की माता तथा शिवा यादव, शंभू यादव व भोला यादव की दादी थी। उनके निधन पर सतबहिनियां मंदिर के आचार्य पं विजय कुमार झा एवं पं उमेश पांडे, अनिल यादव, लक्ष्मीकांत यादव, कमलेश शर्मा आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## कैपिटल जोन का शेष...

### मुस्लिम समाज के हित में...

समाज के महिलाओं को हक दिलाने की बात हो, यह सभी कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। अब वक्फ बिल के माध्यम से पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाते हुए वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों को दूर कर सकारात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आगे बताया कि हमारी सरकार का प्रयास है कि वक्फ के माध्यम से समाज के वास्तविक लोगों को ही इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से यूपीए सरकार द्वारा आनन-फानन 2013 में वक्फ कानून में किए संशोधन से हुए नुकसान एवं विसंगतियों के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वर्तमान वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से होने वाले फायदों एवं विसंगति प्रावधानों के हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि आज वक्फ कानून के संबंध में जो गलतफहमी समाज में फैलाई जा रही है उससे हम सब को बचना है और नए वक्फ कानून की वास्तविकता को पहचाना एवं जानना है। हमारे विभाग द्वारा भी जिला स्तर से लेकर विकासखंडों तक ऐसे जागरण या व्याख्यान माला का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर में पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, धमतरी महापौर रामू रोहरा छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमेन डॉ. सलीम राज सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दुर्गम जंगलों में स्थित ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**गंडई पंडरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के घने जंगलों में स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडीप खोल गुफा का स्थल निरीक्षण किया। अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को गुफा के दर्शनार्थियों के लिए खुलने से पहले, कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दौरा किया।

कलेक्टर चंद्रवाल ने गुफा में प्रवेश कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधाओं हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ श्री रवि को मार्ग की साफ-सफाई और अन्य जरूरी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करने को कहा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अविनाश ठाकुर को गुफा के प्रवेश द्वार पर चेतावनी बोर्ड और गेट लगाने के निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालु सावधानीपूर्वक प्रवेश कर सकें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेला स्थल पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही स्थानीय युवाओं को गुफा दिखाने गाइड के रूप में रखने पर भी जोर दिया गया।

गुफा खुलने पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर ने पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही वन विभाग को गुफा के भीतर



■ मेला पूर्व सड़क, साफ-सफाई, पानी, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

■ अक्षय तृतीया के बाद प्रथम सोमवार को खुलने वाली ऐतिहासिक गुफा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

बैरिकेडिंग के लिए बांस और बल्लियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालु क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कर सकें।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ठाकुरटोला के जमींदार लाल रोहित सिंह पुलस्त्य और पुजारी राधा मोहन दास वैष्णव ने मंडीप खोल गुफा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया गुफा देखने 16 बार एक ही नदी को पार कर जाना होता है यह गुफा रियासतकालीन परंपराओं से जुड़ी है और हर वर्ष अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है। यहां पहले पूजा-अर्चना ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा की जाती है।

गुफा के समीप सेतगंगा कुंड स्थित है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि इस जल में कभी विकृति नहीं आती और इसका जल सदा शुद्ध रहता है। इसके समीप स्थित च्चमगादड़ गुफाज में हजारों चमगादड़ निवास करते हैं और दिन में भी यहाँ अंधकार बना रहता है। कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, वन एवं पुलिस विभाग अधिकारी कर्मचारी, ठाकुरटोला के जमींदार लाल रोहित सिंह पुलस्त्य और पुजारी राधा मोहन दास वैष्णव सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# अर्पण दिव्यांग स्कूल में सभाकक्ष का उद्घाटन



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर वन, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल भवन में बहुउद्देशीय सभा कक्ष का उद्घाटन किया गया है। रेसोनेट राउंड टेल 312 तथा रायपुर रेसोनेट लेडीज सर्कल 180 के सहयोग से निर्मित इस वातानुकूलित सभाकक्ष में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निखारने में मदद मिलेगी। वर्कशॉप के माध्यम से सांकेतिक भाषा में उनके हुनर का विकास किया जा सकेगा। सभाकक्ष का उद्घाटन मनीषा तुलस्यान प्रेसिडेंट लेडीज सर्कल ने किया। इस अवसर पर एरिया चेयर पर्सन नम्रता साहू विशेष रूप से उपस्थित थीं। मीनषा तुलस्यान ने कहा कि आधुनिक सुविधायुक्त यह हॉल बच्चों की शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच प्रदान करेगा। इस परियोजना में योगदान देने वाले चेयरमेन राघव गोयल, सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल, चेयरपर्सन निकिता गोयल व सचिव सुरभि डागा विशेष रूप से मौजूद थीं। स्कूल प्रबंधन ने इस सराहनीय कार्य के लिए रेसोनेट राउंड टेबल व लेडीज सर्कल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की समन्वयक सीमा छाबड़ा ने किया।

# अक्षय तृतीया पर बाजार रहा गुलजार

## सराफा में 200 करोड़ तो वाहनों की बिक्री 50 करोड़ पार

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। रायपुर समेत पूरे प्रदेश अक्षय तृतीया की धूम रही। सोने-चांदी की खरीदी के साथ ही गाड़ियों, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़ों के बाजार में भीड़ दिखाई दी। पूरे राज्य में जहां सराफा मार्केट में लगभग 200 करोड़ ;200 बतवतमेद्ध का कारोबार हुआ। वहीं वाहनों की खरीदी भी लगभग 50 करोड़ से अधिक की हुई।



### कारोबार पिछले साल से अच्छा

लोगों ने इस दिन को खास बनाते हुए जमकर खरीदारी की। सभी बाजारों में इस बार का कारोबार पिछले साल से अच्छा रहा। सोने के बढ़े भाव के बावजूद सराफा ज्वैलर्स की दुकानों में लोगों की भीड़ रही। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल अक्षय तृतीया पर अच्छा प्रतिसाद मिला। सराफा में करीब 13 फीसदी ज्यादा का कारोबार हुआ है। वहीं फाडा के प्रदेश अध्यक्ष विवेक गर्ग ने बताया कि वाहनों की खरीदी पिछले साल की अपेक्षा इस साल करीब 8 फीसदी ज्यादा हुई। इस बार अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पूर्व वाहनों की बुकिंग कराई गई थीए जिसे समय पर डिलीवरी दी गई।

### 50 फीसदी बिजनेस रायपुर में

अक्षय तृतीया में रायपुर जिले में सबसे ज्यादा कारोबार देखने को मिला। अकेले सराफा बाजार में ही राज्य का 50 फीसदी यानी 100 करोड़ का कारोबार हुआ। वहीं वाहनों में 20 करोड़ यानी 40 फीसदी का बिजनेस रहा। अक्षय तृतीया पर सर्राफा बाजार में 200 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। जिसमें रायपुर जिले में 100 करोड़ और अन्य जिलों में 100 करोड़ की बिक्री हुई। राज्य में 2000 से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई। जिसमें 10 करोड़ रुपए के दो पहिया और 40 करोड़ रुपए के चार पहिया वाहनों की खरीदी हुई। अकेले रायपुर जिले में करीब 20 करोड़ रुपए के वाहनों की बिक्री हुई।

**पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना:** अक्षय तृतीया पर बुधवार को ब्राह्मण समाज में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का उल्लास दिनभर रहा। शहर में अनेक जगह पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। गुढ़ियारी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कांदुल में साहू समाज सहित अनेक जगहों में कई समाजों में वैवाहिक उत्सव हुए तो गली-मोहल्लों में लोक परंपरा जीवंत हुई। जब बच्चों के साथ बड़ों ने पुतरा-पुतरी का ब्याह एक साथ रचाया। वहीं घराती और वहीं बाराती भी बने।

### पूजा-आरती, शोभायात्रा की धूम

परशुराम सेवा समिति गुढ़ियारी पड़ाव ने भगवान परशुराम का उत्सव धूमधाम से मनाया। इसमें गौड़ ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। बाजे-गाजे झांकी नृत्य की प्रस्तुति के साथ भव्य शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जयकारे रास्ते भर लगे। इससे पहले सभी ने विधि-विधान से पूजन आरती किया। महा भंडारे भोजन कराया। समिति के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने भी भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की।

# अनाधिकृत रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट की बिक्री




**परिवहन अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश**

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। अनाधिकृत रूप से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट की बिक्री और आपूर्ति करने वालों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। परिवहन आयुक्त एस प्रकाश द्वारा ऐसा करने वाले डीलर्स और व्यक्तियों के विरूद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश सभी परिवहन अधिकारियों को दिए गए हैं। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एचएसआरपी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह एचएसआरपी लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। जिसे राज्य में लागू कर प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। अब वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा दो वेंडर क्रमशः निर्धारित दर पर एचएसआरपी लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। परिवहन आयुक्त द्वारा आम जनता से धोखाधड़ी कर अनाधिकृत रूप से नकली एचएसआरपी समान दिखने वाली नकली प्लेट्स स्मार्ट नंबर प्लेट जैसे होलोग्राम इंडिया मार्क इंडिया शिलालेख आदि से लैस हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह एचएसआरपी की बिक्री और आपूर्ति करने वाले डीलरए व्यक्तियों के विरूद्ध सीधे एफआईआर कर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश समस्त परिवहन अधिकारियों को दिये जा चुके हैं। परिवहन विभाग द्वारा आम जनता से यह अपील की गई है कि सभी भुगतान केवल डिजिटल मोड के माध्यम से किया जाए तथा पंजीकृत मोटरवाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह ;आवरण तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज का ही भुगतान किया जाए। घर पहुंच सेवा हेतु अतिरिक्त राशि देय होगी। अवैध तरीके से अधिक शुल्क मांगे जाने वाले डीलर व्यक्ति की शिकायत सीधे जिला परिवहन अधिकारी से की जाए।

# बीजापुर की संतोषी भण्डारी का नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयन



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में चहुँओर विकास के साथ-साथ युवाओं के लिए अनेक आयाम खुल रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की एथलेटिक्स खिलाड़ी संतोषी भण्डारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भोपाल के लिए किया गया है। यह चयन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल 2025 को जारी की गई चयन सूची के आधार पर हुआ है। जिसमें देशभर की 10 बालिका एथलीट्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। संतोषी भण्डारी सूची में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं, जो बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर की छात्रा संतोषी भंडारी ने हाल ही में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 से 14 जनवरी 2025 तक रांची झारखंड में आयोजित 68 वीं नेशनल स्कूल गेम्स में 400 मीटर और 600 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 400 मीटर में 1ः02 मिनट और 600 मीटर में 1ः41 मिनट का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 8 वां स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 35 वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप जो 4 से 6 अक्टूबर 2024 को नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित हुई थी उसमें उन्होंने 4 था स्थान प्राप्त किया था।

भारतीय खेल प्राधिकरण हर वर्ष देशभर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और डाइट की सुविधा प्रदान करता है।

# एनिवर्सरी के दिन पुलिसवालों ने युवक का हाथ तोड़ा

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। लक्ष्मण कौशल ने बताया कि 30 अप्रैल को उनकी शादी की सालगिरह थी तो परिवार के लोग खाने पर आए थे। वे घर के दरवाजे पर बैठे हुए थे। रायपुर में पुलिसकर्मियों ने एनिवर्सरी के दिन एक युवक की जबरन पिटाई कर दी। जिससे उसका हाथ टूट गया। जबकि उसके मामा के हाथ दोस्तों के पैर और पसलियों में चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान पुलिस वाले नशे में थे। उन्होंने गालियां भी दी। पीड़ित लक्ष्मण कौशल ने बताया किए वो तरुण बाजार संतोषी नगर के पास रहता है। 30 अप्रैल को उनकी शादी की सालगिरह थी तो परिवार के लोग खाने पर आए थे। रात करीब साढ़े 11 बजे खाने के बाद वो अपने रिश्तेदार और दोस्त के साथ घर के बाहर दरवाजे पर बैठा था। टिकरापारा थाना से तीन.चार पुलिस वाले आए। इनमें से एक पुलिस वाले ने नाम पूछा। वह नाम बता ही रहा था तभी दूसरे ने लाठी.डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इस घटना का सीसीटीवी ऑडियो.वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि दो पुलिस वाले युवकों पर पूरी ताकत से डंडा चला रहे हैं। इस दौरान वे गालियां भी देते रहे। मौजूद लड़के बता रहे हैं कि उनका घर यहीं पर है। इसके बाद भी पुलिस वाले उन्हें जबरन पीट रहे हैं। पीड़ित परिवार इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ आई जी और एसएसपी से शिकायत करने की तैयारी कर रहे है।



- पीड़ित बोला- तीनों पुलिसकर्मी नशे में थे
- अंधाधुंध मारा रश्तेदारों को भी आई चोट

**जातिसूचक गाली देने का भी आरोप:** युवक लगातार पुलिस वालों के सामने माफ करके छोड़ने की बात कह रहे हैं। लक्ष्मण का कहना है किए जब उन्होंने पुलिस वालों को कहा कि वह अधिकारियों से शिकायत करेगा। तो उसे जाति सूचक गालियां दी गई। साथ ही जबरन झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। लक्ष्मण का कहना है कि इस घटना के बाद अब दोषी पुलिसकर्मी अलग.अलग तरह से संपर्क करके शिकायत न करने का दबाव बना रहे हैं। पिटाई में लक्ष्मण का हाथए उसके दो दोस्तों के पसली और पैरों में चोटें आई हैं।

### 4 लोगों को आईं चोटें

पुलिस वालों की पिटाई में लक्ष्मण का हाथ फैक्चर हो गया। इसके अलावा उसके मामा के हाथए उसके दो दोस्तों के पसली और पैरों में चोटें आई हैं। इस मामले में पीड़ित परिवार नैं च् से भी शिकायत की है। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करके न्याय की मांग की है। एसएसपी के अलावा आईजी से भी शिकायत की गई है। इसमें तीन पुलिस वालों के नाम भी दिए गए हैं. देवशरण साहू हवलदार, आनंद शर्मा आरक्षक् निर्मल वर्मा आरक्षक।

# बिजली कटौती जनता के लिए आफत : दीपक बैज



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। 15 माह से अधिक भाजपा की सरकार में बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली गुल होना आम बात हो गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की मांग कर रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली की समस्या को लेकर जनता कभी सड़कों पर उतरी नहीं थी, गर्मी के दिनों मे मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति किया जाता था। 15 माह से अधिक भाजपा सरकार में बिजली की अव्यवस्था देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है।

# कारोबारी से 4 लाख की लूट

**समता कॉलोनी में पैसा लेकर घर जाने के दौरान वारदात**



**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी में एक कारोबारी से लूट हुई है। मंगलवार शाम महावीर शर्मा 34 पैसा लेकर स्कूटी से अपने घर जा रहा था। वह बैग में करीब 4 लाख 40 हजार रुपए कैश रखा था। इस दौरान 3 लड़कों ने मारपीट कर रकम लूट ली। मामला आजाद चौक थाने का है। थाना प्रभारी जितेन्द्र ताम्रकार के मुताबिक कारोबारी कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़ा है। मंगलवार शाम करीब साढ़े 7 बजे वह स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। इस दौरान कृष्णा एडलैब्स के पास तीन लड़के बैग लेकर भागे गए उन्होंने महावीर के पास रखे बैग को छीनने लगे। जब कारोबारी में विरोध किया तो वह मारपीट करने लगे। मारपीट में कारोबारी को हल्की.फुल्की चोटें आई है। वारदात के बाद बैग लेकर आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है।

# टीआरआई परिसर में बन रहा सुसज्जित 100 सीटर हास्टल



**प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया निरीक्षण**

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए रायपुर आने पर अब प्रशिक्षण स्थल पर ही रूकने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त 100 सीटर हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज निर्माणाधीन हॉस्टल का निरीक्षण किया और उन्होंने हॉस्टल परिसर में पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में लिफ्ट की भी व्यवस्था होनी चाहिए, इसके लिए अधिकारियों को स्टीमेंट तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में मास्टर ट्रेनरों के लिए भी सुसज्जित कमरा बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान प्रशिक्षण परिसर में 5 करोड़ रूपए की लागत से 52 कमरे की सुसज्जित एवं सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। हॉस्टल का निर्माण लगभग पूर्णतः की ओर है।

# वक्फ़ संशोधन विधेयक का उद्देश्य मुस्लिमों का सशक्तिकरण करना है : डॉ. जितेंद्र सिंह

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को हाल ही में प्रस्तुत किए गए वक्फ़ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून न केवल मुस्लिम समाज के हित में है, बल्कि समुदाय के भीतर हाशिए पर मौजूद तबकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक आवश्यक सुधार है।

रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. सिंह ने कहा कि नए प्रावधानों का उद्देश्य वक्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और न्यायसंगत व्यवस्था को बहाल करना है, जो लंबे समय से भ्रष्टाचार और दुरुपयोग का शिकार रही हैं ।जो भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, उसके विपरीत यह विधेयक मुस्लिम समाज के कल्याण के लिए लाया गया है।



**इसके खिलाफ भ्रामक प्रचार किया जा रहा**

उन्होंने बताया कि तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में वक्फ़ संपत्तियों पर भ्रष्टाचार और अवैध अतिक्रमण की गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर शॉपिंग मॉल और लग्ज़री होटल बना दिए गए, जबकि इनका उद्देश्य गरीबों के कल्याण के लिए था ।ज्विडंबना यह है कि भारत की 31त्र मुस्लिम आबादी आज भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है, और उनके लिए आरक्षित धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, विधेयक में कलेक्टरों की भूमिका को लेकर उठ रही आपत्तियों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी ही भूमि रिकॉर्ड की प्रमाणिकता की जांच करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। च्यह हिंदू या मुस्लिम का सवाल नहीं है, बल्कि प्रशासनिक ईमानदारी का मामला है। कलेक्टर की भूमिका के बिना भूमि दावों की सत्यता कैसे सुनिश्चित की जा सकती है?

इस संशोधन विधेयक को न्याय और वास्तविक सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बताते हुए कहा, च्यह विधेयक न केवल संविधानिक मूल्यों के अनुरूप है, बल्कि इस्लाम के उस सच्चे उद्देश्य को भी सम्मान देता है जो ईमानदारी से की गई दानशीलता और ज़रूरतमंदों की सहायता की प्रेरणा देता है।ज्

उन्होंने इसे संस्थागत भ्रष्टाचार को समाप्त करने और सुशासन की दिशा में एक राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा बताते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे-जैसे वक्फ़ विधेयक को लेकर बहस तेज हो रही है, डॉ. जितेंद्र सिंह के बयान सरकार की उस मंशा को स्पष्ट करते हैं जो संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और प्रशासनिक पारदर्शिता को संतुलित करते हुए राजनीतिक स्वार्थों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का प्रतिकार करना चाहती है।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक लड़का कद लंबा हरा फूल टी शर्ट नीले रंग का जींस फुल पैंट पहना है जो अपने पास अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से महाकाल मंदिर के पास बी एस यू पी कॉलोनी भाटा गांव में घूम रहा है। कोई घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ मुखबिर के बताए अनुसार लड़का घटना स्थल पर खड़ा था पुलिस को देख भागने की कोशिश की किंतु पुलिस के तत्परता से आरोपी भागने में असफल रहा।

# टुल्लू पंप से पानी खींचे तो बंद कर दी जाएगी बिजली

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या का मसला तूल पकड़ता रहा है। निगम आयुक्त के पत्र में नलों में टुल्लू पंप लगाकर सीधे पानी खींचने वालों को रोकने के लिए जलसंकट वाले इलाकों में सुबह.सुबह बिजली गुल करने का निर्णय लिया है। उद्देश्य अच्छा है लेकिन भीषण गर्मी में सुबह.सुबह बिजली गुल करने से हजारों लोगों की नींद खराब होगी। खासकर उन लोगों की जो नाइट ड्यूटी करते हैं और दिन में देर तक नींद लेते हैं। बच्चे भी परेशान होंगे।

**महापौर भड़कीं बोलीं- अफसरों की जवाबदेही है वेतनवृद्धि रुकेगी:** दूसरी तरफए महापौर मीनल चौबे ने भी पेयजल मुद्दे पर अफसरों की बैठक ली। इस दौरान कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि अफसरों को जवाबदेही लेनी होगी और समस्याग्रस्त क्षेत्रों में गंभीरता से पानी पहुंचाना होगा। वरना वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई करनी होगी।



**महापौर बोलीं- ये अंतिम विकल्प**

**मेयर बोलीं- लोगों की परेशानी बर्दाश्त नहीं:** बैठक में अफसरों के जवाब से महापौर पूरी तरह से बिफर गईं। उन्होंने दो टूक कहा फील्ड में उतरकर पेयजल आपूर्ति अंतिम घरों तक कराएं। ये निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर के लोगों की परेशानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले सालों में अमृत मिशन योजना से करोड़ों रुपए खर्च हुआ है। ये किसकी जिम्मेदारी है कि पेयजल समस्या का सामना ना करना पड़े। सभी टंकियों की पाइप लाइन का सर्वे करें और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

**फील्ड में जाने की हिदायत, बिजली गुल अंतिम विकल्प:** बैठक में महापौर के साथ निगम में जलकार्य विभाग के अध्यक्ष संतोषी साहू सहित निगम आयुक्त विश्वदीप अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता विनोद पाण्डेय कृष्णा खटीक अधीक्षण अभियंता सेवानिवृत्त बद्री प्रसाद चंद्राकर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल संतोष पाण्डेय विवेकानंद दुबे कार्यपालन अभियंता मौजूद थे। इस दौरान महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों के साथ ही जमीनी स्तर पर अफसरों को पेयजल समस्या का समाधान करने कहा। साथ ही कहा कि हमारी जिम्मेदारी शहर की जनता को सहूलियतें देना है। बिजली गोल कराना अंतिम विकल्प है। इससे पूरे वार्ड के लोगों को परेशानी होगी। महापौर ने जोनों के अधिकारियों को नोटिस देकर व्यवस्था सुधारने कडे निर्देश दिए। बैठक में मौजूद निगम आयुक्त ने भी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# सिंचाई विभाग के कर्मचारी की सिर कुचलकर हत्या

**सूनसान इलाके में मिली लाश, फैली सनसनी**

**रायपुर,** 1 मई (देशबन्धु)। अज्ञात आरोपी ने बड़ी बेरहमी से सिर कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब लोगों ने खून से सनी लाश देख दंग रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद किया राजधानी रायपुर से लगे तिल्दा के बेमता गांव में एक युवक की हत्या की खबर से सनसनी फैल गई। उसकी लाश हाईवे किनारे खेत में मिली है। अज्ञात आरोपी ने बड़ी बेरहमी से सिर कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब लोगों ने खून से सनी लाश देख दंग रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा।

**नहीं जा रहा था काम पर**

पुलिस ने मृतक की पहचान राजू भट्ट 45 वर्ष के रूप में हुई है जो सांकरा का निवासी था। जानकारी के अनुसार राजू भट्ट अपने पिता के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति पर नया रायपुर स्थित सिंचाई विभाग में कार्यरत था। बीते 15 दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। घटनास्थल के आसपास शराब की बोतलें मिलने से पुलिस को आशंका है कि शराब सेवन के दौरान किसी विवाद में उसकी हत्या की गई हो सकती है। फिलहाल तिल्दा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। संदेह है आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या कर दी। अलग.अलग पहलुओं को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है।

उल्टा पुल्टा

लड़का- जान, तुम्हारा नाम हाथ पर लिखूं या दिल पर?

लड़की- इधर-उधर कहां लिखते हो सच्चा प्यार है तो पॉपर्टी के पेपर्स पर लिखो सीधी बात।

## संपादकीय

### झाड़-फूंक से बचें

*प्रदेश से झाड़-फूंक की आड़ में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है जो यह बतलाता है कि लोगों, खासकर अशिक्षित या कम पढ़े-लिखों में किसी भी बीमारी के उपचार के रूप में झाड़-फूंक पर भरोसा बना हुआ है। ऐसे लोगों को इससे बचाने तथा उन्हें इलाज के लिये आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित करने कि लिये जनजागरण अभियान चलाये जाने की ज़रूरत है। इलाज के लिये सभी को शासकीय हो या निजी चिकित्सालय जाना चाहिये, न कि इन बाबाओं, बैगाओं या किसी अन्य तरह की झाड़-फूंक करने वालों के पास जाकर पैसा और समय खर्च करना चाहिये।*

*रायगढ़ के तमनार के एक गांव में एक किशोरी के बीमार होने पर उसके मां-बाप उसे गोढ़ी गांव के एक त्रिभुवन अघरिया के पास ले गये। उसने पूजा-पाठ के नाम से कुछ प्रक्रिया की तथा किशोरी को लेकर जंगल के भीतर चला गया। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिवारजन उसे ढूंढ़ने गये। उन्हें देखकर बैगा भागने लगा। लड़की ने बताया कि त्रिभुवन ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट लिखाने पर उसे बलात्कार तथा पॉक्सो के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह की अनेक घटनाएं होती रहती हैं। लोग मानते हैं कि किसी के द्वारा टोना-टोटका करने पर कोई बीमार हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है। कुछ अरसा पहले कांकेर जिले के कोरर क्षेत्र में स्थित बांसकुंड गांव में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की ग्रामीणों ने इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक हो गया था कि बुजुर्ग ने जादू-टोना कर कुछ गांववासियों के प्राण लिये हैं। इस सम्बन्ध में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। लोगों को समझना चाहिये कि इस तरह कोई भी किसी को जादू-टोना कर नहीं मार सकता।*

*इस तरह का अंधविश्वास ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। गांव में किसी को कोई बीमारी होने पर घर के लोग उन्हें अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक करने वालों के पास ले जाते हैं। यहां तक कि किसी को डॉक्टरों के उपचार से लाभ नहीं होता तो वे बेहतर अस्पतालों में जाने की बजाय जादू-टोना करने वालों के पास जाते हैं। अक्सर उनके इलाज से स्थिति और गम्भीर हो जाती है। लोग जान भी गंवाते हैं। ज्यादातर मामलों में बैगा यह कहकर पीछा छुड़ा लेता है कि किसी व्यक्ति के कारण मरीज बीमार हुआ है या उस पर भूत आया है। फिर उन्हें कुछ पूजा-पाठ या उपाय बताये जाते हैं।*

*विज्ञान और तकनीकी विकास के इस युग में लोगों को किसी प्रकार की बीमारी हो या कोई परेशानी- तो हल करने का तर्कसंगत तरीके अपनाने चाहिये। इनके कारण या तो लोगों की जान जाती है या फिर बैगा कहलाने वाले उन्हें ठगते हैं। लोगों को चाहिये कि वे बीमार होने पर अस्पतालों में ही इलाज करायें।*

# बिन मौसम कुदरत का कहर

## तेज हवाएं, बारिश और ओलावृष्टि से मकान ढहे, जनजीवन ठप





**थानखमरिया**, 1 मई (देशबन्धु)। नगर में गुरुवार की दोपहर एक बार फिर प्रकृति ने रौद्र रूप धारण कर लिया। आसमान में अचानक छाए काले बादलों के साथ तेज हवाएं, मूसलधार बारिश और ओलावृष्टि ने दोपहर बाद करीब दो घंटे तक नगर को अपनी चपेट में ले लिया। यह अप्रत्याशित मौसमीय प्रकोप इतना भयावह रहा कि पूरा नगर मानो थम सा गया।

तीव्र आंधी और बारिश से नगर की रफ्तार रुकी- दोपहर 3 बजे के बाद जैसे ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, पूरे नगर में अफरा-तफरी मच गई। आंधी की गति इतनी तीव्र थी कि कई जगहों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए। देखते ही देखते सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर क्षेत्र सहित अन्य वार्डों में जलभराव ने घरों को तालाब में तब्दील कर दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे घरेलू सामग्री बर्बाद हो गई।

पेट्रोल पंप और मकान हुए क्षतिग्रस्त, बिजली सप्लाई ठप- प्राकृतिक आपदा का प्रभाव केवल पानी तक ही सीमित नहीं रहा। तेज हवाओं की वजह से पेट्रोल पंपों के टीन शेड उड़ गए। कई कच्चे मकान ढह गए और खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। नगर के विभिन्न हिस्सों में बिजली के खंभे टूट गए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। समाचार लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ी जनता की पीड़ा- सबसे चिंता की बात यह रही कि इस विकट स्थिति में नगर पंचायत प्रशासन की भूमिका बेहद कमजोर दिखाई दी। नगर पंचायत के सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण न तो राहत कार्य शुरू हो सके ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## घंटों तक ट्रैफिक रहा बंद, कई गाड़ियां स्टेशनों पर रुकी

- ओएचई तार पर गिरा विशाल पेड़
- दुर्ग-रायपुर के बीच रेल यातायात ठप



**दुर्ग**। रेलवे के कुम्हारी स्थित परसदा रेलवे क्रॉसिंग के समीप आज शाम 4 बजे के करीब विशाल पेड़ रेलवे के ओएचई तार पर गिर गया। अचानक आई इस आपदा के करण इलेक्ट्रिकल तार टूट गया और पेड़ में आग लग गई। पेड़ और तार गिरने से दुर्ग-रायपुर के बीच रेल यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। रेलवे की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर लाइन को बंद करने के बाद राहत कार्य शुरू किया। इस दुर्घटना के कारण लगभग 2 घंटे तक ट्रैफिक बंद रहा। पहली गाड़ी 6.10 पर गुजरी।

आज शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश होने लगी तेज हवाओं के चलते कुम्हारी स्थित परसदा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक विशाल पेड़ दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे के ओएचई तार में गिर पड़ा। इस अचानक आई प्राकृतिक आपदा के कारण इलेक्ट्रिकल तार टूट गया। इसके कारण विद्युत सप्लाई बंद हो गया। जिसके कारण सभी ट्रेनों को रोक दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही मौका स्थल पर मरम्मत कार्य के लिए रेलवे की टीम पहुंच गई। रेलवे कर्मचारियों के द्वारा तत्काल स्थिति को सामान्य किया गया। जिसके कारण पहले ट्रेन 6.10 पर रवाना ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## भिलाई तीन पुराने ट्रांसफार्मर स्टोर में लगी भीषण आग

**दुर्ग-भिलाई नगर**। आज शाम दुर्ग भिलाई में तेज हवा के साथ बारिश गिरने से कई स्थानों पर पेड़ बिजली तार पर गिर जाने से कई घटे तक अंधेरा छाया रहा जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ दुर्ग में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से रास्ता बाधित रहा भिलाई 3 सब स्टेशन सीएसईबीट्रांसफार्मर स्टोरेज में आज शाम को 4.30 के करीब आग लग गई। आपातकालीन एवं अग्निशमन सेवा की फायर टीम ने तत्काल पहुंचकर आग को नियंत्रित किया। आग लगने का कारण ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन लाइन के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी का पुराने ट्रांसफार्मर एवं उससे बहता आयल पर गिरना बताया गया।





जिला सेनानी एवं अग्निशमन आपातकालीन सेवा दुर्ग के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शाम को मौसम अचानक बदलने के बाद तेज आंधी एवं तूफान के बाद भिलाई ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## साजा में आंधी तूफान के साथ ओले भी गिरे



**साजा**। साजा नगर के आसपास ग्रामो मे आंधी तूफान के साथ ओले भी गिरे, साजा नगर में बहुत जगह झाड़, टीन वाला छत, एवं साजा तहसील के गेट में लगे एल्युमीनियम का दरवाजा, गिर कर टूट गए, एवं साजा ब्लॉक के अंतर्गत विश्राम गृह में लगे हरे, भरे पेड़ झाड़, मुख्य दरवाजा के सामने ही टूटा पड़ा है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 37.67 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पांच लोगों के साथ ठगी को दिया था अंजाम**

**खैरागढ़/गंडई/पंडरिया**, 1 मई (देशबन्धु)। अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर पांच लोगों से 37.67 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी को केसीजी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार थाना गंडई में 27 अप्रैल 2025 को प्रार्थी संतोष कुमार देवांगन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह वर्ष 2022 में पांडातराई स्वास्थ केन्द्र में जीवन दीप समिति में कार्यरत था और जीवन दीप कर्मचारी कल्याण संघ का कोषाध्यक्ष था। इसी बीच संगठन का पंजीयन कराने के लिये वह रायपुर गया था तो आरोपी बिशेसर ध्रुव से उसकी मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि मेरा उपर तक मंत्रालय में पहुच है, मै कई लोगो का नौकरी लगवा चुका हूं, आपका भी नौकरी लगवा दूंगा। लेबर इस्पेक्टर के लिये बीस लाख, चपरासी के लिये आठ लाख एवं शिक्षक पद के लिये पन्द्रह लाख रूपये लगेगा। नौकरी चाहिये तो सोच कर बताना कहा था। प्रार्थी गंडई आकर अपनी बहन संजू देवांगन के घर पर चर्चा की और रिश्तेदार विद्या देवांगन, त्रिलोक देवांगन, विवेक देवांगन सभी को बिशेसर ध्रुव द्वारा नौकरी लगवा देने की बात कहा और सभी लोग अपना नौकरी लगवाने के लिये सहमत हो गये। इसी बीच बिशेसर ध्रुव लगातार फोन से बात कर नौकरी लगवा देने का गारंटी देता रहा और 25 दिसंबर 2022 को गंडई आया। सभी लोग मिलकर संजू देवांगन के घर में बैठकर चर्चा किये। पांचो लोगो का नौकरी लगवा देने का बिशेसर ध्रुव द्वारा पक्का वादा किया गया। संतोष देवांगन को शिक्षक पद के लिये, विद्या देवांगन, त्रिलोक देवांगन को लेबर इस्पेक्टर के लिये, संजू देवांगन और विवेक देवांगन को चपरासी पद के लिये नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथियों में 25 दिसंबर 2022 से लेकर 17 जून 2024 तक बिशेसर ध्रुव को और उसके साथी भुवनेश देवांगन को कुल 37 लाख 67 हजार 900 रूपये दे दिये। प्रार्थी संतोष देवांगन द्वारा आरोपी बिशेसर ध्रुव के खाते में फोन पे के माध्यम से 7 लाख 67 हजार 900 रूपये ट्रांजेक्शन किया गया है और विद्या देवांगन द्वारा आरोपी भुवनेश देवांगन के खाता में 1 लाख 50 हजार रूपये ट्रांजेक्शन किया गया है। शेष रकम अलग-अलग तिथियों में नगद ले जाकर गंडई, धमधा एवं रायपुर में प्रार्थीगणों द्वारा भुगतान किया गया है। संतोष कुमार देवांगन 11 लाख 67 हजार 900 रूपये, संजू देवांगन 4 लाख रू, विद्या देवांगन 11 लाख 50 हजार रूपये, त्रिलोक देवांगन 8 लाख 50 हजार रूपये तथा विवेक देवांगन द्वारा 2 लाख रूपये कुल रकम 37 लाख 67 हजार 900 रूपये दिया गया है। दोनों आरोपी छः माह के भीतर नौकरी लगाने का वादा किये थे लेकिन नही लगाये तो उन्हें शक हुआ कि हमारे साथ ठगी हुआ है। पैसा वापस मांगने पर बिशेसर ध्रुव भरोसा दिलाता रहा और बोला कि मै आप लोगो का नौकरी लगाने के लिये भुवनेश देवांगन को सारा पैसा दे दिया हूॅ फिर भी आप लोगो को भरोसा नही है तो मेरे से दो चेक ले लो कहकर भारतीय स्टेट बैक का अपना स्वयं का दो चेक 10 लाख रूपये और 3 लाख 50 हजार रूपये का दिया था। भुवनेश देवांगन के पास जाकर पैसा मांगे तो वह भी नौकरी लगा दूंगा कहकर भरोसा दिलाया और अपना स्वयं का यूनियन बैक का दो लाख रूपये का चेक काट कर दे दिया। प्रार्थीगणों को एक साल तक पैसा वापस कर देंगे कहकर दोनो आरोपी घुमाते रहे लेकिन पैसा वापस नही किये। अंत में प्रार्थी संतोष देवांगन द्वारा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले में एसपी त्रिलोक बंसल के मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल आरोपियों को पकडने का निर्देश दिया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## संगीत विवि में सभी विधाओं की कक्षाओं में सीट बढ़ाने नरेंद्र सोनी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**खैरागढ़**, 1 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में सभी विधाओं की कक्षाओं में सीट बढ़ाने को लेकर नरेंद्र सोनी ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि पांडादाह स्थित राजगामी संपदा न्यासिक न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के लिए अति आवश्यक है।

भाजपा का संकल्प हर वर्ग का कल्याण की तर्ज पर डबल इंजन सरकार से मांग है कि पांडादाह स्थित राजगामी न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के नाम पर की जाए। भाजपा नेता नरेंद्र सोनी ने बताया कि खैरागढ़ के तत्कालीन वीरेंद्र बहादुर सिंह एवं पद्मावती देवी सिंह के द्वारा अपनी मंझली बेटी राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में 14 अक्टूबर 1956 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की जो संगीत, नृत्य लोक कला एवं अन्य संबंधित विधाओं से जुड़े होने के कारण राज्य के अन्य विश्वविद्यालय से भिन्न प्रकृति का है जिसके कारण यह विश्वविद्यालय भारत का ही नहीं पूरे एशिया का एकमात्र ललित कला के लिए समर्पित ख्याति प्राप्त संगीत विश्वविद्यालय है।

श्री सोनी ने आगे बताया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा विभिन्न भाषाओं एवं अन्य विधाओं के लिए देश में कई केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई जबकि शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोक संगीत, दृश्य कला एवं फाइन आर्ट, थिएटर, चित्रकला से संबंधित अभी तक केंद्र शासन का कोई भी केंद्रीय विश्वविद्यालय भारत में नहीं है। इन सभी पारंपरिक व आधुनिक कलाओं के बेहतर संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय घोषित करने एवं संबंधित विधाओं में सीटों की संख्या में इजाफा करते हुए संसाधनों के लिए जमीन की अति आवश्यकता है जिसके लिए पांडादाह स्थित राजगामी की भूमि 600 एकड़ जमीन में से 400 एकड़ जमीन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को प्रदान किया जाए ताकि जिलेवासियों के लिए भी रोजगार के नित्य नए अवसर का सृजन हो सके और संपूर्ण भारतवर्ष से आए छात्र-छात्राओं को समस्त संसाधनों के साथ बेहद अनुकूल वातावरण में ललित कला का अध्ययन कर सके।



## टोलागांव में ट्रांसफार्मर की चिंगारी से पैरावट में लगी आग

**खैरागढ़**, 1 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम टोलागांव में 30 अप्रैल बुधवार की शाम 6 बजे अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने से पास में रखे पैरावट में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग की चिंगारी निकली तो पास में रखे पैरावट को अपने चपेट में ले लिया आग लगने से वहां पर मौजूद सभी समान जलकर राख में तब्दील हो गया। जब आग लगने की जानकारी ग्रामीणों एवं पैरावट के मालिक को मिली तब तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम व 112 को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने लगे वही बड़ी मशक्कत करने के बाद आग को बुझाया गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई है। आग लगने से किसान को काफी नुकसान हुआ है।

## पीएम आवास सर्वेक्षण की समय सीमा 15 तक बढ़ाई



**बेमेतरा**, 1 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु चल रहे 'आवास+ 2024' सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। अब यह सर्वेक्षण 15 मई, 2025 तक पूरा किया जा सकेगा। इससे पहले यह समय-सीमा 30 अप्रैल, 2025 निर्धारित की गई थी।

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों पर विचार करने के बाद लिया गया है। इस विस्तार का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से संपन्न करने तथा प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का अवसर देना है।

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से आग्रह किया गया है कि वे इस विस्तारित समय-सीमा का पूरा लाभ उठाएं और 'आवास+ 2024' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। साथ ही, स्व-सर्वेक्षण के तहत प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पुष्टि भी राज्य स्तरीय सर्वेक्षणकर्ताओं के माध्यम से की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का उद्देश्य वर्ष 2024-25 तक च्सभी के लिए आवासज्ञ्सुनिश्चित करना है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## डीपीएस में श्रम दिवस एवं बोरे बासी दिवस मनाया







**कवर्धा**, 1 मई (देशबन्धु)। श्रम दिवस के उपलक्ष मे विद्यालय के बस ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी कार्यरत दीदी-बहनों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्नेहपूर्वक टिफिन भेंट कर सम्मानित किया गया।

1 मई को दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में श्रम दिवस एवं छत्तीसगढ़ी बोरे बासी दिवस का संयुक्त रूप से गरिमामयी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रमिकों के सम्मान एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। विद्यालय के बस ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी कार्यरत दीदी-बहनों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्नेहपूर्वक टिफिन भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ी व्यंजन बोरे बासी का आनंद लिया और लोकसंस्कृति के स्वाद से जुड़ने का सुखद अनुभव प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्या ग्रेसिया फीग्रेद ने इस अवसर पर प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए श्रमिकों के योगदान को अमूल्य बताया तथा विद्यार्थियों को श्रम के प्रति आदरभाव रखने की सीख दी।

कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक आशीष कुमार अग्रवाल, समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन की सराहना की और इसे विद्यालय की मानवीय एवं सांस्कृतिक चेतना का सजीव उदाहरण बताया।

यह संयुक्त आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक मूल्यों की स्थापना एवं छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के प्रति सम्मान को समर्पित रहा।

## वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने लिया प्रभार



**कवर्धा**, 1 मई (देशबन्धु)। छ.ग. शासन के स्थानांतरण आदेश के तहत् गुरुवार को शशि कुमार (भा.व.से.) के द्वारा कवर्धा वनमंडल, कवर्धा का संपूर्ण प्रभार निखिल अग्रवाल को सौंपा गया। निखिल अग्रवाल 2021 बैच के अधिकारी है जिनका जशपुर वनमंडल से कवर्धा वनमंडल में वनमंडलाधिकारी के पद पर स्थानांतरण हुआ है। शशि कुमार वनमंडलाधिकारी जशपुर वनमंडल, जशपुर का प्रभार ग्रहण करेंगे। वनमंडल परिवार के ओर से नये वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल का स्वागत एवं शशि कुमार को भावभिनी विदाई दी गयी।

# संयंत्र के निदेशक प्रभारी को सेवानिवृत पर दी गई विदाई



**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में संयंत्र प्रबंधन तथा समस्त बीएसपी सामूहिक की ओर से विदाई दी गई। विदाई समारोह इस्पात भवन में आयोजित समारोह में संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशक तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक परियोजनाए एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक माइन्सद्ध बी.के. गिरी, कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉण् रवींद्रनाथ एम.ए कार्यकारी, कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक अन्य मुख्य महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दासगुप्ता अपनी पत्नी, श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, जो भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष भी हैं एवं पुत्री सुश्री निहारिका दासगुप्ता के साथ समारोह में सम्मिलित हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र के समस्त कार्यपालक निदेशकगण ने संयंत्र परिवार की ओर से अनिर्बान दासगुप्ता को विदाई दी तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित अधिकारियों ने उनके लगभग उनचालीस वर्षों के सेवा.काल एवं विशेष रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र में छह वर्षों की सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। निदेशक प्रभारी बीएसपी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस अवसर पर सेल की विभिन्न इकाइयों में अपने चार दशक के सेवा अनुभव को साझा करते हुए प्रशिक्षण काल से लेकर सेवानिवृत्ति तक के सफर को आत्मीयता से स्मरण किया। उन्होंने आगामी जीवन से जुड़ी अपनी योजनाओं की भी संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सेफी एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन एनण्केण् बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक सम्पर्कए प्राशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी एवं सौमिक डे ने भी श्री अनिर्बान दासगुप्ता का सम्मान करते हुए उनके योगदान की सराहना की। विदाई समारोह का संचालन सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क विभाग श्रीमती अपर्णा चंद्रा द्वारा किया गया। आईआईटी, बीएचयू के मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग के पूर्व छात्र रहे अनिर्बान दासगुप्ता का सेल में लगभग उनचालीस वर्षों का अनुकरणीय, प्रेरणादायक और बहुआयामी कार्यकाल रहा है। उन्होंने 1 अगस्त 1986 को प्रबंधन प्रशिक्ष के रूप में सेल के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से अपनी सेवा यात्रा प्रारंभ की थी। सीईटी में कार्यकाल के दौरान उन्होंने रणनीतिक एवं तकनीकी परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख संयंत्र परियोजनाओं की व्यवहार्यता रिपोर्ट, निविदा विनिर्देश, तथा कॉर्पोरेट पुनर्गठन से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। उन्होंने वर्ष 2005 एवं 2012 की सेल की कॉर्पोरेट योजनाओं तथा अक्टूबर 2010 में उन्हें सेल कॉर्पोरेट कार्यालय के अध्यक्ष सचिवालय में उप महाप्रबंधक तथा बाद में महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ किया गया। सितंबर 2017 में अनिर्बान दासगुप्ता को इस्को इस्पात संयंत्र का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया, जहाँ उन्हें दुर्गापुर इस्पात संयंत्र एवं एलॉय स्टील प्लांट का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। जून 2019 में दासगुप्ता को संयंत्र का सीईओ बनाया गया। फरवरी 2020 में सेल के निदेशक के रूप में बोर्ड में स्थान दिलाया। बोर्ड के पुनर्गठन उपरांत उन्हें सितंबर 2020 में भिलाई इस्पात संयंत्र का निदेशक प्रभारी नियुक्त किया गया उनकी सेवानिवृत्ति एक ऐसे युग का समापन हैं।

# दिव्य रथ को विधायक ने हरी झंडी दिखा किया रवाना




**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दिव्यांग वरिष्ठजनों के लिए नि: शुल्क बस सेवा का शुभारंभ आज गुरुवार को सुपेला चौक पर किया। दिव्य रथ बस को घड़ी चौक पर सुबह साढ़े 10 बजे विधायक रिकेश सेन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को कमर पट्टा, वाकिंग छड़ी और व्हील चेयर वितरण भी किया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए नि: शुल्क बस सेवा की शुरुआत आज से की जा रही है। यह सेवा कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर राजनांदगांव के माध्यम से संचालित होगी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और गुरुवार को नि:शुल्क बस दुर्ग भिलाई से सीआरसी राजनांदगांव तक चलेगी। जिससे हमारे दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा, पुनर्वासए परामर्श और अन्य आवश्यक सेवाओं का सहज रूप से लाभ उठा सकें। आपको बता दें कि दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुर टोला राजनांदगांव में सीआरसी वर्ष 2016 से संचालित है। जहां का भौतिक चिकित्सा विभाग बिना दवा के विभिन्न मशीनों तथा व्यायामों से हर उम्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देता रहा है। यहां स्नायु संबंधी बीमारी, जोड़ों का दर्द, अकड़न, हड्डी टूटने की अक्षमता आदि को दूर किया जाता है। सीआरसी के डॉक्टर विशेष बच्चों को आवश्यक दैनिक जीवन कौशल जैसे दृष्टि की देखभाल, दांत साफ करना, शारीरिक देखभाल और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रवण एवं वाक विभाग में नवजात शिशुओं से लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों की सुनाई जांच एवं बोलने में होने वाली समस्या की जांच की जाती है। श्रवण यंत्र लगाने के साथ-साथ सुनाई में क्षमता वाले बच्चों को ऑडिटरी ट्रेनिंग, स्पीच थेरेपी दी जाती है। सभी दिव्यांगता जैसे मानसिक, ऑप्टिज्म, हकलाना, तुतलाना, उच्चारण दोष, विलंबित भाषण और भाषा एवं प्रमस्तिष्क पक्षाघात वाले बच्चों को स्पीच थेरेपी के माध्यम से ठीक किया जाता है। सीआरसी में विशेष शिक्षा के तहत विभिन्न दिव्यांग बच्चों को उनके शैक्षिक और विकासात्मक आवश्यकताओं के अनुसार विशेष सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। विभिन्न दिव्यांगों की शैक्षिक स्क्रीनिंग और पहचान, शैक्षिक मूल्यांकन, कार्यक्रम नियोजन, उपचारात्मक शिक्षण, प्रगति का मूल्यांकन, उपयुक्त शिक्षण सामग्री के वितरण के साथ आत्मनिर्भरता सिखाई जाती है। इसके आलावा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संचालन द्वारा माता-पिता, अभिभावकों और सामान्यजन को भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इन सेवाओं के माध्यम से सीआरसी दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास और समाज में उनके बेहतर समावेशन को सुनिश्चित करता है। श्री सेन ने कहा कि यह केवल एक बस सेवा नहीं बल्कि एक सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता एक और कदम है। दिव्यांग व वरिष्ठजनों की सेवा यह सुनिश्चित करती है कि हमारे वे साथी जिनके पास सीमित संसाधन हैंए वे भी अब बिना किसी बाधा के आवश्यक स्वास्थ्य और सहायता सेवाओं तक पहुँच सकें और अपने अनमोल जीवन की रक्षा में सदैव तत्पर रहें। हमारे बुजुर्ग, जिन्होंने जीवन भर समाज की सेवा की और हमारे दिव्यांगजन, जो हमें रोज़ अपनी हिम्मत और आत्मबल से प्रेरित करते हैंए उनके लिए नि:शुल्क बस सेवा एक परमार्थ का कदम है। वैशालीनगर विधायक के इस प्रयास की सभी लोगों ने सराहा है। लोगों का कहना है, कि जिन घोषणाों को विधायक ने चुनाव के समय किया था, उनको वे पुरा कर रहे है।

# आश्रय स्थल में बनाया गया मजदूर व राशनकार्ड



**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। आज गुरुवार को मजदूर दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के आश्रय स्थल में निवासरत मजदूरो का मजदूर कार्ड एवं राशनकार्ड बनाया गया। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय आश्रय स्थल का निरीक्षण करने गए। वहां पर निवासरत लोगों ने बताया कि कुछ लोगो के पास राशनकार्ड एवं मजूदर कार्ड नहीं है। जबकि वे घरो में बर्तन धोना, झाडू पोछा आदि का काम करते है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त द्वारा राशनकार्ड विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी का राशनकार्ड एवं मजूदर कार्ड शीध्र बनवा दिया जाए। 3 मजदूर श्रीमती प्रिया भोंडेकर, रेखा ठाकरे, मुरली डोंगरे का राशन कार्ड नही बना था। जिसे निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश के बाद तत्काल बनवाकर दे दिया गया। उसी प्रकार 4 मजदूर श्रीमती राजवती, युवराज कुमार, मोहन मंडावी, शोभा साहू जिनके पास मजदूर कार्ड नहीं था। जिसके कारण इनका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा था। जिनका मजूदर कार्ड नहीं था उनका मजदूर कार्ड बनाने के लिए आनलाईन आवेदन कर दिया गया है। मजदूर कार्ड बन जाने के बाद उसी के आधार पर राशनकार्ड बना दिया जायेगा। निगम भिलाई के आयुक्त ने राशनकार्ड प्रभारी शालिनी गुरव एवं शशीभूषण मोहंती से पूछा कि इसका राशन कार्ड निरस्त क्यों हो रहा है। इसका पता जब खादय विभाग से किया गया तब ज्ञात हुआ कि मुरली डोंगरे का नाम उनके बेटे के साथ दुर्ग में जुड़ा हुआ है। बेटे के द्वारा दुर्ग में पिता के हिस्से का राशन लिया जा रहा था। खादय विभाग से संपर्क करके मुरली डोंगरे का नाम बेटे के साथ जुड़ा था उसे कटवा दिया गया। फिर उसके स्वयं के नाम से राशन कार्ड बना दिया गया। निगम भिलाई द्वारा आज श्रम दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के 450 से अधिक मजदूरो का आज मेडिकल चेकप कराया गया। जिसमें बीपीए सुगरए थाईराइडए अस्थमाए खून जॉच एवं अन्य बिमारियों का जॉच कराया गयाए उन्हे दवा भी वितरित की गई। मजदूरो ने यह भी बताया कि जब से निगम भिलाई मे हम लोगो की डयूटी समय सुबह 5 बजे से कर दिया गया है तब से हम लोगो को गर्मी से बहुत राहत मिल रही है। 1 घंटा पहले हमे अवकाश मिल जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सेमुवल, कमलेश द्विवेदी, अंजनी सिंह आदि सहयोगी रहे।

# सेंट थॉमस कालेज में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिक सम्मान



**भिलाईनगर**, 1 मई (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय के अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग द्वारा 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर महाविद्यालय के सहायक कर्मचारीयों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राइट रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीज सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ पी एस वर्गीज, प्राचार्य डॉ एम. जी. रॉईमोंन एवं डीन एकेडमिक्स डॉ देबजानी मुखर्जी ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि, कर्मचारीयों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेंट थॉमस महाविद्यालय के समस्त सहायक कर्मचारीयों को उनके मेहनत और समर्पण के लिए सम्मान स्वरूप अल्पाहार एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं छात्र.छात्राओं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सुश्री अपर्णा दत्ता सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर छात्र मोहम्मद समीर चौहान ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।

# सौ फीट लम्बी पेन्टिग प्रधानमंत्री को पोस्ट की

**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। आतंकवादियों पर प्रहार करने के लिए छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है तथा 100 फीट लंबी पेन्टिंग भी पोस्ट की है। ज्ञात हो कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरे भारतवर्ष में आक्रोश की लहर व्याप्त है तथा हर धर्म के लोग अब इस समस्या को जड़ से खत्म करना चाहते हैं। स्वयं कश्मीर के लोग भी आतंकवाद से उकता चुके हैं और अमन चैन से जीना चाहते हैं। यही वजह है कि इस घटना से पूरे देश में अभूतपूर्व एकता का संचार हुआ है। ललित कला अकादमी में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन, रंगकर्मी विजय शर्मा के साथ ही समस्त कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि शीघ्र ही पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी संगठनों, उनके आकाओं और आतंकी ठिकानों को धूल में मिला दिया जाए। जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से देश का हर वर्ग व्यथित है तथा सभी जानते हैं कि तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहे भारत के लोगों को इन घटनाओं से आपस में लड़ाने के लिए पाकिस्तान ऐसी हरकते कर रहा है। बर्बादी की कगार पर बैठा पाकिस्तान भारत को किसी भी हाल में अस्थिर करना चाहता है ताकि उसकी तरक्की रूक जाए और कश्मीर में फिर से अशांति कायम हो। लेकिन वर्तमान सरकार उनके नापाक मंसूबों को नाकाम करने का माद्दा रखती है। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकवाद के विरोध में कुछ दिन पहले ही भिलाई, दुर्ग, खैरागढ़ के नामचीन कलाकारों ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण किया था जिसमें सैकड़ो लोगो ने अपने हस्ताक्षर भी किए थे। इस पेन्टिंग का अवलोकन सांसद विजय बघेल ने किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि आतंकी पाताल में भी छुप जाएंगे तो भी उन्हें ढूंढकर मारा जाएगा। कश्मीर घाटी शांति के पथ पर आगे बढ़ने लगी है तथा करोड़ो पर्यटक वहां घूमने जा रहे हैं। जिससे कश्मीर की जीडीपी बढ़ी है और वहां के नागरिकों का जीवन स्तर उंचा उठा है। कलाकारों ने भारत के हर धर्म के नागरिकों से अपील की है कि ऐसी परिस्थिति में हम सब भारतवासियों को धैर्य के साथ एकजुट रहना चाहिए।



# कांग्रेसियों ने बोरेबासी दिवस पर खाया बोरे बासी



**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। आज नगर में श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी खाकर बोरेबासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर-5 महापौर निवास के घर के समीप बने डोमशेड में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित महापौर नीरज पाल, जिला भिलाई कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्रकार, धर्मेन्द्र यादव, पूर्व साडा उपाध्यक्ष वृज मोहन सिंह, पूर्व महापौर नीता लोधी, महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, चन्द्रशेखर गवई, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजेश शर्मा, पार्षद सुभ्रदा सिंह, कन्हैया लाल चुरहे, सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी संस्कृति और अपने खानपान के लिये छत्तीसगढ़ भारत में अपनी एक खास पहचान रखता है। उन्होनें कहा कि इस परम्परा को कांग्रेसियों ने एक सात मिलकर मनाया है। सभी उपस्थित लोगों ने नीचे एक पंगत पर बैठकर बोरेवासी के सेवन किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के पहुंचते ही उनका भव्य स्वागत किया गया। इसी तरह नगर के अन्य स्थानों पर भी बोरेबासी के सेवन किया गया।

# सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी

**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में मंत्रि परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2 हजार 621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। आपको बता दें कि श्री सेन ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए विधानसभा सदन सहित मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से भी बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। श्री सेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे। उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर रिकेश सेन लगातार सदन में मुखर रहा। विधायक रिकेश सेन सदन में इस बात को लेकर निवेदन किया कि कैसे इन बच्चों को रोजगार मिले और इस बात को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष भी रखा था। इसके बावजूद ऐसे सहायक शिक्षक बच्चे जहां भी मिलते थे, उनकी आंखों में आंसू होते। वो सभी काफी परेशान थे, ऐसा लगता था कि उनका जीवन खत्म हो चुका है, लेकिन विधायक श्री सेन हमेशा उन बच्चों को विश्वास दिलाया कि विष्णु साय की सरकार है, सुशासन की सरकार है, आप निश्चिन्त रहिए। आपको रोजगार से वंचित नहीं किया जाएगा। कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कैबिनेट ने कहा है कि सभी सहायक शिक्षक उन सभी को हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। आपको बता दें कि आज केबिनेट बैठक में अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है। अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए बीएड अर्हताधारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के राज्य में रिक्त 4 हजार 422 पदों में समायोजित किया जाएगा। कला व विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता 12वीं गणित व विज्ञान पूर्ण करने हेतु 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा।



# व्यापारी एकता का परिचय देवें : ज्ञानचंद

**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। दुर्ग सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में लीज नवीनीकरण प्रकरण के निराकरण में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात एवं भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा कराए गए वैल्यूएशन को आधार बनाकर थोपी गई दरों को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के राजस्व नियमों के खिलाफ होने के कारण सर्वप्रथम राज्य शासन के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवाना और शहर वासियों को राहत दिलाना उपरोक्त संदर्भ में केंद्र सरकार से बात करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति हेतु चर्चा की गई। उक्त जानकारी देते हुए भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई ज्ञानचंद जैन नें देते हुए बताया कि लीज अनुबंध से अलग हटकर मांगी जाने वाली राशि के पत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने इस्पात मंत्री जी से मुलाकात हेतु दिल्ली के कार्यक्रम को अंतिम रूप देना। तब तक की समस्या का कोई हल नहीं है ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री से मुलाकात करके उपरोक्त विषयों पर रोक लगाया जाना पहली आवश्यकता है । इन्हीं सब विषयों पर चर्चा करने हम सब एकत्र हो रहे हैं और शांतिपूर्वक सांसद से उपरोक्त विषय पर अपने विचार पुन: रखेंगे और दिशा निर्देश की अपेक्षा करेंगे । ज्ञानचंद जैन ने कहा कि हमारी एकजुटता ही हमारी समस्या को हल करने का सबसे मजबूत आधार होगा। उन्होनें कहा कि आप सबकी उपस्थिति समय पर होना अनिर्वाय है।

# महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण ने मनाई परशुराम जयंती



**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण जागृति सभा द्वारा विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में सायं श्री गजानन मंदिरए हुडको से हर्षोल्लास के साथ विशाल एवं भव्य शोभायात्रा गाजे.बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण जागृति सभा के पुरूष, महिलाएँ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा स्कुटी, बाईक व कार से श्रीराम चौक, हुडको, सेक्टर 9 चौक, सेक्टर-5 चौक से बालाजी मंदिर होते हुए परशुराम चौक, मैत्रीनगर, रिसाली पहुंची। डी.पी.एस.चौक में परशुराम विप्र सेवा समिति की ओर से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई तत्पश्चात परशुराम चौक में समिति द्वारा आतिशबाजी व पुष्पगुच्छ से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। श्री परशुराम भगवान को महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण जागृती सभा के अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी द्वारा माल्यार्पण कर पूजा आरती कि गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में मनीष पांडे, दिनेश यादव, पूर्व पार्षद हुडको, सोमेश त्रिवेदी, परशुराम विप्र सेवा समिति के अनिल मिश्रा, चंद्राकर एवं सदस्य के साथ और भी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। श्री गजानन मंदिर हुडको में प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक द्वारा आरती की गई एवं सभा द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा हेतू सहयोग करने वालों का एवं शोभा यात्रा में शामिल सदस्यों एवं मातृ शक्ती का धन्यवाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय कठाले द्वारा किया गया।

## प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** आज गुरुवार को थाना सुपेला क्षेत्रान्तर्गत प्रात: लक्ष्मी नगर सूरज किराना स्टोर के पास षड़यंत्रपूर्वक रोहित तिवारी एवं राजा पिल्ले व्दारा राहुल को जान से मारने की नियत से बकरा काटने वाले चापड़ से प्राणघातक हमला कर, चोट पहुंचाकर गंभीर रूप से घायल किया गया। प्रार्थी बजरंगी लाल की रिपोर्ट पर थाना सुपेला पुलिस ने धारा 109 (1), 61 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल पुलिस टीम व्दारा आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी रोहित तिवारी एवं सूरज साहनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सूरज साहनी 26 वर्ष भीम नगर सुपेला रोहित तिवारी 38 वर्ष भीमनगर शंकर चौक सुपेल। पुलिस ने घटना के कुछ देर में ही दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# डैम में डूबने से युवक की मौत



**भिलाईनगर,** 1 मई (देशबन्धु)। बुधवार रात एक हृदयविदारक घटना में नेवई डैम में डूबने से 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मृतक का नाम अरविंद कोसले बताया जा रहा है। इस हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर एसडीआरएफकी टीम को भेजा गया। घंटे की रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आखिरकार शव को पानी से बाहर निकाला जा सका। मृतक अरविंद कोसले भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के वार्ड 24, कैंप 1 का निवासी था। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह डैम तक कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीआरएफ की टीम में नागेंद्र कुमार सिंह व ईश्वर खरे के नेतृत्व में राजू महानंद, भूपेंद्र सिंह, थानेश्वर, महेश गंधर्व, दिलीप कुमार, रमेश कुमार और विनय यादव ने अंधेरे और गहराई के बावजूद कई घंटे तक प्रयास के बाद शव को खोजा। शव को पानी से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा गया। नेवई थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अब इस घटना की तहकीकात की जा रही है। पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मरचुरी भेज दिया गया।

# दुर्गम जंगलों में स्थित ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण





- मेला पूर्व सड़क, साफ-सफाई, पानी, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश
- अक्षय तृतीया के बाद प्रथम सोमवार को खुलने वाली ऐतिहासिक गुफा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

**गंडई पंडरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के घने जंगलों में स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडीप खोल गुफा का स्थल निरीक्षण किया। अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को गुफा के दर्शनार्थियों के लिए खुलने से पहले, कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दौरा किया।

कलेक्टर चंद्रवाल ने गुफा में प्रवेश कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधाओं हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ श्री रवि को मार्ग की साफ-सफाई और अन्य जरूरी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करने को कहा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अविनाश ठाकुर को गुफा के प्रवेश द्वार पर चेतावनी बोर्ड और गेट लगाने के निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालु सावधानीपूर्वक प्रवेश कर सकें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेला स्थल पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही स्थानीय युवाओं को गुफा दिखाने गाइड के रूप में रखने पर भी जोर दिया गया।

गुफा खुलने पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर ने पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही वन विभाग को गुफा के भीतर बैरिकेडिंग के लिए बांस और बल्लियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालु क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कर सकें।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ठाकुरटोला के जमींदार लाल रोहित सिंह पुलस्त्य और पुजारी राधा मोहन दास वैष्णव ने मंडीप खोल गुफा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया गुफा देखने 16 बार एक ही नदी को पार कर जाना होता है यह गुफा रियासतकालीन परंपराओं से जुड़ी है और हर वर्ष अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है। यहां पहले पूजा-अर्चना ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा की जाती है।

गुफा के समीप सेतगंगा कुंड स्थित है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि इस जल में कभी विकृति नहीं आती और इसका जल सदा शुद्ध रहता है। इसके समीप स्थित च्चमगादड़ गुफाज् में हजारों चमगादड़ निवास करते हैं और दिन में भी यहाँ अंधकार बना रहता है। कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, वन एवं पुलिस विभाग अधिकारी कर्मचारी, ठाकुरटोला के जमींदार लाल रोहित सिंह पुलस्त्य और पुजारी राधा मोहन दास वैष्णव सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# 5 से 31 मई तक वार्डों में समाधान शिविर

### अपनी समस्याओं का समाधान जानने वार्डों में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित होने महापौर ने नागरिकों से की अपील

**राजनांदगांव,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये सुशासन तिहार 2025 का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित शिविर मे प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में समाधान किया गया और आवेदको के समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर के लिये आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियो को दायित्व सौपा है, जिसके नोडल अधिकारी सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो. नं. 83197 26288 तथा सहायक नोडल अधिकारी प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो. नं. 97705 19619 होगे।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि शासकीय कामकाज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने शासन की पहल पर सुशासन तिहार 2025 आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में उसका समाधान कर आवेदको को उनका समाधान बताने तथा शासन की योजनाओ का लाभ देने तृतीय चरण में वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि 5 मई 2025 सोमवार को वार्ड नं. 14,24,25,26 व 27 के लिये स्टेट हाई स्कूल में, 8 मई गुरूवार को वार्ड नं. 5,6,9,10,11,12 व 13 के लिये चिखली स्कूल में, 10 मई शनिवार को वार्ड नं. 15,16,17,18,19 व 23 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में, 14 मई बुधवार को वार्ड नं. 20,21,22,44 व 45 के लिये कमला कालेज में, 16 मई शुक्रवार को वार्ड नं. 1,2,3,4,7 व 8 के लिये मोतीपुर स्कूल में, 19 मई सोमवार को वार्ड नं. 28,29,30,31 व 32 के लिये लखोली स्कूल सीडीएस भवन में, 22 मई गुरूवार को वार्ड नं. 33,34,35 व 36 के लिये लखोली बैगापारा स्कूल में, 26 मई सोमवार को वार्ड नं. 37,38,39,40 व 48 के लिये दिग्विजय कालोज में, 29 मई गुरूवार को वार्ड नं. 41,42,43 व 46 के लिये बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में तथा 31 मई शनिवार को वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये जल संयंत्रगृह मोहारा में प्रातः 10 से संधा 5 बजे तक शिविर आयोजित किये गये है।

महपौर श्री यादव ने आवेदको एवं वार्डवासियो को वार्डो में 8 मई से 31 मई 2025 तक आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

# कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 1 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुधवार को जिले के रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रही गतिविधियों और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। जिसमें प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और कक्षाएं शामिल हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राचार्य से महाविद्यालय में छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा को लेकर जानकारी ली। वही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की संख्या के संबंध में भी चर्चा की। साथ ही महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कृषि महाविद्यालय संस्थान द्वारा तैयार ? किए गए बंगला पान के नर्सरी का भी अवलोकन किया और किस्म एवं उत्पादन संबंधी पहलुओं पर संबंधितों के साथ चर्चा की। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय के माध्यम से किसानों को दी जा रही सलाह और सेवाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय को बेहतर बनाने और किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अविनाश ठाकुर, तहसीलदार छुईखदान मोक्षदा देवांगन सहित महाविद्यालय के स्टॉफ मौजदू रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मोदी फैसले से देश में एकता एकजुटता का जबरदस्त माहौल



### आतंकी मामले में सेना को खुली छुट देना प्रधानमंत्री मोदी का अहम फैसला : चेमन देशमुख

**दल्लीराजहरा**,1 मई (देशबन्धु)। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने देशबन्धु से पहलगाम आतंकी मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार के फैसले से देश में एकता और एक जुटता का जबरदस्त माहौल है ताकि पहलगाम जैसे अपराध करने की पाकिस्तान कभी सोच भी न सके। चेमन देशमुख ने आगे कहा की ऐसी हरकत पाकिस्तान भारत की धरती पर बार बार किया है और भारत 26/11 पुलगागाम आंतकी घटना की जांच में पाकिस्तान को जांच कमेटी में शामिल करती थी इस बार मोदी सरकार ने पहलगांव आतंकी घटना के जांच में पाकिस्तान की अपील को ठुकरा कर व भारतीय सेना को पहलगांव की आतंकी घटना में खुली छुट दे कर अहम फैसला लिए है। उन्होंने आगे कहा की पाकिस्तान भारत में आतंक घटना को अंजाम देकर साफ मुकर जाता है। अब भारत की मोदी सरकार यह ठान लिए है पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करके ही मानेंगे जो कार्य 70 सालों में कांग्रेस की सरकार पाकिस्तान सरकार के विरूद्ध नहीं किया वह कार्य केन्द्र की मोदी मंत्री मंडल ने सिंधु नदी समझौता को तोड़ कर खुले जंग की चेतावनी पाकिस्तान को दे दी है। भारत से पाकिस्तान में निर्यात होने वाले सभी दवाइंयों में रोक लगाकर भारत ने पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर किया है। अध्यक्षा चेमन देशमुख ने यह भी कहा की अब भारत पाकिस्तान को ललकार कर कहा है की खुले रूप में आओ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या पाकिस्तान की अमानवीय सोच का नतीजा है,भारत के मोदी सरकार में वह ताकत है कि वह ऐसे हर अमानवीय कृत्य का जवाब खुले रूप से दे सकती है।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नवदंपति को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**राजनांदगांव,** 1 मई (देशबन्धु)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलेसर पहुंचकर क्षेत्र वासियों का हाल चाल जाना ग्राम जंगलेसर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें सुखमय जीवन की उज्जवल कामना की इस दौरान साथ में जिला पंचायत सभापति देव कुमारी साहू,राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर,ग्राम पंचायत जंगलेशर सरपंच श्रीमती लता देवल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित है।



**डोंगरगढ़।** 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बोरे बासी खाकर प्रदेश के सभी श्रमिकों को अपने कार्य क्षेत्र में पूरी लगन से काम करने का संदेश दिया है।

## पुलिस की अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, 1 को किया गिरफ्तार




**डोंगरगढ़,** 1 मई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के आदेश पर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के दिशा-निर्देश में पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों/तस्करों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक-01.05.2025 को डोंगरगढ़ पुलिस आरोपी योगेश रायपुरी पिता स्व0 गोपाल रायपुरी उम्र- 26 साल निवासी खुंटापारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पुराना कॉलेज के सामने चिचोला रोड डोंगरगढ़ के पास 07 बोतल गोवा अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 5.250 बल्क लीटर किमती- 3360/- रू0 जप्त कर आरोपी को धारा-34(2) छ0ग0 आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि मुजीम रहमान कुरैशी, आरक्षक अजय कुमार पाटले का विशेष योगदान रहा है।

# मोदी सरकार, जाति जनगणना कराने को पिछड़ा समाज ने एतिहासिक फैसला बताया



### जाति जनगणना,कांग्रेस इंडिया गठबंधन सिर्फ अपने लाभ के लिए रखा : पिछड़ा समाज

**डौण्डी,**1 मई (देशबन्धु)। केंद्र पिछड़ वर्ग समाज के प्रतिनिधि केन्द्र सरकार के अहम फैसले से कहा की सर्व पिछड़ा वर्ग समाज केन्द्र की मोदी सरकार के जाति जन गणना से अत्यधिक खुश हुआ है। पिछले लगभग 20 वर्षों से पिछड़ा वर्ग समाज जिला बालोद के द्वारा संविधान के अनुसार निर्धारित 27त्न आरक्षण को लागू करने हेतु रैली आम सभा एवं चक्का जाम के माध्यम से मांग करता आ रहा है जिसके फल स्वरूप मोदी सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के नागरिकों के लिए अच्छा परिणाम आया है। सरकार को बार-बार ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया जिस पर सरकार ने अपनी स्वस्थ मानसिकता का परिचय देते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के हित को ध्यान में रखते हुए गंभीर विचार विमर्श कर अहम फैसले लिए हैं। जिसमें केवल और केवल पिछड़ा वर्ग समाज का हित छुपा हुआ है पिछली सरकारों के द्वारा 1930 के बाद जातिगत जनगणना को बंद कर दिया गया था और उसके पश्चात कोई भी इसे से लागू करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे जातिगत जनगणना हो जाने से पूरे भारत के पिछड़े वर्ग समाज को लाभ मिलेगा और इस पर राजनीति करने वालों के मुंह में हमेशा के लिए ताला लग जाएगा। पिछड़ वर्ग के प्रतिनिधियों ने प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से बताया कि अब तक सरकार के पास जातिगत संबंधी मात्र तीन ही कलम हुआ करता था आदिवासी हरिजन और तीसरा कलम अन्य जिससे केवल और केवल पिछला वर्ग को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा था कि आज तक जितना नुकसान पिछड़े वर्ग समाज को हुआ है उसकी भरपाई आने वाले 100 वर्षों तक भी संभव नहीं हो पाएगा सरकार के इस फैसले से खुश होकर के पिछड़ा वर्ग समाज के जिला अध्यक्ष छगन जी जिला महासचिव जीवन धनकर प्रांत अध्यक्ष जगन्नाथ साहू प्रांतउपाध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन प्रांतीय संरक्षक भोजराम साहू ब्लॉक अध्यक्ष हिंसाराम साहू महामंत्री सोमेश साहू महासचिव डोमन साहू एवं रामनारायण धनकर सचिव शिवरंन घाटी मीडिया प्रभारी तेजराम साहू एवं समस्त पिछड़ा वर्ग जाति समाज भारत सरकार को धन्यवाद स्थापित करता है एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है साथ ही पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्यों ने यह भी कहा की जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपने लाभ तक के लिए सिमित रखा था।

# सांसद संतोष पांडे के पहल पर एकलव्य से निकाले गए 22 मजदूर काम में वापस



**डोंगरगढ़,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी यूनियन की जिला शाखा राजनांदगांव की आपातकालीन बैठक पेंडरी में कार्यरत 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कार्य से निकाल देने से बुलाई गई थी। प्रिंसिपल एकलव्य के द्वारा कर्मचारियों को काम से निकालने का कारण छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश होने का बहाना बताया गया था जिला शाखा की बैठक के निर्णय अनुसार जिन कर्मचारियों को कार्य में रखा गया था उन कर्मचारियों से जिला संघ ने अपील किया कि काम बंद करके संघ का साथ दें 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर कर्मचारियों ने एकलव्य गेट में ताला बंद करके ताला चाबी प्रिंसिपल को दे दिया। सभी ने कार्य करने का बहिष्कार करते सांसद से संघ प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया संघ प्रतिनिधि ने इसके पूर्व 30 अप्रैल को वी पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को प्रकरण की जानकारी से अवगत कराया था उनके पहल प सांसद जी से संघ प्रतिनिधिमंडल 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मिलने पहुंचे और एकलव्य से निकाले गए 22 कर्मचारी को पुनः काम में रखने का ज्ञापन दिया गया सांसद को विस्तार से बताया गया कि किसी भी जिले में एकलव्य से कर्मचारियों को नहीं निकाला गया है लेकिन जिला राजनांदगांव में पेंडरी स्थित आवासीय एकलव्य से कर्मचारियों को कार्य से मुक्त कर दिया गया जिसके लिए प्रिंसिपल ने आदेश भी जारी किया है जिस पर उन्होंने एकलव्य प्रिंसीपल और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से दूरभाष के माध्यम से चर्चा किया गया चर्चा उपरांत सभी निकाले गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को यथावत कार्य में वापस लिया जाएगा संघ प्रतिनिधिमंडल ने सांसद का मजदूरों को काम वापसी के लिए आभार व्यक्त किया है प्रतिनिधि मंडल में पहुंचे योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव सुरेंद्र यादव भुवनेश पाटिल गोविंद दुलार संगीता उषा ज्योति बांधव एवं एकलव्य के सभी कर्मचारी तथा प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बिन मौसम कुदरत का ...

और न ही सफाई व्यवस्था में कोई सुधार हुआ। वार्ड पार्षद भी मौके से नदारद नजर आए, जिससे जनता में गहरा रोष व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अपील की है कि तत्काल सर्वे कर प्रभावितों को आर्थिक सहायता, राशन सामग्री और अस्थायी आवास की सुविधा मुहैया कराई जाए। नगर में स्थिति सामान्य करने के लिए विशेष टीम गठित कर सफाई और जल निकासी के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

प्राकृतिक आपदा से सबक लेने की जरूरत-यह घटना न केवल एक प्राकृतिक आपदा है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि नगर की व्यवस्थाएं आपातकालीन स्थितियों से निपटने में कितनी असहाय हैं। आवश्यकता है कि भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए नगर में एक आपदा प्रबंधन तंत्र को विकसित किया जाए, जिससे जनता को इस तरह की परेशानी से दो-चार न होना पड़े।

### घंटों तक ट्रैफिक रहा...

किया गया। रेलवे की टीम राहत कार्य में जुटी हुई है और जल्द ही रेल यातायात को पूरी तरह से सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। धीरे-धीरे स्थिति को सामान्य किया जा रहा है। इस दौरान कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया था।

### भिलाई तीन पुराने ट्रांसफार्मर ...

तीन स्थित सीएसईबी के हाई टेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ। जिसकी चिंगारी पुराने ट्रांसफार्मर स्टोर पर गिर गई जो भीषण आग में तब्दील हो गया क्योंकि पुराने ट्रांसफार्मर से भीषण गर्मी के कारण रिसने वाला आयल के कारण आग तेजी से फैलने लगी सूचना मिलते ही दुर्ग की फायर टीम तीन गाड़ियों के साथ पहुंची तत्काल आग पर पानी की बौछार कर काबू पाया गया। श्री सिंह ने बताया कि लगभग 1 घंटे में ही आग पर काबू पा लिया गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर...

गया। थाना गंडई पुलिस एवं सायबर सेल की विशेष टीम गठित की गई जो रायपुर एवं बलौदा बाजार से आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया आरोपियो से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। आरोपी भुवनेश देवांगन द्वारा जिला बीजापुर थाना भैरमगढ़ मे अपराध क्रमांक 19/24 धारा 420 भादवि, जोड़ने धारा 467, 468, 471, भादवि के तहत भी नौकरी लगाने के नाम से 38 लाख रूपये का ठगी किया गया है। उस प्रकरण में आरोपी तीन माह तक जेल में था जो अभी जमानत पर है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। इस कार्य में थाना गंडई के निरीक्षक भीमसेन यादव, सउनि चेतन नेताम, आरक्षक शशांक तिवारी, महिला आरक्षक शिखा निर्मलकर व सायबर सेल प्रआर अख्तर खॉन का सराहनीय योगदान रहा।

# भटगांव में अक्षय तृतीया अक्ति तिहार मनाया



**परपोड़ी,** 1 मई। समीपस्थ ग्राम भटगाव में बच्चों एंव ग्रामिणो के द्वारा अक्षय तृतीया ( अक्ती तिहार ) को लोक रिती रिवाज एंव पारंपरिक ढंग से मानाया गया गाव के अटल परिसर के पास पंडाल लगा कर गुड्डा गुडिया का विवाह धुमधाम से? रितीवाजो से किया सांस्कृतिक आस्था और प्रकृति प्रेम को दर्शाते बच्चों एंव ग्रामिणो के द्वारा गाव के प्रमुख मंदिर एंव पीपल नीम एंव अन्य पुजनीय वृक्ष पर चावल चना दाल एंव जल अर्पित किया उसके पश्चात अटल परिशर बने पंडाल मे गुड्डा गुड्डी के विवाह विधी-विधान से समपन्न किया। जिसमें मुख्यरुप से नवनिर्वाचित सरपंच रुपलाल पटेल, सुखराम साहू.संतोष साहू.संतोष पटेल.डालेश्वर पटेल. मोती पटेल.. सिलोचनी. किरण. सरोज.लेखमड़ी पटेल. भारती साहू.चमेली पटेल . भुनेश्वरी साहू.दुर्गा.. रूचि. रीना. निकिता. बेनिका. मुस्कान. खुसबू. नित्या. पिया. गायु. मीनाछी. कोयल. आंन्नू करीना. रानू. काजल. मोनू. यश. छत्रपल.. चीकु, गुलशन. मनोज भारत. गज्जु, आदी शामिल रहे।

# नवीन तहसील भवन निर्माण कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कवर्धा,** 1 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया में 71 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए इस दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी और नायब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य को तय समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भवन की संरचना, सामग्री की गुणवत्ता, लेआउट और उपयोगिता संबंधी पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनसुविधाओं से जुड़ी हर अधोसंरचना को समयबद्ध और मानक अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील भवन के तैयार हो जाने से आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी तथा प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

## मोहरा में प्रदर्शन, देशद्रोही बयान का विरोध

**डोंगरगढ़,** 2 मई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं तोखन साहू केंद्रीय मंत्री व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार नरेश टिकैत के देशद्रोही बयान के विरोध में भाजपा डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल द्वारा क्षेत्र के मोहारा बजार चौक में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया है। जिसमे ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, तेजलाल वर्मा रवि यादव, हेमकुमार साहु ,सतिश वर्मा, सदा वर्मा, सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं सभी मोर्चा के पदाधिकारी शामिल थे।



# नेत्रदान की प्रेरणा बनीं संगीता जैन, वर्षों बाद जिले में हुआ नेत्रदान

■ कलेक्टर ने सराहना करते हुए कहा कि संगीता जैन का निर्णय समाज के लिए अनुकरणीय

**कवर्धा,** 1 मई (देशबन्धु)। वर्षों बाद कबीरधाम जिले में नेत्रदान की एक मिसाल कायम हुई है, जिसने पूरे जिले को संवेदनशीलता और सेवा-भावना का संदेश दिया है। जिले की श्रीमती संगीता जैन 56 वर्ष ने अपना नेत्र दान कर लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस पुण्य कार्य के लिए स्वर्गीय श्रीमती संगीता जैन के परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्य समाज को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा और अनेक दृष्टिहीनों के जीवन में रोशनी लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

देश में लाखों लोग आंखों की रोशनी के लिए प्रतीक्षारत हैं। ऐसे में नेत्रदान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। यदि कोई व्यक्ति अपनी आंखें दान करता है, तो वह नेत्रविहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाले की किरण बन सकता है। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो किसी को अंधकार से निकालकर रंगों से भरी नई जिंदगी की ओर ले जाता है। विकासशील देशों में कॉर्नियल रोग दृष्टि दोष और अंधत्व के प्रमुख कारणों में से एक हैं। इन स्थितियों में नेत्रदान जीवनदायिनी भूमिका निभाता है।



कई वर्षों के अंतराल के बाद कबीरधाम जिले में नेत्रदान की एक मिसाल पेश की गई है। जिले की 56 वर्षीय श्रीमती संगीता जैन ने मृत्यु के उपरांत अपने नेत्र दान किए हैं, जिससे वे समाज के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

इस पुण्य कार्य में उनके पति समाजसेवी महावीर खातेड, पुत्र गौरव खातेड, रौनक खातेड और पुत्री प्रेक्षा का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उनका यह निर्णय न केवल नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करता है।

नेत्रदान करने वाले परिवार जनों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल.राज, डीपीएम श्रीमति अनुपमा तिवारी, डॉ. केशव ध्रुव सिविल सर्जन, डॉ जितेन्द्र वर्मा, बालाराम साहू रेडक्रास ने भी परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। नेत्रदान में डॉ क्षमा चोपडा नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिकल आफिसर डॉ.राजीव ठाकुर, प्रभात गुप्ता, अश्वनी शर्मा नेत्र सहायक, हेमलता मेरावी ,मेलाराम यादव का विशेष योगदान रहा।

डॉ क्षमा चोपडा नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान यदि कोई व्यक्ति जीवित रहते हुए नेत्रदान करना चाहता है तो नेत्रदान संभव नहीं है। मृत्यु के बाद नेत्रदान के लिए 6 घंटे से अधिक का समय नहीं होना चाहिए। कॉर्निया डोनर को आई बैंक तक ले जाने की जरूरत नहीं है। निकटतम नेत्र बैंक के प्रतिनिधि दाता के आवास पर आएंगे। नेत्रदान के बारे में प्रचलित मिथकों में से एक यह है कि यह अंतिम संस्कार की योजनाओं को प्रभावित करता है और दाता के चेहरे को विकृत कर देता है। यह हर तरह से असत्य है। आँख दान करने के सरल कार्य का दाता की उपस्थिति या अंतिम संस्कार की योजनाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। क्योंकि आँख निकालने में 15.20 मिनट लगते हैं। उम्र की परवाह किए बिना कोई भी व्यक्ति अपनी आंखें दान कर सकता है। अगर किसी ने नेत्रदान नहीं किया है तो भी वह नेत्रदान कर सकता है। दाता और प्राप्तकर्ता दोनों की पहचान गुप्त रखी जाती है। आंखें दान करने से कभी चेहरा नहीं बिगड़ता है। यह प्रक्रिया मशीन की मदद से 15 मिनट में आंखे निकाल लिया जाता है। नेत्रदान के प्रति जागरूक होकर अधिक से अधिक लोग नेत्रदान कर अनेक लोगों की जीवन में रोशनी ला सकते हैं।

# शिवा जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह

**बेमेतरा,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मानव कुर्मी क्षेत्रीय समाज, हरदी द्वारा भव्य आयोजन में छत्रपति शिवा जी महाराज की प्रतिमा की पअनावरण एवं नवनिर्मित छात्रपति शिवा जी महाराज सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू शामिल हुए। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक श्री अवधेश सिँह चंदेल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम मे शुरुवात छात्रपति शिवा जी महाराज की प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुरुवात हुई ल तत्पश्चात अतिथियों का समाजिक पदाधिकारियों द्वारा पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ एवं शाल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रमको सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू जी ने समाज की एकता, संस्कृति एवं संगठनात्मक शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज जैसे वीर महापुरुषों से हमें राष्ट्रप्रेम, साहस और सामाजिक न्याय की प्रेरणा मिलती है। साथ ही अंत मे साहू ने समाज के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के आदर्शों एवं वीरता को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया तथा समाज में एकता, शिक्षा एवं जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

समारोह प्रमुख रूप से श्री गोडसे कश्यप (अध्यक्ष, मानव कुर्मी छत्तीसगढ़ी समाज), श्रीमती सत्यभामा परगनिया, सपना सुनील देशलारी (सरपंच, हरदी), योगेश वर्मा, दीनानाथ साहू, योगेश्वर वर्मा, भोलू राम वर्मा, नीलकंठ वर्मा, तोरण नायक, सालिक वर्मा, राजेश पाल, सुबह पाल एवं रामखेलावन वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एलॅन्स सैनिक स्कूल में श्रमिक दिवस हर्षोल्लास और एकता के साथ मनाया गया

**बेमेतरा,** 1 मई (देशबन्धु)। एलॅन्स सैनिक स्कूल, बेमेतरा में 1 मई को श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और कृतज्ञता के साथ मनाया गया, जिसमें स्कूल के सहयोगी कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमति नीतू सिंह, प्राचार्या के संदेश से हुई, जिन्होंने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए एकता और समर्पण के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।




छात्रों ने गीतों, नाटकों और भाषणों के माध्यम से एक छोटा लेकिन प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रमिकों के प्रति अपना सम्मान और आभार प्रकट किया। शिक्षकों ने भी प्रेम और स्नेह दर्शाते हुए अपने हाथों से बनाए गए कार्ड्स श्रमिकों को भेंट किए।

स्कूल प्रबंधन ने भी इस अवसर पर अहम भूमिका निभाई। अध्यक्ष श्री कमलजीत अरोरा और श्री सुनील शर्मा ने सभी कर्मचारियों का समर्पण और सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

यह आयोजन न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने वाला रहा, बल्कि छात्रों को यह सीख भी दी कि समाज के हर कार्यकर्ता का सम्मान करना चाहिए। यह एकता, सम्मान और सीख का दिन रहा।

# बरगा में अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**थानखमरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। ग्राम बरगा में अक्षय तृतीया पर्व इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रात:काल से ही ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं पुरुषजन गांव के विभिन्न देवालयों जैसे शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, कृष्ण मंदिर, संतोषी माता मंदिर तथा ठाकुर देव स्थलों में पूजा-अर्चना हेतु उपस्थित हुए। साथ ही पीपल, बरगद एवं आम जैसे पूजनीय वृक्षों को अन्न-जल अर्पित कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई।



लोक परंपरा का निर्वहन — पुतरी-पुतरा विवाह- अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम बरगा की समृद्ध लोक परंपरा के अनुरूप पुतरी-पुतरा विवाह का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन से एक दिन पूर्व गाजे-बाजे के साथ चुलमाटी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे गांव की सहभागिता ने ग्रामीण एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य आयोजन दिवस पर पारंपरिक रस्में — हल्दी, मेंहदी, देवतेला, माड़पछादन, बारात एवं विशेष रूप से टीकावन विधि — पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुईं।

इस आयोजन को सफल बनाने में सावित्री निर्मलकर, कामिनी साहू, लता साहू, एकता, भूमिका, अजय, अरुण, भारती, भीखम, कान्हा और काव्या का सराहनीय योगदान रहा ।गांववासियों का यह पारंपरिक आयोजन न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा, बल्कि नई पीढ़ी के लिए लोकसंस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा भी बना।

# विधायक ईश्वर साहू ने विवाह समारोह में वर-वधु को दिया आशीर्वाद




**थानखमरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। जनप्रतिनिधियों के सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए विधायक श्री ईश्वर साहू ने ग्राम थानखम्हरिया में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमंत साहू के निवास पर संपन्न हुआ।

विधायक साहू ने विवाह मंडप में पहुंचकर वर-वधु को शुभाशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद व सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी और सामाजिक समरसता के महत्व को रेखांकित किया।

समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक की उपस्थिति से समारोह की गरिमा और उत्साह और अधिक बढ़ गया। स्थानीय जनता ने उनके आत्मीय व्यवहार की सराहना की।

# नगर के बुधवारी बाजार में श्रमिक दिवस पर हुआ प्याउ घर का उद्घाटन

**बालोद,** 1 मई (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बालोंद द्वारा रेडक्रॉस के नारे को चरितार्थ करते मानव सेवा कार्य करने प्याऊ घर का उद्घाटन नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोमन साहु चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी छग राज्य रायपुर, डॉ प्रदीप जैन जिला चेयरमैन रेडक्रास बालोद, कमलेश सोनी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद, डॉ एमण्केण्सूर्यवंशी सीएमएचओ बालोद के कर कमलों से प्रारंभ किया गया। भीष्म गर्मी में पानी की कमी की वजह से पेयजल की समस्या हो रही है जिससे आने जाने वालों को पीने के पानी के लिए इधर उधर जाना पड़ता है ऐसे में रेडक्रास सोसायटी बालोद ने 01 मई 2025 दिन गुरूवार श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी के लिए स्वच्छ व शुद्ध जल पिलाने बुधवारी बाजार मण्डी के पास बालोद में प्याऊ घर खोलकर सेवा का बीड़ा उठाया है। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभा चौधरी ने रेडक्रास को बधाई देते हुए कहा कि मेरे नगर के लोगों के बारे में आप की सोच मानवता को प्रदर्शित करता है। डॉ प्रदीप जैन ने भी पूरी टीम के साथ विशेष धन्यवाद प्याऊ के प्रभारी शरद ठाकुर को दिए और कहा कि 36 घण्टे की कड़ी मेहनत से इन्होंने इस प्याऊ को अमलीजामा पहना कर आज उद्घाटन करा दिए। राज्य चेयरमैन तोमन साहु ने भी रेडक्रास टीम बालोद को बेहतर काम करने की प्रेरणा दिए और गृह जिला होने के कारण हर कार्यक्रम को विशेष रूप से करने की बात कही। प्याऊ घर का संचालन रेडक्रास सोसायटी बालोद के माध्यम से किया जाएगा। आज उद्घाटन अवसर पर पानी के साथ साथ शर्बत का वितरण किया। डॉ सूर्यवंशी ने गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पीने की और भुखे पेट नहीं रहने की सलाह दी। गर्मी में तरल पदार्थ का सेवन हमारे शरीर को ठंडक रखती है। प्याऊ का संचालन पूरे महीने किया जाना है।




इस अवसर पर वाइस चेयरमैन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रूपनारायण देशमुख, प्रेमचंद क्षीरसागर, अश्वन बारले, लाल रघुवीर सिंह ठाकुर, शशीकला देशमुख, सीमा सुशील जामवन्ते, मधुमाला कौशल, कादम्बिनी यादव, लिली पुष्पा एक्का, झग्गर देवांगन, चन्द्रलेखा ठाकुर, रमेश हिरवानी, रोहित देशमुख, दिनेश तापड़िया, वीर सिंह ठाकुर, सौरभ शर्मा, नरेंद्र यादव, मनमोहन धाकड व संचालनकर्ता जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार उपस्थित रहे।

## धर्म नगरी थानखम्हरिया में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन

**थानखमरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। सावन मास के पावन अवसर पर धर्म नगरी थानखम्हरिया में समस्त नगरवासियों के आयोजन में धार्मिक आस्था से ओतप्रोत श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 जुलाई से 22 जुलाई तक राधाकृष्ण जमात मंदिर में सम्पन्न होगा।



इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में कथा वाचन करेंगी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे जी (बाजार चारभाठा), वे चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री राम स्वरूप आचार्य जी के कृपा पात्र शिष्या हैं। उनके सान्निध्य में भागवत कथा का रसपान भक्तों को प्राप्त होगा ।सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में श्रद्धालुजन धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतवर्षा का लाभ उठाएंगे। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, धर्म की महत्ता और सदाचरण का संदेश फैलाना है।

# वन परिक्षेत्र गुरुर से बालोद रेंज के जंगल में पहुंचे दन्तेल हाथी

**गुरुर,** 1 मई (देशबंधु)। वन परिक्षेत्र गुरुर के विभिन्न गांव में धान की फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद अब दो दिन दन्तेल हाथी बालोद रेंज के जंगल में चला गया है। वन विभाग से जानकारी के मुताबिक दोनों दन्तेल हाथी का लोकेशन बालोद रेंज के सहायक परिक्षेत्र हर्राठेमा, कक्ष क्रमांक ऋ 71 के पास जंगल में मिला है।



विभागीय जानकारी के मुताबिक दन्तेल हाथी की संख्या दो है जिसे विभाग द्वारा रूश्च - 2 एवं रूश्च 3 के नाम से जाना जाता है ।बुधवार को यह दोनों दन्तेल हाथी गुरुर ब्लॉक के ग्राम बिच्छिबाहरा, खैरडिगी, सोन्हतरा मे धान की फसलो को नुकसान पहुंचाए है। इसके बाद गुरुवार को बालोद रेंज के जंगल में प्रवेश किया है।

### दर्जनों गांव मे अलर्ट जारी

क्षेत्र के जंगल में दन्तेल हाथी की उपस्थिति के बाद बालोद रेंज के ग्राम मुल्ले, हर्राठेमा, गौडपाल, कुंजामपारा, मालगॉव, मड़वापथरा, मुल्लेगुड़ा, खल्लारी, वन पंडेल, तुमड़ीकसा जैसे अन्य गांव को अलर्ट पर रखा है।

उपरोक्त गांव में मुनादी करके ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से रोका जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार से जनहानि ना हो।

### पूर्व मे हो चुकी है घटनाये

बता दे कि वर्तमान में क्षेत्र के जंगल में ग्रामीणों द्वारा महुआ एकत्रित किया जा रहा है, इसके अलावा इसी सप्ताह से तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

गत वर्ष दन्तेल हाथी के कुचलने से बालोद, गुरुर, डोडी, धमतरी, रेंज के विभिन्न गांव में ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, ऐसे में जंगल की तरफ जाने वाले ग्रामीणों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत पकड़ा गया फरार स्थायी वारंटी



**थानखमरिया,** 1 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत् थाना थानखम्हरिया स्टॉफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1002/2021 अपराध क्रमांक 223/2021 धारा 294,506, 323 भादवि. के मामले में फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी राजेन्द्र साहू पिता बैसाखू उम्र 19 साल साकिन बनरांका थाना थानखम्हरिया को जरिये मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। उपर्युक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि भानू पटेल, आरक्षक कुसुम कोशले, तोरण डहरिया एवं अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने पिपरिया तहसील न्यायालय का किया औचक निरीक्षण, लंबित प्रकरणों पर जताई गहरी नाराजगी

■ कलेक्टर ने तत्परता एवं सक्रियतापूर्वक तहसील कोर्ट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के दिए सख्त निर्देश



**कवर्धा,** 1 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज पिपरिया तहसील न्यायालय और नायब तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पिपरिया तहसील कोर्ट में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति ऐसी उदासीनता एवं बहानेबाजी नहीं चलेगी। उन्होंने तत्परता एवं सक्रियतापूर्वक तहसील कोर्ट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना ना पड़ें। सरल प्रक्रिया के अनुरूप उनका कार्य करें। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वर्षों से लंबित मामलों की फाइलों की स्वयं समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि कई मामलों में पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी स्थिति में नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक लंबितता समाप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों में जिनकी सुनवाई लंबित है, पक्षकारों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं, ताकि प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी और नायब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान तहसील न्यायालय में दर्ज प्रकरणों, लंबित मामलों तथा सुनवाई के लिए निर्धारित तैयार प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित करते हुए सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि पटवारी प्रतिवेदन से संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही उन्होंने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए गति लाने पर सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी आपसी समन्वय से कार्य करें और प्रत्येक केस की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि हर राजस्व बैठक में एक वर्ष से अधिक समय से लंबित या जटिल मामलों को प्रस्तुत किया जाए, ताकि उच्च अधिकारियों की निगरानी में उनका समाधान सुनिश्चित हो सके।

## शराब दुकान के सुरक्षा कर्मी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा,** 1 मई (देशबन्धु)। 24 अप्रेल 2025 को प्रार्थिया गीता अनंत, निवासी सारंगपुर कला चौकी पोंडी, थाना बोड़ला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका पुत्र लालदास अनंत, जो देशी मदिरा दुकान बोड़ला में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है, पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हमला किया गया है। वह वर्तमान में शासकीय अस्पताल बोड़ला में भर्ती है।



प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 61/2025, धारा 296, 118(2), 351(3), 3(5) बीएनएस एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल सीडीआर विश्लेषण, गवाहों के बयान एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही मुकेश लहरे पिता ईतवारी लहरे उम्र 24 वर्ष, निवासी बबई एवं वेंकट मरकाम पिता पंचम सिंह मरकाम उम्र 19 वर्ष, निवासी कोयलारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। मुकेश लहरे द्वारा पीड़ित को शराब दुकान में सेल्समेन के पद पर लगाने के नाम पर 90,000 रुपये लिए गए थे, जिसमें से 80,000 रुपये वापस किया गया, किंतु 10,000 रुपये नहीं देने पर आरोपी नाराज़ हो गया। दिनांक 22.04.2025 को मुकेश ने वेंकट के साथ मिलकर हमला करने की योजना बनाई। रात्रि 02÷30 बजे दोनों आरोपी मोटरसाइकिल (ष्ट्त्र 09 छ्वष्ट 9744) से बोड़ला पहुंचे, शराब दुकान के पीछे महुआ के पेड़ के नीचे वाहन खड़ा कर पेड़ के सहारे छत पर चढ़े। मुकेश ने वायर कटर से बिजली की लाइन काट दी, जिससे सीसीटीवी और लाइट बंद हो गए। अंधेरे का फायदा उठाकर वेंकट ने सामने से आकर लालदास पर धारदार चाकू से दो बार वार कर दिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू, वायर कटर एवं मोटरसाइकिल जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध प्रमाणित पाए जाने पर दिनांक 01.05.2025 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

संपादकीय

## झाड़-फूंक से बचें

प्रदेश से झाड़-फूंक की आड़ में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है जो यह बतलाता है कि लोगों, खासकर अशिक्षित या कम पढ़े-लिखों में किसी भी बीमारी के उपचार के रूप में झाड़-फूंक पर भरोसा बना हुआ है। ऐसे लोगों को इससे बचाने तथा उन्हें इलाज के लिये आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित करने कि लिये जनजागरण अभियान चलाये जाने की ज़रूरत है। इलाज के लिये सभी को शासकीय हो या निजी चिकित्सालय जाना चाहिये, न कि इन बाबाओं, बैगाओं या किसी अन्य तरह की झाड़-फूंक करने वालों के पास जाकर पैसा और समय खर्च करना चाहिये।

रायगढ़ के तमनार के एक गांव में एक किशोरी के बीमार होने पर उसके मां-बाप उसे गोढ़ी गांव के एक त्रिभुवन अघरिया के पास ले गये। उसने पूजा-पाठ के नाम से कुछ प्रक्रिया की तथा किशोरी को लेकर जंगल के भीतर चला गया। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिवारजन उसे ढूंढ़ने गये। उन्हें देखकर बैगा भागने लगा। लड़की ने बताया कि त्रिभुवन ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट लिखाने पर उसे बलात्कार तथा पॉक्सो के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस तरह की अनेक घटनाएं होती रहती हैं। लोग मानते हैं कि किसी के द्वारा टोना-टोटका करने पर कोई बीमार हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है। कुछ अरसा पहले कांकेर जिले के कोरर क्षेत्र में स्थित बांसकुंड गांव में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की ग्रामीणों ने इसलिये हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक हो गया था कि बुजुर्ग ने जादू-टोना कर कुछ गांववासियों के प्राण लिये हैं। इस सम्बन्ध में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। लोगों को समझना चाहिये कि इस तरह कोई भी किसी को जादू-टोना कर नहीं मार सकता।

इस तरह का अंधविश्वास ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। गांव में किसी को कोई बीमारी होने पर घर के लोग उन्हें अस्पताल न ले जाकर झाड़-फूंक करने वालों के पास ले जाते हैं। यहां तक कि किसी को डॉक्टरों के उपचार से लाभ नहीं होता तो वे बेहतर अस्पतालों में जाने की बजाय जादू-टोना करने वालों के पास जाते हैं। अक्सर उनके इलाज से स्थिति और गम्भीर हो जाती है। लोग जान भी गंवाते हैं। ज्यादातर मामलों में बैगा यह कहकर पीछा छुड़ा लेता है कि किसी व्यक्ति के कारण मरीज बीमार हुआ है या उस पर भूत आया है। फिर उन्हें कुछ पूजा-पाठ या उपाय बताये जाते हैं।

विज्ञान और तकनीकी विकास के इस युग में लोगों को किसी प्रकार की बीमारी हो या कोई परेशानी- तो हल करने का तर्कसंगत तरीके अपनाने चाहिये। इनके कारण या तो लोगों की जान जाती है या फिर बैगा कहलाने वाले उन्हें ठगते हैं। लोगों को चाहिये कि वे बीमार होने पर अस्पतालों में ही इलाज करायें।

उल्टा पुल्टा

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था- हा. हु. प्र...
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा- कौन सी पार्टी के हैं ये नेताजी?
ड्राइवर- हारे हुए प्रत्याशी।

# बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान ने गोबरा नवापारा में मचाई तबाही, जनजीवन प्रभावित



**गोबरा नवापारा,** 1 मई (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम में अचानक बदले मौसम ने गोबरा नवापारा नगर में भारी तबाही मचाई है। बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र के जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। मंगलवार देर रात शुरू हुई इस प्राकृतिक आपदा ने नगर के कई हिस्सों में व्यापक नुकसान पहुंचाया। कई स्थानों पर पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गए, बिजली के खंभे गिर गए, और टीन शेड हवा में उड़ गए।

**श्रेया एग्रो इंडस्ट्रीज के टीन टप्पर उड़े, गोदाम में भरा पानी, पूरा माल खराब होने कुछ आशंका:** इसी तरह तर्री दुलना रोड में स्थित गोदाम फैक्ट्री को इस आंधी तूफान से काफी नुकसान हुआ है।तुलना रोड में कई दुकानें,केन्टीन फैक्ट्री के टीन शेड उड़ गए ।वहीं श्रेया एग्रो इंडस्ट्रीज तर्री की फेक्ट्री का ? टीन शेड उड़ जाने, गोदाम में पानी भर जाने से राइस,धान,कोड़ा आदि बुरी तरह भीग गया ।माल गीला हो जाने के कारण पूरा माल खराब होना बताया जा रहा है ।

बिजली के तारों पर पेड़ गिरने की वजह से कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मौसमी कहर का असर चल रहे शादी-विवाह के सीजन पर भी पड़ा है। खुले में आयोजित कई समारोह बारिश और तेज हवाओं की वजह से प्रभावित हुए। टेंट और सजावट के सामान क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई हैं, जिससे आयोजकों और परिवारों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रमेश साहू ने बताया, च्इतनी तेज हवाओं के साथ बारिश कई सालों बाद देखी है। हमारे मोहल्ले में बिजली रातभर गुल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का किया गया सम्मान



**जिले के 671 श्रमिक विभिन्न योजनाओं के तहत हुए लाभान्वित**

**बलौदाबाजार,** 1 मई (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में श्रमिकों का सम्मान किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत श्रमिको को चेक वितरित किया। इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा जिले के 671 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 1करोड़ 35 लाख 88 हजार 974 रुपये का डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने जल संचायन की शपथ भी दिलाई।

कलेक्टर श्री सोनी ने श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि श्रम से ही देश दुनिया में विकास आगे बढ़ रहा है। श्रमिक अपने श्रम से बड़े-बड़े निर्माण कार्य को अंजाम दे कर देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज का दिन उनके श्रम का सम्मान करने का दिन है। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित किये जा रहे हैं। उन योजनाओं से हर श्रमिक को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। सभी श्रमिक अपनी पात्रता के अनुसार योजना का लाभ जरूर लें। उन्होंने श्रमिकों को संगठित और असंगठित क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों अलग-अलग क्षेत्र हैं कार्य की प्रकृति और नियोजन अनुसार पंजीयन के पश्चात श्रम कार्ड बनता है। इसमें किसी प्रकार से भ्रमित न हो और श्रम कार्ड में अनावश्यक परिवर्तन न कराये। उन्होंने श्रम विभग के अधिकारियो को योजनाओं की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि मिनीमाता महतारी जतन योजना 30 हितग्राही, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 38 हितग्राही, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मजदूर दिवस पर रश्मि ने खाई बोरे-बासी



**महासमुंद,** 1 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि श्रम का सम्मान ही समाज की असली पहचान है ।बोरे.बासी न सिर्फ हमारे छत्तीसगढ़ की परंपरा है, बल्कि मेहनतकश श्रमिक साथियों के सम्मान की भावना भी है। 1 मई मजदूर दिवस पर बोरे.बासी ग्रहण कर श्रमिकों के श्रम, संस्कृति और संघर्ष को नमन किया गया। यह दिन याद दिलाता है कि समाज की असली शक्ति वे हाथ हैं जो ईंट, मिट्टी, पसीने और हौसले से देश का भविष्य गढ़ते हैं। बोरे.बासी खाकर हम उस मेहनत को नमन करते हैं, जो बिना कैमरे, बिना माइक, चुपचाप राष्ट्र निर्माण में लगी रहती है।

# कर्मा जयंती में लफंदी पहुंचे विधायक रोहित साहू ने टीना शेड का किया लोकार्पण



**राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम लफंदी में कौदकेरा परिक्षेत्र साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू पहुँचे। सभी अतिथियों ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर उनके जीवनगाथा का गुणगान किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में नवनिर्मित टीना शेड का सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियो की उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि मांग के आधार पर गाँव में सभी प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र का सबसे विकसित गाँव की श्रेणी में अब लफंदी गाँव का नाम है। आने वाले समय में और भी विकास कार्य इस गाँव में होंगे जिसका लाभ प्रत्येक आमजन को होगा। उन्होंने कहा कि जनता का दिया आशीर्वाद ही मेरी धरोहर है, एक जनप्रतिनिधि के नाते सेवा का अवसर मुझे मिला, यह मेरा सौभाग्य है। जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू ने कहा कि विधायक रोहित साहू जनता की मांग के अनुरूप कार्य करने वाले सबसे सक्रिय विधायक हैं जिन्होंने क्षेत्र में विकास को नए आयाम तक पहुंचाएं हैं। इस अवसर पर प्रमुख प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू,राजिम भक्तिन मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू,जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू,तहसील साहू संघ अध्यक्ष रामजी साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीश साहू,युगलकिशोर साहू,नेहरू साहू,हीरामणि साहू,नीतू साहू,गेंदलाल साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश,परतेवा सपंच सतकोंन साहू, लफन्दी सरपंच श्रीमती ध्रुव,उप सरपंच पंकज साहू सहित सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष सचिव पदाधिकारी गण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ भाऊराम ने मनाया अपना जन्मदिन



**महासमुंद,** 1 मई (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 25 के भाजपा पार्षद भाऊराम साहू ने अपना जन्मदिन एक विशेष और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। जहां आमतौर पर लोग जन्मदिन को निजी आयोजनों या भव्य पार्टियों के माध्यम से मनाते हैं, वहीं साहू ने इसे समाजसेवा को समर्पित करते हुए जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। सुबह सबसे पहले उन्होंने वार्ड के प्रमुख मंदिर में पूजा.अर्चना कर दिन की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के बीच फ्ल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा, मेरे जीवन का उद्देश्य केवल जनसेवा है और जन्मदिन जैसे अवसर पर लोगों की सेवा कर मुझे सच्चा आत्मिक सुख मिलता है। इसके अलावा साहू ने वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आंगनवाड़ी में भाऊराम साहू बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और आंगनवाड़ी में गर्मी से परेशान बच्चों को जन्मदिन के शुभ अवसर पर कूलर भेंट किया ।वे बच्चों के साथ केक काट कर फ्ल व चॉकलेट का वितरण किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी, भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे। लोगों ने साहू के कार्यों की सराहना की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। भाऊराम साहू का यह सेवा भाव मिसाल है। उन्होंने दिखा दिया कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का मार्ग भी हो सकता है।

# राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज आरंग राज के उपाध्यक्ष चेतन चौहान ने मजदूर दिवस पर ग्रहण किया बोरे बासी



**नवापारा राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज आरंग राज के उपाध्यक्ष एव नवापारा निवासी चेतन सिह चौहान ने 1 मई मजदूर और बोरे बासी दिवस पर बोरे बासी का सेवन कर अपने बच्चों को बताया कि बोरे बासी फास्ट फूड से बेहतर है गर्मी के दिनो मे प्रतिदिन बोरे बासी के साथ प्याज ,आम का आचार सेवन करने से शरीर को पौष्टिक तत्व तो मिलता ही है साथ ही शरीर के तापमान को वातावरण तापमान मे समयोजित भी करता है। जिसे लू लगने की संभावना बिलकुल खत्म हो जाती है ।बोरे बासी ऐसा व्यंजन है जो छत्तीसगढ वासियो को हमेशा से अपनी ओर लुभते आ रहे है। उन्होने आगे बताये कि बोरे बासी के स्वरूप मे परिवर्तन आया है लेकिन आज भी बोरे बासी का स्वाद वही है जो स्वाद बचपन मे बोरे बासी खाने पर मिलता था

# अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर 11 ग्राम पंचायतों को अनुविभागीय अधिकारी ने दिया नोटिस

**महासमुंद,** 1 मई (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम अधिकारी महासमुंद हरिशंकर पैंकरा ने महासमुंद अनुविभाग अंतर्गत शामिल 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच और समस्त पंचों को नोटिस जारी कर कहा है कि ग्राम पंचायत के सीमा क्षेत्र के नदी नाले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाएं उन्होंने ग्राम पंचायत बरबसपुर, कनेकेरा,गढ़सिवनी, अछोला, लहंगर, पीढ़ी, अमलोर, चूहरी, सिरपुर, चिंगरौद और पासिद के सरपंच को नोटिस जारी कर कहा है कि यह संज्ञान में आ रहा है आपके ग्राम पंचायत अंतर्गत नदी नाले में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। छग पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम 1996 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अर्न्तगत स्थित शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। आपके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढता पूर्वक नहीं किया जा रहा है, लापरवाही बरती जा रही है, जिससे की शासकीय राशि की हानि हो रही है। अत: अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाना सुनिश्चित करे अन्यथा आपके विरूद्ध छग पंचायत राज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत धारा 39-40 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। आदेश में 8 मई को सुबह 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर दस्तावेजमय सहित अपना पक्ष रखने कहा गया है, नहीं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भगवान परशुराम चौक का नामकरण व अनावरण



**बलौदाबाजार,** 1 मई (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार द्वारा कलेक्ट्रेट रोड स्थित अपेक्स राइस मिल के समीप एक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान परशुराम के नाम पर चौराहे का नामकरण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विप्र वाटिका में भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के सानिध्य में चौराहे के नामकरण हेतु पट्टिका का अनावरण पं. गणेश प्रसाद मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार के अध्यक्ष पं. श्याम शुक्ला ने उपस्थितजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह चौक अब ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को भगवान परशुराम के जीवन दर्शन से जोड़ने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, विष्णुधर दीवान, रमेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, छवि श्याम दुबे, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, सुशील तिवारी, राजीव लोचन शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, संतोष तिवारी, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नितेश शर्मा, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, अभिषेक तिवारी, संजय पांडेय, प्रसन्न दीवान, डॉक्टर विनोद शुक्ला, कृष्णा द्विवेदी, मनोज दुबे, पीयूष मिश्रा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, शिशिर त्रिवेदी, आशुतोष मिश्रा, अविनाश मिश्रा, अरविंद पांडेय, महिला समाज की पूर्व अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, डॉ. निशा झा, महिला समाज अध्यक्ष ऋचा द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर ने गौ संरक्षण पर ली आयोग की बैठक



**महासमुंद,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गौ ग्राम जनजागरण यात्रा के तहत जिला महासमुंद के गौशालाओं का निरीक्षण कर गौ संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रविराज साहू, गौ सेवा आयोग के पंजीयक समीर शर्मा, डीएसपी सुश्री प्रतिभा चंद्रा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ अंजना नायडू, पशुधन विकास विभाग के अधिकारीगण, गौशाला संचालक, समाजसेवी संस्थान एवं गौ सेवक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान श्री पटेल ने गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषिक महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा कि गायों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए एवं प्रशासनिक अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं स्वंयसेवी संगठनों से अपील की है कि वे गांव.गांव जाकर गायों की उपयोगिता के प्रति जनजागृति फैलाएं। गौ.तस्करी की रोकथाम को लेकर उन्होने पुलिस विभाग को निर्देश दिए है कि इस पर कड़ी निगरानी रखे एवं त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही गौ सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्ष श्री पटेल ने वर्तमान गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह राज्यव्यापी जागरूकता यात्रा 20 मई तक संचालित की जावेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य गायों का संरक्षण, संवर्धन गौ उत्पादों का व्यापक प्रचार.प्रसार एवं हर घर गौ पालन के प्रति जनमानस में सकारात्मक चेतना का संचार करना है। उन्होने यह भी कहा कि देशी गाय कृषि के क्षेत्र में उपयोगी होने के साथ.साथ गोबर और गौ.मूत्र से जैविक कीटनाशकों एवं अन्य लाभकारी उत्पादों के निर्माण में सहायक है जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा। अंत में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा गौशालाओं के अध्यक्ष द्वारा रखी गई मांगो से अध्यक्ष गौ सेवा आयोग को अवगत कराया।

# सुशासन तिहार में श्रमिकों का बना श्रम कार्ड



**बलौदाबाजार,** 1 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा हैं। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में आवेदनों का समाधान कर आवेदकों को जानकारी भी दी जा रही है। इसी क्रम में ग्राम कंजी के कांती निषाद, ग्राम खर्वे निवासी बलराम पैकरा नागेश्वरी पैकरा द्वारा श्रम कार्ड बनाए जाने हेतु दिए गये आवेदन का शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें श्रम कार्ड उपलब्ध कराया गया। सुशासन तिहार में दिलहरण साहू निवासी बलौदाबाजार के द्वारा मजदूरी राशि दिलाये जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया था जिसका त्वरित निराकरण करते हुए ठेकेदार से 39000 रुपये बकाया मजदूरी राशि दिलाया गया। श्रम कार्ड प्राप्त करने पर कांती निषाद एवं दिलहरण साहू ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विभिन्न श्रमिक योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। मजदूरी का बकाया राशि मिलने पर दिलहरण साहू ने सुशासन तिहार आयोजन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

**बागबाहरा**, 1 मई (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा में सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम का शुभ उद्घोष 29 अप्रैल 2025 एवं 30 अप्रैल 2025 किया गया। इस अवसर पर सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति, बागबाहरा के अध्यक्ष मनसुख परमार, सचिव राहुल अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि सहसचिव जोगेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी उपस्थित रहे,।

परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिसमें विद्यालय की बहनों ने शानदार प्रदर्शन कर अग्रणी स्थान प्राप्त किए। प्रथम कक्षा में गितेश दीवान 99:, द्वितीय कक्षा में मो. मेराज खान 97.83:, तृतीय कक्षा में प्रिंसी साहू चतुर्थ कक्षा में चित्रांगना नायक 96.1:, पंचम कक्षा में अदिती यादव 92.00: षष्ठ कक्षा में ओम साहू 95.1: कक्षा सप्तम में भाग्यश्री चक्रधारी ने 90: कक्षा अष्टम दीप्ति यादव 94.17:, हेमलता विश्वकर्मा 94.17:, एवं करिश्मा पटेल 94.17:, कक्षा नवम में साधना देवांगन ने 98.8: तथा कक्षा एकादश में रुपाली चक्रधारी ने 98.20: अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्गों में पहला स्थान




हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान 80: से अधिक अंक लाने वाले तथा कक्षा में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों को आगामी मेधावी छात्र परीक्षा 9 मई 2025 को महासमुंद में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु चयनित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले भैया-बहनों जिसमें कक्षा प्रथम से एकादश तक नाम क्रमशः हैं भावना श्रीवास, चांदनी ध्रुव, नैनसी चंद्राकर, तनुजा ध्रुव, गीतांजली चंद्राकर, समीर साहू, भाग्यश्री चक्रधारी, षष्टांजली साहू, केशर चक्रधारी, पौरवी देवांगन एवं भेपेश्वरी दीवान को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ रहने तथा निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने 'असफलता ही सफलता की कुंजी है' विषय पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों, भैया-बहनों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन परीक्षा प्रमुख अनिमेश शर्मा द्वारा किया गया।

विद्यालय द्वारा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

संचालन समिति के अध्यक्ष मनसुख परमार, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेन्द्र सिंह, सदस्य अनिल पुरोहित, नरेश जैन, विकास बग्गा, श्रीमती तारा शर्मा, श्रीमती राही शर्मा, प्रीतम दीवान, केशव चंद्राकर, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, मानिकलाल साहू तथा प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर सहित समस्त आचार्यो ने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# स. शि. मं. नवापारा का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## सिद्धार्थ साहू एवं आयुषी देवांगन विद्यालय में प्रथम रही

**नवापारा राजिम,** 1 मई (देशबंधु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में शिक्षा सत्र 2024-25 का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमकुमारी साहू अध्यक्ष ,विशेष अतिथि, भूपेंद्र सोनी उपाध्यक्ष, पार्षद लुकेश्वरी साहू ,अध्यक्षता प्रफुल्ल दुबे सचिव श्री राम जानकी शिक्षण समिति, प्राचार्य गौरी शंकर निर्मलकर नवापारा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम अप्का शुभारंभ किया।



परीक्षा प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि कुल 265 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें- 148 विद्यार्थी को ए, 82 को बी एवं 35 को सी ग्रेड प्राप्त हुए। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओमकुमारी साहू ने कहा कि -पढ़ाई में कभी आलस्य मत किजिए ।सफलता का एक ही मूल मंत्र हैं कड़ी मेहनत ।करना खूब पढ़िए और हमेशा आगे बढ़ते रहिए। कभी पीछे मुड़कर मत ,देखना हमेशा अपने लक्ष्य पर ध्यान देना फिर कोई भी कार्य आपके लिए कठिन नहीं होगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रफुल्ल दुबे ने कहा कि परीक्षा में पास होना ही महत्वपूर्ण नहीं होता ,जीवन जीने के लिए हर क्षेत्र में आगे होना चाहिए। जिसके लिए संघर्ष के पथ पर चलना जरूरी होता हैं।आज पढ़ाई के साथ हर बच्चे को सेवा -समर्पण, त्याग-तपस्या, संस्कृति और संस्कारित शिक्षा की जरूरत हैं जिसमें शिशु मंदिर अग्रणी संस्था हैं। विशेष अतिथि भूपेंद्र सोनी, पार्षद लुकेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया।

परीक्षा सहायक वाल्मीकि धीवर अपने विचार व्यक्त किए ।आभार प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने ,और कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव ने किया। इस अवसर पर समिति के सहसचिव कोमल साहू, योगिता सिन्हा, दयालु गाड़ा सहित अधिक संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहें ।कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक देवांगन, नरेंद्र साहू, नंद साहू, तामेश्वर साहू, वाल्मीकि धीवर, संजय सोनी,परमेश्वर सिन्हा ,मंजू ,ममता, देवकी , हुलेश्वरी साहू, नेहा सोनकर, चेतन, लोमेश, खिलेश साहू, प्रतिभा यादव, का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार से सरोज कंसारी ने दी।

# अक्ती पर रचाई गुडडे गुड़िया की शादी

**राजिम बकली,** 1 मई (देशबन्धु)। अक्षय तृतिया अक्ती तिहार का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही ग्रामीण अंचल में गुडडे गुड़िया की शादी रचाई गई इस दौरान हर बहुत से घरां में मंडप सजे ।विधिवत विवाह की परंपराएं निभाई गई और गुड्डे-गुड़ियों की शादी की। विवाह गीत बजते पर जमकर डांस किया शादी के बाद गुड़िया की विदाई की भी रस्म निभाई गई। छोटे से नगाड़े के साथ बाक्स में फिल्मी गीत में डांस करते नन्हे मुन्हें बराती निकले। घरातियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले बच्चे ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याज का निमंत्रण दिया गुड़िया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुडडे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा ।मंडप तक बरात पहुंचे और विवाह की रस्म पूरी की बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पारिवारजन और मोहल्ले वासी भी पहुंचे गुड्डे-गुड़ियों को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकवन भेंट किया।




# अंतिम पालक सम्मेलन सिंघौरी में सम्पन्न

**राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में आज सत्र के अंतिम पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया था ! अक्षय तृतीया त्यौहार के बावजूद पालकों ने अपने जिम्मेदारी समझते हुए उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दिए थे !प्रधान पाठक नन्द कुमार सिन्हा ने क्लास पहली से पांचवी के परीक्षा परिणाम से अवगत कराते हुए विशेष कर पांचवी में 27 बच्चों ने परीक्षा दिया जिसमें 23 बच्चे प्राथम श्रेणी 4 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित हुवे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा !कुमारी तृप्ति पिता योगेश्वर वर्मा 91 प्रतिशत अंक के साथ प्राथम स्थान प्राप्त किया है वर्तमान में उक्त बालिका नवोदय विद्यालय में अध्यन हेतु प्रवेश ले चुकी है इसी तरह भारतीय वर्मा, द्रव्यांश वर्मा संयुक्त रूप से 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे नामदेव पटेल 84 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे अन्य 10 बच्चों ने टाप 10 में स्थान प्राप्त किया है !सरपंच डिगेशवर साहू ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों को खूब आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए बच्चों की उपलब्धि के लिए शाला परिवार को बधाई दिया !शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन वर्मा भी बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी को धन्यवाद दिए !फोन के माध्यम से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एच. के. साहू ने स्कूल की खूब तारीफ करते हुवे बच्चों एवं शिक्षक ठाकुर मैडम को बधाई प्रेषित किया !उक्त अवसर पर उप सरपंच हेमलता साहू पालक मोहन वर्मा गायत्री वर्मा पंच दिनेश साहू वासुदेव साहू शिक्षक शिक्षिका गणेश राम कुम्हार उर्वशी तारक हेमलता ठाकुर सफाई कर्मचारी चन्द्रिका साहू अन्य ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे !




# नपा अध्यक्ष द्वारा किया गया तालाब सफाई का निरीक्षण



**बागबाहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत स्थित वार्ड न 02 व्यापारी तालाब, वार्ड न 03 ढाँगा डिपरा तालाब, वार्ड न 06 शिव मंदिर तालाब, वार्ड न 13 नेकइन तालाब एवं वार्ड न 15 मंडी तालाब का सफाई कार्य वर्षा ऋतु से पहले कराया जावेगा। जिसमे निकाय द्वारा वार्ड न 13 नेकइन तालाब का सफाई कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसका निरिक्षण आज दिनांक 30.04.2025 को श्रीमती खिलेश्वरी बघेल अध्यक्ष एवं मंता यादव पार्षद वार्ड न 07 नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल का परीक्षा परिणाम घोषित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 मई (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल की स्थानीय परीक्षा एवं कक्षा पांचवी तथा आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जो शत प्रतिशत रहा। पूर्व घोषणा अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल की स्थानीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य जयलाल मिश्रा एवं विशेष अतिथि संचालन समिति के सदस्य शांतिकुमार साहू, ललित नारायण साहू, उपमन्यु वर्मा पाली प्रमुख सुरेश कुमार देवांगन एवं आत्मानंद विद्यालय के व्याख्याता के.आर.चंद्राकर रहे।

**■ 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत**

प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती तथा भारतमाता के छायाचित्र का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात हाई एवं हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख अन्नपूर्णा शुक्ला, पूर्व माध्यमिक के परीक्षाफल की घोषणा लक्ष्मी नारायण साहू तथा शिशु एवं प्राथमिक विभाग के परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रहलाद यादव ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में पास होना ही महत्वपूर्ण नहीं है। जीवन जीने के लिए हर क्षेत्र में आगे होना चाहिए, जिसके लिए संघर्ष के पथ पर चलना जरूरी होता है। आगे पढ़ाई के साथ हर बच्चे को सेवा समर्पण, त्याग तपस्या, संस्कृति और संस्कारित शिक्षा की जरूरत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद साहू ने कहा कि सफलता का एक ही मूल मंत्र है कड़ी मेहनत,खूब पढ़िए और हमेशा आगे बढ़िये। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शांति कुमार साहू एवं उपमन्यु वर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कक्षा अरुण से ग्यारहवीं के प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा रोली तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी की दिव्यांजलि कैवर्त पिता राजकुमार केवट ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, प्राची पैकरा पिता ललित कुमार पैकरा 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, काव्या साहू पिता धनीराम साहू 92.5प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा आठवीं में लेखा साहू पिता प्रवीन कुमार साहू 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम,हर्षिता साहू पिता धनीराम साहू 89.67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं प्रशांत वर्मा पिता विनोद कुमार वर्मा 89.17 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया गया। परीक्षा परिणाम जानने सभी विद्यार्थियों सहित अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य विष्णुप्रसाद केंवट ने किया ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को दी विदाई

**महासमुंद** 1 मई (देशबंधु)। शासकीय बृजराज उप्राशा के प्रधान पाठक श्रीमती विजयलक्ष्मी चंद्राकर को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार, संकुल बृजराज के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षको, पालको एवं विद्यार्थियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। बृजराज शाला में एक विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम श्रीमती चंद्राकर को स्मृतिचिन्ह, उपहार एवं श्रीफल शॉल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक नरेश साहू ने श्रीमती चंद्राकर के 36 वर्ष के शिक्षकीय सफर का सक्षिप्त परिचय रखा। शिक्षिका जमुना साहू ने आपने साथ बिताए स्मृतियों को साझा किया। तत्पश्चात सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा, विधायक प्रतिनिधि आकाश पांडे एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिग्विजय साहू ने प्राधान पाठक को अंगवस्त्र भेंट कर उनके द्वारा किये गये कार्य से प्रेरणा लेने की बात कही। इसी क्रम में सेजेस हिन्दी के प्राचार्य हेमेन्द्र आचार्य, व्याख्याता चमनलाल चंद्राकर ने अपने विचार में कहा कि श्रीमती चंद्राकर सदैव विद्यार्थी और




शाला के हित के लिए तत्पर रहती थी, आप एक साहसिक, मिलनसार व हसमुख प्रवृत्ति की शिक्षक है। अपने विचार व्यक्त करते हुए छग शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यकारी प्रातांध्यक्ष प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात आप एक सीमा से बाहर आकर अब समाज के उत्थान के लिए भी अपना योगदान दे सकतीं है। विदाई सामारोह में श्रीमती चंद्राकर के पति ओंकार चंद्राकर, माता श्रीमती राही देवी के साथ उनके पुत्र व पुत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, सीएसी सुरेन्द्र चंद्राकर, बृजराज मिडिल स्कूल के शिक्षक गण सोनल साहू, स्वाति चंद्राकर, पुष्पांजली सिंह, कर्मचारी चित्ररेखा, सावित्री धीवर, दौपदी यादव, बृजराज प्राथमिक के प्रधान पाठक गोमती साहू, देवेन्द्र ठाकुर, मनीषा साहू, नेहा चन्द्राकर, बिम्लेश्वरी दुबे, सुशांत धराई, स्वाति सिन्हा, चिन्तामणी चन्द्राकर, प्रभा चंद्राकर, बृजराज संकुल के समस्त प्रधान पाठक शिक्षक व पालकगण उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में डूमरपाली के महेश को मिला किसान किताब

**महासमुंद** 1 मई (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार ने न सिर्फयोजनाओं को जन.जन तक पहुँचाया है, बल्कि आम नागरिकों की जमीनी समस्याओं का त्वरित समाधान कर एक नई मिसाल भी कायम की है। ऐसी ही एक कहानी है बसना विकासखंड के ग्राम डूमरपाली निवासी महेश राम की। महेश राम एक साधारण कृषक हैं, जिनकी पूरी आजीविका कृषि पर निर्भर है। पिछले वर्ष से वे अपनी भूमि से जुड़ी सुविधाओं से वंचित थे, क्योंकि उनके पास ऋण पुस्तिका नहीं थी। ऋण पुस्तिका के अभाव में उन्हें न तो किसी बैंक से कृषि ऋण मिल पाता था, न ही सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ। कई बार उन्होंने प्रयास किया, लेकिन उनकी आवाज कहीं ना कहीं दबकर रह जाती थी। जब सुशासन तिहार अभियान की शुरुआत हुई तो यह उनके लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया। उन्होंने ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में अपनी समस्या दर्ज करवाई। उनकी यह छोटी सी पहल, शासन.प्रशासन की सक्रियता के चलते एक बड़ी राहत में बदल गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के कुशल मार्गदर्शन में बसना तहसील की तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर ने महेश राम की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए त्वरित कार्यवाही की। समुचित सत्यापन के उपरांत महेश राम को उनकी ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। ऋण पुस्तिका हाथ में लेते समय महेश राम की आँखों में चमक थी यह चमक सिर्फ कागज की नहीं, बल्कि विश्वास और अधिकार की थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा अब मैं भी अपने खेत की उन्नति के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकूंगा। ये सुशासन तिहार मेरे लिए किसी पर्व से कम नहीं है।



# कन्या उमावि बिरकोनी का परीक्षा परिणाम



**महासमुंद** 1 मई (देशबंधु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में बुधवार को सत्र 2024.25 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता संतराम साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा नवमी में 110 छात्रा में 63 छात्राएं उत्तीर्ण हुए इनमें कुमारी मेघा चंद्राकर 84 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पूर्वा चंद्राकर ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित किया, तृतीय स्थान पर डमेशवरी कंवर ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित किया। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय से पूनम निषाद प्रथम स्थान, कुन्ती साहू द्वितीय, उर्वशी पटेल तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय से रागिनी साहू प्रथम स्थान, तुषिता चंद्राकर द्वितीय स्थान, लीलेश्वरी मंडलोई तृतीय स्थान पर रहे, वाणिज्य संकाय से दुर्गा साहु प्रथम स्थान, छाया यादव द्वितीय स्थान, मीनाक्षी साहु तृतीय स्थान पर रहे। संयुक्त रूप से कक्षा ग्यारहवीं में दुर्गा साहु ने 73 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, छाया यादव ने 67 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय और रागिनी साहु ने 65 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । नवमी में 110 में 63 छात्राएं उत्तीर्ण हुए परिणाम 60 प्रतिशत रहा। इसी तरह ग्यारहवीं में 90 छात्राएं में 64 छात्राएं उत्तीर्ण हुए परिणाम 71 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करते समय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहु और व्याख्याता गण रागिनी चन्द्राकर, परस राम सिन्हा, अनुपमा मानिकपुरी, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहु, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की ,व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेन्द्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपुत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय दीवान सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष ने सीसी रोड का भूमिपूजन व तीन स्थानों पर किया बोर का शुभारंभ



**महासमुंद** 1 मई (देशबंधु)। नयापारा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बोर का पूजा अर्चना कर शुभारंभ तथा सीसी रोड का भूमिपूजन किया। ये सभी बोर पूर्व में उत्खनित किए गए थे। जिसमें नपाध्यक्ष ने पेयजल संकट समाधान के लिए नागरिकों की मांग पर मोटर पंप लगाने के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष के निर्देश पर सभी बोर में मशीन लगाया गया। जिसका श्री साहू ने शुभारंभ किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। बोर में मशीन लगने से अब आसपास के लोगों को पानी की कमी नहीं होगी। जल संकट से निबटने पालिका द्वारा सभी वार्डों के लिए विशेष तैयारी की गई है। इसके अलावा सभी वार्डों में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। वार्ड 7 के बुगलू चौक तथा वार्ड 6 के माया पांडे घर के पास व सरफराज गली में तीन स्थानों पर बोर का शुभारंभ किया गया है। इसी तरह श्री साहू ने बुगलू चौक से बीसई घर तक सीसी रोड निर्माण का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड 7 के पार्षद मुश्ताक विक्की खान, वार्ड 6 के पार्षद सीता टोंडेकर, सुशीला बरिहा, अशोक साहू, सुनीता साहू, हेमकंती देवांगन, मोहन भावनकर, चंद्रकांता निवारे, गंगा बाई, लक्ष्मी साहू, वेदराम साहू, हेमिन साहू आदि उपस्थित थे।

# गुरुकुल उमावि सोनासिल्ली में पालक मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बागबाहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनासिल्ली में भव्य पालक मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक श्री द्वारकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण एवं गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को गरिमा प्रदान की।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। दीप प्रज्वलन के साथ विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना। पूजा के उपरांत पालक मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के पालकों ने शिक्षकगण से संवाद कर शैक्षणिक, नैतिक व सामाजिक विकास पर चर्चा की। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। स्वागत गीत, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य प्रस्तुति, कविताएं और प्रेरणादायक नाटक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने सभागार में तालियों की गूंज भर दी। मुख्य अतिथि द्वारकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'गुरुकुल विद्यालय एक शिक्षा का मंदिर है जहाँ न केवल पढ़ाई होती है, बल्कि बच्चों के अंदर संस्कार, नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना भी विकसित होती है। आज के इस आयोजन में बच्चों की प्रतिभा को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है और माता-पिता को भी उनके विकास की झलक मिलती है। मैं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूं कि यह संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा।'

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, प्राचार्य श्रीमती ममता शीतल मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि श्री जीतराम यादव, जनपद सदस्य श्री बलविंदर सलूजा, उप सरपंच जितेंद्र ध्रुव, नोहर बांधे, उत्तम साहू, भारत दीवान, विद्यालय संचालक श्री सोमदत्त मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पालकगण, क्षेत्रीय नागरिक, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं।समारोह का संचालन शिक्षक श्री सोमकांत यादव एवं श्री एम. आर. ध्रुव द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। दोनों ने मंच को रोचकता और अनुशासन से सजाए रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी आगंतुकों, पालकों और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यालय की सामाजिक व शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

## बेलदार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक द्वारिकाधीश यादव से की मुलाकात

**बागबाहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा नर्रा में निवास रत बेलदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आज बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय पहुंचकर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव से सौजन्य भेंट की। दिलदार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए विधायक श्री यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा लिए जा रहे हैं निर्णय की सराहना की। इसी क्रम में समाज के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम नर्रा में बेलदार समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग भी की। जिस पर विधायक श्री यादव ने सहर्ष सहमति जताते हुए सामुदायिक भवन की मांग को पूरा करने का आश्वासनदिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेन्द्र गुप्ता,बिल्लू लखन , बिहारी , सोनसिंह , धीरसिंह, मोटू, राधेलाल, खोमेश , धीरू, धनाऊ गुड्डु, परस, फूलचंद, निशपार सहित दिलदार समाज के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।



# सांसद बृजमोहन को जन्मदिन पर गफ्फू मेमन ने संसद भवन के आकृति का केक भेंट कर दी बधाई



**गरियाबंद,** 1 मई (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा से सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने उन्हें संसद भवन की आकृति वाला प्रतीकात्मक केक भेंट किया। उन्होंने अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

मालूम हो कि बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन एक मई को होता है। लेकिन 30 अप्रैल की रात से ही समर्थकों का आना शुरू हो गया था। रात 12 बजे समर्थकों ने केक कटवाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। गरियाबंद से भी बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे थे। इस दौरान गफ्फार मेमन ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ की राजनीति में जनसेवा, सरलता और विकासशील सोच के प्रतीक हैं। उन्होंने शिक्षा, नगरीय प्रशासन, संस्कृति, पर्यटन और जल संसाधन जैसे विभागों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ प्रगति की राह पर बढ़ा है। मेमन ने कहा कि अग्रवाल की नेतृत्व क्षमता, कार्य के प्रति समर्पण और जनता से सीधा संवाद उनकी लोकप्रियता का आधार है। रायपुर सहित राज्य के कई क्षेत्रों में उनकी योजनाएं आज भी जनकल्याण के लिए मिसाल बनी हुई हैं। इस अवसर पर गरियाबंद से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, सागर मयाणी, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, प्रतीक सिंह, अमित वखारिया ने भी अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी।

# हिट एंड रन के मामले 22 लाख से अधिक सहायता राशि स्वीकृत

## सोलेशियम योजनांतर्गत मिली राशि

**बलौदाबाजार,** 1 मई (देशबन्धु)। सोलेशियम योजना हिट एण्ड रन अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि मृतक के निकट एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि प्रदान किया गया। योजना के तहत 1जनवरी से 1 मई 2025 तक 12 लोगों को 22 लाख 25 हजार मुआवजा राशि प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार चंद्रकांत साहू पिता दयालु साहू निवासी रिसदा तहसील बलौदाबाजार 2 लाख रूपये, योगेश्वरी पति दिलहरण साहू निवासी अमेरा तहसील पलारी 2 लाख, पुनूराम साहू पिता रामजी साहू निवासी ग्राम लवनबंद तहसील लवन 2 लाख, ममता गेंडरे पति देवादास गेंडरे निवासी डोकला 25 हजार, टालेश्वरी पति स्व. नीलकंठ ध्रुव निवासी ग्राम सेमराडीह तहसील बलौदाबाजार 2 लाख, राही बाई पति गुहाराम निवासी वार्ड क्र. 5 शंकर नगर सिमगा 2 लाख, पुषन बाई पति मोहन निषाद निवासी ग्राम नवागांव तहसील सिमगा 2 लाख,सुनीता पति राजेन्द्र निवासी सीलदाग तहसील छतरपुर जिला पलामू झारखण्ड 2 लाख, रजवंतीन पति संतोष साहू निवासी ग्राम कामता तहसील सिमगा 2 लाख, रानी कटारे पति रमेश कटारे निवासी केके वार्ड भाटापारा 2 लाख, सरिता वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा निवासी अमलीडीह तहसील भाटापारा 2 लाख, दुलारी साहू पति सुनील कुमार साहू निवासी ग्राम देवरी तहसील भाटापारा 2 लाख रूपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। विदित हो सोलेशियम फंड योजना के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजन और घायलों को मदद मुहैया कराने का प्रावधान है।

# सात माह की गर्भवती महिला की मौत डॉक्टर की लापरवाही या और कोई वजह?

**गरियाबंद,** 1 मई (देशबन्धु)। जिले के छुरा विकासखंड के खैरझिटी गांव की 28 वर्षीय ममता बाई ध्रुव की मौत ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। सात माह की गर्भवती ममता को सोमवार सुबह अचानक सीने और पेट में दर्द की शिकायत पर परिजन छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही और एंबुलेंस देर से उपलब्ध होने का आरोप लगाया है।

- पुलिस मर्ग कायम जांच में जुटी
- परिजनों के लगाए लापरवाही के आरोप का स्वास्थ्य विभाग ने किया खंडन

मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों की टीम की मौजूदगी में कराया गया, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई है। साथ ही महिला का विसरा भी रासायनिक जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि महिला को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. गार्गी यदु के अनुसार, च्ममता बाई को 28 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे बेहोशी की हालत में लाया गया। तत्काल उसे प्रसव कक्ष में शिफ्ट कर जांच की गई, लेकिन श्वष्टत्र सहित अन्य परीक्षणों में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद डॉ. डीएस निषाद ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर आंतरिक रक्तस्राव (हेमेटोमा) के संकेत मिले हैं, जिससे आशंका है कि वह किसी ठोस वस्तु से टकराई थी या गिर गई थी। विभाग का दावा है कि चिकित्सकीय टीम मौके पर मौजूद थी और पूरी तत्परता से इलाज की कोशिश की गई। अब आंतरिक रक्तस्राव किस कारण से हुआ इसकी जांच के बाद खुलासा होगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और रासायनिक परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि महिला की मौत लापरवाही से हुई या किसी अन्य कारण से। मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।

# भगवान परशुराम की ब्राह्मणों ने निकाली शोभायात्रा



**लवन,** 1 मई (देशबन्धु)। नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम प्रकट उत्सव अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया शोभायात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर ब्राह्मण पारा तहसील चौक बस स्टैंड होते हुए बाजार चौक पहुंची इस शोभा यात्रा में ब्राह्मण समाज के विप्रजन श्याम शुक्ला अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज बलौदा बाजार पंडित गोरेलाल तिवारी कसडोल संजय सुमन त्रिवेदी रामेश्वर पांडे धीरज मिश्रा अनूप पांडे दिल चंद तिवारी ज्ञान प्रकाश पांडे अखिलेश मिश्रा अमर मिश्रा पंकज मिश्रा अक्षत मिश्रा अनुज मिश्रा हिमांशु दुर्गेश बाजपेई अनुपम बाजपेईभावेश तिवारी अभय तिवारी बसंत तिवारी मृत्युंजय पांडे सतीश पांडे प्रशांत पांडे विनोद जोशी अखिलेश जोशी अरविंद पाण्डेय सुनील पांडे संतोष पांडे शिवा पांडे शिवम पांडे श्रेय पांडे मोतीलाल पांडे शरद पांडे राजेश पांडे रिकी अभय पांडे मनीष काले विकास काले राकेश पांडे सुधीर तिवारी सूर्य प्रकाश पांडे नवीन पांडे निमिष पांडे नीटु पांडे राजकुमार तिवारी नितेश शर्मा आर्यन शुक्ला राजा तिवारी मनोज दुबे शशि भूषण शुक्ला शिव शुक्ला अविरल पांडे अविनाश मिश्रा आदि भारी तादाद में विप्रजन मौजूद थे कार्यक्रम के अंत में पंडित गोरेलाल तिवारी द्वारा ब्राह्मणों को अपने कर्तव्य एवं परशुराम के बारे में सारगर्भित उद्बोधन किया गया।

## आज सुशासन तिहार, सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर

**बिलाईगढ़,** 1 मई (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा लोक जनकल्याणकारी शिविर, अभियान आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आवेदनों के निराकरण करने हेतु सारंगढ़ में 2 मई को कल्याणी परिवहन सुविधा केन्द्र बनियापारा सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। इच्छुक नागरिक आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड) एवं निवास प्रमाण पत्र लेकर लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

## राईस मिल व गन्ना जूस सेंटर आग के हवाले



**पिथौरा,** 1 मई (देशबन्धु)। स्थानीय बस स्टैंड स्थित साहू गन्ना ज्यूस सेंटर व कुम्हारीमुड़ा स्थित श्याम राइस मिल में अचानक आग लगने से हजारों व राईस मिल में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। गत दिनों बस स्टैंड स्थित साहू गन्ना ज्यूस सेंटर में अचानक आग लगने से गन्ने मशीन, रखे गन्ने व झोपड़ी जल कर स्वाहा हो गये संचालक अग्नि साहू ने बताया कि आग लगने की जानकारी उन्हें आम नागरिकों से मिली जब आकर देखा तो सामान जलकर ख़ाक हो गया था आग लगने का कारण अज्ञात है। वही दूसरी घटना में समीपस्थ ग्राम कुम्हारीमुड़ा थाना तेंदुकोना स्थित श्याम राईस मिल में विगत शनिवार को हुई बारिश में बिजली चमकने बादल गर्जने से रात्रि 8 बजे के लगभग आग लग गई जिससे मिल में रखे बारदाना, चांवल आदि जलकर स्वाहा हो गए। आग लगने की सूचना मिलने पर राईस मिल के संचालक व आग बुझाने वाहन, नागरिकों की मदद से काफी देर रात्रि तक आग पर काबू पाया। राईस मिल में आग लगने की सूचना तेंदुकोना थाने में दर्ज कराई गई। इस घटना से लाखों के नुकसान की संभावना जताई गई है।

# वतन चंद्राकर ने ग्राम पंचायत रीवा में व्याप्त पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**आरंग,** 1 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर ने बुधवार को रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह व जिला पंचायत रायपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौप कर अपने जिला पंचायत क्षेत्र के प्रमुख ग्राम पंचायतों में एक ग्राम पंचायत रीवा में व्याप्त एक अत्यंत गंभीर पेयजल समस्या की ओर आकर्षित किया।



वतन चंद्राकर ने जिलाधीश को सौपे ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पंचायत रीवा, जिसकी जनसंख्या 5000 से अधिक है, विगत कई वर्षों से ग्रीष्मकाल के दौरान अत्यंत भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहा है। यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि ग्राम में 60 एकड़ क्षेत्रफल में विस्तृत एक बड़ा तालाब होने के बावजूद, गांव के लोगों को प्रतिवर्ष गर्मियों में पड़ोसी गांवों से पानी लाना पड़ता है। यह स्थिति न केवल जनस्वास्थ्य के लिए संकटपूर्ण है, अपितु सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न कर रही है हाल ही में एक विवाह केवल इस कारण से टूट गया कि ग्राम में पर्याप्त पेयजल सुविधा नहीं है।

ग्रामवासियों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, किंतु अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। अत: आपसे निवेदन है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने पेयजल समस्या के संभावित समाधान हेतु कुछ सुझाव भी ज्ञापन के माध्यम से रखे है जिनमें ग्राम के तालाब का वैज्ञानिक ढंग से गहरीकरण कर वर्षभर जल संचय सुनिश्चित किया जाए। तालाब के जल को साफ कर ग्रामीण उपयोग हेतु नलकूप/बोरिंग एवं मोटरपंप के माध्यम से घरों तक पहुंचाने हेतु योजना बनाई जाए। शासन की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण कर प्रत्येक घर को नल कनेक्शन दिया जाए। वर्षा जल संचयन हेतु सामूहिक टांके/रिजर्वायर का निर्माण करवाया जाए। विशेष रूप से गर्मी के मौसम हेतु टैंकर से नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था की जाए, जब तक स्थायी समाधान क्रियान्वित न हो शामिल है।

उन्होंने ग्रामवासियों के हित में इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान हेतु पहल करने का निवेदन अधिकारियों से किया है जिससे ग्राम में व्याप्त पेयजल संकट से निजात मिल सके।

# सरपंच संघ अध्यक्ष पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा बने

**तिल्दा नेवरा,** 1 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे के नेतृत्व में सरपंच संघ तिल्दा कार्यकारणी घोषित किया गया जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत नवनिर्वाचित 102 सरपंचों का बैठक सम्मलेन जनपद सभागार में हुआ उक्त बैठक का उद्देश्य सरपंच संघ के पदाधीकारियों के चयन को लेकर किया गया था। नवनिर्वाचित सभी सरपंचों ने जनपद पंचायत तिल्दा सरपंच संघ का अध्यक्ष ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा को सर्व सहमति से अध्यक्ष चुना, साथ ही सरपंच संघ के कार्यकारणी में ग्राम पंचायत असौदा के सरपंच जितेंद्र चंद्राकार एवं ग्राम पंचायत अड़सेना सरपंच डॉ. तेजराम पाल ,ग्राम पंचायत बिठिया दुष्यंत साहू, ग्राम पंचायत बरोंडा नीतू प्रदीप मढ़रिया ,ग्राम पंचायत कोहका सरपंच तेजराम वर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया साथ ही ग्राम पंचायत इलदा के सरपंच धनेश साहू एवं दिनेश वर्मा रायखेड़ा पुष्पा सुमित ठाकुर सरपंच बरतोरी, चित्ररेखा योगेंद्र साहू रजिया ,सुनंदा वर्मा सोनतरा इन सभी को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया,महासचिव के पद पर ग्राम पंचायत खपरी कला के सरपंच रामेश्वर गोलू साहू एवं ग्राम पंचायत ओटगन के सरपंच हिमांशु तिवारी को बनाया गया साथ ही सचिव के पद पर ग्राम पंचायत सगुनी सरपंच रजत कश्यप को नियुक्त किया गया साथ ही सह सचिव के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत सीलपट्टी सरपंच लोकेश कश्यप एवं नहरडीह सरपंच अनिल सायतोड़े को नियुक्त किया गया एवं सरपंच ग्राम पंचायत केवतरा गोविंद कुर्रे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा के पूर्व अध्यक्ष देवव्रत नायक एवं सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश साहू उपस्थित रहे। जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने सभी नवनियुक्त सरपंच संघ के पदाधीकारियों को शुभकामनाएं दिया और सरपंचों को भरोसा दिलाया कि आने वाले पांच वर्षों में एक- एक पंचायतों के विकास के लिए साथ मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे



## प्रादेशिकी का शेष...

### बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान ...

रही, और शादी का कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ ज्ि इस तरह का अचानक मौसम परिवर्तन जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। पर्यावरण विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसी प्राकृतिक आपदाएं और बढ़ सकती हैं। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। गिरे हुए पेड़ों और खंभों को हटाने का काम तेजी से चल रहा है, साथ ही बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस...

सहायता योजना 374 हितग्राही, मुख्यमंत्री श्रमिक सायकल सहायता योजना 186 हितग्राही, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना 36 हितग्राही, असंगठित कमर्कार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 2 हितग्राही,असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना 5 हितग्राही लाभान्वित हुए।

### अवैध रेत उत्खनन और परिवहन...

तो एक पक्षीय कारवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा लगातार ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा रही है।

### सुशासन तिहार में श्रमिकों...

पर शासन को धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार में प्राप्त हर आवेदन का समाधान गुणवत्ता के साथ समयावधि में किया जाए ताकि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित और प्रभावी सेवा मिल सके। सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचा कर उनकी समस्याओं का समाधान करना हैं, जिसे लेकर जिले भर में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

# हीरक जयंती पर स्काउट-गाइड्स की भव्य साइकिल रैली का आयोजन

**बिलाईगढ़,** 1 मई (देशबंधु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75वें हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु एक भव्य साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली प्रात: 7 बजे सरसीवां बस स्टैंड से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पेंड्रावन स्थित नर्सरी में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में तथा जिला मुख्य आयुक्त अजय गोपाल एवं पदेन जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। जिला आयुक्त द्वारा फीता काटकर व जिला मुख्य आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर अतिथियों के साथ रैली की शुभारंभ की गई आयोजन को एक प्रेरणादायक जन-जागरूकता अभियान के रूप में दिशा प्रदान की गई ।करीब 5 किलोमीटर लंबी इस साइकिल रैली में जिले भर के सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम के माध्यम से गूंजते नारों के साथ नगरवासियों को पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। रैली की विशेष बात यह रही कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी साइकिल चलाकर सहभागिता निभाई। नर्सरी परिसर में प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायतअध्यक्ष प्रतिनिधि सुमेश बंजारे, सुभाष जालान, आजीवन सदस्य कान्हा अग्रवाल, झाडूराम साहू, पार्षद श्यामू पांडे एवं बद्री, समाजसेवी संतोष शर्मा एवं सुनील शर्मा, जिला सचिव डॉ. पूनम सिंह साहू, संयुक्त जिला सचिव गुणवती साहू, जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मीना जांगड़े, सहायक जिला संगठन आयुक्त भागवत प्रसाद साहू मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक, विकासखंड सचिव सारंगढ़ कन्हैया लाल लहरे तथा विकासखंड सचिव बिलाईगढ़ हेतराम चेलक, ओंकारेश्वर श्रीवानी ,कलेश्वर साहू , अनीता महिष हायर सेकंडरी स्कूल पेंड्रावन प्राचार्य के साथ समस्त स्टाफ कन्या शाला के प्राचार्य सेजश सरसीवां के प्राचार्य के सहित जिले के समस्त स्काउट-गाइडर्स, रोवर्स-रेंजर्स एवं स्काउट्स-गाइड्स उपस्थित रहे ।यह आयोजन न केवल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करता है, बल्कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनसहभागिता और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास के रूप में उदाहरण प्रस्तुत करता है।



**जनप्रतिनिधियों ने साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश**

# आरंग में कांग्रेस ने मनाया बोरे बासी दिवस

## बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने एक साथ खाया बोरे बासी



**आरंग,** 1 मई (देशबन्धु)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 1 मई श्रमिक दिवस को पूरे प्रदेश में बोरे बासी दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी ।सत्ता परिवर्तन हुआ लेकिन कांग्रेस छत्तीसगढ़िया संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में पीछे नहीं है। 1 मई को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया ।इसी के तहत आरंग में भी पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में आरंग के राजीव भवन में युवा कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक साथ बोरे बासी का आनंद लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का काम अगर किसी ने किया है तो कांग्रेस सरकार ने किया है ।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती परंपराओं को सहेजने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में बोरे बासी कई गुणों से भरपूर भोजन है ।पहले लोगो को बताने में संकोच होता था कि वे बोरे बासी खाते है लेकिन भूपेश बघेल ने बोरे बासी को पूरे प्रदेश में पहचान दिलाई ।कांग्रेस आगे भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, केके चंद्राकर, खिलेश्वर देवनगन, खिलावन निषाद, सूरज सोनकर, समीर गोरी, ईश्वर पटेल, मंजू चंद्राकर, भारती देवांगन, राजेश्वरी साहू, अब्दुल गोरी, कुलदीप लोधी, गणेश बांधे, पप्पू तम्बोली, सादिक बैलीम, सागर जोशी, दीपक चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, बीके भारद्वाज, राममोहन गुप्ता, पोषण साहू, तुलसी पटेल, गौरी देवांगन, राजेश निर्मलकर, अमन रज़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्तिथ रहे।

## माध्यमिक शाला गुदगुदा में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा



**कुरूद,** 1 मई (देशबन्धु)। शास. माध्य. शाला गुदगुदा सभागार मे शाला प्रबंधन और विकास समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। वार्षिक परीक्षा परिणाम में केन्द्रीयकृत परीक्षा कक्षा 8 वी में कु. भूमिका साहू प्रथम, सानिया साहू दितीय, त्रिसी साहू तुतीय स्थान तथा कक्षा 7 वी में कु. शालिनी साहू प्रथम, नूतन साहू द्वितीय, गीतांजली साहू तृतीय तथा कक्षा 6 वीं में कु. किरण साहू प्रथम, मानवी साहू द्वितीय तथा क्षमा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पुरूस्कृत करने की घोषणा करते हुए उनकी हौसलाअफजाई भी की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की बैठक में शाला अनुदान, शला मरम्मत कार्य, एसएमसी, इको क्लब तथा आत्मरक्षा मद में प्राप्त हुए शासकीय फंड के वार्षिक आय-व्यय की जानकारी कैशबुक, बिल वाउचर सहित समिति के पदाधिकारियों को दी गई।

# डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा के प्रतिभाशाली छात्रों ने एमयूएन में कूटनीति अनुसंधान और वक्तृत्व कला से राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी चमक

## 11 छात्रों की शानदार जीत ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**भाटापारा,** 1 मई (देशबन्धु)। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम से विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डीडब्ल्यूपीएस नोएडा एक्सटेंशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय इंटर डीडब्ल्यूपीएस मॉडल यूनाइटेड नेशन (रूह्) प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 17-18 डीडब्ल्यूपीएस विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाटापारा विद्यालय के 19 छात्रों ने सहभागिता की, जिनमें से 11 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।



विजेता छात्र-छात्राएँ एवं उनके पुरस्कार इस प्रकार हैं- ऑनरेबल मेंशन अवार्ड: राजवीर सराफ (यूनिसेफ - कनाडा) सिद्धि आडिल (एआईएसएम - प्रियंका गांधी)। स्पेशल मेंशन अवार्ड: मन्नत मंधान (यूनिसेफ - यूक्रेन), ओम विश्नोई (यूनिसेफ - रूस), नव्या मोटवानी (एआईएसएम - डिंपल यादव)। वर्बल मेंशन अवार्ड: ओज गेहानी (यूनिसेफ - भारत), भव्य मिश्रा (यूनिसेफ - चेक गणराज्य), निधि बंजारा (यूनिसेफ - यूनाइटेड किंगडम), जयवर्धन सिंह (यूनिसेफ - ब्राजील), सिमरन शर्मा (एआईएसएम - स्मृति ईरानी), शिवांश वर्मा (यूनिसेफ - चेक गणराज्य)

इस शानदार प्रदर्शन के लिए छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने में विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज श्री श्याम बहादुर ने मेंटर की भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने इंस्ट्रक्शनल मेंटर एवं प्रमुख नेतृत्वकर्ता के रूप में विद्यार्थियों को दिशा दी। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन में छात्रों ने राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट कूटनीति, शोधकार्य और प्रभावी सार्वजनिक वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, संदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि से सम्पूर्ण विद्यालय में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है।

प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने छात्रों की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभा और अनुशासन का संयोजन ही किसी विद्यार्थी को श्रेष्ठता की ऊँचाइयों तक ले जाता है। विद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भाटापारा के विद्यार्थियों की यह लगातार दूसरी राष्ट्रीय विजय है। इससे पूर्व, हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रीय रिबाउंडर बॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जीत दर्ज की थी, तथा अब वे थाईलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

ज्ञात हो कि एमयूएन अर्थात् मॉडल यूनाइटेड नेशन एक शैक्षणिक अनुकरणीय सम्मेलन होता है, जिसमें विद्यार्थी विश्व के विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बनकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों, नीतियों और समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हैं।

# स्काउट गाइड ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण की रैली निकाली



**बागबाहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मंशा अनुरूप राज्य सचिव कैलास सोनी के निर्देश पर स्काउट गाइड के 75 वर्ष हीरक जयंती के अवसर पर स्काउट गाइड संघ बागबाहरा द्वारा गुरूवार को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगो मे जल, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाने को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली तीन टोली में बांटा गया था। ग्राम पंचायत खल्लारी को मुख्य केंद्र बिंदु मानकर रूढ़ चाट निर्धारित किया गया था। जिसमे प्रथम टोली डोकारपाली, मोहगांव, कोल्दा, एवं द्वतीय टोली दारगाँव, पतेरापाली, बीके बाहरा तृतीय टोली संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत खल्लारी गलियों में पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को पेड़ लगाने और पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता संदेश का नारा लगाए।

वीर शिवाजी ओपन रोवर क्रू व स्काउट गाइड के इन प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। स्काउट गाइड के सदस्य पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने के लिए प्रेरित हुए हैं और वे पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर के अवसर पर संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष द्वय राजेश सोनी, देवेश साहू, जनपत सदस्य प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच रामलाल चक्रधारी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रमन दास वैष्णव, ब्लॉक आयुक्त गाइड श्रीमती पूरी हरपाल, सचिव शेषनारायण साहू, पूर्व सचिव भीमसेन चन्द्राकर, व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, वेदांश बंजारे, कु. रूखमणी बघेल, पुष्पेन्द्र, अजय चंद्राकर, अतुल तुली सोनवानी, खेमेश्वरी सिन्हा, चंचल चक्रधारी, पूणिमा ठाकुर, जानवी मानिकपुरी, उमाशंकर, रोहित, छबि, दुष्यंत, राजेश दीपांशु कृष्ण आदि उपस्थित थे।

# युक्तिकरण का शुरू हुआ विरोध कक्षावार शिक्षकों की मांग

**राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने युक्तियुक्तकरण का तीव्र विरोध किया है साथ ही संघ ने नई शिक्षा नीति 2020 का स्मरण कराते हुए प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक दिए जाने की मांग की है संघ की ओर से प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी एवं प्रांत उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार एक ओर शिक्षा गुणवत्ता की बात करती है और विषय वार नियुक्ति लेती है वहीं दूसरी ओर प्राथमिक स्तर में कक्षा व विषय न देखकर एवं माध्यमिक स्तर में विषय वार के बजाय दर्ज के मान से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया अपनाने का प्रयत्न करने का प्रयास कर रही है, डोमार सिन्हा ने बताया कि युक्तियुक्त करण की विसंगति का आलम यह है कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बालवाड़ी को भी प्राथमिक शाला से जोड़ा गया है पर इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है इसी तरह विभाग



**प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक दिए जाने की मांग**

स्कूल शिक्षा विभाग की से सेटअप की धज्जियां उधेड़ कर रख दी है उन्होंने वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण नीति सरकारी स्कूलों को मध्यान्ह भोजन वितरण केंद्र बनाने की घृणित प्रयास बताया है, अगस्त 2024 में जिस युक्तियुक्तकरण का विरोध के बाद स्थगित किया था उसे पुनः थोपा जा रहा है 60 की दर्ज संख्या में एक प्रधान पाठक एक सहायक पांच कक्षा पांच विषय के साथ ही सरकार के द्वारा संचालित कई कार्यक्रमों का संचालन कैसे संभव है यह समझ से परे है संघ की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष एन के सिन्हा, सचिव नरेंद्र टंडन, प्रभात यादव, मुनेश्वर ध्रुव, दिनेश ध्रुव, जे आर वर्मा, मनोहर साहू, संघ के कई शिक्षक साथियों ने इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का विरोध करते हुए तुरन्त स्थगित करते हुए 55 प्रतिशत डी ए, खुली स्थानांतरण नीति, सभी वर्ग के शिक्षकों का पदोन्नति जैसे सुविधाओं हेतु आदेश जारी करने की मांग की है।

# मजदूरों को कम से कम आवश्यकता की पूर्ति लायक कमाई मिले : सरोज कंसारी

**राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। स्थानीय गायत्री मंदिर सभागृह में प्रयाग साहित्य समिति के द्वारा 1 मई मजदूर दिवस के मौके पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवि, साहित्यकार एवं लेखकों ने मजदूरों के दर्द को उकेरा। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन ने करते हुए कहा कि आज के दिन हमको श्रमिक के साथ-साथ श्रम के महत्व को भी समझना चाहिए केवल श्रमिकों के हिस्से में आए हुए उनके दुख दर्द को बयां करते-करते हम सबको भी अपने जीवन में श्रम के महत्व को जानना चाहिए, हमें जीवन में किसी न किसी रूप में श्रम को स्थान देना होगा। आलस्य को त्याग करें एवं मेहनतकश बनें। युवा शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने कहा कि जो मेहनत करता है वह मजदूर है मजदूर हमेशा मेहनत और उत्साह से भरपूर रहता है उसके पास कोई बहाना नहीं रहता। गर्मी में हो, ठंड में हो, मूसलाधार बारिश में हो, वह हमेशा तैयार रहता है मजदूर के




**मजदूर दिवस पर प्रयाग साहित्य समिति ने किया साहित्यिक संगोष्ठी**

आगे सबकुछ घुटने टेक देती है एक मजदूर है जो किसी के आगे झुकता नहीं है। कभी रूकता नहीं है बल्कि घड़ी की सुई की तरह निरंतर काम करता है। वरिष्ठ साहित्यकार नूतन लाल साहू ने कहा कि जैसा कि कहा जाता है कि धुरवा का दिन भी बहुरता है अंधेरी रात के बाद ही सूरज निकलता है। 1 मई श्रमिक दिवस है और आज का दिन हम सब के लिए बहुत सौभाग्यशाली दिवस है क्योंकि श्रमिकों के कारण ही हमको रोटी, कपड़ा, मकान सुलभ हो पा रहा है। इस अवसर पर मैं श्रमिक भाइयों बहनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। प्रसिद्ध व्यंग्यकार संतोष सेन ने कहा कि मजदूर हर निर्माण की इकाई होती है जिस तरह मकान का जो मजबूती नींव से होता है इस तरह से बिना मजदूर के किसी भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। लेखिका सरोज कंसारी ने कहा कि मजदूर आज भी कई प्रकार के समस्या से गुजर रहे हैं कम आमदनी है और खर्च अधिक, आप जरा सोचिए कितनी मानसिक पीड़ा होती होगी जब कठिन मेहनत करके भी अपनी आवश्यकताओं की कोई पूर्ति न कर सकें, कम से कम परिवार का भरण पोषण करने लायक कमाई होनी चाहिए। हास्य कवि गोकुल सेन ने कहा कि आज हम जिस स्थिति में है मजदूर की कृपा है कि हमको रहने के लिए छत मिला है ओढ़ने के लिए कपड़ा और पीने के लिए नलों में शुद्ध पानी आ रहे हैं। मैं मजदूर को प्रणाम करता हूं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ हुआ इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सोनकर मंडल ने किया। भारती साहू ने आभार प्रकट किया।

# नपाध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में नागरिकों से की भेंट

**भाटापारा,** 1 मई (देशबन्धु)। आज भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र के रविदास वार्ड एवं महासती वार्ड अंतर्गत सावरा पारा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने क्षेत्रीय जनसंपर्क अभियान के तहत नागरिकों से भेंट की। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने सड़क, पानी, बिजली, बच्चों की शिक्षा, राशन वितरण एवं साफ-सफाई से जुड़ी विभिन्न समस्याएँ रखीं, जिन्हें ध्यानपूर्वक सुना गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है, और कोई भी व्यक्ति इन आवश्यकताओं से वंचित नहीं रहेगा। नगर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से ठोस योजना पर काम किया जा रहा है।



इस अवसर पर पार्षद नंदू वैष्णव, संतीश साहू, मनीष पंजवानी, आशीष टोडर, रामजी सौरा, माखन महिलांगे, रोशन बंजारे और जैसन सिंह कौशल उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपील की कि नागरिक किसी भी समस्या को छुपाएँ नहीं, उसे निसंकोच नगर पालिका तक पहुँचाएँ ताकि उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# युक्तियुक्तकरण से पूर्व पदोन्नति आवश्यक : संयुक्त शिक्षक संघ

**नवापारा** राजिम, 1 मई (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ किए जाने के निर्णय का संयुक्त शिक्षक संघ ने विरोध किया है। संघ का कहना है कि जब तक लंबित पदोन्नतियां पूरी नहीं होतीं, तब तक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया लागू करना शिक्षकों के हित में नहीं है। संघ ने स्पष्ट किया कि पूर्व में भी इस प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं, जिसके चलते विभाग को इसे रोकना पड़ा था। अब पुनः उन्हीं नियमों को लागू करना अनुचित है। संघ ने मांग की है कि व्याख्याता, प्राचार्य, प्रधानपाठक तथा अन्य शिक्षकों की पदोन्नति पहले की जाए, फिर युक्तियुक्तकरण लागू किया जाए उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित दुबे ने दी। संघ ने यह भी कहा कि युक्तियुक्तकरण केवल स्वीकृत सेटअप और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुरूप ही हो। अन्यथा बड़ी संख्या में शिक्षक अतिशेष घोषित हो सकते हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। संघ ने इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ, तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी**

# कार्यों में लापरवाही पड़ी भारी, अभनपुर ब्लाक के दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**नवापारा राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सुसान तिहार में लापरवाही बरतने वालों केखिलाफ काली कार्रवाई की जा रही है

इसी कड़ी में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत अभनपुर के ग्राम तर्री और ग्राम ठेलकाबांधा के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ लापरवाही बरतने की शिकायत की। शिकायत के आधार पर जांच की गई जिसमें ग्रामवासियों द्वारा दी गई जानकारी सही पाई गई। इसके बाद जनपद पंचायत अभनपुर के ग्राम पंचायत तर्री के सचिव अखिल कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत ठेलकाबांधा के सचिव रामसुंदर यादव को कार्यालय बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहने, कार्य में रुचि नहीं लेने, उच्च कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने तथा शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन तिहार के कार्यों में रुचि नहीं लेने पर निलंबित किया गया।

**तर्री और ग्राम ठेलकाबांधा के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ लापरवाही बरतने की शिकायत पर दोनों सचिव निलंबित**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभनपुर के प्रस्ताव अनुसार छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के तहत दोनों सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अभनपुर नियत किया जाता है तथा उन्हें नियम अनुसार जीवन निर्वाह राशि प्रदान की ? जायेगी।

# सर्व समाज के लोगों ने एक पंगत में बैठकर बोरेबासी खाए

**राजिम,** 1 मई (देशबन्धु)। राष्ट्र के नवनिर्माण में समर्पित श्रमिकों के सम्मान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर बोरे बासी खाने का आनंद लिए। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अपने निवास में बोरेबासी खाने का निमंत्रण सर्व समाज के प्रतिनिधियों को दिया। बोरे बासी खाने पार्षद बलराम यादव आकाश सिंह राजपूत उत्तम निषाद पूर्व पार्षद अरविंद यदु सामाजिक नेता रामकुमार साहू राजू साहू तरुण साहू शिवराज देवांगन सर्व समाज के लोग एक पंगत में बैठकर बोरे बासी खाये। छत्तीसगढ़िया संस्कृति के प्रतिक बोरे बासी सामूहिक रूप से खाने का उद्देश्य राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित श्रमिकों एवं सामाजिक समरसता को बढ़ाने आपस में एकता भाईचारा को बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया था बोरे बासी खाने के पश्चात सभी समाज के लोग अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की अवसर पर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामना संदेश दिए। राष्ट्र के नवनिर्माण में श्रमिकों का अहम योगदान रहता है श्रमिक अपने अथक मेहनत से देश के हर छोटे बड़े निर्माण में अपना योगदान देता है। देश के विकास के लिए समर्पित के ऐसे वीर श्रमिकों के सम्मान बढ़ाने के लिए सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर बोरे बासी खाए।



# डिप्टी रेंजर नरेंद्र चंद्राकर को सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

**बागबाहरा,** 1 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल में पदस्थ डिप्टीरेंजर नरेंद्र कुमार चंद्राकर कल 30 अप्रैल बुधवार को 35 साल तक वन विभाग में सफलता पूर्वक सेवा कर सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने पर कल बुधवार की शाम को वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा कार्यालय में शाल एवं श्रीफल भेंट कर एवं फूलमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त डिप्टीरेंजर नरेंद्र कुमार चंद्राकर ने खल्लारी सर्किल के जंगल में हुए वन प्राणियों की शिकार करने वाले छै. शिकारियों को फांदा जाल एवं औजार के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने में उन्हें एक बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसमें अपने सहयोगी वन अमला का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। उन्होंने अपने 35 साल के सेवाकाल में वन विभाग के कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया। वे अपने सेवाकाल में निर्विवाद रहे। उन्हे महासमुंद डीएफओ पंकज सिंह राजपूत एवं उपवनमंडलाधिकारी वेंकटेश एम गिरी तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ धुव का भरपूर सहयोग मिला। जिसे वे जिंदगी भर भूला नहीं पाएंगे। इसी तरह अपने सहयोगी कर्मचारियों का भी साथ मिला।



यहां आयोजित विदाई कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ धुव, डिप्टीरेंजर मोतीलाल साहू, रामपुरी गोस्वामी, दुलार सिंह सिन्हा, मनोज यादव, रोशन लाल पटेल, संतोष चंद्राकर, शनि ठाकुर, चुकेशवर धुव, प्रहलाद सिंह क्षत्रिय, देव सिंह दीवान, पूनम साहू, पन्नालाल ठाकुर, योगेश निषाद, मोहन यादव, तेजराम देवांगन, नारायण साहू, राधेश्याम मधुकर, प्रीतम सिंह आदि वन कर्मचारी मौजूद थे।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति भाटापारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

**भाटापारा,** 1 मई (देशबन्धु)। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति भाटापारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आज संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्याय संतोष ठाकुर, सचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, उपसचिव अजय सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य मनोज ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर विनय सिंह, राघवेन्द्र सिंह सत्यनारायण सिंह, तोरण सिंह, लोचन सिंह, दामोदर सिंह महिला अध्यक्ष बसंती ठाकुर, सचिव सुषमा सिंह युवा अध्यक्ष ठाकुर उमेश सिंह, सचिव कुलदीप सिंह ने शपथ ली।



शपथ दिलाने का कार्यक्रम साहित्य जगत के माने हुए वरिष्ठ समाजसेवी बलदेव भारती के द्वारा दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ठाकुर विकास सिंह पूर्व युवा सचिव महासभा, समाज के पूर्व अध्यक्ष ढाल सिंह गौतम, कल्याण सिंह, रामानुज सिंह एवं गणमान्य सदस्य गण उपस्थित थे। शपथ कार्यक्रम संपन्न होने के पाश्चात्य कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को 2 मिनट मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और ऐसे कायराना आतंकी के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गयी।